SUNDAY
रायपुर, रविवार, 15 अक्टूबर 2023
वर्ष - 65 | अंक - 181 | पृष्ठ - 12
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

नवरात्रि आज से पहले दिन होगी देवी शैलपुत्री की आराधना

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

मड़ई
- नवरात म दुरगा दाई के पीरा पृष्ठ 6

- भारत ने पाक के खिलाफ वन डे क्रिकेट विश्व कप में लगातार आठवीं जीत दर्ज कर श्रेष्ठता बरकरार रखी पृष्ठ 11

देश विदेश
- हमास के हमले से कुछ दिन पहले अमेरिकी खुफिया विभाग ने खतरा बढ़ने की चेतावनी दी थी
- बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी शहरों में सुरक्षा बढ़ाई
- संयुक्त राष्ट्र में सुधार पर आईपीयू ने किया भारत का समर्थन पृष्ठ 7

इजराइल से 235 भारतीयों को लेकर आई दूसरी उड़ान

ऑपरेशन अजय : दो दिनों में 447 भारतीयों को भारत वापस लाया गया

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल के तेल अवीव से ऑपरेशन अजय के तहत 235 भारतीय नागरिकों को लेकर दूसरी चार्टर उड़ान शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी पहुंची। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि 'ऑपरेशन अजय' के तहत दो दिनों में 447 भारतीयों को भारत वापस लाया गया है। तेल अवीव से दूसरी उडान 235 नागरिकों को लेकर कल रात रवाना हुई थी। केंद्रीय मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने आज सुबह हवाईअड्डे से बाहर निकल रहे सभी 235 भारतीय नागरिकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इजराइल में काम करने वाले इन 235 यात्रियों ने भारत सरकार की पहल की भूरी-भूरी सराहना की। इससे पहले शुक्रवार को 212 यात्रियों के साथ पहली उड़ान दिल्ली पहुंची थी। सभी यात्रियों ने भारत सरकार का आभार व्यक्त किया और 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।

इजराइल में रह रहे 18,000 भारतीय

इजराइल में भारतीय राजदूत संजीव सिंगला ने भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी का आश्वासन दिया। इजरायल में फंसे करीब 18,000 भारतीयों को वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन अजय' में दूतावास की सहायता और नागरिकों के लिए एक हेल्पलाइन स्थापित की गई है।

इजराइल पर हमले का कमांडर मारा गया

तेल अवीव। इजराइल और हमास की जंग के आठवें दिन इजराइली सेना ने बताया है कि उन्होंने 7 अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले को लीड करने वाले कमांडर अली कादी को मार गिराया है। अली कादी को मारने का काम इजराइल की इंटरनल इंटेलिजेंस एजेंसी शिन बेत ने किया है। आज सेना के हमले में मारा जाने वाला ये हमास का दूसरा कमांडर है। इसके पहले हमास का एयरफोर्स कमांडर मार गया था।

■ गाजा में 20 लाख लोगों की जिंदगी को खतरा

24 घंटे में 320 लोगों की मौत–वहीं, इजराइल ने रात भर गाजा पर बम बरसाए। इससे वहां 24 घंटे में 320 लोगों की मौत हुई है। इजराइल ने गाजा की तरफ वाटर और इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई को रोक दिया था। इससे वहां पानी खत्म होने की कगार पर है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

विश्वकप क्रिकेट

भारत की जीत का सिलसिला बरकरार
पाकिस्तान को सात विकेट से दी शिकस्त

अहमदाबाद। विश्वकप कप में भारत ने पाकिस्तान को 8वीं बार हरा दिया है। भारत ने अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तान को 7 विकेट से मात दी। भारतीय टीम ने 192 रन का टारगेट 30.3 ओवर में हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 86 रन की पारी खेली। भारत की ओर से रोहित के अलावा श्रेयस अय्यर ने 53 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से बल्लेबाजी में कप्तान बाबर आजम ने इकलौता अर्धशतक लगाया।

कांग्रेस की पहली सूची आज

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रत्याशियों के चयन को लेकर रायपुर से दिल्ली तक हुई कई दौर की बैठक के बाद खबर है कि रविवार 15 तारीख़ को पहले चरण की सूची जारी कर दी जाएगी। कांग्रेस सीईसी की बैठक में अधिकांश सीटों के प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगा दी गई है। करीब बीस सीटों पर पेंच फंसा है। भरोसेमंद सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस की पहली सूची में पहले चरण में होने वाली 20 सीटों के प्रत्याशियों के नाम का एलान होगा।

चर्चा इस बात की भी है कि 20 प्रत्याशियों के अतिरिक्त उन सीटों के प्रत्याशियों के नाम भी जारी किए जा सकते हैं, जहां सिंगल नाम पर मुहर लगाई गई है।

निगम-मडंल-आयोग में काबिज अधिकतर नेता टिकट की दौड़ से बाहर !

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस में प्रत्याशी चयन अभी भी सभी सीटों पर पूरी नहीं हो पाई है। करीब 20 सीटों में अभी भी नेताओं के बीच आम सहमति नहीं बन पाई है। लिहाजा कई विधायक जीत-हार के समीकरण में फंस गए हैं। दरअसल, दिल्ली में 12 अक्टूबर को केंद्रीय चुनाव समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ विधानसभा सीटों के प्रत्याशियों को लेकर घंटों तक गहन चर्चा हुई है।

20 सीटों के लिए बनी नई कमेटी

चर्चा के बाद बताया जा रहा है कि 70 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए गए हैं। वहीं करीब 20 सीट पर अभी नाम फाइनल नहीं है। जिन सीटों पर नाम तय नहीं है उसके लिए एक नई कमेटी बना दी गई है। इस कमेटी में छत्तीसगढ़ और दिल्ली के कुछ नेता शामिल किए गए हैं।

वहीं सूत्रों के हवाले से बड़ी ख़बर ये है कि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में एक सदस्य की और निगम, मंडल, आयोग में काबिज नेताओं को टिकट नहीं देने की बात कही गई है। इसे लेकर पार्टी नेताओं की पूरी तरह एक राय नहीं बन पाई है। लेकिन कहा जा रहा है कि अधिकतर नेता इसी फॉर्मूले के तहत टिकट की दौड़ से बाहर हो गए हैं। बताया जा रहा है कि जिनका कार्यकाल दोबारा बढ़ा दिया गया है उन्हें टिकट नहीं दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में वो मौजूदा विधायक भी फंस गए हैं, जो निगम, मंडल, आयोग में काबिज हैं। इनमें प्रमुख नामों में विधायक कुलदीप जुनेजा, भुवनेश्वर बघेल, रामकुमार यादव, अरुण वोरा सहित कुछ विधायक भी हैं, वहीं अटल श्रीवास्तव, शैलेष नितिन त्रिवेदी, सुरेन्द्र शर्मा, डॉ। किरणमयी नायक, मिथलेश स्वर्णकार जैसे नाम भी शामिल हैं। हालांकि यह फॉर्मूला पूरी तरह से लागू किया जा रहा है ऐसा भी नहीं है। क्योंकि ख़बर यह भी है कि निगम-मंडल-आयोग में काबिज कई नेता प्रत्याशी भी बना दिये गए हैं। बताया जा रहा है कि शैलेष नितिन त्रिवेदी जैसे कुछ और नेताओं के नाम शामिल हैं। वैसे अधिकृत रूप जब कांग्रेस की सूची आ जाएगी तब पता चलेगा कि कौन अंदर हुआ है और कौन बाहर ? फिलहाल तो अभी सब कयासों और पार्टी के सूत्रों पर निर्भर है।

विधि आयोग की रिपोर्ट तैयार

लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधि आयोग ने एक देश चुनाव, एक चुनाव के मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। इसमें लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराए जाने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट इसी माह के आखिर तक केंद्र सरकार को सौंप दी जाएगी। विधि आयोग द्वारा की गई सिफारिश में कहा गया है कि परिसीमन के बाद 2029 में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराएं जाएं। साथ ही यह भी कहा गया है कि चरणबद्ध ढंग से एक देश एक चुनाव को 10 साल में फैलाने से कोई लाभ नहीं होगा। इसलिए एक झटके में सभी चुनावों को एक साथ करवाना बेहतर विकल्प है। लिहाजा, चुनाव की यह प्रक्रिया तकरीबन 4 से 6 माह तक चल सकती है। इसके साथ ही ऐसा करने से अधिक से अधिक विधानसभाएं एक साथ चुनाव के दायरे में आ जाएंगी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, विधि आयोग का यह ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

16 को आएंगे अमित शाह

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह 16 अक्टूबर को नामांकन फार्म भरेंगे। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहेंगे।

■ रमन सिंह के नामांकन कार्यक्रम में होंगे शामिल, लेंगे आमसभा

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है। वहीं नामांकन की प्रक्रिया भी शुक्रवार से शुरू हो गई है। जिसके तहत सूबे की 20 सीटों में प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने पहुंच रहे है। डॉ. रमन सिंह 16 अक्टूबर को राजनांदगांव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इसमें शामिल होने अमित शाह 16 अक्टूबर को दोपहर 11.45 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद रायपुर एयरपोर्ट से वो 11.50 बजे हेलीकॉप्टर से राजनांदगांव के लिए रवाना होंगे। 12.22 बजे वो राजनांदगांव पहुंचेंगे और राजनांदगांव में शाह रमन के नामांकन रैली और सभा में शामिल होंगे।

तेलंगाना में छात्रा की आत्महत्या पर बोले राहुल गांधी

ये आत्महत्या नहीं, युवाओं के सपनों की हत्या

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक युवती के आत्महत्या करने को लेकर तेलंगाना सरकार और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने पोस्ट करते हुए लिखा कि ये आत्महत्या नहीं, युवाओं के सपनों की, उनकी उम्मीदों की हत्या है। बीते 10 सालों में बीजेपी रिश्तेदार समिति यानी बीआरएस और भाजपा ने मिलकर अपनी नाकामी से राज्य को तबाह कर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनते ही सरकार जॉब कैलेंडर जारी करेगी। एक महीने में यूपीएससी की तर्ज पर टीएसपीएससी का पुनर्गठन करेगी और एक साल के भीतर 2 लाख सरकारी पदों को भरेगी। ये कांग्रेस पार्टी की गारंटी है।

परीक्षा रद्द होने से परेशान थी छात्रा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेलंगाना में बार-बार सरकारी परीक्षा के रद्द होने से परेशान 23 साल की एक छात्रा ने हैदराबाद में कथित रूप से आत्महत्या कर ली। इसके बाद छात्रों ने नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया। गुस्साए छात्रों ने मृतक प्रवालिका के शव के पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल नहीं ले जाने दिया। इसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और छात्रा के शव को अस्पताल भेजा।

बीआरएस को बताया बीजेपी रिश्तेदार समिति

बीआरएस सरकार से युवा निराश

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे छात्रा की आत्महत्या पर नाराजगी और खेद जाहिर किया। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि तेलंगाना में 23 साल की छात्रा के आत्महत्या से दुखी और स्तब्ध हूं। जिसने कथित तौर पर राज्य प्रशासनिक सेवा परीक्षा के बार-बार स्थगित होने के कारण अपना जीवन समाप्त कर लिया। बीआरएस सरकार की उदासीनता के कारण तेलंगाना में हजारों युवा अभ्यर्थी निराश और नाराज हैं।

अग्निवीर को सैन्य सम्मान के साथ नहीं दी विदाई- बतौर अग्निवीर भर्ती हुए पंजाब के रहने वाले अमृतपाल सिंह, 11 अक्तूबर को जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा के निकट शहीद हो गए थे। कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि उनके पार्थिव शरीर को भी प्राइवेट एंबुलेंस से लाया गया है।

भारत और श्रीलंका के बीच नौका सेवा शुरू

चेन्नई, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत एवं श्रीलंका के बीच तमिलनाडु के नागपट्टिनम से श्रीलंका के उत्तरी प्रांत जाफना के पास कांकेसंथुराई तक यात्री नौका सेवा शनिवार से प्रारंभ हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस सेवा की शुरुआत की। नौका तमिलनाडु के नागापट्टिनम बंदरगाह से द्वीप राष्ट्र श्रीलंका में कांकेसंथुरई के लिए रवाना हुई। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका संस्कृति, वाणिज्य और सभ्यता का गहरा इतिहास साझा करते हैं और अब दोनों में आर्थिक साझेदारी भी बढ़ेगी। नौका सेवा नागापट्टिनम और कांकेसंतुराई के बीच शुरू की गई है। इसमें 150 लोग बैठ सकेंगे। एस जयशंकर ने अच्छी शुरुआत बताया।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे अच्छी शुरुआत बताया। साथ ही कहा कि हमारा फोकस कनेक्टिविटी, कोऑपरेशन और कॉन्टैक्ट्स पर है। यह हमारी पड़ोसी फर्स्ट पॉलिसी का हिस्सा है। भविष्य में हमारा ग्रिड कनेक्शन, पाइपलाइंस और इकोनॉमिक कॉरिडोर का भी प्लान है। फेरी का शुरू होना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंकाई पीएम रानिल विक्रमसिंघे की सकारात्मक कोशिशों का ही परिणाम है। इसी साल जुलाई में ही दोनों देशों के नेताओं ने इस पर सहमति जता दी थी।

विधायक अयोग्यता मामला

सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अध्ययन करेंगे: नार्वेकर

मुंबई, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। सत्तारूढ़ एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी पर महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वह आदेश की प्रति का अध्ययन करेंगे और कानूनी सलाह लेने के बाद उसके अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे। नार्वेकर ने कहा, 'मुझे उच्चतम न्यायालय के आदेश की प्रति मिली है। आदेश की प्रति का अध्ययन करने और कानूनी सलाह लेने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।' सर्वोच्च न्यायालय की ओर से अयोग्यता के मामले पर फैसले की समय सीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, अदालत ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है। उसके द्वारा केवल नोटिस संबंधी मुद्दे दिए गए हैं।

नक्सलियों के साथ भाजपा की साठगांठ : भूपेश बघेल

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि कल रविवार को कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होगी ।राजनांदगांव में रमन सिंह के सामने बेहतर प्रत्याशी उतारे जाने को लेकर कहा पार्टी अपनी रणनीति का खुलासा सूची जारी होने के बाद करती है। सूची जारी होगी तो पता चलेगा रमनसिंह के सामने कौन होगा ।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा टिकट वितरण में रमन सिंह की चली है ।भाजपा नहीं रमन सिंह और उनकी टीम चुनाव लड़ रही है ।लोग जानते है,जिन्होंने15 साल लूटा उन्हें सत्ता नहीं सौपना है।

छत्तीसगढ़ में आप पार्टी भाजपा की बी टीम है

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए बिना लाग लपेट के कहा है कि भाजपा का नक्सलियों के साथ साठगांठ है। वह जीरम हमले पर जांच नहीं चाहती, जांच रोकने उनके नेता कोर्ट चले जाते हैं। बघेल ने पूछा गणपति और रमन्ना का नाम एफ आई आर से एनआईए ने हटाया कैसे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा छत्तीसगढ़ में आप पार्टी भाजपा की बी टीम है। अजीत जोगी के भरोसे ही भाजपा तीन बार सत्ता में रही। हमने जोगी को बाहर किया तो अब उनके बेटे को सुरक्षा दे दी गई। उन्होंने कहा भाजपा के नेता जुए खिलवाने में संलिप्त हैं इसलिए केंद्र ऑनलाइन सट्टे पर बैन नहीं लगाती। ऐप के माध्यम से जीएसटी वसूल रही है। देश में युवाओं को सट्टे में धकेला जा रहा है।

सार संक्षेप

हर साल 23 अगस्त को मनाया जाएगा 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस'

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की है। यह फैसला चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर विक्रम लैंडर की लैंडिंग और प्रज्ञान रोवर की तैनाती के साथ चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का जश्न मनाने के लिए की गई है। इसको लेकर एक अधिसूचना भी जारी की गई गई है।

पंजाब में लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ एक संयुक्त अभियान में दो आतंकियों की गिरफ्तारी के साथ लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। आतंकी मॉड्यूल को लश्कर-ए-तैयबा का सक्रिय सदस्य फिरदौस अहमद भट्ट संभाल रहा है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जम्मू-कश्मीर के उजैर उल हक और राज मोहम्मद अंदलीब के रूप में की गई है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो आईईडी, दो हथगोले, एक 30 बोर पिस्तौल के साथ दो मैगजीन, 24 कारतूस, आठ डेटोनेटर, एक टाइमर स्विच और चार बैटरी भी बरामद की है।

भारतीय छात्रा वैश्विक कोरियाई भाषी प्रतियोगिता की बनी विजेता

नई दिल्ली। दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में सेजोंग हाकडांग फाउंडेशन ने संस्कृति, खेल और पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से सेजोंग हाकडांग आउटस्टैंडिंग लर्नर्स इंविटेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम 2023 में भारतीय छात्रा विजेता चुनी गई है। इस कार्यक्रम में 67 देशों से करीब 2,477 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वर्ष 2021 में अनुभूति काकाती के बाद, श्रीजा यह पुरस्कार जीतने वाली दूसरी भारतीय छात्रा हैं।

गुजरात में कथित चोरी के आरोप में दो मजदूरों की हत्या

राजकोट। राजकोट के थोराला इलाके में चांदी और नकली आभूषण निर्माण इकाई के मालिक और कर्मचारियों कथित तौर पर दो प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी। मृतकों की पहचान पश्चिम बंगाल के निवासी राहुल शेख (25) और मीनू शेख (26) के रूप में हुई है।

खुलासा — अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का दावा

कोरोना की दूसरी लहर में हुई 12 गुना ज्यादा मरीजों की मौत

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोरोना की दूसरी लहीं कितनी मारक थी इसको लेकर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने चौंकाने वाली जानकारी दी है। संस्थान के चिकित्सकों के एक अध्ययन में दावा किया गया है कि कोरोना की दूसरी लहर इसकी पहली लहर की तुलना में कहीं ज्यादा घातक थी और इस दौरान 12 गुना ज्यादा मौतें हुई थीं।

अध्ययन में कहा गया है कि कोराना की दूसरी लहर में 61.1 फीसदी मृतकों को कोई पुरानी बीमारी थी। मतलब बडी संख्या में ऐसे लोगों की भी जान गई जिन्हें कोई बीमारी नहीं थी। हाल ही में क्यूरियस जर्नल ऑफ मेडिसिन में छपे इस अध्ययन में बताया गया कि कोरोना के दौरान एम्स ने राष्ट्रीय कैंसर संस्थान को कोविड अस्पताल बनाया था और कोरोना की पहली लहर मार्च 2020 से दिसम्बर 2020 के बीच इस अस्पताल में 6233 और अप्रैल 2021 से जून 2021 के बीच 2080 मरीज भर्ती हुए थे। पहली लहर के दौरान 2.4 फीसदी मरीजों की मौत हुई। जबकि दूसरी लहर के दौरान 20.3 फीसदी मरीजों की मौत हुई। पहली लहर में कोरोना तकरीबन डेढ़ फीसदी मरीजों की मौत का कारण बना था। जबकि दूसरी लहर में सह 17.7 फीसदी मरीजों की मौत का कारण बना। अध्ययन में दावा किया गया है कि कोराना की पहली लहर में 90.4 फीसदी मृतकों को कोरोना के अलावा दूसरी गंभीर बीमारी भी थी। लेकिन दूसरी लहर में 61.1 फीसदी मृतकों को ही अन्य गंभीर भी बीमारी भी थी। यानि बडी संख्या में ऐसे लोगों की भी मौत जिन्हें पहले कोई बीमारी नहीं थी।

- 61.1 फीसदी मृतक पुरानी बीमारी से थे ग्रसित
- पहली लहर में 2.4 फीसदी, दूसरी में 20.3 फीसदी मरीजों की मौत

42.8 फीसदी को ऑक्सीजन की जरूरत पडी

कोरोना की पहली लहर में महज 9.6 फीसदी मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत पडी थी। जबकि दूसरी लहर के दौरान 42.8 फीसदी मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत पडी। यानि दूसरी लहर में तकरीबन साढे गुना ज्यादा मरीजो को ऑक्सीजन की जरूरत पडी।

देश

उवाच “ जलवायु परिवर्तन हमारे समय की एक प्रमुख चुनौती के रूप में उभर रहा है। बाजरा प्राचीन काल से ही आदिवासी किसानों की पारंपरिक फसल रही है। वे जलवायु के प्रति लचीले और पोषण का पावरहाउस हैं।

–नवीन पटनायक,ओडिशा के मुख्यमंत्री

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	36.0	26.0
मुंबई	33.0	29.0
कोलकाता	32.0	23.0
चेन्नई	29.0	27.0

सामूहिक प्रयास से ही वैश्विक समस्याओं का हो सकता है समाधान : ओम बिरला

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जी-20 देशों के संसदीय पीठासीन अधिकारियों का नौवां पी-20 सम्मेलन हरित ऊर्जा, महिला नीत विकास, डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में काम करने के संकल्प के साथ शनिवार को यहां संपन्न हो गया। शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समापन भाषण के साथ संपन्न हुआ। लोस अध्यक्ष ने कहा कि इस सम्मेलन में हमने जिन विषयों पर चर्चा की, वे एक राष्ट्र की नहीं, बल्कि समग्र विश्व की हैं। इसीलिए वैश्विक समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयास से ही हो सकता है। विधायी संस्थाएं

■ लोस अध्यक्ष ने नौवे पी-20 सम्मेलन के समापन सत्र को किया संबोधित

होने के नाते हमारा दायित्व है कि हम अपने अपने देशों में इन चुनौतियों पर गहन चर्चा संवाद करें, अपने निर्वाचकों में इनके प्रति जागरूकता का निर्माण करें और इनपर व्यापक जनमत बनाएं। समापन भाषण में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के लिए संसद विषय पर आयोजित पी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता में योगदान देने के लिए जी-20 देशों की संसदों और आमंत्रित देशों के पीठासीन अधिकारियों देशों को धन्यवाद दिया। राज्य सभा के उपसभापति, हरिवंश, अंतर-संसदीय संघ के अध्यक्ष, दुआर्ते पचेको जी-20 देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। समापन भाषण में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के लिए संसद विषय पर आयोजित पी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता में योगदान देने के लिए जी-20 देशों की संसदों और आमंत्रित देशों के पीठासीन अधिकारियों देशों को धन्यवाद दिया। बिरला ने इस बात का उल्लेख भी किया कि संयुक्त वक्तव्य को सर्वसम्मति से स्वीकार किए जाने से पी-20 प्रक्रिया और मजबूत हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एसडीजी, हरित ऊर्जा, महिलाओं के नेतृत्व में विकास और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के विषयों पर आयोजित चार सत्रों में प्रतिनिधियों द्वारा व्यक्त अमूल्य विचारों से जी-20 प्रक्रिया और मजबूत होगी और जन केंद्रित विकास में मदद मिलेगी। जी-20 के संसदीय आयाम का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि पिछले दो दिनों में हुई चर्चाओं से जी-20 के संसदीय आयाम का महत्व स्पष्ट रूप से सामने आया है और यह भी सिद्ध हुआ है कि एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के सामूहिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संसदें कैसे मिलकर काम कर सकती हैं। पी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने रूसी संघ की फेडरल असेंबली की फेडरेशन काउंसिल की स्पीकर वेलेंटीना मतवियेंको के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

संयुक्त वक्तव्य को सर्वसम्मति से स्वीकार किए जाने से पी-20 प्रक्रिया और मजबूत हुई है : ओम बिरला

रूसी संसद के अध्यक्ष मेटवीनको ने की बिरला से मुलाकात

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को यहां रूसी संसद के अध्यक्ष वेलेंटीना मेटवीनको से भेंट की। जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के नौवें पी-20 सम्मेलन से इतर यशोभूमि में हुई इस मुलाकात के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने पी-20 सम्मेलन को सफल बनाने में योगदान के लिए मेटवीनको को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के लंबे समय से गहरे संबंध रहे हैं तथा दोनों देश संकट और मुसीबत की घड़ी में साथ खड़े रहे हैं।

झारखंड में पांच नक्सली कमांडर गिरफ्तार

रांची, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के चतरा जिले की पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के पांच बड़े कमांडरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है। इन नक्सलियों ने बीते महीनों में रेलवे और कोयले की कई परियोजनाओं पर हमला किया था। चतरा के एसपी राकेश रंजन ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से पुलिस ने एक एके-56 राइफल, एक सेमी ऑटोमैटिक एसएलआर राइफल, एक यूएस मेड रायफल, एक 315 बोल्ट रायफल, 275 राउंड जिंदा गोली, दो देसी कट्टा, पांच मैगजीन, 10 मोबाइल फोन और टीपीसी का पोस्टर बरामद किया है। जिन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें से दो प्रभात उर्फ विरासत उर्फ प्रेम कुमार गंझू और विशु उर्फ अशोक गंझू का संगठन में सब जोनल कमांडर का ओहदा था। तीन हार्डकोर नक्सलियों अरुण प्रजापति, नरेश कुमार भोक्ता और जितेंद्र कुमार रजक को गिरफ्तार किया गया है।

■ हथियारों का जखीरा बरामद

जम्मू-कश्मीर में डीएसपी रैंक के तबादलों पर गृह विभाग ने लगाई रोक

जम्मू, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह और गृह विभाग के बीच उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) स्तर के अफसरों के तबादलों को लेकर पिछले कुछ समय से चल रही खींचतान के बीच आए फरमान ने सभी को चौंका दिया है। गृह विभाग ने डीजीपी के किसी भी डीएसपी का तबादला करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। यह लिखित आदेश ऐसे समय में आया है जब डीजीपी के सेवानिवृत्त होने में सिर्फ 17 दिन शेष हैं। यानी 17 दिन पहले उनके अधिकार रिटायर कर दिए गए हैं। गृह विभाग के आदेश में डीजीपी को पिछले तीन माह में समय पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले डीएसपी रैंक अफसरों की सूची देने को भी कहा गया है। आदेश में स्पष्ट रूप से लिखा है कि गृह विभाग को सूचित किए बिना और अनुमति लिए बिना किसी डीएसपी का तबादला नहीं करेंगे। ऐसा करने के लिए उन्हें पहले गृह विभाग के पास प्रस्ताव भेजना होगा। बता दें कि मौजूदा डीजीपी दिलबाग सिंह इसी माह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसकी अधिसूचना भी पहले ही जारी हो चुकी है। सेवानिवृत्ति से सिर्फ 17 दिन पहले गृह विभाग के इस आदेश से कयासों का बाजार गरम है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब किसी डीजीपी स्तर के अधिकारी के सेवानिवृत्त होने से पहले उसके अधिकार सीमित कर दिए गए हों। सितम्बर 2018 में तत्कालीन पुलिस महानिदेशक एसपी वैद की सेवानिवृत्ति से तीन माह पहले उस समय के राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक ने उनके अधिकारों में कटौती कर दी थी। इसमें ऑपरेशनल फंड को मंजूरी देने का अधिकार भी शामिल था। इतना ही नहीं, वैद के कुछ अहम अधिकार उनसे लेकर उनके कनिष्ठ मुनीर खान को सौंप दिए गए थे। लेकिन, दिलबाग सिंह के मामले में यह पहली बार हुआ है जब अधिकारों में कटौती का लिखित आदेश जारी किया गया है।

डीजीपी दिलबाग सिंह इसी माह 31 अक्टूबर को हो रहे हैं सेवानिवृत्त

पहले भी तबादला सूची पर उठे थे सवाल

बता दें कि कुछ महीने पहले गृह विभाग ने पुलिस महकमे के 30 से ज्यादा डीएसपी रैंक अफसरों के तबादले किए थे। तब भी काफी चर्चाएं हुईं। क्योंकि इसके पहले कभी भी प्रदेश में डीएसपी रैंक के तबादले गृह विभाग ने नहीं किए थे। डीजीपी के स्तर पर ही यह तबादले होते थे। हालांकि बाद में डीजीपी ने भी कुछ डीएसपी के तबादले किए थे। इस पर उप राज्यपाल प्रशासन ने तबादला सूची को रोक दिया था। बाद में कुछ संशोधनों के साथ यह तबादला आदेश जारी किया गया।

सार संक्षेप

धनखड़ ने की दुआर्ते पचेको से मुलाकात

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को अंतर संसदीय संघ के अध्यक्ष दुआर्ते पचेको के साथ द्विपक्षीय बैठक की और समसामयिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। धनखड़ और पचेको की यह बैठक यहां यशोभूमि में जी-20 के सदस्य देशों के संसद अध्यक्षों के नौवें शिखर सम्मेलन पी-20 के दौरान अलग से हुई। दोनों नेताओं की बैठक में अंतर संसदीय सहयोग और विभिन्न देशों की संसदों के बीच अंतर संसदीय संघ की भूमिका पर विचार विमर्श किया गया। धनखड़ और पचेको ने वैश्विक मुद्दों समेत समसामयिक वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की।

भुजबल को धमकी भरा संदेश अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

नासिक। महाराष्ट्र के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल के व्हाट्सएप पर धमकी भरा संदेश भेजने के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। भुजबल को उनके मोबाइल के व्हाट्सएप पर धमकी भरा संदेश मिला। धमकी भरे संदेश में कहा गया, तुम ज्यादा दिन नहीं रहोगे...सुधर हो जाओ, नहीं तो हम तुम्हें देख लेंगे। अज्ञात व्यक्ति का मोबाइल नंबर भी व्हाट्सएप पर उपलब्ध है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी को छापेमारी कर रही है।

केरल में आटो रिक्शा में लगी आग, दो की मौत

कन्नूर। केरल के कादिरूर शहर के पास ऑटोरिक्शा के बस से टकराने के बाद उसमें लगी आग से जलकर दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार दुर्घटना शुक्रवार रात करीब 20:30 बजे उस समय हुई जब आटोरिक्शा बस से टकराने के बाद पलट गया और उसमें आग लगी। घटना में दो लोगों की जलकर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग ने सीएनजी सिलेंडर को अपनी चपेट में ले लिया। बाद में स्थानीय लोगों ने पुलिस और अग्निशमन कर्मियों सूचना दी और वे मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

प्रवल्लिका की आत्महत्या मामले की मांगी रिपोर्ट

हैदराबाद। तेलंगाना की राज्यपाल डॉ.तमिलिसाई सुंदरराजन ने प्रवल्लिका की आत्महत्या के मामले में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव को 48 घंटे के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। डॉ.सुंदरराजन ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही 23 वर्षीय उम्मीदवार प्रवल्लिका के आत्महत्या करने को लेकर, उसके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

गुजरात में चोरी के आरोप में दो प्रवासी मजदूरों की हत्या

राजकोट, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजकोट के थोराला इलाके में चांदी और नकली आभूषण निर्माण इकाई के मालिक और कर्मचारियों कथित तौर पर दो प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी। मृतकों की पहचान पश्चिम बंगाल के निवासी राहुल शेख (25) और मीनू शेख (26) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घटना 12 अक्टूबर को हुई और जांच अभी भी जारी है। चांदी की चोरी के संदेह में राहुल और मीनू को फैक्ट्री की ऊपरी मंजिल पर बुलाया गया, जहां उन्हें कथित तौर पर लकड़ी और प्लास्टिक के डंडों से पीटा गया। बेहोश होने के बाद उन्हें सुरक्षा गार्ड के कमरे में बंद कर दिया गया।

आरोपी लोगों के मुताबिक, राहुल को सात महीने पहले चांदी चोरी के संदेह में फैक्ट्री से नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। हालांकि, घटना से ठीक दस दिन पहले उन्हें दोबारा काम पर रखा गया था। जब चांदी के स्टॉक में विसंगतियों का पता चला तो उनसे पूछताछ की गई और बाद में उन पर हमला किया गया। अधिकारियों ने पूछताछ के लिए सात लोगों को हिरासत में लिया है। जिनमें फैक्ट्री के मालिक सागर सावलिया, प्रबंधक विपुल मोलिया और फैक्ट्री कर्मचारी हिमालय और धवल शामिल हैं। इसके अलावा, प्रवासी मजदूरों को लाने के लिए जिम्मेदार दो ठेकेदार तन्मय और प्रदीप के साथ-साथ फैक्ट्री के सुरक्षा गार्ड पुष्पेंद्र को भी हिरासत में ले लिया गया है। अपराध तब सामने आया जब 108 एम्बुलेंस सेवा को शुक्रवार सुबह एक कॉल मिली, जिसमें उन्हें दो बेहोश मजदूरों के बारे में सूचित किया गया। जांच करने पर, मेडिकल टीम ने पाया कि राहुल और मीनू पहले ही मर चुके थे और पैरामेडिक्स ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पीड़ितों की प्रारंभिक जांच में उनके शरीर पर चोटों के निशान पाए गए, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मामले की पूर्ण पैमाने पर जांच शुरू करने के लिए प्रेरित किया गया।

कांग्रेस ने बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दे पर मध्य प्रदेश सरकार को घेरा

रोजगार के नाम पर किए केवल घोटाले

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने शनिवार कहा कि मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 18 वर्ष के शासन में बेरोजगारी चरम पर है, भर्ती घोटाले हो रहे हैं और छात्र आत्महत्या जैसे जघन्य कदम उठाने को मजबूर हैं इसलिए प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और सरकार बनाने के बाद कांग्रेस लोगों की भावनाओं पर खरी उतरेगी। महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष शोभा ओझा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश में आए दिन परीक्षा जैसे घोटाले आए दिन हो रहे हैं और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने युवाओं की कमर तोड़ कर रख दी है।

उन्होंने कहा मध्य प्रदेश में भाजपा ने रोजगार के नाम पर केवल घोटाले किए हैं। राज्य के लोगों ने पिछले 18 साल में भयानक बेरोजगारी, छात्रों की आत्महत्याओं और घोटालों का शर्मनाक युग देखा है। राज्य में भाजपा के संरक्षण में तमाम माफिया फलते-फूलते रहें, इस कारण सरकारी नौकरियां घोटालों के भेंट चढ़ गई। ओझा ने कहा मध्य प्रदेश एक ऐसा राज्य है, जहां पिछले 18 वर्ष में निवेश के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ है।

ग्लोबल इन्वेस्टर मीट जैसे इवेंट्स में करोड़ो रुपए पानी की तरह बहाया गया लेकिन निवेश के नाम पर कुछ नहीं आया।मध्य प्रदेश का युवा केवल सरकारी नौकरी नहीं बल्कि प्राइवेट नौकरी से भी वंचित रहा। शर्मनाक है कि राज्य में 17 हजार छात्रों और बेरोजगार ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षा की हालत खस्ता है। राज्य में 70 लाख युवा ऐसे हैं, जो उच्च शिक्षा से वंचित हैं। यही नहीं, स्कूली शिक्षा की हालत बहुत ही दयनीय है। राज्य के 2600 से ज्यादा स्कूलों में कोई भी शिक्षक नहीं है। करीब 7700 ऐसे स्कूल हैं, जहां केवल एक शिक्षक है जबकि 50,000 शिक्षकों के पद खाली हैं। राज्य में घोटालों की भी एक पूरी कड़ी है। जैसे- व्यापम घोटाला, पटवारी भर्ती घोटाला, नर्सिंग घोटाला जैसे कई घोटाले सामने आए हैं।

मध्य प्रदेश की वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मध्य प्रदेश के युवाओं के भविष्य को लेकर कांग्रेस बेहद संवेदनशील है।

बेरोजगारी, परीक्षा घोटाले ने तोड़ी प्रदेश के युवाओं की कमर : शोभा ओझा

अधिकारियों की रिपोर्ट खराब कर रही भाजपा : दिग्विजय

भोपाल। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया है कि प्रदेश में जो युवा प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भाजपा के गैरकानूनी निर्देशों का पालन नहीं कर रहे, उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट पर नकारात्मक मूल्यांकन करके उनका भविष्य खराब किया जा रहा है। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, कई ऐसे युवा पुलिस और प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं, जिनके अपने वरिष्ठ अधिकारियों और भाजपा के नेताओं के गैरकानूनी निर्देशों का पालन करने से इंकार करने पर उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में नकारात्मक मूल्यांकन किया जा रहा है, इससे उनका न केवल रिकॉर्ड खराब होगा, बल्कि उनका भविष्य भी खतरे में आएगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार आने के बाद ऐसे मामलों को देखा जाएगा और सुधार की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश में ऐसा माहौल बनाया जाएगा जहां अधिकारी निडर होकर अपना काम कर सकें।

सरकारी अस्पतालें में परोसा जा रहा घटिया भोजन : अखिलेश यादव

लखनऊ, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि यूपी की स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली ऐसी है कि बलरामपुर के सरकारी अस्पतालों में प्रसूताओं को घटिया क्वॉलिटी का भोजन दिया जा रहा है। मरीज इसे लेने से मना कर रहे हैं। अस्पताली भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब होने से अब मरीज अपने घरों से खाना व नाश्ता मंगाने को मजबूर हैं।

अखिलेश यादव ने आगे कहा कि यह भी शिकायतें हैं कि समय से नाश्ता-खाना नहीं दिया जा रहा है। मरीजों तक खाना पहुंचना चाहिए पर यहां तो खुद मरीज या तीमारदार लाइन लगाकर भोजन लेते हैं। प्रसूताओं के लिए बने भोजन चार्ट का भी पालन नहीं होता है। भाजपा की डबल इंजन सरकार में मरीजों को खाना तक नहीं मिल पा रहा है। इससे अधिक और क्या विफलता हो सकती है। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि देवरिया में पिछले दिनों 35 बेड पर 52 बच्चों का इलाज होते पाया गया। फिरोजाबाद के अस्पतालों में बेड कम पड़े तो स्ट्रेचर पर लिटा मरीजों को ड्रिप चढ़ाई जा रही थी। लखनऊ में दो प्रसिद्ध चिकित्सा संस्थान केजीएमयू और लारी अस्पताल में मरीजों को तमाम परेशानियां उठानी पड़ रही है।

प्रसूताओं के लिए बने भोजन चार्ट का भी नहीं होता पालन : अखिलेश यादव

बाहर खुले में मरीज व तीमारदार लेटने को मजबूर

सपा अध्यक्ष ने कहा कि लखनऊ के लोहिया अस्पताल में दूसरे जिलों से आने वाले मरीजों के ठहरने के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने से बाहर खुले में मरीज और तीमारदार लेटने को मजबूर हैं। इस अस्पताल की इमरजेंसी की गैलरी में मरीज सोते देखे गए हैं। मरीज की जांच नहीं होने से बीमार खुले में मच्छर भगाने की अगरबत्ती जलाकर लेटते हैं। इन दिनों डेंगू और वायरल फीवर का बड़ा जोर है। अस्पतालों में इनके मरीजों की लम्बी-लम्बी कतारें लगी हैं। इससे भाजपा सरकार की पोल खुल रही है।

पश्चिम बंगाल व सिक्किम में सीबीआई की छापेमारी

कोलकाता,14 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल और सिक्किम में पासपोर्ट घोटाले मामले की जांच के लिए छापेमारी की है। यह छापेमारी गैंगटोक समेत 50 विभिन्न इलाकों में मारी गई है। सीबीआई ने फर्जी पासपोर्ट और दस्तावेज जारी करने के मामले में अब तक सरकारी अधिकारियों समेत 24 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने गैंगटोक में तैनात एक अधिकारी और एक बिचौलिए को हिरासत में लिया है। एफआईआर में दर्ज 24 लोगों में 16 अधिकारियों का भी नाम शामिल है। फिलहाल कोलकाता, सिलिगुड़ी, गंगटोक और अन्य स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं।

■ 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

बिहार में जातीय गणना की रिपोर्ट अव्यवहारिक : उपेंद्र कुशवाहा

पटना, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में जातीय गणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद इसमें विसंगति के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसी बीच राष्ट्रीय लोक जनता दल (रालोजद) के नेताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में राज भवन मार्च किया। कुशवाहा ने गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मार्च की शुरुआत की। मार्च में शामिल लोगों ने सरकार विरोधी नारे लगाये। प्रशासन ने सर्वप्रथम जेपी गोलम्बर पर ही राजभवन मार्च को रोकने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता आगे बढ़ते चले गए। मार्च जैसे ही डाकबंगला चौराहा पहुंचा प्रशासन ने पूरी घेराबंदी कर राज भवन मार्च में शामिल लोगों को रोक दिया। प्रशासन द्वारा रोके जाने के बाद उपेन्द्र कुशवाहा सहित अन्य नेता वहीं धरने पर बैठ गए। कुशवाहा ने कहा की राज्य सरकार ने जो जातीय आंकड़े प्रकाशित किये हैं, वह पूरी तरह से ना सिर्फ अव्यवहारिक हैं बल्कि लालू प्रसाद और नीतीश कुमार का अन्य पिछड़ी, अतिपिछड़ी जातियों के खिलाफ एक गहरी साजिश है।

उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों में सुधार करने की मांग को लेकर ही हम लोग राज्यपाल को ज्ञापन सौपने जा रहे हैं। बाद में दंडाधिकारी के संरक्षण में पार्टी के 15 सदस्यीय एक शिष्टमंडल को राज भवन में जाने की अनुमति दी गई। इसके बाद कुशवाहा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने राजभवन जाकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

रालोजद नेताओं ने राजभवन मार्च किया

चिंता *कमजोर मानसून के कारण कृषि क्षेत्र हुआ बुरी तरह प्रभावित*

खेतों में खड़ी फसले हुईं काफी प्रभावित, जलाशयों का गिरा स्तर

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के कृषि क्षेत्र को दक्षिण-पश्चिम मानसून से काफी नुकसान हुआ है। खड़ी फसले इससे काफी प्रभावित हुई हैं, साथ ही इस साल दलहन और तिलहन जैसी प्रमुख फसलों के तहत बोए गए क्षेत्र में भी कमी आई है। देश का आधे से अधिक कृषि क्षेत्र फसल उगाने के लिए बारिश पर निर्भर करता है इससे आगे और अधिक।

परेशानी हो सकती है क्योंकि अंतर को भरने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए अब महंगे आयात का सहारा लेना पड़ सकता है। कम बारिश के कारण दालों की खेती का रकबा करीब 9 फीसदी कम हो गया है, जबकि सूरजमुखी का रकबा 65 फीसदी तक गिर गया है। उड़द, मूंग और अरहर जैसी दालों का रकबा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 5.41 लाख हेक्टेयर कम हो गया है। इसी तरह तिलहन का रकबा 3.16 लाख हेक्टेयर कम हो गया है। इस साल राज्यों में लगभग 8.68 लाख हेक्टेयर फसल क्षेत्र बाढ़ या भारी वर्षा से प्रभावित होने की सूचना है। खरीफ फसलों की कटाई शुरू हो गई है और आने वाले हफ्तों में कुल उत्पादन में नुकसान की सीमा स्पष्ट हो जाएगी।

जून में मानसून देरी से शुरू हुआ, जिसके बाद जुलाई में अधिक बारिश हुई, उसके बाद अगस्त में कमी हुई और फिर सितम्बर में पंजाब और हरियाणा जैसे देश के कुछ हिस्सों में फिर से अधिक बारिश हुई, जिससे खड़ी फसल पर असर पड़ा। इसके चलते सब्जियों, खासकर टमाटर और प्याज की कीमतों में भारी वृद्धि हुई, जिससे मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई और घरेलू बजट बढ़ गया। किसानों की आय में गिरावट का उद्योग पर भी व्यापक प्रभाव पड़ा, क्योंकि महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले ट्रैक्टरों और हीरो मोटोकॉर्प और बजाज जैसी ऑटो प्रमुखों द्वारा विपणन किए जाने वाले दोपहिया वाहनों की मांग में कमी आई है, जो हाल के महीनों में मासिक बिक्री संख्या में गिरावट से परिलक्षित होता है। खरीदे जाने वाले ट्रैक्टरों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। सरकार के वाहन पोर्टल में संकलित आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2023 में फार्म ट्रैक्टरों के केवल 49,007 पंजीकरण हुए, जो अगस्त में 68,431 और जुलाई में 84,473 थे। चावल, गेहूं, दालों और मसालों की बढ़ती कीमतें चिंता का कारण बनकर उभरी हैं। खुदरा मुद्रास्फीति के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि सब्जियों और खाना पकाने के तेल की कीमतों में गिरावट के कारण सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति घटकर 6.56 प्रतिशत हो गई है, लेकिन दालों की कीमतें 16.38 प्रतिशत बढ़ गईं, जबकि मसालों की कीमतें 23.06 प्रतिशत बढ़ गईं।

अनाज की कीमतें 10.95 फीसदी बढ़ गईं। सरकार ने गेहूं और गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए भी हस्तक्षेप किया।

■ दालों की खेती का रकबा नौ फीसदी हुआ कम

साहित्य

कहानी

गांधीजी की शॉल

■ हरिशंकर परसाई

चार दिन हो गए, पर शॉल का पता नहीं लगा। सेवकजी ने रेलवे स्टेशन पर पूछताछ की, डिब्बे में साथ बैठे एक परिचित यात्री से पूछा, पर पता नहीं लगा। पुलिस में रिपोर्ट और अखबार में विज्ञप्ति छपाने पर सोचा, पर लगा कि गांधीजी की दी हुई पवित्र शॉल थी, उसे पुलिस और अखबारी मामलों में फंसाने से उसकी पवित्रता नष्ट होगी। कोई चाबियों का गुच्छा या सूटकेस तो था नहीं। पूज्य गांधीजी की शॉल थी।

सेवकजी हर दिन की तरह दरवाजे पर कुर्सी लगाकर बैठे थे। शून्य में देख रहे थे। सड़क पर कितने ही परिचित निकल गए। सेवकजी ने किसी को नहीं बुलाया। और दिन होता, तो वे परिचित को देखते ही वहीं से बैठे-बैठे जयहिंद उछालकर उसे रोकते।

बड़ी चौड़ी मुस्कान से जाते, उसका हाथ पकड़ लेते और घोर आत्मीयता से कहते- ऐसे नहीं हो सकता। आप बिना चाय के नहीं जा सकते।' पकड़कर भीतर ले जाते, चाय बुलाते अलमारी से एक फाइल निकालते, जिसमें वे अखबारी कतरनें लगी थीं, जिसमें उनका नाम छपा था। इनमें वह कतरन भी थी, जिसमें उनके बचपन में खो जाने पर पिता ने उनकी खोज में विज्ञप्ति छपाई थी। एक-एक कर सब कतरने वे बताते और बीच-बीच में अपनी राष्ट्र, समाज सेवाओं का उल्लेख करते जाते। वे बताते कि किस सन् में किस नेता के साथ जेल में थे। परिचित उठने का उपक्रम करता तो सेवकजी आग्रह से उसका हाथ पकड़कर कहते- 'बस! एक मिनट और। मैं आपको अपने जीवन की सबसे मूल्यवान, सबसे पवित्र वस्तु बतलाता हूं।

'अलमारी में से तह की हुई एक हल्के नीले रंग की शॉल निकालते और आरती के थाल की तरह सामने करके, भाव विभोर हो कहते- 'यह शॉल मुझे पूज्य गांधीजी ने दी थी। मेरे विवाह में वे स्वयं आशीर्वाद देने आए थे। हम दोनों के सिरों पर हाथ रखकर हमसे बोले- 'तू मेरा बेटा नहीं, यह मेरी बेटी है।' 'खिलखिलाकर हंस पड़े बापू और यह शॉल हम दोनों को ओढ़ा दी। आज वे नहीं हैं...' वे आंख बंद कर लेते और भाव तल्लीन हो जाते। परिचित अगर समझदार होता, तो इस स्थिति का लाभ उठाकर बिना जयहिंद किए ही झटपट निकल भागता। कोई परिचित उस सड़क के बिना उन कतरनों और उस शॉल को देखे, निकल नहीं सकता था। आज चार दिनों से लोग बेखटके निकल रहे थे। सेवकजी उन्हें नहीं छेड़ते थे। सोचते - उस घर में अब किसको क्या बुलाएं, जिसकी श्री ही चली गई है।

टाउन हॉल में शाम को सभा की घोषणा करता हुआ लाउडस्पीकर लगा

तांगा निकला। सेवकजी के मन में उमंग की लहर उठी। पर लगा कैसे जाऊं। शॉल जो खो गई।

हर सभा में वे गांधीजी की शॉल ओढ़कर जाते। मंच पर अंतिम वक्ता के बाद खड़े होकर कहते- 'मुझे भी इस विषय पर दो शब्द कहना है।' माइक पर वे बोलते- मैंने जो कुछ सीखा गांधीजी के चरणों में बैठकर। वे मुझे पुत्रवत स्नेह करते थे। मेरे विवाह में वे स्वयं आशीर्वाद देने आए.....और पूरा किस्सा। मेरे जीवन की सबसे मूल्यवान, सबसे पवित्र निधि है। सभा में लोग जानते थे कि सेवकजी अवश्य आएंगे और शॉल के बारे में बताकर बैठ जाएंगे। एक सभा में वे इस विषय पर आ ही रहे थे कि सभापति ने घंटी बजा दी। हड़बड़ाकर बैठने लगे, तभी किसी मसखरे ने आवाज लगाई- 'सेवकजी! आप शॉल के बारे में बताना भूल गए।' लोग हंस पड़े। पर सेवकजी ने सहज भाव से कहा- जब प्रसंग उठाया ही गया है, तो बताना मेरा धर्म है और फिर पूरा वाकया...।

सेवकजी उस पीढ़ी के थे, जिसने जवानी के आरंभ में सोच लिया था कि जीवन-भर देश की स्वतंत्रता के लिए संग्राम करेंगे। पर स्वतंत्रता पहले आ गई, जीवन शेष रहा। अब क्या करें? यह तो सोचा ही नहीं था कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद क्या करेंगे? जिन्होंने सोच लिया था, वे सरकार चलाने लगे। कुछ विरोधी दल में आ गए। जो जीत न सके, सरकार में नहीं जा सके। वे बड़ी उलझन में आ गए। हारा हुआ राजा रनिवास में जाता है.

सेवकजी अध्यात्म में आ गए। पर वहां मन नहीं लगा। वे लौट आए। पर अब क्या करें? वे पूरे जोर से सोच रहे थे। शॉल जीवन शक्ति ले गई। किसलिए जिएं? जिएं, तो करें क्या? ऐसे जीने से मर जाना अच्छा! एक

> 'अलमारी में से तह की हुई एक हल्के नीले रंग की शॉल निकालते और आरती के थाल की तरह सामने करके, भाव विभोर हो कहते- 'यह शॉल मुझे पूज्य गांधीजी ने दी थी। मेरे विवाह में वे स्वयं आशीर्वाद देने आए थे। हम दोनों के सिरों पर हाथ रखकर हमसे बोले- 'तू मेरा बेटा नहीं, यह मेरी बेटी है।' 'खिलखिलाकर हंस पड़े बापू और यह शॉल हम दोनों को ओढ़ा दी। आज वे नहीं हैं...' वे आंख बंद कर लेते और भाव तल्लीन हो जाते। परिचित अगर समझदार होता, तो इस स्थिति का लाभ उठाकर बिना जयहिंद किए ही झटपट निकल भागता।

विचार उनके मन में सहसा आया और उसके आवेग से वे खड़े हो गए। चप्पल पहनी और दूर सदर कोने में कपड़ों की एक दुकान पर गए और वैसी ही शॉल खरीद ली। मन ही मन समाधान कर लिया- वस्तु सत्य नहीं है, भावना सत्य है। अब समस्या खड़ी हुई कि उसका नयापन कैसे मिटे? सेवकजी ने उसे पानी में डुबाकर सुखाया, उससे फर्श साफ किया, दो-तीन दिन उसे ओढ़कर सोते रहे। अत्याचार से उसकी चमक-दमक गायब हो गई। प्रफुल्लता लौट रही थी, पर ज्योंही वे प्रसन्न होते, आशंका कूद पड़ती कि लोग समझ न जाएं?

शाम की सभा तय थी। कई दिन बाद सेवकजी सभा की तैयारी में थे। कुर्ता और धोती निकाले, शॉल निकाली। मंच पर बैठे धुकधुकी लगी- कोई भेद न जान ले। कोई सहज ही देखता तो कांप जाते इन्होंने

शॉल का रहस्य भांप लिया। अंतिम वक्ता के बाद खड़े हुए। बोले, 'मुझे इस विषय पर दो शब्द कहना है।' उन्होंने माइक पकड़ लिया था। दिल धड़क रहा था और हाथ कांप रहे थे। आज पैरों को स्थिर करने का प्रयत्न करना पड़ रहा था। बोलना शुरू किया 'मैंने जो कुछ सीखा है, गांधीजी से... ये शॉल उन्होंने मुझे दी थी। बापू स्वयं...'

पहली पंक्ति में बैठा एक आदमी उठकर खड़ा हो गया और बोला, 'क्यों झूठ बोलते हैं सेवकजी? यह शॉल तो बिल्कुल नई है और मिल की है। भला गांधीजी मिल की शॉल देते?' सभा में

हंसी हुई, सेवकजी के पैर डगमगाए, माइक पर पकड़ ढीली हुई और वे वहीं बैठ गए।

हिंदी ग़ज़ल परंपरा को समृद्ध करती ग़ज़लें

■ रामकृष्ण यादव

कई उपन्यास एवं आलोचना की पुस्तकों के प्रकाशन के बाद डॉ. ललन प्रसाद सिंह का पहला ग़ज़ल-संग्रह 'ग़ज़ल-गीत संगम' नाम से किशोर विद्या निकेतन, वाराणसी से सद्यः प्रकाशित हुआ है।

इस संग्रह में दो खंड हैं, पहला 'ग़ज़ल खंड' तथा दूसरा 'गीत खंड'। ग़ज़ल खंड में कुल 326 गजलें सम्मिलित हैं। ये ग़ज़लें उन्होंने 1995 से 2022 के बीच के कालखंड में रची हैं। समयांतराल की वजह से प्रारंभ की ग़ज़लों एवं वर्तमान की ग़ज़लों की भाषा-शिल्प एवं कहन में थोड़ा-बहुत अंतर है।

ग़ज़ल की अपनी एक विशिष्ट शैली है, जो कविता से भिन्न है। यही वजह है कि ललन प्रसाद सिंह की ग़ज़लें कथ्य, संकेतों, शब्दों एवं तान के माध्यम से एक नए क्षितिज का उद्घाटन करती हैं। उनकी ग़ज़लें सामाजिक,आर्थिक एवं सांस्कृतिक विद्रूपताओं पर प्रहार करने के साथ-साथ राजनैतिक क्रांति का उद्घोष करती हैं-

'समाजवाद तेरे लिए सिर्फ़ जुमला है
मगर उनके लिए तो अन्याय पर हमला है'

राजनैतिक व्यवस्था से उत्पन्न पीड़ा, दर्द, असमानता, अमीरी-गरीबी का फासला उन्हें उद्वेलित करता है -

'काजल की कोठरी में बैठे हो
शीशे की दीवार लगाकर
कब तक जिंदा रहोगे
किसानों की अस्थि चबाकर'

सियासतदां पर चोट करते हुए लिखते हैं-

'हमें टुकड़े-टुकड़े में बांटे हो
अपनी सियासत के खातिर
तेरी नीयत पर नज़र है
तुम हो कितने शातिर'

आज सांप्रदायिकता का जहर सियासत में इस कदर फैल गया है कि आये दिन दंगा-फसाद होते रहते हैं; जातीय-नस्लीय हिंसा होती है; जिंदगियां तबाह हो जाती हैं; बस्तियां-घर जला दिए जाते हैं। सियासतदां अपनी-अपनी रोटियां सकते हैं। सांप्रदायिकता से उपजी पीड़ा को एक युवती यूं बयां करती है-

'अम्मा की फूट गई चूड़ियां
हमारी उजड़ गई दुनिया
आदमी मर गया, तेरी सियासत में
मेरा आशियां जल गया,
तेरी सियासत में '

लोकतांत्रिक व्यवस्था में ललन प्रसाद सिंह की पूर्ण आस्था है । वे समता एवं समानता के पक्षधर हैं । पर भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था से पूरी तरह सहमत नहीं हैं। भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की खामियां उन्हें नागवार लगती हैं। वे लिखते हैं-

'व्यक्ति बदल जाता है, व्यवस्था कहां बदलती चुनाव खत्म हो जाता, खुशी कहां मिलती'

... ...

'वे कहते हैं जनता मालिक है
पर सब मालों के वे मालिक हैं
'

> जहां तक भाषा का सवाल है तो इस संग्रह की भाषा उर्दू-हिंदी मिश्रित 'हिंदुस्तानी' है। ग़ज़ल-गीतों में शब्दों के नपे-तुले प्रयोग हैं। तत्सम शब्दों का प्रयोग नहीं के बराबर है, तद्भव एवं देशज शब्दों के प्रयोग से भाषा लयात्मक एवं प्रभावोत्पादक बन गई है। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि ललन प्रसाद सिंह का 'गजल-गीत संगम' एक महत्वपूर्ण संग्रह ही नहीं,अपितु एक अनूठा संग्रह भी है। उनकी ग़ज़लें सपने दिखाती हैं और देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ-साथ कुव्यवस्था के विरुद्ध क्रांति के लिए जोश भी जगाती हैं। उनके गीत पाठक-श्रोताओं को गुनगुनाने पर विवश कर देते हैं।

पर उन्हें उम्मीद है कि एक न एक दिन यह व्यवस्था बदलेगी। कभी उनका भी वक्त आएगा, जो हाशिए की ओर धकेल दिए गए हैं। क्योंकि लोकतंत्र की चक्की धीरे-धीरे घूमती है, पर घूमती जरूर है।

'मेहनतकश हम काश्तकारों का
कभी तो वक्त आएगा
देख लेना
नया प्रकाश आसमान में छाएगा'

इस संग्रह में दलित-विमर्श, स्त्री-विमर्श,एवं आदिवासी-विमर्श पर आधारित ग़ज़लें भी हैं।

ललन प्रसाद सिंह के इस संग्रह में इश्क-हुस्न, दोस्ती-दुश्मनी,अपना-पराया, खुशी-गम, , भाषा, संप्रदाय,जाति, लिंग, प्रकृति, बुद्ध ,कबीर, मार्क्स , कला, संस्कृति, आदि विविध विषयों पर कई ग़ज़लें हैं और उन सभी के तेवर अलग-अलग हैं।

श्री सिंह के इस संग्रह में नब्बे गीत भी शामिल हैं। हिंदी साहित्य में गीत सामान्यतः कम लिखे गए हैं। हालांकि गीतों का जनजीवन पर काफी प्रभाव रहा है।

जहां तक भाषा का सवाल है तो इस संग्रह की भाषा उर्दू-हिंदी मिश्रित %हिंदुस्तानी% है। ग़ज़ल-गीतों में शब्दों के नपे-तुले प्रयोग हैं। तत्सम शब्दों का प्रयोग नहीं के बराबर है, तद्भव एवं देशज़ शब्दों के प्रयोग से भाषा लयात्मक एवं प्रभावोत्पादक बन गई है।

कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि ललन प्रसाद सिंह का 'गजल-गीत संगम' एक महत्वपूर्ण संग्रह ही नहीं,अपितु एक अनूठा संग्रह भी है। उनकी ग़ज़लें सपने दिखाती हैं और देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ-साथ कुव्यवस्था के विरुद्ध क्रांति के लिए जोश भी जगाती हैं। उनके गीत पाठक-श्रोताओं को गुनगुनाने पर विवश कर देते हैं।



पुस्तक = %ग़ज़ल-गीत संगम%
ग़ज़लकार = डॉ. ललन प्रसाद सिंह
प्रकाशक = किशोर विद्या निकेतन, भदैनी, वाराणसी -221001
मूल्य = 300 रुपये

ग़ज़ल

महमूद दरवेश की दो कविताएं

महमूद दरवेश का जन्म 13 मार्च, 1942 को फिलिस्तीन में हुआ था , उनकी कविताओं ने अरबी भाषा की कविताओं को एक पहचान अलग पहचान दिलाई. उनकी ज़्यादातर कविताओं का अनुवाद दुनिया की तमाम भाषाओं में हुआ। महमूद दरवेश दुख, सपनों, उम्मीदों के महान कवि माने जाते हैं। लाखों-लाख फिलिस्तीनियों की तरह महमूद दरवेश का परिवार भी अपनी जन्मभूमि से विस्थापित नहीं, बल्कि निर्वासित कर दिया गया, क्योंकि माना यह गया कि जहां वे पैदा हुए वह जमीन उनकी नहीं थी। विस्थापन का दर्द महमूद दरवेश की कविताओं में टूट कर दिखता है। लेकिन उनकी कविता में केवल पीड़ा, आंसू, दुख, आक्रोश, विद्रोह, संघर्ष न था. उनमें उम्मीदें भी थी. उनका दृढ़ विश्वास था कि अब तक का मानव समाज तमाम आततायियों को देख चुका है, उन्हें जमींदोज कर चुका है, ऐसे में हमारे देश पर टूट पड़े आक्रांताओं का भी भविष्य वही होगा. हमारी जमीन हमें मिलेंगी, हम अपने घर जरूर लौटेंगे।

फिलिस्तीन की मुक्ति और शांति के सपने लिए महमूद दरवेश ने 2008 में 9 अगस्त को इस दुनिया से विदा ली। पाठकों के लिए पेश हैं, महमूद दरवेश की दो अनूदित कविताएं। अनुवाद अनिल जनविजय ने किया है

मैं घोषणा करता हूँ

जब तक
मेरी एक बालिश्त ज़मीन भी शेष है
एक जैतून का पेड़ है मेरे पास
एक नीम्बू का पेड़
एक कुआँ
और एक कैक्टस का पौधा

जब तक
मेरे पास एक भी स्मृति शेष है
पुस्तकालय है छोटा-सा
दादा की तस्वीर है
और एक दीवार

जब तक
उच्चरित होंगे अरबी शब्द
गाए जाते रहेंगे लोकगीत
पढ़ी जाती रहेंगी —
कविता की पंक्तियाँ
अनतार-अल-अब्से की कथाएँ
फ़ारस और रोम के विरुद्ध लड़े गए
युद्धों की वीर गाथाएँ

जब तक
मेरे अधिकार में हैं मेरी आँखें
मेरे होंठ और मेरे हाथ
मैं खुद हूँ जब तक
मैं अपने शत्रु के समक्ष घोषित करूँगा —

मुक्ति के लिए प्रबल संघर्ष
स्वतन्त्र लोगों के नाम पर हर कहीं
मज़दूरों, छात्रों और कवियों के नाम पर

मैं घोषित करूँगा —
खाने दो कलंकित रोटी
कायरों को
सूरज के दुश्मनों को
मैं जब तक जीवित रहूँगा
मेरे शब्द शेष रहेंगे —
'रोटी और हथियार
मुक्ति-योद्धाओं के लिए'

फ़िलिस्तीन के प्रेमी

ओ मेरी प्रिया !
दर्द भरी तेरी आँखें
बेधती हैं मेरे हृदय को
जब भी मैं याद करता हूँ उन्हें

उनमें गरजती है बिजली
दहकता है गुस्सा
वियोग झलकता है उनमें
और मैं सम्हाल कर रखता हूँ तेरा दर्द

आकाश में चमक रहे हैं सहस्त्रों सितारे
घायल है मेरा हृदय
उस पर भी हैं हज़ारों घाव
तेरा दर्द मेरे प्यार का विस्तार है
एक पुल है
वर्तमान और भावी दिनों के बीच

भला, कैसे भूल सकता हूँ मैं
तेरी आँखों में चमकते वे दिन
बचपन के वे साल
जब साथ-साथ बड़े हुए थे हम

तब मुझे लगता था, मेरी प्रिया !
कि तेरी उन बड़ी-बड़ी आँखों में
जल रही है आग
और मैं गाने लगता था
उनके बारे में नए-नए गीत

पर आज
निर्वासन की यह भयानक ठण्ड
बरसा रही है आग
मेरे होंठ? को जला रही है
भद्?दे ढंग से, बेरहमी के साथ

आज
वीरान पड़े हैं वे मकान
छोड़ने पड़े थे जो हमें
पक्षी तक नहीं बैठते अब
उनकी मुण्डेरों पर

तड़कने लगे हैं आइने
आज़ादी की मौत के इस जश्न पर
और हम
बीनते हुए लोकगीतों के टुकड़े
आँक रहे हैं क़ीमत जन्मभूमि की

नए-पुराने सुरीले गिटारों पर
हम गाते हैं शब्द-शब्द
अपने गीत
और रचते हैं धुनें नई-नई
रुदन करते अपने
उन वीरान पड़े मकानों पर

ओ जानम् !
हमारा प्यार जीवित है अब भी
अब भी सुनती है तू मेरी आवाज़
बीते समय के साथ-साथ धीमी ज़रूर हो गई वो
पर कमज़ोर नहीं हुई

ओ युवा ग्वालन ! मैं देख रहा हूँ तुझे
काँटों भरी राह पर दौड़ते हुए
गायों और भेड़ों के रेवड़ के पीछे
तू गुज़र रही है
खण्डहर हुए एक घर के पास से
जिसका प्रवेश-द्वार बदल गया है राख में

मैं देख रहा हूँ तुझे
मेरी प्रिया !
लाइन में लगे हुए
सूख रहे एक कुएँ के पास

ओ रात्रिकालीन होटलों में बरतन मलने वाली !
मैं देख रहा हूँ तुझे लेटे हुए
चिथड़ा-चिथड़ा एक तम्बू में
उन अलावों के पास
जलाया है जिन्हें अनाथ बच्चों ने
और याद कर रहे हैं जो
घर के चूल्हे की आग

मुझे विश्वास है, मेरी जान !
चाहे कुछ भी क्यों न करना पड़े तुझे
कैसे भी क्यों न रहना पड़े
चलना पड़े चाहे किसी भी राह पर
निर्वासन की इस आग में, उदासी में
बनी रहेगी तू वैसे ही
जैसे बरकरार है सूरज
समुद्र
और हमारी शानदार यह धरती
हज़ारों-हज़ार बरस से

मुझे क़सम है, तेरे इस रुमाल की
जो तूने उपहारित किया था मुझे
विदा करते हुए
मैं क़सम खाता हूँ, जानम् !
तेरी काली घनी बरौनियों की
मुझे क़सम है तेरी, मेरी जान !
अमर रहेगा फ़िलिस्तीन
हमारा भाग्य फ़िलिस्तीन

चमकते सूरज के नीचे
फ़िलिस्तीन मेरा है
चमकते चान्द के नीचे
फ़िलिस्तीन तेरा है
फ़िलिस्तीन हमारा है, हमारा ही रहेगा

अपने नए गीतों से हम
बेध देंगे ठिठुरती इस हवा को
सूखी धरती में डालेंगे नए बीज
अपने ख़ून से सींचेंगे
लुटे-पिटे खेतों की आत्मा और शरीर
फिर गुज़र जाएँगे लम्बे वर्ष
और उनमें पैदा होगी फ़सल घनी

तेरा नाम — फ़िलिस्तीन
तेरी दृष्टि — फ़िलिस्तीन
तेरे नयन-नक़्श — फ़िलिस्तीन
फ़िलिस्तीन — तेरी आशा
फ़िलिस्तीन — तेरी आवाज़
फ़िलिस्तीन — महिलोचित गरिमा तेरी

फ़िलिस्तीन जिएगी तू
तू मरेगी फ़िलिस्तीन

ओ मेरी प्रिया !
मेरी किताबों का सार और विचार है तू
मेरे गीतों की आग है
हर क्षण तूने सम्पूर्ण किया मेरा जीवन
तेरे बिना होता ये बरबाद और बेरंग
मेरे लिए एकमात्र सर्जक है तू
एकात्म है तू मेरी मातृभूमि के साथ
मेरे इस लबालब हृदय में

हाना

हाना घांये धूपे तेरा,घर बइठे बारा।
दौड़-धूप करके थोड़किन जादा कमाए ले घर बइठे कमती कमाय। बाहिर म ऐती ओती कई कष्टों के बाद जादा कमाए के लालच म जाए के सेती घर बइठे कम कमाय तेन बने।

शब्द अरथ

1. चेमरहा- चेम्मरहा
2. चेम्मरहूं- चेमरहा
3. चेर- आम की गुठली के कड़ा वाले कवच
4. चेरहा- वो आमा जेखर गुठली ह कड़ा हो जाय रहिथे
5. चेरहिन- निंदा करने वाली
6. चेरियहा- चेरहा
7. चेरियाना- आमा के गुठली के कड़ा होके कवच बन जाना
8. चेरई- आमा के गुठली के कड़ा होए के क्रिया
9. चेलिक- वयस्क, युवा होना
10. चैली- भवन बनाए के बेरा बांस ल बांध के बनाए गे आधार।

शारदीय नवरात्रि सौम्य होथे

एक बछर म चार बेर नवरात्रि आथे। उही म के एक ठन. शारदीय नवरात्रि हे। असल म साल म दू बेर तो गुप्त नवरात्रि आथे, येखर पालन गृहस्थ मन कमती करथे। येखर अलावा दू प्रकट नवरात्र आथे। पहिली नवरात्रि चैत्र के महीना म आथे अउ येखर साथ ही हिंदू नववर्ष के शुरुआत होथे। येला चैत्र नवरात्रि कहे जाथे। येखर बाद दूसर नवरात्रि कुंवार महिना म आथे। जेला शारदीय नवरात्रि के नाव ले जाने जाथे। जेन आज ले शुरु होवत हावय। उहीं पूस अउ आषाढ़ के महीना में भी नवरात्रि आथे। जेन ल गुप्त नवरात्रि कहे जाथे।

काबर मनाए जाथे शारदीय नवरात्रि? धार्मिक मान्यता के अनुसार, कहे जाथे के देवी दुर्गा ह कुंवार के महीना म महिषासुर ऊपर आक्रमण करके ओखर ले नौ दिनों तक युद्ध करिस अउ दसवां दिन ओखर वध करिस। इही कारण ले नौ दिन तक शक्ति के आराधना करे जाथे। कुंवार महिना म शरद ऋतु शुरु हो जाथे। ये कारण से येला शारदीय नवरात्रि कहे जाथे। मान्यता हे के चैत्र नवरात्रि के साधना सब ल मानसिक रूप ले मजबूत बनाथे अउ आध्यात्मिक इच्छा मन ल पूरा करने वाली रहिथे। शारदीय नवरात्रि ल सांसारिक इच्छा मन ल घलो पूरा करने वाली माने जाथे।

दुर्गा सप्तशती म बताये गे हावय के शरद ऋतु म जेन वार्षिक महापूजा करे जाथे ओ बेरा पर जेन माता के महात्म्य (दुर्गा सप्तशती) ल श्रद्धा-भक्ति के साथ सुनही तेन मनखे माता के कृपा ले सब बाधा ले मुक्त होके धन, धान्य और पुत्रादि ले सम्पन्न हो जही। शारदीय नवरात्रि-पूजा वैदिक काल म बहुत प्रचलित रहिस हे। ये शक्ति जगाये के नवरात्रि आये।

ये भक्ति के बेरा आये। भक्ति ले जप तप करके अपन शरीर म उर्जा पैदा करे के बेरा आये। येखर ले शरीर म शक्ति पैदा होथे। नौ दिन म माता के नौ रुप के पूजा करे जाथे। ब्रह्मचारिणी, कुष्मांडा, चन्द्रघंटा, कालरात्रि, महागौरी, कात्यायनी, स्कन्दमाता, शैलपुत्री व सिद्धिदात्री मां के उपासना करके ओला खुश करे के प्रयास करे जाथे। ये नौ रूप म नौ दिन तक माता युद्ध करे रहिस हे।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एच.यू.एफ. कर्ता अमरपाल भसीन, मुरिन्दर सिंह भसीन एच.यू.एफ.कर्ता गुरिन्दर संग भसीन दोनों पिता कुदरत सिंग भसीन एवं श्रीमती प्रकाश कौर पति कुदरत सिंग भसीन सभी निवासी जेल रोड रायपुर छ.ग. द्वारा अपने अधिवक्ता अजित पाल सिंघ के माध्यम से आवेदन पत्र छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदकगण द्वारा एक संपत्ति स्थित वाके मौजा ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 86 रा.नि.मं. धरसींवा 2 तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर 741/2 एवं 741/3 का भाग रकबा 0.490 हे., 738 एवं 739/2 का भाग रकबा 0.145 हे., 740 का भाग रकबा 0.095 हे. 705/5 का भाग रकबा 0.215 हे. कुल खसरा नंबर 4 कुल रकबा 0.945 हे. भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 04.10.2006 के माध्यम से क्रय किया गया था। जिसका इन्द्राज उप पंजीयक कार्यालय रायपुर के पुस्तक क्रमांक 04.10.2006 के माध्यम से क्रय किया गया था। जिसका इन्द्राज उप पंजीयक कार्यालय रायपुर के पुस्तक क्रमांक ए-1, ग्रंथ क्रमांक 34910 पृष्ठ एवं 49 से 60 एवं दस्तावेज क्रमांक 3852 देकर पंजीकृत किया गया है। आवेदकगण द्वारा उपरोक्त संपत्ति क्रय करने के पश्चात शांतिपूर्वक दखल कब्जा प्राप्त किया था। तत्पश्चात उपरोक्त संपत्ति राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराया था। तत्पश्चात उपरोक्त संपत्ति राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराया था। तत्पश्चात आवेदकगण द्वारा उपरोक्त संपत्ति को दो प्रकरण के माध्यम से पृथक पृथक परिवर्तित कराकर परिवर्तित अभिलेख में दर्ज कराया था। आवेदकगण की उपरोक्त भूमि को प्रथम बार परिवर्तित अभिलेख में बी-1 में खाता क्रमांक 1221 में आवेदकगणों का नाम भूमिस्वामी के रूप में खसरा नंबर 705/29 रकबा 0.207 हे. खसरा नंबर 705/33, 738/4, 739/5 एवं 741/17 कुल रकबा 0.277 हे. अर्थात सभी खसरों का कुल रकबा 0.484 हे. अर्थात 52075 वर्गफुट भूमि को न्यायालय अपर कलेक्टर परिवर्तित भूमि शाखा रायपुर के राजस्व मामला क्रमांक 1004अ/12 वर्ष 301--16 एवं अ.वि.अ. के रा.प्र.क्र. 6147/अ 2 वर्ष 2015-16 के अनुसार वाणिज्यिक गोडाउन प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण कर दर्ज किया गया। आवेदकगण द्वारा इसी प्रकार अपनी बचत अन्य भूमि को आवेदकगण द्वारा उपरोक्त संपत्ति को परिवर्तित कराकर परिवर्तित अभिलेखों में दर्ज कराया था, जिसका इन्द्राज परिवर्तित बी-1 भाग 2 में खसरा नंबर 738/14, 739/15 एवं 741/18 कुल रकबा 0.152 हे. तथा खसरा नंबर 740/30 रकबा 0.095 हे. एवं खसरा नंबर 741/2, 741/6 एवं 741/9 कुल रकबा 0.129 हे. तथा खसरा नंबर 741/19 रकबा 0.085 हे. कुल रकबा 0.461 हे. अर्थात 49604 वर्गफुट भूमि न्यायालय अपर कलेक्टर परिवर्तित भूमि शाखा रायपुर के रा.प्र.क्र. 1043 अ/2 वर्ष 2015-16 में पारित आदेश दिनांक 08.11.2016 के अनुसार वाणिज्यिक गोडाउन प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण कर दर्ज किया गया था। आवेदकगण के नाम पर उपरोक्त वर्णित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 741/19 रकबा 0.085 हे. भूमि को परिवर्तित अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत अभिलेख दुरूस्ती बाबत् प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 31.10.2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 11.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार धरसींवा

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00078 टेमरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440725900001

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00078 के अंतर्गत ग्राम टेमरी के वर्तमान भूमिस्वामी दलबल, लखनलाल, राजेश कुमार, हरीश कुमार, दयाराम पिता/पति पिसरान स्व. मंगलराम साहू पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 180/3 0.1120 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मोहम्मद अरशद खान पिता/पति-पिता नन्हे खान पता निवासी एल.आई.जी. ई-02 सेक्टर 03 देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण 01. श्रीमती जसपाल कौर पति स्व. हरजीत सिंह, 02. चरणजीत सिंह, 03. हरप्रीत सिंह गुरूप्रीत सिंह तीनों पिता स्व. हरजीत सिंह निवासी म.नं. 42/1028 श्याम नगर रायपुर छ.ग. ने पक्षकार क्रमांक 01 के पति एवं पक्षकार क्रमांक 02 से 04 के पिता द्वारा क्रेता राकेश कुमार लखीसरानी के साथ वाके मौजा तेलीबांधा प.ह.नं. 113/1028 ख.नं. 46/15 रकबा 0.055 हे. यानि 5900 वर्गफुट में से 3200 वर्गफुट निर्मित है के विक्रय बाबत् एक विक्रय इकरारनामा दिनांक 10.10.2020 को निष्पादित किया था। मेरे पक्षकार क्रमांक 01 के पति एवं पक्षकार क्रमांक 02 से 04 के पिता का देहांत दिनांक 09.06.2021 को हो गया है। उक्त इकरारशुदा संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन इकरारनामा में वर्णित निर्धारित समयावधि के भीतर क्रेता राकेश कुमार लखीसरानी द्वारा नहीं किया गया है और उक्त इकरारनामा के अवधि 3 साल गुजरने के उपरांत समाप्त भी हो चुकी है। इसके बावजूद भी मेरे पक्षकार द्वारा क्रेता से मौखिक रूप से 15 दिवस के भीतर उक्त इकरारशुदा संपत्ति का पंजीयन एवं निष्पादन कराये जाने का निवेदन किया किन्तु उसके पश्चात भी क्रेता राकेश कुमार लखीसरानी द्वारा विक्रय विलेख का पंजीयन एवं निष्पादन करने में अनिच्छा व्यक्त की जिसके कारण से उक्त इकरारनामा समय बाधित होने एवं क्रेता राकेश कुमार लखीसरानी के अनिच्छा के कारण रद्द किया जाता है।

अतः आम जनता, संस्था, निकाय, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय को सूचित किया जाता है कि उक्त इकरारनामे में वर्णित उपरोक्त संपत्ति के बाबत् किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करे इसके बावजूद भी अगर किसी भी प्रकार का कोई भी संव्यवहार उपरोक्त संपत्ति के बाबत् किया जाता है तो मेरे पक्षकारगण के उपर बंधनकारी नहीं होवेगा तथा विधिक रूप से शून्य होवेगा।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 14.10.2023

राहुल गुप्ता
श्री आर.डी. एसोसिएट, एडवोकेट
शॉप नं. 115 प्रथमतल
कृष्णा काम्पलेक्स कचहरी चौक
रायपुर (छ.ग.)
मो. नं. 8839533233

न्यायालय तहसीलदार आरंग
जिला-रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.........ब/121
ग्राम आरंग

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिन्दा बाई पिता श्री सनत निषाद ग्राम आरंग तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने माता उदासा बाई के मृत्यु दिनांक 10.01.2011 है, का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सकें।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 27.10.2023 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)
राजस्व मामले का नोटिस

क्रमांक/वाचक/ना./तहसीलदार/2022-2023
रायपुर, दिनांक 09.10.2023
प्रति,
मो. माकुल मोकाली पिता अब्दुल रज्जाक मोकाली निवासी रमण मंदिर वार्ड फाफाडीह रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

विषय-राजस्व मामला क्रमांक/20220711100 0197/अ-6 (अ)/वर्ष 2021-2022 पक्षकार श्रीमती अन्नू बजाज पति श्री मनोज बजाज ग्राम देवपुरी प.ह.नं. 74 तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अन्नू बजाज पति श्री मनोज बजाज निवासी पवन विहार, ऋषभ नगर न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 74 तहसील व जिला रायपुर स्थित खसरा नं. 46/35 एवं 46/35 का भाग रकबा क्रमशः 750 वर्गफुट भूमि व 500 वर्गफुट भूमि कुल रकबा 1250 वर्गफुट भूमि आवेदक द्वारा दाखिल व काबिज है। उक्त भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता हंसराज देव पिता जे.आर. देव निवासी रतावा पोस्ट पोडागांव तहसील नंगरी जिला धमतरी के दिनांक 25.10.016 को क्रय कर अपने नाम पर नामांतरण करवा लिया गया था जो कि पतिवर्तित बी-1 में दर्ज है। लेकिन अभिलेख पांचसाला में खसरा नं. 46/35 रकबा 0.0140 हे. भूमि पर त्रुटिवश मोहम्मद माकुल मोकाली वल्द अब्दुल रज्जाक मोकाली निवासी रमण मंदिर वार्ड फाफाडीह रायपुर का नाम दर्ज होने से आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को आवेदिका द्वारा भू-राजस्व संहिता अधिनियम 2022 की धारा 115 के तहत त्रुतटिसुधार कर अपने नाम पर राजस्व अभिलेखा में दर्ज करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण के निराकरण हेतु आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप नियत सुनवाई दिनांक 19/10 /2023 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, JAMIL S/O ABDUL AMIR resident of H NO 57 DURGA CHOWK RAM MANOHAR LOHIYA WARD BALODA BAZAR (C.G.) have changed my old name JAMIL S/O ABDUL AMIR so in future I should be recognized by my new name that is JAMIL KHAN S/O ABDUL AMIR in all Government and other documents.

JAMIL KHAN
H NO 57 DURGA CHOWK RAM MANOHAR LOHIYA WARD BALODA BAZAR (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAKESH KUMAR GUPTA S/O TARA CHAND GUPTA resident of HOUSE NO-127 UPAR PARA KARJI SURGUJA (C.G.) 497001 have changed my old name RAKESH KUMAR GUPTA S/O TARA CHAND GUPTA so in future I should be recognized by my new name that is RAKESH GUPTA S/O TARA CHAND GUPTA in all Government and other documents.

RAKESH GUPTA
HOUSE NO- 127 UPAR PARA KARJI SURGUJA (C.G.) 497001

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAKESH KEDIA S/O HANUMAN DAS KEDIA resident of H.NO.- 502, DIAMOOND-A ASHOKA RATAN VIDHAN SABHA RAIPUR (C.G.) have changed my old name RAKESH KEDIA S/O HANUMAN DAS KEDIA so in future I should be recognized by my new name that is RAKESH KUMAR KEDIA S/O HANUMAN DAS KEDIA in all Government and other documents.

RAKESH KUMAR KEDIA
H.NO.- 502, DIAMOOND-A ASHOKA RATAN VIDHAN SABHA RAIPUR (C.G.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा). भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
उद्घोषणा

आनलाईन नं. 20231021110023
अ / 2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र निषाद पिता/पति सीताराम निषाद निवासी ग्राम- हथनीपारा वार्ड, तहसील-भाटापारा, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम- हथनी प.ह.न. 40 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 681/33 रकबा 0.011 हेक्टेयर अर्थात 1215 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ. ग. भू. रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण के लिये खसरा, नक्शा, बी-1, ब्लू प्रिंट नक्शा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है ।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत 25/10/2023 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है ।

नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा । आज दिनांक 06/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)
उद्घोषणा

आनलाईन नंबर 20231021110002 1
अ / 2 वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश बलौदाबाजार के पत्र क्रमांक 2335/डाय.- 120/नग्रानि/2023 बलौदाबाजार दिनांक 03.10.2023 के अनुसार आवेदिका रजनी कुकरेजा पति विनय कुकरेजा वगैरह के ग्राम- अवरेठी प.ह.नं. 10 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा, (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 161/1 कुल रकबा 0.064 है. का मूल खसरा नंबर 161 का भू-उपयोग विकास योजना अनुसार वर्तमान औद्योगिक + प्रस्तावित औद्योगिक + प्रस्तावित वृक्षारोपण + वर्तमान मार्ग क्र-03 (30मी.) एवं उसकी प्रस्तावित चौडीकरण प्रयोजनार्थ होना बताया है। उक्त अभिमत के आधार पर आवेदिका रजनी कुकरेजा पति विनय कुकरेजा वगैरह निवासी संत कंवरराम वार्ड भाटापारा के ग्राम- अवरेठी प.ह.नं. 10 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार - भाटापारा, (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 161/1 कुल रकबा 0.064 है. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण के लिए आवेदन पत्र के साथ खसरा, नक्शा, , बी-1. बैनामा की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत 25/10/2023 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 06/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा

प्रारूप- 37
(नियम 61 (3) देखिए)
वित्त पोषक के नाम नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने के लिए रजिस्ट्रीकृत स्वामी की सूचना

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं.सी.जी 04
तारीख // 2023

श्री/श्रीमती/कुमारी MANIRAM SAHU (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि CHOLAMANDALM INVESTMENT AND FINANCE CO.LTD RAIPUR वित्त पोषक को यह सूचित किया जाता है कि उसने उन्होने उक्त करार उपबंध अधीन आपने व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान / पट्टा करार अन्तर्गत आने वाले मोटरयान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04MZ8829 है कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह है कि-
1. आपने उसे / रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।
2. आप फरार हो गये है।

उसने / उन्होने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रदद करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त यान के जो कि आपके द्वारा आधिपत्य खोये जाने और एतद् द्वारा धारा 2 (30) के अंतर्गत मोटरयान के स्वामित्व खोजे जाने के बावजूद भी रोका हुआ है को अभ्यार्पित करने और इस संबंध में आपका अभ्यावेदन यदि कोई हो आपके द्वारा इस सूचना पत्र की प्राप्ति की तारीख से 07 दिनों के भीतर इस कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया जाता है, जो आपके द्वारा उक्त संबंध में इस कार्यालय में कोई भी जवाब या आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। आपको पुन 'अपने पक्ष में सुनवाई रखने हेतु पत्र जारी किया जा रहा है। आपके द्वारा पत्र प्राप्ति के पश्चात् भी कोई जवाब प्रस्तुत नहीं की जाती है, तो जिसमें विफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र को निरस्त कर वित्त पोषक के नाम नवीन रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)
उद्घोषणा

आनलाईन नंबर 20231021110002 0
अ / 2 वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण कार्यालय सहायक संचालक नगर तथा जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम निवेश बलौदाबाजार के पत्र क्रमांक 2336/ डाय. - 121/नग्रानि/2023 बलौदाबाजार दिनांक 03.10.2023 के अनुसार आवेदिका स्वीटी सिंह पति संग्राम सिंह के ग्राम- अवरेठी प.ह.नं. 10 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा, (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 126/2, 127/1 कुल रकबा 0.200 हे. का मूल खसरा नंबर 126, 127 का भू-उपयोग विकास योजना अनुसार प्रस्तावित आवासीय प्रयोजनार्थ होना बताया है। उक्त अभिमत के आधार पर आवेदिका स्वीटी सिंह पति संग्राम सिंह निवासी गाँधी मंदिर वार्ड भाटापारा के ग्राम अवरेठी प.ह.नं. 10 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा, (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 127/1 कुल रकबा 0.125 हे. में से - 12000 व.फु. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण के लिए आवेदन पत्र के साथ खसरा, नक्शा, बी- 1 बैनामा की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत 25/10/2023 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा) भाटापारा

न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.कं. अ/74 वर्ष 2022-23
पक्षकार मोतीलाल ग्राम अमेरा रा.नि.मं. पलारी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोतीलाल पिता प्रेमलाल जाति मरार ग्राम अमेरा प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. पलारी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा 13(3) के तहत अपने माता कार्तिकबाई का मृत्यु दिनांक 04.01.2020 को ग्राम अमेरा तहसील पलारी में हुआ था। जिसका पंजीयन भुल वश या अज्ञानता के कारण नही करा पाया इसलिए उक्त मृत्यु दिनांक का पंजीयन किये जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम सचिव के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 30.10.2023 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पलारी

देशबन्धु

[अर्थ जगत]

पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां) इजरायल और फिलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

सर्वाधिक बढने वाले शेयर

टाटा मोटर्स	4.76 प्रतिशत
एचसीएल टेक	2.55 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	2.00 प्रतिशत
मारुति	1.62 प्रतिशत
सन फार्मा	1.33 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

एक्सिस बैंक	2.33 प्रतिशत
इंफोसिस	2.24 प्रतिशत
एसबीआई	1.71 प्रतिशत
विप्रो	1.43 प्रतिशत
एचडीएफसी बैंक	0.85 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	59900
बिटुर	59275
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	30,345
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	74,700
वायदा	72,285
चांदी सिक्का लिवाली	825
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	83.143	83.775
पौड स्टर्लिंग	103.09	105.45
यूरो	88.51	88.80
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दडा	2500-2600
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

चावल

चीनी एस	3640-3740
चीनी एम	3800-3900
मिल डिलीवरी	3520-3620
गुड़	4300-4400

दाल-दलहन

चना	6450-6550
दाल चना	7450-7550
मसूर काली	7800-7900
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9900-10000
अरहर दाल	10400-10500

त्योहार की खुशी: हम सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छूने वाले बाजारों से 2-4 सप्ताह दूर

मुंबई, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। संघर्ष ने बाजारों में अल्पकालिक दर्द पैदा किया है, लेकिन समय के साथ उन्होंने तेजी से वापसी की और वास्तव में बहुत आगे बढ़ गए। ऐसा यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान और हाल ही में पिछले सप्ताह हमास-इजराइल संघर्ष के दौरान देखा गया था। सोमवार को ही बाजार में गिरावट आई और फिर इसमें तेजी आई। बाजार के इस मजबूत प्रदर्शन का श्रेय केवल अंतर्निहित बाजारों की ताकत को दिया जा सकता है, किसी अन्य कारण को नहीं। ऐसे स्पिन-ऑफ प्रभाव हैं जहां संघर्ष के कारण तेल की कीमतें बढ़ी हैं, लेकिन इन्हें विपथन के रूप में माना जाना चाहिए क्योंकि वे बड़े वर्ग को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देते हैं और इसका असर अर्थव्यवस्था और अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ता है। सोना एक अन्य अस्थिर उत्पाद है और संघर्ष के समय इसका उपयोग सुरक्षा बचाव

के रूप में किया जाता है। भारत और शेयर बाजारों की बात करें तो ऐसा प्रतीत होता है कि हम इस समय अच्छी स्थिति में हैं और आगामी त्योहारी सीजन का फायदा उठाने की संभावना है। रविवार से हम नवरात्रि का त्योहार शुरू होते देख रहे हैं, जो दशहरा के साथ समाप्त होगा और उसके बाद लगभग दो सप्ताह के बाद हमारे पास दिवाली होगी। यह देश में जश्न का समय है और कपड़े, आभूषण, सफेद सामान और ऑटोमोबाइल जैसी उत्पाद श्रेणियों में बड़े पैमाने पर खर्च देखा जा सकता है, चाहे वे दोपहिया वाहन हों या चार पहिया वाहन। इस अवधि के दौरान पर्यटन भी जोर पकड़ता है और धन का प्रवाह अपने चरम पर होता है। इस बार नवंबर के महीने में पांच राज्यों के चुनाव होने और 3 दिसंबर को मतगणना के साथ समापन होने के कारण अतिरिक्त उत्साह होगा।

15 सितंबर को बीएसई सेंसेक्स पर 67,927.23 अंक और निफ्टी पर 20,222.45 अंक के शिखर को छूने के बाद, बाजार फिर से इन स्तरों तक पहुंचने की प्रवृत्ति दिखा रहे हैं, भले ही उन्हें पार न करें। सूचना प्रौद्योगिकी पैक द्वारा शीर्ष तीन कंपनियों के नतीजे घोषित करने के साथ ही नतीजों का मौसम शुरू हो गया है। हालांकि कुछ चिंता है, लेकिन यह चिंताजनक नहीं है। निफ्टी का मुख्य आधार, बैंकिंग या बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा (बीएफएसआई) करीब 42 प्रतिशत भार के साथ अगले सप्ताह क्षेत्र के नतीजे घोषित होने पर आगे रहने की उम्मीद है। सेक्टर के दिग्गज एचडीएफसी बैंक में एचडीएफसी लिमिटेड के साथ अपने मेगा विलय के बाद अभी भी एकीकरण के मुद्दे हैं, जिसे बाजार ने मार्गदर्शन के बाद गंभीरता से लिया है।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) विक्रेता थे, लेकिन हाल ही में यह धीमा हो गया है। दूसरा, पूर्ण रूप से, उनकी बिक्री का कारण घरेलू म्यूचुअल फंडों से आक्रामक खरीदारी है, जो खुदरा निवेशकों के बड़े पैमाने पर व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) द्वारा संचालित हो रहे हैं, जो रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं। खुदरा क्षेत्र में भरपूर पैसा होने और पैसा कमाने के साथ एफपीआई द्वारा की जाने वाली बिक्री का पर्याप्त रूप से मुकाबला किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि बाजार मौजूदा गति पकड़ कर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। पिछले हफ्ते भी हमास-इजराइल संघर्ष के बाद वे अपनी बात पर अड़े रहे और काफी अच्छी तरह से वापसी की।

निर्मला ने वैश्विक आर्थिक मंदी पर चिंता जताई, आईएमएफकी नीति में चाहती हैं सुधार

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वैश्विक विकास में मंदी पर चिंता जताई। हालांकि उन्होंने कहा कि 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने बढ़ती वैश्विक ऋण कमजोरियों और ऋण मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक संप्रभु ऋण गोलमेज सम्मेलन के महत्व और ऋण संकट में सदस्यों के साथ जुड़ने के लिए आईएमएफनीति की में सुधारों की ओर इशारा किया। उन्होंने मोरक्को के माराकेच में नीतिगत चुनौतियों पर संवाद विषय पर आईएमएफबोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में यह बात कही।

उन्होंने वैश्विक वित्तीय सुरक्षा जाल के केंद्र में एक मजबूत, कोटा-आधारित और पर्याप्त रूप से संसाधनयुक्त आईएमएफ और सामान्य, लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं के सिद्धांतों पर जलवायु कार्रवाई के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

निर्मला ने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक समुदाय की समन्वित प्रतिक्रिया वसुधैव कुटुंबकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना में बहुपक्षवाद को बढ़ावा देगी।

प्रतिकूल वैश्विक हालात के बावजूद आरबीआई आईएमएफ से आगे निकला, विकास दर 6.5 फीसदी आंकी गई

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्तवर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले सप्ताह कहा था कि देश दुनिया का विकास इंजन बनने के लिए तैयार है, क्योंकि इसने 2023-24 के लिए जीडीपी अनुमान 6.5 प्रतिशत बरकरार रखा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 6 अक्टूबर को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा का अनावरण करते हुए कहा था कि मजबूत मांग के कारण घरेलू अर्थव्यवस्था लचीलापन प्रदर्शित कर रही है। उन्होंने कहा कि चालू वित्तवर्ष में आर्थिक वृद्धि जोखिम समान रूप से संतुलित होने के साथ 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

अनुमान वैसा ही है, जैसा अगस्त की मौद्रिक नीति में अनुमान लगाया गया था। भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आपूर्ति

श्रृंखलाओं में व्यवधान के बावजूद आरबीआई गवर्नर ने भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन में अपना विश्ध्वास दोहराया और 2023-24 के लिए 6.5 प्रतिशत विकास अनुमान का अनुमान लगाने के लिए कई कारण सूचीबद्ध किए।

आइए उनमें से कुछ पर नजर डालें:-

उन्होंने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद अपने भाषण में कहा कि असमान मानसून के बावजूद 29 सितंबर तक खरीफ फसलों का रकबा पिछले साल के स्तर से 0.2 प्रतिशत अधिक था।

अधिकांश वर्षा आधारित कृषि क्षेत्रों वाले मॉनसून कोर जोन में वर्षा सामान्य थी, जो दीर्घकालिक औसत का 101 प्रतिशत थी।

दास ने कहा कि जुलाई और अगस्त 2023 में फार्मास्यूटिकल्स, बुनियादी धातु, सीमेंट, मोटर वाहन, साथ ही खाद्य और पेय पदार्थ जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विनिर्माण में सुधार हुआ।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जुलाई में 5.7 प्रतिशत बढ़ा और अगस्त में मुख्य उद्योगों का उत्पादन 12.1 प्रतिशत बढ़ा।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई), जो एक सर्वेक्षण है जो विनिर्माण के लिए व्यावसायिक गतिविधि और भावना को मापता है, सितंबर में मजबूत रहा।

सेवा क्षेत्र में स्वस्थ विस्तार हो रहा है और निर्माण गतिविधि मजबूत बनी हुई है।

अगस्त 2023 में सीमेंट उत्पादन 18.9 प्रतिशत बढ़ा और स्टील की खपत पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 21.5 प्रतिशत बढ़ी।

उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र अधिक निवेश कर रहा है। जुलाई 2023 में पूंजीगत वस्तुओं का उत्पादन 4.6 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि अगस्त 2023 में समान उत्पादों का आयात 13.3 प्रतिशत बढ़ गया।

आरबीआई के अनुसार, चरम महामारी अवधि यानी अप्रैल से जून 2021 को छोड़कर,2008-09 के बीच अब तक औसत क्षमता उपयोग 73.7 प्रतिशत रहा है।

गवर्नर ने कहा, बैंकों ने सड़कों, पुलों, अंतर्देशीय जलमार्गों, रेलवे, बिजली, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, रसायनों और उर्वरकों में नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

अगस्त में निर्यात में गिरावट घटकर 1.7 प्रतिशत रह गई है जो पिछले दो महीनों में 10 प्रतिशत से अधिक थी।

सार संक्षेप

अक्टूबर में एफपीआई ने 9,784 करोड़ की बिकवाली की

नई दिल्ली। सितम्बर में शुरु हुई एफपीआई की बिकवाली अक्टूबर में भी जारी है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। एनएसडीएल के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने 13 अक्टूबर तक स्टॉक एक्सचेंजों के जरिए 13,652 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। लेकिन उन्होंने इसी अवधि के दौरान प्राथमिक बाजार और अन्य के माध्यम से 3,868 करोड़ रुपए का निवेश भी किया, जिससे शुद्ध बिक्री का आंकड़ा 9,784 करोड़ रुपए हो गया। अमेरिकी बांड यील्ड में निरंतर वृद्धि एफपीआई की बिकवाली का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि एफपीआई ने वित्तीय, बिजली और आईटी में बिकवाली जारी रखी और पूंजीगत वस्तुओं और ऑटोमोबाइल में खरीदारी की। भारतीय बाजार कई चुनौतियों के बीच भी मजबूती से खड़ा है और इसलिए, एफपीआई के बीच यह चिंता बढ़ रही है कि अगर वे बिकवाली जारी रखते हैं, तो वे भारतीय बाजार में संभावित रैली से चूक जाएंगे।

एक्टिविजन ब्लिजार्ड और उनकी टीम माइक्रोसॉफ्ट एक्सबॉक्स में शामिल

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट के शीर्ष अधिकारी सत्या नडेला और ब्रैड स्मिथ ने गेमिंग दिग्गज एक्टिविजन ब्लिजार्ड का 68.7 बिलियन डॉलर में अधिग्रहण किया है। उनका स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि वे श्रम सिद्धांतों और यूनियन साझेदारी के लिए दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। यूके के एंटी-ट्रस्ट वॉचडॉग द्वारा माइक्रोसॉफ्ट द्वारा ब्लिजार्ड को खरीदने के लिए सौदे को मंजूरी देने के बाद उन्होंने प्रतिक्रिया दी। नया सौदा प्रतिस्पर्धी कीमतों और बेहतर सेवाओं को संरक्षित करेगा। माइक्रोसॉफ्ट के वाईस चेयरमैन और प्रेजिडेंट स्मिथ ने शुक्रवार देर रात कहा कि वे एक्टिविजन ब्लिजार्ड के नए कर्मचारियों से मिलने, सुनने और उनसे सीखने और अमेरिका के संचार श्रमिकों (सीडब्ल्यूए) और इसके द्वारा प्रतिनिधित्व करने वाले श्रमिकों के साथ हमारे सहयोगात्मक जुड़ाव को जारी रखनेष् के लिए उत्सुक हैं।

अमेरिका के सख्त निर्यात नियंत्रण से चीन के चिप आयात में आई 15 फीसदी की गिरावट

हांगकांग। अमेरिका के कड़े निर्यात नियंत्रणों के बीच इस साल के पहले नौ महीनों में चीन के सेमीकंडक्टर आयात में 14.6 प्रतिशत (साल-दर-साल) की गिरावट आई है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि जनरल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफकस्टम्स द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, चीन ने जनवरी से सितंबर तक 355.9 बिलियन यूनिट इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) का आयात किया, जो पिछले साल की समान अवधि में 416.7 बिलियन यूनिट से कम है। आईसी आयात का कुल मूल्य 19.8 प्रतिशत गिरकर 252.9 अरब डॉलर हो गया। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है, चीन के लिए वर्ष के आईसी आयात रुझान में पिछले कई महीनों में मामूली सुधार देखा गया है।

अगले दशक में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईएमएफ ने अपने लेटेस्ट अपडेट में कहा कि भारत बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जो उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। आईएमएफने कहा कि भारत पिछले कुछ समय से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और वास्तव में, भारत इस समय विश्व अर्थव्यवस्था में विकास इंजनों में से एक है। आईएमएफ ने कहा कि महत्वपूर्ण मतभेद सामने आ रहे हैं। उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में उन्नत (एडवांस) अर्थव्यवस्थाओं में मंदी अधिक स्पष्ट है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में, अमेरिका को लचीले उपभोग और निवेश के साथ संशोधित किया गया है, जबकि यूरो क्षेत्र को नीचे संशोधित किया गया है, क्योंकि सख्त मौद्रिक नीति और ऊर्जा संकट ने एक असर डाला है। उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच भी मतभेद है। चीन को बढ़ती प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि ब्राजील, भारत और रूस को संशोधित किया गया है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस ने एक हालिया अपडेट में कहा कि 2021 और 2022 में दो साल की तीव्र आर्थिक वृद्धि के बाद, भारत के लिए निकट अवधि का आर्थिक दृष्टिकोण 2023-24 के दौरान निरंतर तेजी से विस्तार का है, जो निजी खपत और निवेश में मजबूत वृद्धि पर आधारित है।

पिछले दशक में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह में तेजी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अनुकूल दीर्घकालिक विकास दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसे युवा

जनसांख्यिकीय प्रोफाइल और तेजी से बढ़ती शहरी घरेलू आय से मदद मिली है। अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में मापी गई भारत की नाममात्र जीडीपी 2022 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है।

आर्थिक विस्तार की इस तीव्र गति के परिणामस्वरूप 2030 तक भारतीय सकल घरेलू उत्पाद का आकार जापानी सकल घरेलू उत्पाद से अधिक हो जाएगा, जिससे भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। 2022 तक भारतीय जीडीपी का आकार ब्रिटेन और फ्रांस की जीडीपी से भी बड़ा हो चुका था। शोध में कहा गया है कि 2030 तक भारत की जीडीपी जर्मनी से भी आगे निकलने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण को कई प्रमुख विकास चालकों का समर्थन प्राप्त है। भारत के लिए एक महत्वपूर्ण सकारात्मक फेक्टर इसका बड़ा और तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग है, जो उपभोक्ता खर्च को बढ़ाने में मदद कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तेजी से बढ़ते भारतीय घरेलू उपभोक्ता बाजार के साथ-साथ इसके बड़े औद्योगिक क्षेत्र ने भारत को विनिर्माण, बुनियादी ढांचे और सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश गंतव्य बना दिया है।

भारत में वर्तमान में चल रहे डिजिटल परिवर्तन से ई-कॉमर्स के विकास में तेजी आने की उम्मीद है, जिससे अगले दशक में खुदरा उपभोक्ता बाजार परिदृश्य बदल जाएगा। यह प्रौद्योगिकी और ई-कॉमर्स में लीडिंग वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भारतीय बाजार की ओर आकर्षित कर रहा है।

2030 तक, भारत में 1.1 बिलियन लोगों के पास इंटरनेट पहुंच होगी, जो 2020 में अनुमानित 500 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं से दोगुने से भी अधिक है। ई-कॉमर्स की तीव्र वृद्धि और 4जी और 5जी स्मार्टफोन प्रौद्योगिकी में बदलाव से घरेलू यूनिकॉर्न को बढ़ावा मिलेगा। भारत में एफडीआई प्रवाह में पिछले पांच वर्षों में जो बड़ी वृद्धि देखी गई है, वह 2020-2022 के महामारी के वर्षों के दौरान भी मजबूत गति के साथ जारी है। भारत के मजबूत एफडीआई प्रवाह को गूगल और फेसबुक जैसी वैश्विक प्रौद्योगिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों से बड़े पैमाने पर निवेश के कारण बढ़ावा मिला है, जो भारत के बड़े तेजी से बढ़ते घरेलू उपभोक्ता बाजार के साथ-साथ विनिर्माण कंपनियों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह में मजबूत उछाल के कारण आकर्षित हुए हैं।

उच्च स्तरीय बैठक में एमएमटीसी, एसटीसी, पीईसी को बंद करने पर फैसला होने की संभावना

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक होने वाली है। सूत्रों के मुताबिक 23 अक्टूबर को सरकारी स्वामित्व वाली मेटल्स एंड मिनरल्स ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एमएमटीसी), स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन (एसटीसी) और प्रोजेक्ट एंड इक्विपमेंट कॉर्पोरेशन ऑफइंडिया लिमिटेड (पीईसी) को बंद करने पर फैसला होने की संभावना है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के पिछले साल आयात-निर्यात के लिए कैनालाइजिंग एजेंसियों के रूप में डिनोटिफाई करने का निर्णय लेने के बाद से तीन कंपनियों को बंद करने की तलवार लटक गई है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) से संबंधित एक मामले में अवैध युग्मित अनुबंधों में शामिल होने के लिए अगस्त में स्टॉक ब्रोकर के रूप में एमएमटीसी लिमिटेड का लाइसेंस रद्द कर दिया था। एमएमटीसी ने युग्मित अनुबंध (पेयर्ड कॉन्ट्रैक्ट) में कारोबार किया, जिसके पास विनियामक अनुमोदन नहीं था। मंत्रालय ने कहा है कि तीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की व्यापारिक कंपनियों की उपयोगिता की जांच की गई। उसका विचार था कि वाणिज्य विभाग में किसी भी कैनालाइजिंग एजेंसी की कोई आवश्यकता नहीं है। तीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बंद करने से संबंधित मुद्दे की भी नीति आयोग ने जांच की है। मंत्रालय ने यह भी कहा था, गैर-रणनीतिक क्षेत्र में सीपीएसई के लिए नई उद्यम नीति पर सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए, एमएमटीसी, एसटीसी और पीईसी को बंद करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेल समेत अन्य सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में टिकाव देखा गया। इस दौरान चना, दाल चना ,उड़द दाल, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

हल्की रिकवरी पर्याप्त नहीं, नौकरियां पैदा करने के लिए विनिर्माण को तेजी से बढ़ाने की जरूरत

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने आधे साल के संकुचन के बाद 2022-23 की आखिरी तिमाही में हल्का सुधार किया और चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 4.7: की वृद्धि के साथ मध्यम गति से विस्तार करना जारी रखा। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में 9.3: की वृद्धि हुई है, लेकिन इसकी तुलना पिछले वर्ष के निम्न आधार से की जाती है, जब उत्पादन में गिरावट आई थी। चूंकि, विनिर्माण क्षेत्र देश के इंजीनियरिंग संस्थानों और विश्वविद्यालयों से निकलने वाले युवा स्नातकों को गुणवत्तापूर्ण नौकरियां प्रदान करने की कुंजी रखता है, इसलिए इसे बहुत तेज और स्थिर गति से बढ़ने की जरूरत है। सरकार की राष्ट्रीय विनिर्माण नीति ने देश की जीडीपी में विनिर्माण की हिस्सेदारी को वर्तमान में लगभग 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 2025 तक 25 प्रतिशत करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। विनिर्माण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के आवंटन के साथ 2022 में शुरू की गई उत्पादकता से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने अच्छे परिणाम दिए

हैं, लेकिन बहुत आगे नहीं बढ़े हैं। पीएलआई योजना मोबाइल फोन निर्माण जैसे उद्योगों में सफल रही है, जिसमें अमेरिकी तकनीकी दिग्गज ऐप्पल और ताइवान-मुख्यालय वाली बहुराष्ट्रीय कंपनी फॉक्सकॉन जैसी कंपनियां देश में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित कर रही हैं और निर्यात को भी बड़ा बढ़ावा दे रही हैं। फार्मास्युटिकल कंपनियां, चिकित्सा उपकरण निर्माता और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग अन्य क्षेत्र हैं, जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि, पीएलआई योजना ने सौर पीवी मॉड्यूल और इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण जैसे अन्य क्षेत्रों में वांछित परिणाम नहीं दिए हैं। एक और सकारात्मक परिणाम यह हुआ है कि भारत विभिन्न प्रकार के उद्योगों में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए तेजी से आकर्षक स्थान बन गया है। आरबीआई के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह 85 बिलियन अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू रहा है। वैश्विक खिलाड़ी, चीन के बाहर आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करना चाह रहे हैं, ऐसे में भारत का बड़ा घरेलू बाजार एक आदर्श विकल्प प्रदान करता है। वडोदरा में सैन्य विमानों के निर्माण के लिए एयरबस-टाटा संयुक्त उद्यम जैसे प्रमुख निवेश भी इस वर्ष शुरू हुए हैं। इसी तरह अमेरिकी चिप दिग्गज माइक्रोन टेक्नोलॉजीज का अहमदाबाद के पास सेमीकंडक्टर बनाने की फैक्ट्री स्थापित करने पर काम चल रहा है। हालांकि, धीमी वैश्विक वृद्धि, जो निर्यात को नीचे खींच रही है, भू-राजनीतिक जोखिम और अस्थिर वैश्विक वित्तीय स्थितियां, विनिर्माण क्षेत्र के भविष्य के दृष्टिकोण पर भारी पड़ रही हैं। आर्थिक विकास दर पर आईएमएफके नवीनतम पूर्वानुमान में भारत ने चीन से आगे सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है।

अटल बिहारी वाजपेयी की प्रेरक कहानी को उजागर करेगा नया टीवी शो अटल

मुंबई। निर्माता अटल नामक एक नया शो लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो भारत के प्रमुख नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की अनकही कहानियों को बयान करता है। यह शो उनके बचपन के अनछुए पहलुओं का पता लगाने के लिए तैयार है। यह शो एक ऐसे नेता के प्रारंभिक वर्षों पर गहराई से प्रकाश डालेगा जिसने भारत की नियति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय इतिहास में, कई प्रधानमंत्री परिवर्तनकारी नेता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने महान दृष्टि और संकल्प के साथ महत्वपूर्ण क्षणों में अपने देश का नेतृत्व किया। उनके कार्यकाल को कई महत्वपूर्ण निर्णयों द्वारा चिह्नित किया गया, जिन्होंने देश की नियति को आकार दिया और इसे वैश्विक प्रभाव में सबसे आगे रखा।

शाहिद कपूर के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म में काम करेंगी पूजा हेगड़े

मुंबई, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करती नजर आएंगी। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म में पूजा हेगड़े को लीड फीमेल रोल के लिए चुना गया है। इस फिल्म में पूजा हेगड़े शाहिद कपूर के साथ नजर आयेंगी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज़,ज़ी स्टूडियो के सीईओ शारिक पटेल और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, पूजा हेगड़े को बोर्ड पर लाना हमारे लिए एक आसान निर्णय था क्योंकि वह बेहद वर्सटाइल और होनहार हैं। जिनभी अभिनेताओं के साथ पूजा की जोड़ी बनी है, उनके साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री व्यापक रूप से पहचानी जाती है, और हमें यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका दूसरा पक्ष देखने को मिलेगा। हम पूजा को बोर्ड पर पाकर बहुत खुश हैं।

पूजा हेगड़े ने कहा, यह एक रोमांचक लेकिन अलग कहानी वाली एक बहुत ही खास फिल्म है। रोशन एंड्रयूज बड़े पर्दे पर जादू बुनने के लिए जाने जाते हैं, और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती, जिससे दर्शक मुझे ऐसी अनोखे और अलग भूमिका में देख सकें।

लंबे सूखे के बाद मौसम ने दी सौगात

बर्फ की शुरूआत के साथ ही पर्यटकों को पुकारने लगा कश्मीर

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक लंबे सूखे के बाद कश्मीर को मौसम ने सौगात दी है। बर्फ की शुरूआत के साथ ही कश्मीर टूरिस्टों को पुकारने लगा है। पर्यटकों का मन भी मचलने लगा है कश्मीर की वादियों में अपने आपको खो देने का। तभी तो कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हाल ही में हुई बर्फबारी के कारण पर्यटकों द्वारा बुकिंग के लिए पूछताछ में तेजी आई है। इस सप्ताह की शुरुआत में कश्मीर में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी दर्ज की गई, जबकि मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में पहाड़ी इलाकों में और बर्फबारी की भी भविष्यवाणी की है।

शीतकालीन गतिविधियों में स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, स्नोशूइंग और आइस स्केटिंग

एक ट्रैवल एजेंट उमर अहमद के बकौल, भारत के विभिन्न राज्यों के पर्यटकों ने कश्मीर के लिए टूर पैकेज के बारे में पूछताछ करना शुरू कर दिया है, जो शरद ऋतु के दौरान लाल और सफेद रंगों का मिश्रण प्रस्तुत करता है। उमर का कहना था कि सर्दी कश्मीर में पर्यटन के लिए चरम मौसमों में से एक है। हम पहले से ही पूजा की छुट्टियों के कारण बुकिंग की संख्या में अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहे हैं, ऊपरी इलाकों में हाल ही में हुई बर्फबारी ने इसे और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि गोंडोला केबल कार के लिए पूछताछ बहुत आम है, खासकर ऊपरी इलाकों में ताजा बर्फबारी के बाद। उमर अहमद कहते थे कि पर्यटकों को कश्मीर में बर्फ देखना बहुत पसंद है। गोंडोला केबल कार के दूसरे चरण में भी थोड़ी बर्फबारी दर्ज की गई और पर्यटक अक्सर पूछते थे कि क्या वे स्टेशन पर बर्फबारी देख सकते हैं। ट्रैवल एजेंटों का यह भी कहना है कि इस साल विंटर सीजन के लिए भी काफी संख्या में इंक्वायरी आ रही हैं। एक टूर आपरेटर ऐजाज अहमद डार के मुताबिक, पिछले कुछ हफ्तों से हवाई किराया आसमान छू रहा है। जो पर्यटक सर्दियों के दौरान घाटी की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं, वे पहले से ही अपनी यात्रा बुक कर लेते हैं। वर्तमान में उन्हें अच्छे सौदे मिलते हैं जबकि होटलों में भी पूरी सीटें नहीं भरी होती हैं। जानकारी के लिए कश्मीर में सबसे लोकप्रिय शीतकालीन गतिविधियों में स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, स्नोशूइंग और आइस स्केटिंग शामिल हैं। पर्यटक स्लेज की सवारी पर भी जा सकते हैं, जमी हुई झीलों की यात्रा कर सकते हैं और क्षेत्र के कई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आकर्षणों का पता लगा सकते हैं। प्रासंगिक रूप से, यह वर्ष अब तक पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए लाभदायक रहा है क्योंकि पिछले नौ महीनों में रिकार्ड तोड़ पर्यटकों ने घाटी का दौरा किया है। अगस्त तक 31,000 विदेशी मेहमानों समेत 1.6 करोड़ पर्यटक कश्मीर आ चुके हैं। पिछले साल कुल 26.73 लाख पर्यटक कश्मीर आए थे।

कविनगर में बाल काण्ड की लीला का मंचन

गाजियाबाद, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री धार्मिक रामलीला समिति, (पंजी0) कविनगर द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के अंतर्गत बाल काण्ड की लीला का मंचन किया गया। ब्रह्मा जी के निर्देश पर नारद जी महर्षि बाल्मीकि के आश्रम जाते हैं और महाकाव्य रामायण की संरचना के लिए प्रेरित करते हैं। ब्रह्मा जी महर्षि बाल्मीकि एवं श्रीराम एवं अन्य सभी समकालीन पात्रों के समस्त गुप्त या प्रकट वृतान्त का स्वत: ही ज्ञान हो जाने का वर देते हैं, वहीं महादेव पार्वती जी को रामनाम की महिमा सुनाते हैं। पृथ्वी पर रावण के अत्याचार से त्रस्त सभी देवी-देवता सागर में विराजमान भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी के पास अपनी याचना लेकर जाते हैं और नारायण सभी देवी-देवताओं के आग्रह पर अपने राम अवतार के रूप में प्रकट होने और सबके संकट हरने का वचन देते हैं। अयोध्या में रघुकुल में कोई युवराज न होने के कारण राजा दशरथ तीनों रानियों के साथ चिन्ता में होते हैं। महर्षि वशिष्ठ के सुझाव पर दशरथ ऋषि श्रृंगी के पास अपना दु:ख दर्द लेकर जाते हैं और पुत्रेष्टि यज्ञ से यज्ञेश्वर राजा दशरथ को पायस प्रदान होता है। तीनों रानियां इस पायस का सेवन कर गर्भवती हो जाती हैं और अयोध्या में चार राजकुमारों का जन्म होता है। चारों राजकुमारों के जन्म से पूरी अयोध्या नगरी में खुशी की लहर दौड़ जाती है। दूसरी ओर देवी लक्ष्मी अपने सीता अवतार हेतु जनक पुरी में राजा जनक को भूमि से कन्या रत्न के रूप में प्राप्त होती हैं। दशरथ के सुखमय जीवन में तब पहला आघात लगता है जब वह शब्दभेदी बाण से श्रवण कुमार का वध हो जाता है और श्रवण के माता-पिता महाराज दशरथ को अपने पुत्र के बिछोह में अपने प्राण त्याग देते हैं और मरने से पूर्व महाराज दशरथ को श्राप देते हैं कि जिस प्रकार हम अपने पुत्र के विछोह में तड़प-2 कर अपने प्राण गंवा रहे हैं उसी प्रकार तुम भी अपने पुत्र विछोह में तड़पोगे। दशरथ उस श्राप के कारण अत्यन्त चिंतित हो जाते हैं। महर्षि गौतम लक्ष्मी स्वरूपा बालिका सीता को शिक्षा देने के लिये मिथला आते हैं। परन्तु सीता उनसे अहिल्या को दिये गये श्राप के कारण अहिल्या को पाषण बनाने के विषय में कुछ ऐसा बोल देती हैं जिससे ऋषि गौतम अचंभित हो जाते हैं। लीला मंचन के दूसरे दिन लीला देखने के लिये राम भक्तों की भारी भीड़ मैदान में एकत्रित हुई। आज की लीला में अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा, मंत्री गुलशन बजाज, अजय जैन, दिवाकर सिंघल, सुनील निगम, अजय गुप्ता, डी0पी0 कौशिक, पुनीत बेरी, अजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

हजारों दर्शकों ने की शिरकत

नोरा फतेही को 'क्रैक' के लिए कठोर शारीरिक प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा

मुंबई, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। अभिनेत्री नोरा फतेही को अभिनेता-मार्शल कलाकार विद्युत जामवाल के साथ फिल्म 'क्रैक-जीतेगा तो जिएगा' के लिए कठोर शारीरिक प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा। अपने खेल में शीर्ष पर रहने के लिए उन्हें कठोर शारीरिक प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा। यह उनके लिए बिल्कुल अलग था, क्योंकि नोरा फतेही ने वास्तव में एक्शन भूमिकाएं नहीं की हैं।

ऐसे में, अपनी ताकत, चपलता और शारीरिक गठन के लिए उन्हें कठोर प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा। इसके अलावा, अपनी काया को आकार देने के लिए उन्होंने एक कठोर फिटनेस दिनचर्या अपनाई, जिसमें शक्ति प्रशिक्षण और लचीलेपन के व्यायाम शामिल थे, ताकि 'क्रैक - जीतेगा तो जिएगा' में शारीरिक रूप से मजबूत दिख सकें। उनके प्रशिक्षण के एक हिस्से में स्ट्रेचिंग के साथ-साथ मार्शल आर्ट में क्रैश कोर्स करना भी शामिल था। इस दौरान उन्हें अपनी सहनशक्ति बढ़ाने की जरूरत थी।

यूरोगायनेकोलॉजी शिखर सम्मेलन का आयोजन

शर्म और शर्मिंदगी के कारण नहीं कराती हैं इलाज

हैदराबाद, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। कई महिलाएं अनियंत्रित मूत्राशय की गतिविधि और पेट के निचले हिस्से में दर्द जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं। लेकिन, शर्म और शर्मिंदगी के कारण इलाज नहीं कराती हैं। यूरोगायनेकोलॉजी पर एक शिखर सम्मेलन में डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अगर इलाज नहीं किया गया तो ये समस्याएं समय के साथ खराब हो सकती हैं। शनिवार को शुरू हुए तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में यूरोगायनेकोलॉजी में मॉडर्न ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल पर फोकस किया गया। इसमें विदेशी यूरोगायनेकोलॉजी एक्सपर्ट्स की भागीदारी शामिल रही, जिन्होंने ट्रीटमेंट में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी पेश की। किम्स हॉस्पिटल और

यूरोगायनेकोलॉजी पेल्विक फ्लोर डिसफंक्शन एंड इनकॉन्टिनेंस एसोसिएशन (यूपीआईए) शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं।

डॉक्टर बताते हैं कि कई महिलाएं इन समस्याओं के लिए चिकित्सकीय सहायता लेने से बचती हैं क्योंकि अधिकांश यूरोलॉजिस्ट पुरुष हैं। सौभाग्य से, यूरोगायनेकोलॉजी नामक एक सब-स्पेशलिटी है, जो प्रारंभिक चरण से ही इन समस्याओं का इलाज कर सकती है।

उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकांश समस्याओं का इलाज चिकित्सकीय रूप से किया जा सकता है और यदि आवश्यक हो तो सर्जरी भी उपलब्ध हैं। जबकि, लगभग 40 प्रतिशत भारतीय महिलाओं को ये समस्याएं हैं, फिर भी कई महिलाएं इलाज नहीं करा पाती हैं।

'बिग बॉस' में मेरी यात्रा एक रोलर कोस्टर राइड जैसी : सलमान खान

मुंबई, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान 'बिग बॉस 17' को होस्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि रियलिटी शो के साथ उनकी यात्रा एक रोलर कोस्टर राइड के जैसी रही है। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने शो को न केवल बड़े पैमाने पर, बल्कि लोकप्रियता में भी बढ़ते देखा है। इस साल यह शो अलग-अलग तरह के नए एलिमेंट्स और एंटरटेनमेंट के साथ दर्शकों को बांधे रखेगा। इस साल की थीम भी कंटेस्टेंट्स के लिए एक चेतावनी है, 'इस बार गेम नहीं होगा, सबके लिए सेम टू सेम', इस बार तीन गेम-चेंजिंग मंत्र है- 'दिल, दिमाग और दम'

शो को होस्ट करना सलमान खान के लिए एनुअल ट्रेडिशन है, जिसके वार और रियलिटी चेक में ड्रामा और ग्लैमर का बड़ा डोज मिलेगा।

'बिग बॉस' के साथ अपने संबंध के बारे में बात करते हुए सलमान ने कहा कि बिग बॉस के साथ मेरी जर्नी एक रोलर कोस्टर राइड के अलावा और कुछ नहीं रही है। इन सालों में, मैंने शो को न केवल बड़े पैमाने पर, बल्कि लोकप्रियता में भी बढ़ते देखा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में लाखों भारतीयों के साथ जुड़ते हुए एक आवाज बनना बड़ी जिम्मेदारी है। शो का सबसे खास हिस्सा लोगों को बढ़ते देखना है। दबंग एक्टर ने कहा कि बिग बॉस के बारे में एक चीज जो कभी नहीं बदलेगी, वह है, इसकी अनप्रिडिक्टेबिलिटी। यह शो अलग-अलग बैकग्राउंड्स से आने वाले कंटेस्टेंट्स के व्यक्तित्व और प्रतिक्रियाओं पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि दूसरी चीज जो नहीं बदलेगी वह है दर्शकों से मिलने वाला प्यार। शो में चाहे कितनी भी योजना बनाई जाए, कंटेस्टेंट्स के बीच की गतिशीलता, उनके संघर्ष और उनके गठबंधन हमेशा दर्शकों को उत्साहित रखते हैं।

शो के 17वें संस्करण की मेजबानी पर, सलमान ने कहा कि इस बार, बिग बॉस कंटेस्टेंट्स के साथ अपने तरीके से गेम खेलेंगे। यह शो मनोरंजन, भावनाओं और नाटक के बारे में है। इस सीजन में तीन गेम-चेंजिंग मंत्र, दिल, दिमाग और दम... शुरुआत के साथ इन तीनों एलिमेंट्स को पूरी तरह से नए लेवल पर ले जाया जाएगा।

93 साल का बुजुर्ग विधानसभा चुनाव में करेगा पहली बार मतदान

भानुप्रतापपुर, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में एक ऐसा गांव हैं जहां 93 साल के एक बुजुर्ग के साथ 41 युवा भी पहली बार मतदान करेंगे। संभवत: पांच विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव में ये पहले बुजुर्ग होंगे, जो 93 साल में पहली बार मतदान करेंगे। इनका मतदान केन्द्र संख्या भी 93 हैं।

विकासखंड भानुप्रतापपुर के भैसाकन्हार (क) मतदान केन्द्र के अधिकारी राजेन्द्र कोसमा ने बताया कि भैसाकन्हार निवासी शेरसिंह हिड़को (93) विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान करेंगे। इससे पहले उन्होंने कभी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदान नहीं किया। हालांकि वे ग्राम

पंचायत चुनाव में मतदान करते आ रहें है।

वहीं इस गांव में 90 साल से ऊपर की दो और महिलाएं हैं, जो लगातार अपने मत का उपयोग करती आ रही है। इनके नाम श्रीमती लखमोतिन पोटाई (93) और श्रीमती देवारिन कोकिला (91) हैं। कोसमा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर कलेक्टर प्रियंका शुक्ला ने मतदान केन्द्र अधिकारियों को घर-घर जाकर सर्वे करने और नाम जोड़ने के निर्देश दिए थे। इसी दौरान बुजर्ग शेर सिंह हिड़को का नाम बीएलओ ने पहली बार मतदाता सूची में जोड़ा। बुजुर्ग अपनी पत्नी के साथ घर से दूर खेत में रहते थे। पत्नी के निधन के बाद लोग उन्हें गांव में ले आए, जिसके बाद नाम जोड़ा गया।

पुण्यतिथि के अवसर पर

बोलती फिल्मों के जनक आर्देशिर ईरानी

मुंबई, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय सिनेमा के पितामह आर्देशिर ईरानी से फिल्मों से जुड़ी कोई भी विधा अछूती नहीं रही। उन्होंने केवल फिल्म निर्माण की प्रतिभा से ही नहीं बल्कि निर्देशन, अभिनय, लेखन, फिल्म वितरण और छायांकन से भी सिने प्रेमियों को अपना दीवाना बनाया। आर्देशिर ईरानी का जन्म 5 दिसम्बर 1886 महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था। आर्देशिर ईरानी ने प्रारंभिक शिक्षा के बाद मुंबई के जे.जे.आर्ट स्कूल में कला का अध्ययन किया। इसके बाद वह बतौर अध्यापक काम करने लगे। बाद में उन्होंने केरोसीन इंस्पेक्टर के रूप में भी कुछ दिन काम किया। यह नौकरी छोड़कर वह पिता के वाद्य यंत्रों के व्यवसाय में हाथ बंटाने लगे इस सिलेसिले में उनका संपर्क कई विदेशी कंपनियों से हुआ और जल्द ही वह विदेशी फिल्मों का आयात करके उन्हें प्रदर्शित करने लगे। इसी दौरान उनके काम से खुश होकर अमेरिकी यूनीवर्सल कंपनी ने उन्हें पश्चिम भारत में अपना वितरक नियुक्त किया। कुछ समय के बाद ईरानी ने महसूस किया कि फिल्मी दुनिया में जगह बनाने के लिये खुद का स्टूडियो होना चाहिये।

वर्ष 1914 में उन्होंने अब्दुल अली और युसूफ अली के सहयोग से मैजेस्टिक और अलेक्जेंडर थियेटर खरीदे। वर्ष 1920 में उन्होंने अपनी पहली मूक फिल्म 'नल दमयंती' का निर्माण किया। इसी दौरान उनकी मुलाकात दादा साहब फाल्के की कंपनी 'हिंदुस्तान फिल्म्स' के पूर्व प्रबंधक भोगी लाल दवे से हुई। उन्होंने फिर उनके साथ मिलकर 'स्टार फिल्म्स' की स्थापना की। स्टार फिल्म्स के बैनर तले सबसे पहले उन्होंने फिल्म

'वीर अभिमन्यु' का निर्माण किया। फिल्म के निर्माण में उस जमाने में लगभग 10000 रुपये खर्च हुए। स्टार फिल्म्स के बैनर तले 17 फिल्मों का निर्माण करने के बाद आर्देशिर ईरानी और भोगीलाल दवे ने एक साथ काम करना बंद कर दिया।

वर्ष 1924 में आर्देशिर ईरानी ने मैजेस्टिक फिल्मस की स्थापना की। मैजेस्टिक फिल्मस के बैनर तले उन्होंने बी.पी.मिश्रा और नवल गांधी को बतौर निर्देशक काम करने का मौका दिया। स्टार फिल्म्स के रहते हुए जिस तरह उन्होंने मैजेस्टिक फिल्म्स की स्थापना की और दोनों का कार्य विभाजन किया, उससे यह स्पष्ट हो गया कि दोनों बैनरों का निर्माण उन्होंने अपनी कंपनी की संख्या बढाने के लिये नहीं किया था बल्कि किसी खास उद्देश्य से किया था।

आर्देश्यिर ईरानी ने अपने तीन दशक से भी ज्यादा लंबे सिने कैरियर में लगभग 250 फिल्मों का निर्माण किया जिसमें 150 फिल्में मूक थी। हिन्दी के अलावा उन्होंने गुजराती, मराठी, तमिल, तेलगु, वर्मी, फारसी तथा अंग्रेजी फिल्म का भी निर्माण किया।अपने फिल्म निर्माण और निर्देशन की कला से लगभग तीन दशक तक सिने प्रेमियों का अपना दीवाना बनाये रखने वाले यह महान फिल्मकार 14 अक्टूबर 1969 को इस दुनिया को अलविदा कह गए।

बंगाली समुदाय के घरों में शंख की ध्वनि के साथ गूंजा महालया का जाप

बिलासपुर, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। पितृपक्ष के अंतिम दिन शनिवार की अलसुबह बंगाली समुदाय के प्रत्येक घरों में शंखनाद के साथ महालया की जाप गूंज उठी और लोगों ने 'महिषासुर मर्दिनी' का पाठ सुना। बंगाली समुदाय में महालया का विशेष महत्व है। इस दिन सुबह-सुबह इनके घरों में शंख ध्वनि गूंजती है। हिन्दू मान्यता के मुताबिक महालया के दिन मूर्तिकार मां दुर्गा की आंखें बनाते हैं और उनमें रंग भरने का काम करते हैं। इस काम से पहले वह विशेष पूजा भी करते हैं। महालया के बाद ही मां दुर्गा की मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जाता है और वह पंडालों की शोभा बढ़ाती हैं। इन सभी के अलावा एक ऐसी चीज़ भी है जिसके बिना महालया अधूरा है और वह रेडियो पर प्रसारित होने वाला प्रख्यात बंगाली नाटककार बीरेंद्र कृष्णा भद्रा का शो 'महिषासुर मर्दिनी' है। भद्रा के द्वारा जाप किये गये 'चंडीपाठ' की न जाने कितनी पीढ़ियों को चार बजे सुबह-सुबह बिना किसी झुंझलाहट के जगाने में अहम योगदान रहा

है। नवासी मिनट के अंतराल का यह शो सबसे पहले 1931 में लाइव परफॉरमेंस से शुरू किया गया था। उसके बाद 1966 से यह ऑल इंडिया रेडियो पर प्रत्येक वर्ष महालया के दिन प्रसारित होने लगा। बानी कुमार द्वारा लिखित यह शो पौराणिक कथाओं, लोकगीत और संस्कृत श्लोक का संगम है। इनमें

- **नवासी मिनट के अंतराल का यह शो सबसे पहले 1931 में लाइव परफॉरमेंस से किया था शुरू**
- **1966 से यह ऑल इंडिया रेडियो पर प्रत्येक वर्ष महालया के दिन होने लगा प्रसारित**

सबसे ज्यादा भद्रा द्वारा इस शो का वर्णन इसे सभी अन्य कार्यक्रमों से भिन्न और ख़ास बनाता है। यह कार्यक्रम आज भी सुनने में उतना ही नया लगता है, जितना 90 साल पहले जब यह पहली बार शुरू होने के दौरान लगता था। अतीत में एक बार आकाशवाणी ने इस शो को बदलकर इसकी जगह दूसरा कार्यक्रम प्रसारित करने का सोचा। वर्ष 1976 में आकाशवाणी ने उत्तम कुमार के शो 'दुर्गा दुर्गतिहारिणी' को प्रसारित किया, जिसके बाद उन्हें बड़े पैमाने पर श्रोताओं की नाराजगी सहनी पड़ी और फिर दोबारा भद्रा का शो प्रसारित करना पड़ा। कार्यक्रम से जुड़ा एक और दिलचस्प किस्सा है, जब 1931 में यह कार्यक्रम शुरू होने वाला था, उस वक्त बंगाल के रूढ़िवादी हिंदू ब्राह्मणों के एक समुदाय ने कार्यक्रम में भद्रा साहब के शामिल होने का विरोध किया। उनके अनुसार वह 'चंडीपाठ' के पाठ के लिए अयोग्य थे, क्योंकि वह जाति से ब्राह्मण नहीं थे। यहां तक कि आकाशवाणी में कार्यरत एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी महिषासुर मर्दिनी में उनके काम करने पर असहमति जतायी थी। शो के लेखक बानी कुमार ने हालांकि इन विरोधों पर ध्यान नहीं दिया और योजना के साथ आगे बढ़े।

एक साधारण जीवन शैली को मानने वाले भद्रा साहब ने 75 रुपये प्रति माह के वेतन पर आकाशवाणी के साथ अपनी अनुबंध की नौकरी जारी रखी। उन्होंने कभी भी अपने शो की सफलता पर ज्यादा रकम की मांग नही की। यहां तक कि 1970 में उनके सेवानिवृत्त होने पर उन्हें पेंशन तक नसीब नहीं हुआ।

खेल जगत

एक बार जम जाने के बाद कोहली खतरनाक हो जाते हैं : रिजवान

अहमदाबाद, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के क्रिकेटर मोहम्मद रिजवान और हारिस रऊफ ने विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस स्टाइलिश बल्लेबाज की कुछ विशेषताएं हैं जो उन्हें बाकियों से अलग करती हैं। रिज़वान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, एक बार जब वह सेट हो जाता है और उसके पास बैग में कुछ रन होते हैं, तो उसका अंतिम प्रहार बहुत खतरनाक होता है। पारी के उत्तरार्ध में वह जो शॉट खेलता है, और उनका फिनिशिंग टच, कोई भी उसकी बराबरी नहीं कर सकता। ये चीजें हैं जिसने उसे बाकियों से अलग कर दिया है। तेज गेंदबाज हारिस राउफ ने भी कोहली के फोकस की तारीफ की. जब मैं भारत के लिए नेट गेंदबाज था, मैं विराट कोहली को गेंदबाजी कर रहा था और ऐसा महसूस हो रहा था कि उन्हें पता था कि बल्ले का सटीक हिस्सा गेंद को मार रहा था और गेंद कहाँ जा रही थी, वह इतना केंद्रित थे। मैंने इतना कभी नहीं देखा है

भारत ने पाक के खिलाफ वन डे क्रिकेट विश्व कप में लगातार आठवीं जीत दर्ज कर श्रेष्ठता बरकरार रखी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुनिया के सबसे बड़े नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में करीब सवा लाख के 'नीले जन सैलाब' की मौजूदगी में सदाबहार सलामी बल्लेबाज कप्तान हिटमैन रोहित शर्मा की 86 रन की अनुकरणीय तूफानी पारी, तेज गेंदबाज मैन ऑफ द' मैच जसप्रीत बुमराह की रफ्तार के साथ धार और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव द्वारा बीच के ओवरों में चटकाए दो-दो विकेट की बदौलत दुनिया की नंबर एक टीम भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को अहमदाबाद में शनिवार को विकेट से 117 गेंदों के बाकी रहते सात विकेट हरा कर आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप में उसके खिलाफ लगातार आठवीं जीत दर्ज अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखी। भारत ने शनिवार के मैच से पहले पाकिस्तान से वन डे विश्व कप के इतिहास में अपने सभी सातों मैच जीते थी और इसे बढ़ाकर अब 8-0 कर लिया।

श्रेयस अय्यर ने जैसे ही मोहम्मद नवाज की गेंद पर चौका जड़ अपना अर्द्धशतक पूरा कर भारत को 31वें ओवर की तीसरी गेंद पर जीत दिलाई तो पूरा स्टेडियम वंदे मातरम के जोरदार उदघोष से गूंज उठा। भारत के गृह मंत्री अमित शाह ने भारत की इस जीत का स्टेडियम में खूब लुत्फ उठाया। भारत लगातार तीसरी जीत के साथ कुल छह अंकों और अपने बेहतर नेट रन अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। न्यूजीलैंड ने भी भारत की तरह अपने शुरू के तीनों मैच जीते हैं लेकिन अपनी कमतर रन रेट के कारण दूसरे स्थान पर है। भारत ने अपने पहले मैच में चेन्नै में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराने के बाद दिल्ली में रोहित के तूफानी शतक की बदौलत अफगानिस्तान को आठ विकेट से शिकस्त दी दुनिया की दूसरे नंबर की टीम पाकिस्तान की भारत के खिलाफ हार का सिलसिला तोडने् की हसरत फिर अधूरी रही।

भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को अहमदाबाद में मोटेरा में बस यह मलाल जरूर रह गया कि भारत के कप्तान रोहित शर्मा मात्र 14 रन से बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में पाकिस्तान के सबसे कामयाब गेंदबाज रफ्तार के सौदागर सबसे कामयाब गेंदबाज शहीन शाहअफरीदी (2/36) की धीमी कटर को उड़ाने के फेर में इफ्तिखार अहमद को कैच थमा बैठे और वन डे विश्व कप में अपना आठवां शतक पूरा करने से चूक गए। जब रोहित तीसरे बल्लेबाज के रूप में आउट होकर पैवेलियन लौटे तब भारत को जीत के लिए मात्र 36 रन की दरकार थी। कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ दिल्ली में भी 131 रन की तूफानी पारी खेली थी।

भारत के सदाबहार अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (2/19) ने रफ्तार व धार और बाएं हाथ के चतुर लेग स्पिनर कुलदीप यादव(2/35) के स्पिन का जादू दिखा बीच के यानी 33 वें से 36वें ओवर के बीच मात्र नौ रन देकर मोहम्मद रिजवान सहित चार विकेट निकाल कर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के मध्यक्रम को ऐसा बिखेरा की उसकी पूरी टीम शनिवार को 42.3 ओवर में 191 रन पर ढेर हो गई। कप्तान बाबर आजम (50 रन, 58 गेंद, सात चौके) और मोहम्मद रिजवान (49 रन, 69 गेंद, सात चौके) ने पाकिस्तान के लिए तीसरे विकेट के लिए जब 82 रन की सबसे बड़ी भागीदारी की तो वह बड़े स्कोर की ओर बढ़ता लगा। बाबर आजम (50 रन, 58 गेंद, सात चौके) ने मोहम्मद सिराज की क्रॉस सीम से शॉर्ट गेंद पर की थर्डमैन के बीच से निकालने की कोशिश लेकिन गेंद उनके तीनों स्टंप उड़ा ले गई और पाकिस्तान ने 30 वें ओवर में अपना तीसरा विकेट 155 रन पर खो दिया। इसके बाद विकेटों की ऐसी झड़ी लगी कि पाकिस्तान ने अपने बाकी अंतिम आठ विकेट मात्र 36 रन और जोड़ कर खो दिए। कप्तान रोहित शर्मा (86 रन, 63 गेंद, छह छक्के, छह चौके) की विराट कोहली (16 रन, 18 गेंद, तीन चौके)दूसरे विकेट के लिए 56 रन तथा श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 77 रन की भागीदारी की बदौलत भारत ने 30.3 ओ ओवर में मात्र तीन विकेट पर 192 रन बनाकर जीत की औपचारिकता पूरा की । श्रेयस अय्यर 63 गेंद खेल कर दो छक्कों और तीन चौकों की मदद से 53 तथा केएल राहुल 29 गेंद खेल दो चौकों की मदद से 19 बनाकर अविजित रहे। श्रेयस और केएल राहुल ने तीसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़ भारत को जीत दिलाई। डेंगू की चपेट में आने के कारण ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान

■ हिटमैन रोहित के तूफानी अर्द्धशतक से भारत ने पाक को दी सात विकेट से शिकस्त

■ भारत की जीत में गेंद से बुमराह ने दिखाई धार, कुलदीप यादव की स्पिन का जादू चला

के खिलाफ शुरू के दो मैच से बाहर रहने के बाद पूरी तरह स्वस्थ होकर भारतीय टीम में वापसी करने वाले शुभमन गिल (16 रन, 11 गेंद, चार चौके) ने शाहीन शाह अफरीदी की गेंद को उड़ाने के फेर में पाइंट पर इफ्तिखार अहमद को कैच थमाने से पहले मात्र 2.5 ओवर में अपने कप्तान रोहित शर्मा के अंदाज में नफासत के साथ तेज आगाज करते हुए 23 रन जोड़े। विराट कोहली ने तेज गेंदबाज हसन अली की गेंद को पुल करने की कोशिश में पारी के दसवें ओवर में पुल करने की कोशिश में मिड ऑन पर मोहम्मद नवाज को कैच थमाया। रोहित शर्मा ने अपना अर्द्धशतक 36 गेंदों में चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से पूरा किया।

दुनिया के सबसे बड़े मंच पर पाकिस्तान ने बेहद निराशाजनक बल्लेबाजी की। भारत के सबसे बेहतरीन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पाकिस्तान के रंग में चल रहे सबसे कामयाब मोहम्मद रिजवान (49 रन, 69 गेंद,सात चौके) को पारी के 34 वें ओवर की अंतिम धीमी ऑफ कटर पर बोल्ड कर उसका छठा विकेट 168 रन पर क्या निकाला की उसकी पारी को बिखेरते देर नहीं। बुमराह ने अपने अगले ओवर में शादाब खान(2) को आउट किया। बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने अपने अंतिम पूर्व ओवर और पारी के 33 वें ओवर की दूसरी गेंद पर सौद शकील (6) को एलबीडब्ल्यू आउट किया और इफ्तिखार अहमद(4) उनकी गुगली को उड़ाने गए और गेंद उनके पैरों के पीछे से उनका ऑफ स्टंप ले गई और पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 166 रन हो गया। कुलदीप का यह ओवर यह संभवत- पाकिस्तान की पारी का सबसे अहम ओवर साबित हुआ।

केन विलियमसन के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर, टॉम ब्लंडेल को बुलाया गया

चेन्नई, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन के बाएं अंगूठे में फैक्चर हो गया है, लेकिन टीम को उम्मीद है कि वह अगले महीने 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लीग चरण के अंत तक फिट हो जाएंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल को कवर के रूप में भारत में टीम में बुलाया गया है, क्योंकि विलियमसन नवीनतम चोट से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। शुक्रवार को, आईपीएल 2023 में दाहिने घुटने में लगी एसीएल चोट के बाद अपने वापसी मैच में, विलियमसन ने 81 गेंदों में 78 रनों की शानदार पारी खेली। लेकिन दाएं हाथ के बल्लेबाज को 38वें ओवर में विकेटों के बीच दौड़ते समय अंगूठे पर चोट लगने के कारण रिटायर हर्ट होना पड़ा, क्योंकि न्यूजीलैंड ने चेन्नई में बांग्लादेश को आठ विकेट से हरा दिया। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि विलियमसन अभी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

सबसे पहले, हम सभी केन के लिए महसूस कर रहे हैं कि घुटने की चोट से वापसी के लिए उनकी कड़ी मेहनत के बाद ऐसा हुआ है। हालांकि यह निराशाजनक खबर है, प्रारंभिक निदान ने हमें कुछ आशावाद दिया है कि वह आराम और पुनर्वास की अवधि के बाद भी पूल में खेल सकता है। केन स्पष्ट रूप से हमारी टीम का एक बड़ा हिस्सा है और एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी और कप्तान है - इसलिए हम उसे टूर्नामेंट में वापसी करने का हर संभव मौका देंगे। स्टीड ने कहा कि ब्लंडेल की बहुमुखी प्रतिभा के कारण उन्हें कवर के रूप में टीम में शामिल होने के लिए चुना गया, जबकि सप्ताह के दौरान ओटागो के खिलाफ कैंटरबरी के प्लंकेट शील्ड वार्म-अप मैच के दौरान हल्के साइड-स्ट्रेन से पीड़ित होने के बाद हेनरी निकोल्स पर विचार नहीं किया गया। टॉम पाकिस्तान और बांग्लादेश के दौरों पर एकदिवसीय टीम के साथ रहे और उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। वह बल्लेबाजी क्रम में कई जगहों को कवर करते हैं और उनका विकेटकीपिंग कौशल भी बैक-अप के रूप में एक अतिरिक्त बोनस है। तीन जीत से छह अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर मौजूद न्यूजीलैंड का, 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अगला मैच बुधवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ है।

नीरज चोपड़ा एक पीढ़ी को आगे बढ़ा सकते हैं : एश्टन ईटन

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली हाफ मैराथन के 18वें संस्करण में यहां बियॉन्ड द फिनिश लाइन कार्यक्रम में कुछ एशियाई खेलों के चैंपियनों का जश्न मनाया गया। एशियाई खेलों के पदक विजेता एचएस प्रणय, प्रीति लांबा, अन्नू रानी, कार्तिक कुमार, सौरव घोषाल और ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता सुमा शिरूर की उपस्थिति में कार्यक्रम में मौजूद थे। एचएस प्रणय ने कहा, 2018 तक चीजें अच्छी चल रही थीं। उसके बाद चीज़ें ख़राब होने लगीं, चोटों और स्वास्थ्य समस्याओं ने मेरी प्रगति को पटरी से उतार दिया। लेकिन यहीं पर बहुत से लोगों के समर्थन ने मेरी मदद की, मुझे विश्वास दिलाया कि यह खत्म नहीं हुआ है, और समझ आया कि खेल ऐसा ही है। कठिन दौर आएंगे, लेकिन आपको कड़ी मेहनत करते रहना होगा। कोविड-19 महामारी के बाद, मैंने रीबूट करने और नए सिरे से शुरुआत करने का फैसला किया। इतने वर्षों में मैंने जो भी मेहनत की थी, उसका फल मिल रहा है और अनुभव ने मुझे अपने शरीर का प्रबंधन करना सिखाया है। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अन्नू रानी, एशिया के सबसे तेज लंबी दूरी के धावकों में से एक, कार्तिक कुमार और सम्मानित अनुभवी सौरव घोषाल ने अपने दृढ़ संकल्प और अनुशासन के बारे में बात की, जिससे उन्हें कुछ बड़ी बाधाएं तोड़ने में मदद मिली। अन्नू रानी ने कहा, मैंने विदेश जाकर प्रशिक्षण लेने की अनुमति देने के लिए अपने महासंघ से लड़ाई की। हालाँकि, मैंने अपने कार्यकाल की शुरुआत अच्छी नहीं की और कई प्रतियोगिताएँ हार गयी । लेकिन मेरा ध्यान एशियाई खेलों को जीतने पर था, यह मेरे लिए करो या मरो जैसा था और अंतत: मैं हांगझोउ में इस अवसर पर पहुंचने में सफल रही , और एक ओलंपिक और पूर्व विश्व चैंपियन के खिलाफ जीत हासिल की। यह सब पहले की गई कड़ी मेहनत का नतीजा था।

शाहीन आफरीदी अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं : वकार यूनुस

नई दिल्ली, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और तेज गेंदबाज वकार यूनुस ने कहा है कि तेज गेंदबाज शाहीन आफरीदी अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं और अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

वकार ने जियोसिनेमा से कहा, हमने हमेशा इस बारे में बात की है कि कैसे पाकिस्तान की बल्लेबाजी उनकी कमजोर कड़ी है और गेंदबाजी उनकी ताकत है। लेकिन भारत के खिलाफ मैच से पहले, मुझे लगता है कि यह बदल गया है। पाकिस्तान की गेंदबाजी में कुछ समस्याएं हैं जो एशिया कप से शुरू हुईं। मुझे लगता है कि आगे के मैचों के लिए भी उन्हें यहां सुधार करना होगा। उन्होंने कहा, शाहीन (आफरीदी) अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहा है। मुझे नहीं लगता कि उसकी उंगली में चोट है। वह अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा है और कैंडी में एशिया कप के मैच के बाद से अपनी फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा है। इसलिए यह चिंता का विषय है। इसके अलावा वकार ने बाबर आजम की भारत के खिलाफ बड़े स्कोर की कमी और एक कप्तान के रूप में उनकी असंगति पर भी अपनी राय दी।

अगर आपको एक बड़े खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है, तो आपको बड़ी टीमों के खिलाफ स्कोर करना होगा और अच्छी कप्तानी भी करनी होगी। एक कप्तान के रूप में उनका प्रदर्शन काफी हद तक शाहीन, शादाब और हारिस के गेंदबाजी प्रदर्शन पर निर्भर था। वे उसे सफलताएँ देते थे जिससे उसका काम आसान हो जाता था। अब जब ऐसा नहीं हो रहा है तो आपकी कप्तानी की परीक्षा होगी और सवाल उठेंगे।

मैं सिर्फ अपनी गति और अपनी विविधता पर ध्यान केंद्रित कर रहा था : कुलदीप

अहमदाबाद, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव अहमदाबाद में बहुप्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान को सिर्फ 191 रन पर आउट करने वाले भारत के महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक थे। 2-35 विकेट लेने में, कुलदीप को कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि उन्हें एक ही ओवर में सऊद शकील और इफ्तिखार अहमद को आउट करने से पहले अपने पहले सात ओवरों में विकेट नहीं मिले थे।

कुलदीप ने प्रसारणकर्ताओं के साथ पारी के मध्य में बातचीत में कहा, मैं विश्व कप का आनंद ले रहा हूं। मुझे पता था कि इस पिच पर कहां गेंदबाजी करनी है। ईमानदारी से कहूं तो गेंदबाजी करने के लिए यह मुश्किल विकेट है, यह धीमी तरफ है। हम लंबाई पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे। वे बहुत अधिक आक्रमण नहीं कर रहे थे इसलिए मैं सिर्फ गेंदबाजी कर रहा था। मैं अपनी गति और अपनी विविधताओं पर ध्यान दे रहा हूं। मैं बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहा था।

कुलदीप अपने स्पैल में सटीक थे, लेकिन ऑन-फील्ड अंपायर मराइस इरास्मस द्वारा नॉट आउट का फैसला देने के बाद उन्होंने सऊद शकील को एलबीडब्ल्यू आउट करके भारत को रिव्यू लेने के लिए मजबूर कर विकेट लेने वालों की श्रेणी में शामिल हो गए, रीप्ले से पता चला कि गेंद वास्तव में स्टंप्स से टकराने वाली थी। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर ने 33वें ओवर में इफ्तिखार अहमद को गुगली से आउट किया। अपने पहले सात ओवरों में, कुलदीप ने 84.6 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गेंदबाजी की, जिसे 82 किलोमीटर प्रति घंटे तक कम करने से पहले उन्हें शकील और अहमद के विकेट मिले।

उन्होंने कहा, वे बहुत ज्यादा कोशिश नहीं कर रहे थे। रिजवान ने मुझे ज्यादा स्वीप नहीं किया इसलिए मैं उसे खराब शॉट खेलाना चाहता था। मैं सऊद शकील को पिछले कुछ मैचों से देख रहा हूं और वह काफी स्वीप करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने सोचा कि गेंद धीमी है, लेकिन वह स्किड हो गई और सौभाग्य से मैंने उसे पकड़ लिया। उन्होंने विकेट की गति को नहीं समझा। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के अलावा जिस चीज ने भारत के पक्ष में काम किया है, वह नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीली जर्सी से भरी भीड़ है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, इस भीड़ के सामने खेलना अविश्वसनीय है। यह माहौल पागलपन भरा है, पाकिस्तान के खिलाफ खेलना और यहां करीब 90,000 लोगों को देखना, इसके लिए बहुत उत्साहित था और मैंने यहां गेंदबाजी का आनंद लिया।

सार संक्षेप

हार के बावजूद भारतीय टीम के प्रदर्शन को स्थानीय प्रशंसकों ने खूब सराहा

कुआलालंपुर। मर्डेका टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मेजबान मलेशिया के हाथों 2-4 की दिल दहला देने वाली हार के बावजूद भारतीय फुटबॉल टीम के प्रदर्शन को स्थानीय प्रशंसकों ने खूब सराहा। एआईएफएफ की रिपोर्ट के अनुसार, मर्डेका टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मेजबान मलेशिया के हाथों चौथी हार के बाद, बुकित जलील स्टेडियम में भीड़ के सामने भारत के प्रदर्शन को मैदान में मौजूद स्थानीय प्रशंसकों ने खूब सराहा। मैच के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम उदास था, लेकिन निराशा की वह भावना जल्द ही आत्मनिरीक्षण में बदल गई। कोच और खिलाड़ी इन सबसे गुज़रे, अच्छा, बुरा और बदसूरत; जो लोग अपने प्रदर्शन से खुश नहीं थे उन्होंने अपनी गलतियाँ स्वीकार कीं और अच्छे प्रदर्शन करने वालों को निराश करने के लिए माफी मांगी। यह सब उस चीज़ का अभिन्न अंग है जो एक टीम को एक ऐसी टीम बनाती है जिसमें कोई मैं नहीं है। हम एक साथ जीतते हैं, हम एक साथ पीड़ित होते हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम बुरे समय में एक-दूसरे का साथ निभाते हैं। भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक स्पष्ट रूप से जिस तरह से चीजें घटीं उससे खुश नहीं थे, लेकिन उन्होंने उन चीजों पर ध्यान केंद्रित किया जिनमें ब्लू टाइगर्स को सुधार करने की जरूरत है । उन्होंने कहा, कुछ स्थितियों में, हम समय पर गेंद को बॉक्स में नहीं डाल रहे थे। हम अधिकतर बहुत लंबे समय तक इंतजार कर रहे थे और क्रॉस अवरुद्ध हो रहे थे, या हमें अपने शॉट लेने में बहुत अधिक समय लगा।

भारत के जूनियरों ने जीत के साथ की नीदरलैंड दौरे की शुरुआत

नीदरलैंड। भारतीय सब जूनियर अंडर-17 महिला और पुरुष टीम ने सीनियर ईडीई महिला और पुरुष टीमों के खिलाफ अपने-अपने मैचों में जीत के साथ अपने ऐतिहासिक पहले दौरे की शुरुआत की।

सर एलिस्टेयर कुक ने प्रोफेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

लंदन, 14 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इंग्लैंड के पूर्व पुरुष कप्तान सर एलिस्टेयर कुक को उनकी सेवानिवृत्ति की घोषणा के बाद इंग्लैंड और एसेक्स के लिए 20 साल के असाधारण करियर के लिए बधाई दी।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने इंग्लैंड के रिकॉर्ड तोड़ने वाले करियर के दौरान खुद को सर्वकालिक महान खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया, इस दौरान उन्होंने 161 टेस्ट खेले, जिनमें से 59 कप्तान के रूप में, और इंग्लैंड के लिए रिकॉर्ड 12,472 टेस्ट रन बनाए। कुक ने एसेक्स वेबसाइट पर एक बयान में कहा, मैं अपने संन्यास और एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में अपने करियर के अंत की घोषणा कर रहा हूं।

अलविदा कहना आसान नहीं है। दो दशकों से अधिक समय से, क्रिकेट मेरी नौकरी से कहीं अधिक महत्वपूर्ण रहा है। इसने मुझे उन स्थानों का अनुभव करने की अनुमति दी है जहां मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं जाऊंगा, उन टीमों का हिस्सा बनूंगा जिन्होंने ऐसी चीजें हासिल की हैं जो मैं कभी नहीं कर सकता था, सबसे महत्वपूर्ण बात, गहरी दोस्ती बनाई है जो जीवन भर रहेगी। आठ साल के लड़के से जो पहली बार विकम बिशप्स अंडर 11 के लिए खेला था से लेकर अब तक, मैं गर्व के साथ मिश्रित दुख की एक अजीब भावना के साथ समाप्त हो रहा हूं। हालांकि सबसे ऊपर, मैं अविश्वसनीय रूप से खुश हूं।

यह मेरे जीवन के इस हिस्से के समाप्त होने का सही समय है। मैंने हमेशा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के लिए अपना सब कुछ दिया है, लेकिन अब मैं नई पीढ़ी के लिए रास्ता बनाना चाहता हूं। कुक के नाम इंग्लैंड के किसी भी बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक 33 टेस्ट शतक हैं, और उन्होंने अपने 12 साल के

टेस्ट करियर का अंत भारत के खिलाफ नागपुर में पदार्पण और 2018 में किआ ओवल में यादगार शतक के साथ किया।

ईसीबी प्रमुख, रिचर्ड थॉम्पसन ने कहा, सर एलिस्टेयर को उनकी अंतिम टेस्ट पारी के बाद जो स्टैंडिंग ओवेशन मिला, वह हमेशा मेरे साथ रहेगा। ऐसा महसूस हुआ कि उस दिन ओवल के अंदर कोई भी उस व्यक्ति की सराहना करना बंद नहीं करना चाहता था जिसकी प्रतिबद्धता और अपने देश के लिए सर्वश्रेष्ठ बनने की इच्छा ने उसे सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक बना दिया। उस पल में सर एलिस्टेयर के लिए सद्भावना असाधारण और पूरी तरह से योग्य थी। सर एलेस्टेयर ने अपने देश का बहुत सम्मान और गौरव के साथ नेतृत्व किया, बल्ले के साथ उनका रिकॉर्ड बेजोड़ है और उन्होंने इसे इस तरह से किया कि हर कोई जो उन्हें खेलते हुए देखने के लिए भाग्यशाली था, उससे प्रभावित हुआ।

मुझे यकीन है कि उनकी सेवानिवृत्ति पर उन्हें शुभकामनाएं देने वाला मैं अकेला नहीं हूं। 38 वर्षीय ने कप्तान के रूप में 2013 और 2015 में दो घरेलू पुरुष एशेज सीरीज जीतीं और ऑस्ट्रेलिया में 2010-11 की ऐतिहासिक एशेज सीरीज जीत में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे, जब उन्होंने 127.66 की औसत से 766 रन बनाए।

कुक ने एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में इंग्लैंड के पुरुषों की भी कप्तानी की, 92 मैच खेले और पांच शतक बनाए। उन्होंने 2003 में चेम्सफोर्ड में एसेक्स के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया और दो साल बाद प्रमुखता से उभरे जब उन्होंने दौरे पर आयी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ मैच में अपनी काउंटी के लिए दोहरा शतक बनाया।

कुक ने दो बार एसेक्स के साथ एलवी = इंश्योरेंस काउंटी चैम्पियनशिप जीती - वह 2019 की सफलता में काउंटी के अग्रणी रनस्कोरर थे - और 46.41 के औसत से 74 शतकों के साथ 26,643 प्रथम श्रेणी रन बनाकर खेल से सेवानिवृत्त हुए। कुक को क्रिकेट की सेवाओं के लिए 2019 में नए साल की सम्मान सूची में नाइटहुड से सम्मानित किया गया था।

सुडोकू 6347 का हल

1	2	3	4	7	8	9	6	5
8	7	5	2	9	6	4	1	3
4	6	9	5	1	3	7	8	2
3	8	2	6	5	4	1	9	7
5	1	4	7	2	9	6	3	8
7	9	6	3	8	1	5	2	4
9	4	8	1	3	5	2	7	6
2	5	1	8	6	7	3	4	9
6	3	7	9	4	2	8	5	1

1 लाख पुलिस फोर्स की सुरक्षा के साये में संपन्न होगा नक्सलगढ़ विस चुनाव

बस्तर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पहले चरण में 7 नवंबर को बस्तर संभाग की 12 विधानसभा सीटों पर मतदान होंगे. नक्सल प्रभावित बस्तर में शांतिपूर्ण चुनाव कराना बेहद ही चुनौती पूर्ण है. क्योंकि हमेशा से ही नक्सली चुनाव में बाधा डालने की कोशिश करते हैं. हालांकि शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए बस्तर संभाग में जवानों ने भी अपनी कमर कस ली है. सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकिंग के साथ नक्सल विरोधी अभियान भी तेज कर दिया गया है. बस्तर संभाग में करीब 1 लाख जवानों के सुरक्षा के साये में 2023 का विधानसभा चुनाव कराया जाएगा.

बस्तर में कैसी है चुनावी तैयारी ?- बस्तर संभाग के सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, कांकेर में नक्सलियों की मौजूदगी बनी रहती है. चुनाव के दौरान अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए नक्सली छोटी बड़ी घटनाओं को अंजाम देते हैं. लेकिन पूरे बस्तर संभाग में सुरक्षा बल के जवान भी पूरी तरह मुस्तैद है. बस्तर चुनाव में जिला पुलिस, छ्रत्र, एसटीएफ, कोबरा और केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी के जवान तैनात है. इसके अतिरिक्त बाहर से भी चुनाव आयोग के माध्यम से अतिरिक्त बल की तैनाती की जा रही है. इन सभी सुरक्षा बल के जवानों को आवश्यक इलाकों में तैनात किया जा रहा है. जिन इलाकों में नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है. वहां सुरक्षाबल के जवानों की संख्या को बढ़ाकर और तेजी से ऑपरेशन चलाया जा रहा है. सीमावर्ती इलाकों में भी जवानों को तैनात किया जाएगा.

बस्तर के नक्सल प्रभावित गांवों में बने पहली बार बूथ- बुलेट पर बैलेट की जीत के लिए बस्तर संभाग के कई गांवों में पहली बार मतदान केंद्र बनाए गए हैं. ये वो गांव है जहां आजादी के बाद से आज तक कभी मतदान केंद्र नहीं बने. 126 नए बूथ बनाए जा रहे हैं. जिनमें 40 ऐसे गांव है जहां के रहने वाले आजादी के बाद पहली बार वोट डालेंगे.

■ बस्तर में विधानसभा चुनाव, दो दर्जन नेताओं की बढ़ाई गई सिक्योरिटी

बस्तर में 126 नए बूथ- 126 नए बूथों में से 15 कांकेर विधानसभा क्षेत्र में, 12 अंतागढ़ में, पांच भानुप्रतापपुर (कांकेर जिले) में, 20 कोंटा (सुकमा जिले) में, 14 चित्रकोट में, चार जगदलपुर में, एक बस्तर (बस्तर जिले) में हैं. कोंडागांव में 13, केशकाल (कोंडागांव जिला) में 19, नारायणपुर में नौ, दंतेवाड़ा में आठ और बीजापुर में 6 नए बूथ बनाए गए हैं.

साल 2018 के चुनाव में भी नक्सल घटनाओं में आई कमी- बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि गैरकानूनी व प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी लोकतंत्र के विरोध में हमेशा से ही खड़े रहे हैं. चुनाव के दौरान मतदान दलों के ऊपर हमला करना, सुरक्षाबल के जवानों को टारगेट करना या अन्य चुनाव संबंधी गतिविधियों के ऊपर बाधा डालने का काम करते हैं. लेकिन बीते चुनावों में ऐसी घटनाओं में कमी आई है. साल 2018 के चुनाव में नक्सली कोई बड़ी वारदात को अंजाम नहीं दे सकें.

2023 के विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने की तैयारी है. लगातार बस्तर संभाग के अलग अलग जिलों में सभी प्रकार का ऑपरेशन, सीमावर्ती इलाकों में चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग किया जा रहा है. बस्तर पुलिस के पास पहले से ही स्पेशल फोर्स है. बाहर से भी फोर्स चुनाव के दौरान आ रही है. शांतिपूर्ण चुनाव पूरे कराए जाएंगे. इसके लिए पहले से ही होमवर्क किया गया है. ताकि सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी हो सके. और चुनाव का कार्य सुरक्षित संपन्न हो सके.- सुंदरराज पी, बस्तर संभाग

सुरक्षा कारणों से आईजी ने जवानों की संख्या का उल्लेख नहीं किया. लेकिन बीते चुनाव में तैनात जवानों के आंकड़ों के लिहाज से करीब 1 लाख पुलिस फोर्स के सुरक्षा के साये में बस्तर का चुनाव संपन्न कराया जाएगा.

बस्तर के नेताओं को ङ्ग श्रेणी की सुरक्षा- हाल ही में बस्तर संभाग के 24 नेताओं को ङ्ग श्रेणी की सुरक्षा भी चुनाव आयोग ने दी थी. दरअसल साल भर में बस्तर के अलग अलग जिलों के भाजपा नेताओं की नक्सलियों ने हत्या कर दी थी. इसमें नारायणपुर में 2, बीजापुर में 1, दंतेवाड़ा में 1, बस्तर में एक. पूरे संभाग में 5 भाजपा नेताओं की हत्या की थी. जिसे देखते हुए भाजपा ने बस्तर के अंदरूनी इलाकों के नेताओं को सुरक्षा देने की मांग की थी. इसके बाद छत्तीसगढ़ में चुनाव तारीखों की घोषणा के बाद बस्तर संभाग के 24 नेताओं को ङ्ग श्रेणी की सुरक्षा दी गई है.

चुनाव आयोग ने जिन नेताओं को श्रेणी की सुरक्षा दी है उसमें- श्रीनिवास मुदलियार, कमलेश मंडावी, लव कुमार रायडू, फूलचंद गागड़ा, घासीराम नाग, जगर लक्ष्मैया, संजय लुक्कड़, किरण देव, सुधीर पांडेय, मनीष सुराना, रामू नेताम, कमला नाग, जशवीर नेगी,संतोष गुप्ता, कमो कुंजाम, सत्यजीत सिंह चौहान, कुलदीप ठाकुर, सोमडु कोर्राम, धीरेंद्र प्रताप सिंह, धनीराम बारसे, संजय सोढ़ी, जसकेतु उसेंडी, देवलाल दुग्गा, भरत मतियारा शामिल है।

कोरबा जिले के पहाड़ी कोरवाओं ने चुनाव के बहिष्कार का किया ऐलान

कोरबा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीहड़ इलाके में रहने वाले पहाड़ी कोरवाओं के चुनाव बहिष्कार के फैसले ने साबित कर दिया है। सड़क, बिजली, पानी और मोबाइल कनेक्टिविटी जैसी मूलभूत सुविधा की मांग को लेकर सरकारी दफ्तर व जनप्रतिनिधियों का चक्कर काट थक चुके पहाड़ी कोरवाओं ने विधानसभा चुनाव में हिस्सा नहीं लेने का एलान कर दिया है। उन्होंने गांव के सरहद पर चुनाव बहिष्कार का बैनर पोस्टर लगाया है, ताकि प्रचार के लिए पहुंचे प्रत्याशी भीतर प्रवेश न करें।

कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत केरा कछार के आश्रित ग्राम सरडीह, बगधरी डांढ़ के अलावा खुर्रीभौना सहित आधे दर्जन गांव ऐसे हैं, जहां पहाड़ी कोरवा जनजाति परिवार निवास करते हैं। वे खेती किसानी के अलावा वनोपज संग्रहण कर जीविकोपार्जन करते हैं। इन गांवों में रहने वाले परिवारों को अभी भी पानी बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की दरकार है। पहाड़ी कोरवा व कुछ अन्य जनजाति के परिवार ढोढ़ी पानी का उपयोग करते हैं। उन्हें ऊर्जाधानी के रहवासी तो कहा जाता है, लेकिन बिजली नसीब नहीं है। उनके लिए सबसे बड़ी समस्या सड़क की है। वे सर्दी, गर्मी और बारिश के दिनों में भी पगडंडियों से होकर मुख्य मार्ग तक पहुंचते हैं।

बगधरी डांड में रहने वाले बंधन सिंह पहाड़ी कोरवा का कहना है कि उनके गांव में पानी व बिजली की कमी है। उन्हें अंधेरे में रात गुजारनी पड़ती है, जिससे वन्य प्राणियों के अलावा जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है। गांव में रहने वाले दुरुग सिंह का कहना है कि गांव में पानी बिजली व सड़क की समस्या लंबे अरसे से बनी हुई है। इसके बावजूद न तो प्रशासन और ना ही जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे। इसी तरह अन्य ग्रामीण भी मूलभूत समस्या से जूझने की बात कह रहे हैं। कुमुदिनी मिंज ने तो मोबाइल कनेक्टिविटी को लेकर होने वाली समस्या भी गिनाई। उनका कहना है कि गांव तक बेहतर सड़क की कमी तो है ही, मोबाइल कनेक्टिविटी भी नहीं है। कई बार गर्भवती महिला, मरीज अथवा कोई अन्य घटना घटित होने पर घायल को अस्पताल ले जाने टोल फ्री नंबरों में संपर्क किया जाता है। इसके लिए उन्हें पहाड़ी के ऊपर या फिर पेड़ पर चढ़ना पड़ता है। कई बार मुख्य मार्ग में पहुंचने के बाद संपर्क होता है। अस्पताल पहुंचने में देरी होने से अनहोनी की आशंका बनी रहती है ।

ग्रामीणों का कहना है कि पानी, बिजली सड़क और मोबाइल कनेक्टिविटी जैसी सुविधा मुहैया कराने की मांग को लेकर वे सरकारी दफ्तरों और जनप्रतिनिधियों का चक्कर काट थक चुके हैं। उन्होंने पंचायत के माध्यम से ग्राम सभा में भी समस्याओं को प्रस्तावित कर प्रशासनिक अफसर तक पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन किसी भी प्रकार से पहल नहीं हुई। वे अब पूरी तरह से निराश हैं। ऐसे में उनके सामने विधानसभा चुनाव का बहिष्कार के अलावा कोई भी रास्ता नहीं बचा।

ग्रामीणों ने अपनी मांग पूरी नहीं होने पर चुनाव बहिष्कार का एलान कर दिया है। सरकारी तंत्र और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ ग्रामीणों के आक्रोश का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बगधरी डांड सहित आसपास के पहाड़ी कोरवा गावों के सरहद पर विधानसभा चुनाव बहिष्कार के बैनर पोस्टर लगाए गए हैं, ताकि कोई भी प्रत्याशी अथवा अफसर उनके गांव में न पहुंचे। यदि समस्या का निराकरण किया जाता है तो ही वे चुनाव में हिस्सा लेने की बात कह रहे हैं।

कलेक्टर की फर्जी आईडी बनाकर ठगी की कोशिश

■ सीआरपीएफ के अधिकारी का सामान बेच रहा था ठग, व्यापारी ने की शिकायत

बालोद, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में ठगी का मामला सामने आया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ठगी करने की कोशिश की गई है। दल्लीराजहरा के व्यापारी और छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के उपाध्यक्ष स्वाधीन जैन से मैसेंजर में चैटिंग कर सीआरपीएफ के आधकारी का पुराना समान और फॉरच्यूनर बेचने की जरूरत बताई।

मामले में ठगी का शिकार होने से पहले ही सतर्कता दिखाते हुए व्यापारी ने पहले तो एकाउंट को चैक किया। जिससे पता चला कि फर्जी आईडी 6 दिन पहले ही बनी है और जिले के कलेक्टर पुराने हैं। जिसके बाद व्यापारी ने पूरी घटना की जानकारी कलेक्टर कुलदीप शर्मा को दे दी है। जिससे वह साइबर ठगी का शिकार होने से बच गया।

आचार संहिता के उल्लंघन पर विधायक वोरा को नोटिस

भरी सभा में स्कूली छात्रों से कही मां-पिता से वोट देने की बात

दुर्ग, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। आचार संहिता के उल्लंघन पर दुर्ग विधायक अरुण वोरा को जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। विधायक अरुण वोरा पर स्कूल में बच्चों को उनके माता-पिता से वोट कराने की अपील करने का आरोप है।

विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगते ही अब जिला प्रशासन और चुनाव आयोग पूरी तरह सख्त हो गया है। इसी कड़ी में दुर्ग के वर्तमान विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण वोरा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत सामने आई है। विधायक पर सरकारी स्कूल में जाकर चुनाव प्रचार करने का आरोप लगा है।

बताया जा रहा है कि वर्तमान विधायक अरुण वोरा ने स्व। झाडूराम देवांगन शासकीय स्कूल में छात्रों से बातचीत में कहा था कि अगर अरुण वोरा को वोट मिलेगा तो स्कूल को और अच्छा बनाएंगे। ऐसे में सभी बच्चे अपने माता-पिता को जाकर बोले कि वह अरुण वोरा को वोट दें। इसके बात की शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि उन्हें इस संबंध में शिकायत मिली है शिकायत में कहा गया है कि विधायक अरुण वोरा ने शासकीय स्कूल में जाकर बच्चों को बोला है कि अगर उन्हें वोट मिलेगा तो स्कूल को और अच्छा बनाने काम करेंगे ऐसे में अपने माता-पिता से बोले कि वे उन्हें वोट करें तो वही जब इस पूरे मामले पर अरुण वोरा से संपर्क किया गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से मना कर दियाय

सातवीं बार लड़ेंगे चुनाव

अरुण वोरा 6 बार चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार पार्टी ने मौका दिया तो सातवीं बार चुनाव लड़ेंगे, लेकिन इस तरह आचार संहिता की खुला उल्लंघन को लेकर उन पर सवाल उठ रहे हैं।

नशे में महिलाओं व ग्रामीणों से दुर्व्यवहार करने वाला ग्राम पटेल गिरफ्तार

सरायपाली, 14 अक्टूबर (देशबंधु)। ग्राम पंचायत बांझापाली के आश्रित ग्राम मुरमुरी के 50 से अधिक ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है, जिसमें ग्राम पटेल द्वारा शराब पीकर गांव में माहौल खराब करने एवं ग्रामीण व महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किये जाने की शिकायत करते हुए उक्त गिरफ्तार ग्राम पटेल को जमानत नहीं दिए जाने एवं पटेल पद से हटाने की मांग की गई है।

मुरमुरी के ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार ग्राम पटेल किरोटी विश्वकर्मा के द्वारा शराब बनाया जाता है और ग्राम के अन्य लोगों को भी वे शराब बनाने के लिए कहते हैं। विगत कुछ समय से ग्राम की महिलाओं के द्वारा गांव में शराब बंदी करवाई गई है, जिससे उनका धंधा चौपट हो गया है। इससे नाराज किरोटी आए दिन शराब पीकर गांव की महिलाओं एवं ग्रामीणों के साथ गाली गलौच करते हैं तथा ग्राम के बच्चों को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी उनके द्वारा दी जाती है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने कल 12 अक्टूबर को थाना सिंघोड़ा में किरोटी के खिलाफ शिकायत की थी, जिस पर शाम को पुलिस द्वारा उनके विरूद्ध धारा 151 के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

वहीं ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गिरफ्तार होने के बाद किरोटी के द्वारा जमानत प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे देखते हुए आज मुरमुरी के गीता बारिक, विलासिनी बरिहा, विनोदिनी, नवाती साहू, नानदाई, जमुना, दीपांजलि, चंचला, मालती, पदमिनी, रीता, कस्तुरी बरिहा, पंकजीनी, मन्दारो, पुष्पा, कोटवार लक्ष्मीप्रसाद, सौमित्री, जयकुमार, अश्विनी, चतुर्भूज, उजल सिंह बरिहा, सुदाम बरिहा, अभिमन्यु बरिहा आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंच गए और किरोटी के खिलाफ शिकायत करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने लिखा है कि ग्राम पटेल होने के बावजूद आचार संहिता लागू होने के बाद भी उनके द्वारा गांव में आतंक मचाया जा रहा है। अत- इस प्रकार के अपराध को देखते हुए उन्हें जमानत पर रिहा न करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में ही रखने की मांग की गई है।

विधायक ने दिया कार्यवाही का आश्वासन- इसके पश्चात ग्रामीण उक्त शिकायत को लेकर आज विधायक कार्यालय भी पहुंच गए और उनके द्वारा गांव में शांति भंग करने वाले किरोटी विश्वकर्मा को पटेल पद से मुक्त किए जाने एवं उन पर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है। इस पर विधायक किस्मतलाल नंद के द्वारा भी उनके खिलाफ उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है।

NECC

15.10.2023	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	5.15	85	170
चिल्हर	6.50	100	195
डिलीवरी	530 सैकड़ा		

दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

भाजपा नेता के घर जुआ खेलते पकड़ाए 24 जुआरी

10 लाख से ज्यादा नगदी जब्त, पुलिस से बचने तैनात किए थे मुखबिर

बलौदा बाजार, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में काफी समय से सिमगा नगर में बड़े रूप में जुआ खिलाने की सूचना मिल रही थी, वही सिमगा नगर के ब्राह्मण पारा स्थित सिमगा के पूर्व मंडी उपाध्यक्ष और भाजपा नेता अनिल पांडे के मकान में जुए का फड सजता था, जिसमें सिमगा नगर तथा आसपास के कई ग्रामों से काफी संख्या में लोग जुआ खेलने आते थे। यह जुआ सामान्य नहीं बल्कि बड़े रूप में खेला जाता था, जिसमें लाखों रुपए की हार जीत की बोली लगती थी। इस संबंध मे जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा लगातार सूचनाएं एकत्रित कर जुए का भंडाफोड़ करने का प्रयास भी किया जा रहा था। लेकिन जुआ खेलने एवं खिलाने वाले लोग भी बहुत ही शातिर किस्म के है। जरा सी भनक लगते ही जुआ कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया जाता था। फिर मौका पाते ही पुन: जुआडियों का जमघट लगाकर जुआ प्रारंभ कर दिया जाता था।

जुआरियों किये थे मुखबिर तैनात

आसपास इलाके में अपने मुखबिर भी इन जुआड़ियों द्वारा तैनात किया जाता था, जिनके द्वारा पुलिस के आने अथवा पुलिस के किसी भी प्रकार की गतिविधि की सूचना तुरंत जुआरियों को मिल जाती थी तथा जूआरी जुए को बंद कर फरार होने में अथवा अपने आप को सामान्य रूप से दिखने में सफल हो जाते थे।

24 शातिर जुआरी गिरफ्तार

पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही जुआ खेलने वाले 24 शातिर जुआडियों को गिरफ्तार किया गया है तथा मौके पर 52 पत्ती ताश एवं ?10,87,062 नगद जप्त किया गया है। साथ ही पुलिस टीम द्वारा मौके से जुआरियों का 02 कार, एक मोटरसाइकिल एवं 26 नग मोबाइल भी जप्त किया गया है। किसी जुआ रेड कार्यवाही से पुलिस टीम द्वारा 10 लाख रुपए नगद से भी अधिक रकम जप्त करने का जिले में अपनी तरह का यह पहला मामला है।

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पप्पू (जलेबी वाले से) - कितने साल से जलेबी बना रहे हो?
जलेबी वाला - 30 साल से...
पप्पू - लानत है तुम पर, इतने सालों में तुमसे जलेबी सीधी नहीं बनी। डूब के मर जाओ...!!!

जगदलपुर विधानसभा में रोचक मुकाबले के बन रहे आसार

शुभ-अशुभ में अटकी कांग्रेस, दूर देहात तक पहुँच रही भाजपा

जगदलपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों की घोषणा के बाद एक ओर भारतीय जनता पार्टी दूरस्थ गांव देहात में जाकर निरंतर बैठकें लेकर कार्यकर्ताओं और जनता के बीच पहुंच रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के प्रत्याशियों की घोषणा अब तक नहीं हो पायी है। भाजपा इन स्थितियों को अवसर के रुप में भुना रही है लेकिन विपक्षी प्रत्याशी के नहीं होने से ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो भारतीय जनता पार्टी बेटिंग के लिए खड़ी है और बॉलर ही नहीं है। 9 अक्टूबर सोमवार को विधानसभा चुनाव की तिथियाँ घोषित होने के तुरंत बाद उसी दिन शाम होते होते भाजपा ने प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में से 85 सीटों पर अपने विधायक प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी थी। पितृ पक्ष में प्रत्याशियों की घोषणा करने या न करने की ऊहापोह में कांग्रेस ने 6 दिन गुजार दिये है और कांग्रेस के विधायक प्रत्याशियों की सूची अभी भी प्रतिक्षारत है। भाजपा अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतार कर फिलहाल कांग्रेस से प्रचार में आगे चल रही है। भाजपा के प्रत्याशी गांव देहात तक पहुँच रहे हैं और बैठकों का दौर जारी हो गया है। शनिवार को नगरनार मण्डल व नानगुर मण्डल में किरणदेव ने कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों की बैठक ली। एक-एक घर में पहुँच कर लोगों के मिलने कार्यकर्ताओं को कहा गया है। अब देखना रोचक होगा कि भाजपा की पहले प्रत्याशियों की घोषणा करने की रणनीति का तोड़ कांग्रेस किस तरह निकालती है। जगदलपुर विधानसभा चुनाव में परंपरागत रूप से भाजपा व कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबला होने के आसार बनते दिख रहे हैं।

सीआरपीएफ ने तुंगल बांध तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

सुकमा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शनिवार को सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन के द्वारा नगर के तुंगल बांध तालाब के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा की लिए आम जनों को प्रेरित किया। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी पवन कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण, उपकमाण्डेन्ट टी. सैमसन राजू, सहायक कमाण्डेन्ट ज्ञानेश प्रताप सिंह, निरीक्षक संतोष साहू, वन परिक्षेत्र अधिकारी गुलशन साहू, अन्य अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

जिले के नक्सल क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ लगातार सीआरपीएफ ऑपरेशन चल रही है तो, वहीं दूसरी ओर सामाजिक जनसरोकार कर से जुड़ी कार्यों में भी सीआरपीएफ आगे रहती है। जिसकी सराहनी स्थानीय लोगों के द्वारा भी की जा रही है, क्योंकि सीआरपीएफ के द्वारा लगातार सुकमा जिला मुख्यालय के अलग-अलग सार्वजनिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलकर नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, जिसके चलते जिला मुख्यालय के बाजारपारा स्थित सभा स्थल के मैदान, अन्य स्थलों में सड़कों की आसपास जंगल झाड़ियां का साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश देने का काम कर रहे हैं, साथ ही इसके अलावा आने वाले दिनों में इन स्वच्छता अभियान चलाए वाले स्थलों पर पौधारोपण करने की भी तैयारी सीआरपीएफ के अधिकारियों के द्वारा की गई है, ताकि पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा दोनों को लेकर आम जनों को भी संदेश देने के साथ-साथ हर व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना के मकसद से यह अभियान चलाया जा रहा है, और सीआरपीएफ की इस अभियान की सभी लोग प्रशंसा कर रहे हैं। द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण बताया कि द्वितीय वाहिनी नियमित रूप से इसी प्रकार सुकमा के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों व संस्थानों की सफाई कर सुकमा वासियों को भी अपने आस-पास व पर्यावरण के साफ-सफाई हेतु प्रेरित कर रही है।

कमाण्डेन्ट रतिकान्त बेहेरा ने बताया कि सीआरपीएफ नक्सली क्षेत्र में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने के साथ-साथ जन सरकार से जुड़ी कार्यों में भी तत्परता से आगे रहती है। उन्होंने कहा कि सुकमा नगर पालिका क्षेत्र में लगातार विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थलों में लगातर स्वच्छता अभियान चला कर आम जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन स्थलों के साफ-सफाई अभियान किया गया है उन स्थलों पर विगत कुछ दिनों में ही पौधारोपण किया जाएगा एवं पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड इत्यादि की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा की स्वच्छता अभियान के साथ-साथ पर्यावरण की महत्व को आम जनों तक बताने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए सभी समाज के लोग जुड़कर इस पर्यावरण की समावेश को बनाए रखने में सहयोग करें।

अधिकारियों ने दिया समूह अग्रिम पंक्ति फसल प्रदर्शन के कृषि मेपर एप का प्रशिक्षण

एक जिला एक उत्पाद के तहत मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने एक दिवसीय दौरा कार्यक्रम का आयोजन

सुकमा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक जिला एक उत्पाद के तहत भारत सरकार के प्रतिनिधि अधिकारी संयुक्त निदेशक निदेशालय दलहन विकास भारत सरकार भोपाल डॉ. एके शिवहरे ने बुधवार को बिरसठपाल स्थित रीपा केंद्र का अवलोकन किया। उनके साथ परियोजना सलाहकार डॉ. आर कृष्णन, मनीष कुमार दुबे मौजूद थे। उन्होंने समूह की महिलाओं से मिलेट्स फसलों की प्रसंस्करण विधि और इनसे तैयार उत्पादों की जानकारी ली। वहीं उन्होंने रीपा के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों की भी जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। उन्होंने प्रसंस्करण उपरांत कोदो, कुटकी, रागी के तैयार पैकेट का भी अवलोकन किया। साथ ही महिलाओं को लाभ पहुंचाने के लिए इन उत्पादों को बेहतर मूल्य पर बाजार उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने मिलेट्स फसलों के फायदे की जानकारी देकर इन फसलों का रकबा बढ़ाने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने अधिकारियों से कहा। डॉ. शिवहरे ने एक जिला एक उत्पाद के तहत् जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में मिलेट्स फलसों को बढ़ावा देने के लिए विभागों से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की। इसके उपरांत डॉ. शिवहरे ने कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से खरीफ वर्ष 2023 में लगाये गए समूह अग्रिम पंक्ति फसल प्रदर्शन के तहत अरहर एवं तिल फसलों का मुआयना करने किसानों के खेत पहुंचे। उन्होंने धोबनपाल के किसान लक्ष्मण के खेतों में बोये गए तिल फसल, पूजारीपाल के किसान लच्छू के खेत में बोये गए अरहर के फसलों का मुआयना किया एवं उन्होंने अधिकारियों को तिल एवं अरहर के फसलों के रकबा को कृषि मेपर एप में जोड़ने के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षण सह डेमो दिखाया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एच. एस तोमर, पौध रोग विज्ञान के विषय वस्तु विशेषज्ञ राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कृषि विभाग के सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी कैलाश मरकाम एवं कलेक्ट्रेट से रिसर्च फैलो आत्रे कर्माहे सहित कृषकगण उपस्थित थे।

विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट, किया फ्लैग मार्च

सुकमा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही सुकमा जिले में पुलिस व जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। विधानसभा चुनाव के मौके पर जिले में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ निष्पक्ष, निर्भीक और भयमुक्त चुनाव करवाने के उद्देश्य से पुलिस और प्रशासन की ओर से शनिवार को संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में एएसपी प्रभात कुमार, एसडीएम प्रीति दुर्गम, एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार, डीएसपी संजय सिंह, कोतवाली प्रभारी शशिकांत भारद्वाज सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी कर्मचारीगण शामिल हुए। विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान हो गया। कोंटा विधानसभा क्षेत्र के लिए 7 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इसी को देखते हुए पूरे जिले में पुलिस-प्रशासन काफी सतर्क हो गया है।

विधानसभा चुनाव के साथ आदर्श आचार संहिता लागू होते ही गठित एसएसटी एवम् एफएसटी की टीम गठित की गई है जो निरंतर रूप से वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री, 13.06 लीटर शराब एवं 1 मोटर सायकल बरामद

जगदलपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। धरमपुरा क्षेत्र में किसी व्यक्ति के द्वारा अपने दुपहिया वाहन में अवैध शराब बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर, कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा धरमपुरा क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर, घेराबंदी कर पकड़ कर पुछताछ किया गया। उक्त व्यक्ति से पुछताछ करने पर अपना नाम सुखदेव मौर्य नि. ग्राम लामड़ागुडा का होना बताया, जिसके कब्जे से दो बैग के अंदर अवैध अंग्रेजी शराब (1.) बियर सिम्बा 5 नग जिसमें 3.25 लीटर कीमत-1050/- रूपये, (2.) एसीनिट 06 नग जिसमें 2.25 लीटर कीमती - 2400/- रूपये (3.) अंग्रेजी शराब बेस्टो 5.76 लीटर कीमती 4160/- रूपये तथा बाम्बे गोवा 10 नग 1.8 लीटर 1300/- रूपये कुल जुमला शराब - 13.06 लीटर कीमती 9120/- रूपये एवं मोटर सायकल हीरो एच.एफ. डिलक्स क्रमांक- सी.जी. 17 के. 1492 को बरामद कर, जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर, कार्यवाही किया गया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर, न्यायालय रवाना किया।

वयोवृद्धों के लिए जांच शिविर, जिला अस्पताल में हुई 69 मरीजों की जांच

जगदलपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय वयोवृद्ध कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल में वयोवृद्ध जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मूल उद्देश्य वयोवृद्धों को समय रहते घातक बीमारियों से बचाना और निशुल्क इलाज की व्यवस्था उपलब्ध कराना। शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदलपुर डॉ. आरके चतुर्वेदी एवं अस्पताल कंसल्टेंट डॉ.नीरज ओझा के मार्गदर्शन में किया गया।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक महारानी अस्पताल जगदलपुर डॉ. संजय प्रसाद ने बताया च्अंतर्राष्ट्रीय वयोवृद्ध कार्यक्रम के तहत जिले में सूचना शिक्षा और संचार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, स्वास्थ्य चर्चा के साथ-साथ स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों को जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर और वृद्ध आश्रम में मनाने का निर्देश भी दिया गया है। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय जगदलपुर में भी वयोवृद्धों की जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें 69 वयोवृद्ध लोगों की जांच की गई। साथ ही उन्हें सलाह भी दी गई की नियमित रूप से जांच करने से समय रहते बीमारी की पहचान और उसका इलाज करने में आसानी होती है। 40 वर्ष से ऊपर के लोगों को भी सलाह दी गई, वह भी अपना नियमित छमाही में शुगर बीपी की जांच कराते रहें। शिविर में विशेष रूप से 60 वर्ष से ऊपर की आयु समूह के लोगों का येलो कार्ड बनाया गया। अस्ति रोग विशेषज्ञ एवं फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा जांच की गई नेत्र विशेषज्ञों द्वारा नेत्र का परीक्षण किया गया विशेष रूप से मोतियाबिंद की जांच की गई। इस अवसर पर लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया गया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए भी जानकारी प्रदान की गई। जिला अस्पताल में शिविर को सफल बनाने में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.लखन ठाकुर, चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. (श्रीमती) एस नागवंशी, डॉ.आरबीपी गुप्ता, मेडिसन विशेषज्ञ डॉ.श्रेयांस जैन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.सरिता थॉमस, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ.रूपेश खेडुलकर डॉ.विनय सोनपिपरी, डॉ.प्रियंका पोया, ऑडियोमैट्रिक असिस्टेंट निर्मल कुमार साहू, इंस्ट्रक्टर रोमन कस्तूरे, काउंसलर लखन लाल देवांगन, लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र डाहिरे, स्टाफ नर्स अखिलेश जॉन एवं इंद्र कुमार का सहयोग रहा।

एपीजे अब्दुल विज्ञान क्लब ने मनाई कलाम की जयंती

जगदलपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शाउमावि बड़े मुरमा जगदलपुर के एपीजे अब्दुल विज्ञान क्लब टीम ने देश के महान वैज्ञानिक, भारत रत्न एवं मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। मैं हूं कलाम एवं इसरो की विकास यात्रा की थीम पर कलाम जयंती मना कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने कलाम जी के जीवन से संबंधित अपने विचार रखे तथा कलाम जी के विचारों को चार्ट के रूप में प्रदर्शित करते हुए उनके दिखाएं मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। मैं हूं कलाम थीम के अंतर्गत स्कूली बच्चे कलाम जी का मुखौटा पहन कर आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। इसरो की विकास यात्रा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो की स्थापना 1969 से लेकर वर्तमान समय आदित्य तथा मिशन गगनयान के बारे में बच्चों जानकारियां साझा की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य जीवन दास ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें महान वैज्ञानिक के कार्यों से सीख लेनी है और उनसे प्रेरित होकर कार्य करना है। व्याख्याता समीर नाग ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में वैज्ञानिक अभिरुचि बढ़ती है। कार्यक्रम का संचालन मनीष अहीर के द्वारा किया गया। उन्होंने कलाम जी के जीवन से जुड़े हुए के महत्वपूर्ण तथ्यों को बच्चों के साथ शेयर किया। इस दौरान शिक्षक के कांत प्रसाद वैद्य, डी के देवांगन, लिना चंद्राकर, पांडे मैडम और अनीता मैडम उपस्थित रहे। विज्ञान क्लब अध्यक्ष दीपेश सेठिया ने कलाम जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं सचिव रोहन बघेल में इसरो की विज्ञान यात्रा पर अपने विचार प्रस्तुत किया।

कलेक्टर और एसएसपी ने अति संवेदनशील क्षेत्र के चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

जगदलपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिले की विशेष निगरानी की जरूरत को देखते हुए कलेक्टर विजय दयाराम के. और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा शुक्रवार की रात फिर निरीक्षण दौरे में निकले थे। कलेक्टर और एसएसपी ने अति संवेदनशील क्षेत्र दरभा और कोडेनार के चेक पोस्ट का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री विजय ने जाँच दल को कहा कि अन्य राज्यों के वाहनों पर विशेष निगरानी के साथ जाँच करें। साथ ही भूसा भरे वाहनों को रात में रवाना न होने दे, दिन में जाँचकर रवाना करें। इसके अलावा सुबह-सुबह सब्ज़ी ले कर जाने वाले वाहन की सघन जाँच करने पर ज़ोर दिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, एसडीएम तोकापाल भरत कौशिक, डिप्टी कलेक्टर सुब्रत प्रधान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मतदान स्थल की सभी गतिविधियों को आब्जर्व करना माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका : कलेक्टर

माइक्रो ऑब्जर्वर का भूमिका में शामिल होने वाले अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

जगदलपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में मतदान स्थल की सभी गतिविधियों को आब्जर्व करना माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका है। माइक्रो ऑब्जर्वर को दी गई जिम्मेदारी के तहत इस प्रशिक्षण में सूक्ष्म जानकारियों को समझे तथा मतदान दिवस में अपनी कार्य को शिद्दत से निर्वहन करें। शनिवार को कलेक्टर विजय कृषि कालेज के ऑडिटोरियम में आयोजित माइक्रो ऑब्जर्वर का भूमिका में शामिल होने वाले अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस प्रशिक्षण में बैंक, एनएमडीसी, केंद्रीय विद्यालय, एलआईसी, डाक विभाग के लगभग 600 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ईव्हीएम और वीवीपेट मशीन की बारीकियों की जानकारी और उनके द्वारा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

काछन देवी ने दशहरा निर्विघ्न संपन्न करने दिया आशीर्वाद

बस्तर दशहरा का काछनगादी रस्म

जगदलपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व का महत्वपूर्ण विधान काछनगादी पूजा विधान 14 अक्टूबर की देर शाम को सम्पन्न हुआ। 7 वर्षिय पीहू पर काछन देवी सवार होने के बाद बस्तर राज परिवार के सदस्य निर्विघ्न दशहरा पर्व मनाने की अनुमति मांगी गई। काछनदेवी बेल कांटे के झूले में बैठ कर पर्व मनाने की अनुमति प्रदान की। इसके बाद दंतेश्वरी माई की जयकारा लगाते हुए गोलबाजार पहुंचे, यहां रैला पूजन किया गया। रैला देवी ने भी अनुमति दी।

भंगाराम चौक स्थित काछनगुड़ी मे दशहरा पर्व मनाने के लिए काछन देवी पूजा का आयोजन किया गया। राज परिवार के सदस्य, दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी, मांझी-मुखिया शोभायात्रा के रूप मे दंतेश्वरी मंदिर परिसर से निकल कर पहुंचे। परम्परानुसार भैरम भक्त देवी का आव्हान किया, देवी एक सप्ताह से व्रत-आराधना कर रही 7 वर्षीय पीहू पर देवी सवार हो गई। बेल कांटों से बने झूले की परिक्रमा काछन देवी को कराया गया। झूले पर सवार काछन देवी से बस्तर राजपरिवार के सदस्य और माझी-चालकी दशहरा पर्व मनाने की अनुमति मांगी गई। देवी से अनुमति मिलने के बाद काछन देवी और दंतेश्वरी माई की जयकारे से गूंज उठा। काछन जात्रा पूजा विधान देखने के लिए बड़ी संख्या मे श्रद्धालु भक्त आए हुए थे।

देवी को आसन प्रदान करना

बस्तर संस्कृति के जानकार रूद्र नारायण पाणिग्राही ने बताया कि काछनगादी का शाब्दिक अर्थ देवी को गादी अर्थात गद्दी आसन प्रदान करना है। काछिन देवी रण के देवी मानी जाती हैं। मान्यता के अनुसार एक विशेष समुदाय की बालिका पर काछन देवी आरूढ़ होती हैं। इस वर्ष 7 वर्ष की अनुराधा दास पर देवी की सवारी आई।

रस्म के दौरान हुई आतिशबाजी

काछनगादी रस्म बड़े उत्साह से मनाया गया। इस दौरान माटी पुजारी को काछनगुड़ी में पहुंचने पर उन्हें स्वागत कर परघाया गया। पूरी रस्म के दौरान आतिशबाजी की गई। काछनगादी रस्म को >> शेष पृष्ठ 9 पर >

CMYK

दिव्यांग व बुजुर्ग शिक्षकों की चुनाव ड्यूटी पर आक्रोश

- टीचर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन
- महिला शिक्षकों की ड्यूटी कार्यस्थल के पास लगाने की मांग

दंतेवाड़ा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मतदान दल डयूटी के विसंगतियों पर अपना पक्ष रखा।

कलेक्टर की ओर से डिप्टी कलेक्टर कमलकिशोर ने ज्ञापन स्वीकार किया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि मतदान दल में स्कूल शिक्षा विभाग के कई व्याख्याता व पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों को मतदान अधिकारी क्रमांक तीन का दायित्व दिया जाता है। यह उचित प्रतीत नहीं होता है, क्योंकि व्याख्याता व प्रधान पाठक द्वितीय श्रेणी राजपत्रित पद है। अत: व्याख्याता व प्रधान पाठकों को पदानुरूप दायित्व दिया जावे। मतदान दल में दिव्यांग व 60 साल से अधिक उम्र के शिक्षकों को भी शामिल कर दिया गया है, जिसमे राहत प्रदान किया जाए जिले के कई शिक्षकों कर्मचारियों व अधिकारियों की डयूटी एक से अधिक चुनावी दायित्व के लिए लगाया गया है, जिसके कारण वे परेशान हैं। अत: एक ही दायित्व दिया जावे । टीचर्स एसोसिएशन ने मांग रखी है कि यदि महिला शिक्षकों व कर्मचारियों की डयूटी लगाया जाता है, तो उन्हें कार्यस्थल के निकटतम मतदान केंद्र में दायित्व दिया जाए। जिला सचिव नोहर साहू ने बताया कि कई शिक्षकों कर्मचारियों की नौकरी दिव्यांगता के आधार पर ही लगी है जिसका उल्लेख नियुक्ति के समय से ही उनकी सेवा पुस्तिका में इंद्राज है, ऐसे शिक्षको की भी हर चुनाव में ड्यूटी लगा दी जाती है जिसके कारन प्रत्येक चुनाव में अपना दिव्यांगता का प्रमाण पत्र व आवेदन लेकर कार्यालयों के चक्कर लगाना पड़ता है जो उचित नही लगता। साथ ही पदोन्नति संसोधन मामले में पीड़ित शिक्षकों के मतदान दल में ड्यूटी साथ ही वेतन भुगतान के सम्बंध में स्पष्ट दिशा निर्देश जारी करने हेतु आग्रह किया गया है, जिस पर डिप्टी कलेक्टर द्वारा इस विषय मे जिलाधीश से चर्चा कर शीघ्र ही उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रांतीय पदाधिकारी प्रमोद भदौरिया, कमल रावत, सूर्यकान्त सिन्हा जिलाध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला, महिला मोर्चा अध्यक्ष शैनी रविन्द्र, सचिव नोहर साहू जिला पदाधिकारी जी.आर.नाग, पोरस बिंझेकर, कोकिला ठाकुर खोमेंद्र देवांगन, अमित देवनाथ, शिव नेताम सुशोमन्त दास व अन्य साथी उपस्थिति रहे।

नए ज्योति कलश भवन में मांई दंतेश्वरी की आभा

दंतेवाड़ा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर मांई दंतेश्वरी शक्ति पीठ दंतेवाड़ा में नया ज्योति कलश भवन बनकर तैयार हो गया है। इस नवरात्र पर ज्योति कलश इसी नये भवन में प्रज्वलित होंगे। इसकी तैयारी हो गई है। इसकी क्षमता लगभग 11 हजार 101 ज्योति कलश की बतायी गई है।

- 11 हजार से ज्यादा कलश की क्षमता शारदीय नवरात्र पर यहीं जलेंगे ज्योत
- चंद्रखुरी कौशल्या धाम की तर्ज पर निर्माण आज से भक्ति और श्रद्धा का महापर्व

शारदीय नवरात्र के लिए मांई दंतेश्वरी मंदिर की भव्यता देखते ही बन रही है। आकर्षक विद्युत सजावट से मांई दंतेश्वरी का आंगन रोशनी से जगमगा रहा है। दंतेश्वरी कारीडोर के निर्माण के बीच यह पहला नवरात्र पर्व है। ज्योति कलश भवन भी इसी कारीडोर का हिस्सा है। इसका निर्माण उन्हीं आर्किटेक्ट और कलाकारों द्वारा किया गया है, जिन्होंने चन्द्रखुरी में माता कौशल्या मंदिर का ज्योति कलश भवन तैयार किया है। रिकार्ड समय में दंतेवाड़ा का ज्योति कलश भवन तैयार हो चुका है।

इधर शारदीय नवरात्र के लिए भक्तों की सुविधा को देखते हुए प्रशासन ने पूरे इंतजाम किये हैं। हालांकि निर्माण जारी होने के कारण मंदिर परिसर और आसपास थोड़ी दिक्कत जरूर हैं, इसके बावजूद भक्त पूरी आस्था और भक्ति के साथ मांई दंतेश्वरी के दर्शन कर सके, प्रशासन ने इसके लिए तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पूरा शहर मांई दंतेश्वरी की भक्ति में आज से ही सराबोर नजर आया है। दंतेश्वरी के धाम दंतेवाड़ा में शारदीय और चैत्र नवरात्रि तथा फागुन मंडई का पर्व इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को प्रतिपादित करता है।

विज्ञापन प्रसारण के पूर्व टीम करेगी जांच

दंतेवाड़ा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गठित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति की विभिन्न नियमों एवं निर्देशों से राजनीतिक दलों के मीडिया प्रभारियों को अवगत कराने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में कलेक्टर के सभा कक्ष में आज बैठक का आयोजन किया गया।

- प्रमाणन समिति की बैठक में दी गई जानकारी
- पेड और फेक न्यूज रोकने भी प्रावधान

इसमें अपर कलेक्टर श्री कन्नौजे द्वारा से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज, फेक न्यूज में उच्चतम न्यायालय के महत्वपूर्ण आदेशों-निर्देशों की जानकारी दी गई। बैठक में मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के माध्यम से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक सोशल मीडिया, वेब पोर्टल्स और बल्क एसएमएस पर निगरानी रखने के साथ साथ निर्धारित समय सीमा में शिकायत अभ्यर्थी को नोटिस, विभिन्न प्रारूप और कार्यवाही के बारे में विस्तार पुर्वक अवगत कराया गया। साथ ही बैठक में उपस्थित डिप्टी कलेक्टर डॉ कल्पना ध्रुव ने प्रतिनिधियों से अपील की है कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ होता है, और आम जनता का विश्वास उस पर टिका रहता है। अत: संवेदनशील खबरों को बिना किसी आधिकारिक पुष्टि के प्रकाशन अथवा प्रसारण का व्यापक प्रतिकूल असर पड़ता है। अत: आदर्श आचरण संहिता के प्रभाव काल में ऐसे गैर तथ्यात्मक, भ्रामक और आधारहीन समाचार का प्रकाशन, प्रसारण न करें, जिससे निर्वाचन गतिविधियों पर विपरीत असर न हो। किसी प्रकार की असुविधा न हो इस दौरान राजनैतिक दलों के मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा एमसीएमसी कार्यालय का अवलोकन भी किया गया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी, सहित राजनैतिक दलों के विभिन्न प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब न्यूज मीडिया के प्रभारी उपस्थित थे।

बेगलेस डे पर सेजेस में हेडवास के साथ स्वच्छता के गुर बताया गया

सरायपाली,14 अक्टूबर (देशबंधु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय सरायपाली में प्राचार्य मनोज पटेल के निर्देशन एवं प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी के नेतृत्व में बैगलेस डे को आनंदमय बनाने हेतु बालहित में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को चरणबद्ध हैंडवाश कराया गया। प्राचार्य मनोज पटेल ने बताया कि हाथ धोना एक अच्छी हाइजीन आदत है, सभी को नियमित हाथ धुलाई करना बेहद जरूरी है हाथ धुलाई से विभिन्न बीमारियों से बचाव संभव है। प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने हाथ धुलाई के फायदे गिनाए और इसकी जरुरत पर बल दिया। खाना खाने के पहले और शौच के बाद हैंडवाश को जरुरी बताया गया। इस अवसर पर हाथ धोने की आदत को बढ़ावा देने जागरूक किया गया।शिक्षकों और विद्यार्थियों ने चरणबद्ध हैंडवाश किया और स्वच्छता का संदेश दिया। सभी ने स्वच्छता के लिए नियमित हाथ धुलाई हेतु सामुहिक शपथ लिया।

बैगलेस डे पर योगा, व्यायाम,सुरक्षित शनिवार गतिविधियां, स्कूल हेल्थ प्रोग्राम की गतिविधियाँ, क्वीज आदि गतिविधियां कराई गई।बच्चों ने फुटबॉल,कबड्डी,खो खो,दौड़,क्रिकेट,बैडमिंटन आदि खेल खेलकर खूब आनंद लिया। इस अवसर पर सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल,व्याख्याता लता साहु, प्रदीप नारायण सेठ,महेश कुमार नायक,नरेश पटेल,मीना एस.प्रकाश,सुब्रत प्रधान,दिनेश कर,जलन्धर वर्गे,प्रवीण तिवारी,रेखा पुरोहित,उमा नायक,हरिश चौधरी,ज्योति सलूजा,लक्ष्मी चौधरी,शिवेंद्र सिंह सोनवानी,साकेत राजवाड़े,पीटीआई मंजिला चौधरी, प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी,शिक्षक विनोद कुमार चौधरी,श्याम सुन्दर दास,गजानंद प्रधान,रश्मि राजा, प्रधान पाठक आशा शर्मा, एलबी पात्रो, धनपत सिदार,भारती सिदार, नेतराम पटेल, शोभाराम भोई, हिमाद्री प्रधान,नेहा दास, गुलाब चौहान,अक्षय कुमार भोई,रोहित मुन्ना,सविता सिदार, घसियाराम चौहान, केशव प्रसाद चौहान,गीती बरिहा,बेदमोती बंछोर, अंजनी मुन्ना आदि उपस्थित थे।

सार-संक्षेप

व्यय प्रेक्षक पहुंचे दन्तेवाड़ा

दंतेवाड़ा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय प्रेक्षक के रूप में रविराज खोगारे (आई आर एस) को नियुक्त किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में श्री खोगारे आज जिला कार्यालय में स्थित निर्वाचन शाखा में पहुंचकर व्यय संबंधी जानकारी से अवगत हुए। इस दौरान लाईजेनिंग अधिकारी के. कौशिक उपस्थित थे।

आज से बिराजेगी आदिशक्ति मां दुर्गा

खरोरा, 14 अक्टूबर। 14 अक्टूबर शनिवार को सभी पितर देव पितरों के मुखिया अर्यमा पितर देव के साथ विदा हो जाएंगे। शास्त्रों के अनुसार जिस घर में पितर देव का मान सम्मान ब्राह्मण भोज,गौऊबली,काकबली, श्वानबली,नियम के साथ किया जाता है। उसके परिवार साल भर के लिए पितरदेव से कीलन हो जाते हैं। अर्थात उनका परिवार में दुख ना आने का कवच बन जाता है। पूरे पितर पक्ष की हुंमधूप तथा कुशा को मिठाई पकवान ले जाकर नदी तालाब में भोग लगाते हैं। और शाम को घर के वृद्धजन विदाई कर देते हैं। 15 अक्टूबर रविवार से नव रूप में 9 दिन के लिए दुर्गा जी की मूर्ति रूप में प्रत्येक गांव शहर में देवी मां विराजमान हो जाएगी। इनकी 9 दिन में नौ रूप में पूजा करने से माता प्रसन्न हो जाती है?

इस वर्ष नवरात्रि पूरे 9 दिन तक अपनी तिथि मान में पूर्ण रूप से विद्यमान है। रविवार को मूर्ति स्थापना गुरुवार पंचमी सिंगार फिर 22 अक्टूबर रविवार को दुर्गा हवन तथा सोमवार को देवी विसर्जन हो जाएगी।तिथि के अनुसार दिन अत्यंत ही शुभ है। अत: इस वर्ष नवरात्रि विशेष रहेगी और सब भक्तों पर माता की कृपा बरसेगी। 24 अक्टूबर बुधवार को विजयदशमी दशहरा है? भगवान राम इसी दिन दुष्ट रावण का वध किए थे।

व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों की ली बैठक

अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग हेतु टीम भावना के साथ कार्य करने पर दिया बल

जगदलपुर,14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 85 बस्तर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 86 जगदलपुर और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 87 चित्रकोट के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने जिला पंचायत सभागार में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों की बैठक लेकर उन्हें अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए टीम भावना के साथ कार्य किये जाने कहा।

उन्होंने इस दिशा में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों को दी गई प्रशिक्षण सहित उड़नदस्ता दलों, स्थैतिक दलों, वीडियो सर्वलांस दलों,मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के कार्यों की जानकारी ली। वहीं उन्होंने जिला पंचायत में स्थापित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल,मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति,वीडियो वीविंग टीम इत्यादि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सयुंक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सुनील शर्मा, सयुंक्त संचालक कोष एवं लेखा तथा सहायक नोडल अधिकारी कमलेश रायस्त,सहायक व्यय प्रेक्षक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जगदलपुर श्रीनिवास रथ और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बस्तर आरसी ध्रुव एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र चित्रकोट असीम चन्द्राकर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नारायणपुर कैलाश गौर के साथ ही निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों से सम्बंधित नोडल अधिकारी तथा सम्बन्धित दलों से जुड़े अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने 28 को मेगा जागरूकता अभियान

दंतेवाड़ा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में आगामी निर्वाचन 2023 के मद्देनजर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान जागरूकता अभियान जोर शोर से जारी है, ताकि शत प्रतिशत मतदान लक्ष्य पूरा हो। इसी अभियान को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर विनीत नंदनवार के मार्गदर्शन में 28 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में मेगा मतदाता जागरूकता कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी विभागों द्वारा अपनी सहभागिता दर्ज की जावेगी। इसके अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, मोटर साईकिल रैली, खेल प्रतियोगिताओं नारा लेखन, मतदाता जागरूकता रथ, छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्यायाम प्रदर्शन, लोक नर्तक दलों द्वारा नृत्य गान, खेल प्रतियोगिताओं अंतर्गत धीमी साइकिल रेस, कुर्सी दौड़, रस्सा खींच, फुगड़ी, चम्मच बाटी दौड़, जलेबी दौड़, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, एकल गायन इत्यादि प्रतिस्पर्धाएं भी इस मेगा कार्निवल में शामिल रहेंगे। इसके लिए आदिवासी विकास विभाग जिला पुलिस बल, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, जनपद पंचायत, यातायात थाना, शिक्षा विभाग को विभिन्न दायित्व सौंपे गये है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर मुकेश कुमार गोंड़, कमल किशोर, जनपद सीईओ श्रीमती कल्पना ध्रुव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

- स्लोगन, मानव श्रृंखला, मोटर साईकिल रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम
- प्रशासन के सभी विभागों की संयुक्त भागीदारी

शहीद नवीन पंचतंत्र में विलीन

तिल्दा नेवरा, 14 अक्टूबर। शहीद वीर सैनिक पंचतंत्र में विलीन भारत के वीर सपूत आल्दा निवासी नवीन कुमार सोनी उत्तराखंड में भारत माता के सेवा करते अचानक हार्टअटैक हो जाने के करण 42 वर्ष के अविवाहित सैनिक थे आज वायु मार्ग से रायपुर लाकर आल्दा में अंतिम संस्कार किया गया। तिरंगा में लपेटे हुए आसपास के लोग कभी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी। वहीं टंकराम वर्मा सहित कांग्रेस प्रत्याशियों व तिल्दा शहर, ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता शहीद को श्रद्धांजलि दी।

प्रादेशिकी का शेष...

मतदान स्थल की सभी...

भरे जाने वाले फार्म की भी जानकारी दिया गया ताकि पूरी प्रक्रिया से सभी वाकिफ रहें। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारियों को फार्म-12 भरकर देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन, सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रकाश सर्वे, संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा, मनोज बंजारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

काछन देवी ने दशहरा निर्विघ्न...

देखने एवं देवी के रुप में विराजित पीहू के दर्शन करने बड़ी संख्या में लोग दूरदराज से काछनगुड़ी पहुंचे, जिन्हें दर्शन करने सड़क के एक छोर में बेरिकेड्स के बाहर से दर्शन करने की व्यवस्था की गई।

चुनाव की सफलता जानकार कर्मियों पर निर्भर : कलेक्टर

दंतेवाड़ा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 को मद्देनजर रखते हुए मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के बारे में सघन प्रशिक्षण प्राप्त करना जरूरी है। मतदान दलों को मतदान की सभी बारीकियों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी मतदान प्रक्रिया की हरेक पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी अवश्य प्राप्त करें। इसके अलावा अपनी समस्त शंकाओं का समाधान भी प्रशिक्षण सत्र में ही कर लेवें। सफल निर्वाचन कार्य सम्पादन के लिए हर मतदान दल के अधिकारी कर्मचारियों के लिए मतदान प्रक्रिया का गहराई से ज्ञान अनिवार्य है। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार विधानसभा निर्वाचन के लिये विकासखंड कुआकोंडा के शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित मतदान दलों के प्रथम चरण प्रशिक्षण का जायजा लेने के दौरान मतदान दलों को दिया गया।

- कुआकोंडा में पीठासीन व मतदान दलों को प्रशिक्षण
- मतदान की बारीकियों से कराया अवगत

श्री नंदनवार ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सेक्टर आफिसर्स तथा मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने कहा, वहीं मतदान दलों को मतदान और मतगणना प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने की समझाईश देते हुए कहा कि जहां पीठासीन अधिकारी को पूरी सजगता के साथ दायित्व निर्वहन करना होगा, वहीं मतदान दल के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को टीम भावना के साथ समन्वय स्थापित कर जिम्मेदारी के साथ दायित्व निर्वहन करना पड़ेगा। उन्होंने मतदान के पश्चात मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ सम्पादित करने पर बल देते हुए कहा कि मतगणना के बाद अभ्यर्थीवार पर्ची बनाने में सतर्कता बरती जाये। इसके साथ ही मतपत्रों की पृथक-पृथक बण्डल तैयार कर लिफाफे में सीलिंग करने की प्रक्रिया हो। मतगणना के बाद तैयार पर्ची के आधार पर ही टेबुलेशन कर परिणाम निर्धारित किया जाता है। इस हेतु हरेक कार्य को पूरी सजगता और जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित किया जाये।

श्री नंदनवार ने मास्टर्स ट्रेनर्स को हरेक पहलुओं के बारे में सघन प्रशिक्षण देने के साथ ही मतदान दलों के शंकाओं का समाधान किये जाने कहा। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा कम्प्यूटर पावर पाइंट प्रस्तुति के जरिये मतदान दलों को मतदान तथा मतगणना प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इसके साथ ही मतदान दलों के शंकाओं का समाधान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर,सहित सभी सेक्टर ऑफिसर तथा निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

धरसींवा विस क्षेत्र भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद

खरोरा, 14 अक्टूबर। खरोरा में विधानसभा में अनुज शर्मा के पक्ष में धरसींवा विधान सभा मे जीत का मंत्र देने पहुचें भाजपा के राष्ट्रीय नेता व कानुन मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सनातन विरोधी ताकतो से सावधान की बात कहते मोदी सरकार के कार्य योजनाओ को गिनाते भूपेश सरकार को भ्रष्टाचारी व घोटाले बाज बताया वही धरसींवा के साथ साथ पुरे प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार बदलने की बात कही, लेकिन रविशंकर से चले जाने के बाद भाजपा कार्यकर्त्ताओ में धरसींवा प्रत्याशी चयन को लेकर खुब विवाद और पार्टी व प्रत्यासी विरोधी नारे बाजी हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि आम भाजपा कार्यकर्ताओं से बगैर रायसुमारी के पैरासुट प्रत्याशी अनुज शर्मा को टिकट देना गलत है वही भाजपा कार्यकर्त्ताओ ने केन्द्रीय कानुन मंत्री रविशंकर प्रसाद पर नाराजगी जाहिर करते कार्यकर्त्ताओ पर अनदेखी का आरोप लगाया।केन्द्रीय मंत्री से कार्यकर्त्ताओ के प्रत्याशी चयन को लेकर नाराजगी के सवाल पर सब कहा कि सभी को मना लिया जायेगा और सभी अपने है की बात कहते भाजपा सरकार बनाने के लिए पर्याप्त सीट आने की बात कही। सभा को को सांसद रायपुर सुनिल सोनी ने सम्बोधित करते एक जुट होकर अनुज शर्मा को जीताने की बात कही वही अनुज शर्मा ने अपने आप को सभी कार्यकर्त्ताओ से नाम के अनुरूप छोटा बताते सहयोग करने की बात कही।

प्रेक्षक ने किया व्यय व मीडिया अनुवीक्षण कार्य का निरीक्षण

शिकायत पर करें त्वरित कार्रवाई : जांगिड

कोण्डागांव 14 अक्टूबर (देषबन्धु)। विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान कोंडागांव व्यय प्रेक्षक दिनेश कुमार जांगिड़ ने शुक्रवार को व्यय अनुवीक्षण और मीडिया अनुवीक्षण कार्य का निरीक्षण किया और इस दौरान इन कक्षों में पहुंचकर व्यय अनुवीक्षण और मीडिया अनुवीक्षण का कार्य के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के साथ ही यहां कार्यकर रहे कर्मचारियों से बातचीत की।

श्री जांगिड़ ने भूतल स्थित सभाकक्ष में उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, विडियो अवलोकन दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के सदस्यों की बैठक में त्वरित कार्यवाही पर जोर देते हुए कहा कि स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों के व्यय की सीमा निर्धारित की गई है तथा इन सभी दलों और समितियों के समन्वित कार्य, प्रभावी निगरानी और त्वरित कार्यवाही के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा। इस कार्य में आयकर विभाग, आबकारी विभाग, बैंक और पुलिस बल के जवानों के माध्यम से सहयोग किया जाएगा। उन्होंने बैंक में एक लाख से अधिक से प्रत्येक लेन-देन की जानकारी प्रदान करने के संबंध में भी निर्देशित किया।

श्री जांगिड़ ने कहा कि मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति सभी अखबार, टेलीविजन चैनल के साथ ही स्थानीय केबल टीवी, सिनेमा हाल व अखबारों के साथ बांटे जाने वाले पाम्पलेटों पर भी नजर रखेगी। उन्होंने अभ्यर्थियों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री तथा नगद राशि वितरण की निगरानी के लिए मुखबिरों के उपयोग पर भी जोर देते हुए किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।

जनता के लिए रहेंगे 24 घंटे उपलब्ध

श्री जांगिड़ ने कहा कि वे निष्पक्ष मतदान को सुनिश्चित करने के लिए चैबीसों घंटे जनता को उपलब्ध रहेंगे। जिले की आम जनता निर्वाचन में व्यय संबंधी शिकायत उनके मोबाईल नंबर 62657-74344 पर किसी भी समय कर सकती है। इसके साथ ही विश्राम गृह स्थित कक्ष क्र.-1 में उनके निवास सह कार्यालय पर भी संपर्क कर सकती है।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने भी उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, मीडिया निगरानी दल, मीडिया अनुवीक्षण समिति से प्रभावी कार्यवाही के संबंध में निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, कोंडागांव विधान सभा के रिटर्निंग अधिकारी चंद्रकात चार्ली ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर, आयकर अधिकारी, लीड बैंक अधिकारी सहित विभिन्न दलों और समितियों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

ओड़िसा सीमा पर यात्री बस से 30 बल्क लीटर शराब जप्त

कोण्डागांव, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा सभी अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला सीमाओं पर निरंतर निगरानी की जा रही है, जिसके तहत शुक्रवार को रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर के निर्देशानुसार माकड़ी विकास खण्ड में ओड़िसा सीमा पर स्थित एरला चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल द्वारा निगरानी के दौरान प्रात: 10 बजे यात्री बस से अवैध शराब का अवैध शराब परिवहन करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया। जप्त किए गए 30 बल्क लीटर में 24 नग अंग्रेजी शराब एवं 24 नग बीयर केन षामिल हैं। यह यात्री बस ओड़िसा से कोण्डागांव के लिए रवाना हुई थी, जिसे एरला सीमा पर ही रोक लिया गया है। इस कार्यवाही में स्थैतिक निगरानी दल एरला के वन विभाग के डिप्टी रेंजर तुलसीराम मरकाम सहित पुलिस आरक्षित केन्द्र के कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके उपरांत आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा डोंडेसरा, उमरकोट जिला नवरंगपुर ओड़िसा के आरोपी प्रशांत पिता बनमाली साहू के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क, 36, 59 एवं 34 (2) के तहत् प्रकरण कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है। इसके साथ ही अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त मिनी बस वाहन क्रमांक ओडी 24 बी-1026 को भी जप्त कर लिया गया है। यह कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक मोरजध्वज साहू, आबकारी मुख्य आरक्षक मुकेश कुमार कोरी, आबकारी आरक्षक कैलाश प्रसाद पाण्डे, अशोक कुमार मण्डावी, नंदकिशोर बघेल एवं गजेन्द्र नेताम की उपस्थित में की गयी। इस संबंध में आबकारी विभाग कोण्डागांव द्वारा अवैध शराब संबंधी शिकायत की सूचना प्रदान करने हेतु दूरभाष नंबर 07786242481 जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति पर 24म7 इस नम्बर पर सूचना प्रदान कर सकते है।

अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त मिनी बस को भी किया गया जप्त

स्थानांतरण होने पर वनपरिक्षेत्र अधिकारी का सम्मान

चारामा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। वन परिक्षेत्र चारामा के वन परिक्षेत्र अधिकारी टीआर सिन्हा का चारामा परिक्षेत्र से गरियाबंद डिविजन में स्थानांतरण होने पर परिक्षेत्र के समस्त वन कर्मचारियों के द्वारा उनका सम्मान करते हुए प्रतीक चिन्ह भेंट कर उन्हें विदाई दी गई। टीआर सिन्हा परिक्षेत्र अधिकारी बीते 9 माह पहले ही चारामा परिक्षेत्र अधिकारी के पद पर पदस्थ हुए थे। और इन 9 माह में उन्होंने चारामा परिक्षेत्र के लिए अनेकों कार्य किए, अपने कुशल कार्य शैली और अनुभव के चलते वन परिक्षेत्र धारामा के वन क्षेत्रो मे कई विकास के कार्य और नई योजनाएं संचालित हुई।

उन्होंने अपने उद्‌बोधन में अपने कार्यअनुभव को सभी के बीच रखा। वर्तमान में उनके स्थानान्तण पर कांकेर परिक्षेत्र अधिकारी अब्दुल रहमान खान चारामा प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी का पद संभालेगे। सभी वन कर्मचारियो के द्वारा टी आर सिन्हा जी को बस्तर का प्रतीक चिन्ह भेट कर उन्हें सम्मान कर उनके उज्जवल स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाऐं दी। इस आयोजन में लिपिक तरूण देवदास उपवनपरिक्षेत्र अधिकारी दया प्रसा सेवता, विजय कुमार सिन्हा, वनपाल मनीष नेताम, पुनिता मरकाम, अजय कुमार नागवंशी, ललिता दुगगे, सरिता ठाकुर भगवान सिंह दुग्गा, श्रीमती शियन ध्रुव, ऋषि सिन्हा, धमरेश नेताम, लोकेन्द्र भास्कर, युगल सोनबोईर, महेश सलाम, नारायण यादव, जीवन साहु नरेश साहु, बिरजु पटेल, टकेश्वर साहु चित्रांजली नेताम, प्रदीन भालेश्वर, टेश्वन धनेलिया, देवेन्द्र साहु तुलसी निषाद, उमेश्वरी सिन्हा, प्रकाश यादव, तरूण मंडावी, सहित सभी वन कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपनी प्रतिभा का जौहर निखारने राज्य भर के खिलाड़ी पहुंच रहे हैं

कोण्डागांव, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता फुटबॉल, मलखम एवं तीरंदाजी का मेजबानी कर रहे कोंडागांव जिले में बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर, सरगुजा एवं बस्तर संभाग के 720 खिलाड़ियों द्वारा अपनी प्रतिभा का जौहर दिखएंगे। 15 अक्टूबर से कोंडागांव स्थित विकास नगर स्टेडियम ग्राउंड में प्रात: 9 बजे राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का सादगी पूर्ण माहौल में फील्ड मास्टर ऋषि देव सिंह के नेतृत्व में राज्य भर से आए हुए खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट के बाद ध्वजारोहण कर मशॉल जलाकर क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी सुधराम मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक दुर्ग संभाग के सभी प्रतिभागी कोंडागांव पहुंच चुके हैं। शेष प्रतिभागी देर रात तक कोंडागांव गांव पहुंचेंगे। जो प्रतिभागी पहुंच चुके हैं उनका पंजीयन एवं पात्रता की जांच कार्य किया जा रहा है और देर रात सभी प्रतिभागियों का पंजीयन पूर्णकर लिया जावेगा। सभी प्रतिभागियों के लिए बस स्टैंड से आवास स्थल तक नि:शुल्क वाहन की सुविधा प्रदान की जा रही है। बस स्टैंड पर भी स्वागत टीम का गठन किया गया है, जो बाहर से आने वाले खिलाड़ी मेहमानों का बस स्टैंड पर स्वागत करेंगे। स्वागत एवं व्यवस्था समिति में शिव प्रकाश शर्मा प्राचार्य लांजोड़ा को संयोजक एवं इरशाद अंसारी सहायक खंड शिक्षा अधिकारी कोंडागांव सह संयोजक बनाए गए हैं। जिनके नेतृत्व में सभी खिलाड़ियों का बस स्टैंड में स्वागत कर नियत निवास स्थान पर रवाना किया जा रहा है, ताकि उन प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना करना ना पड़े। समाचार लिखे जाने तक प्रतियोगिता का 90 प्रतिषत कार्य पूर्ण हो चुका है और देर रात्रि शेष कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। 15 अक्टूबर 2023 को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए प्रात: 9 बजे विधिवत राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पवन कुमार साहू प्रचार प्रसार विभाग 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता जिला कोंडागांव ने दी।



पंजीयन कार्य प्रारंभ, आज होगा 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा का शुभारंभ

सार-संक्षेप

पांच दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 18 से

चारामा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवरात्र के अवसर पर नगर के मेला ग्राउण्ड मंडी प्रांगण मे जय मां शीतला कबड्डी समिति के तत्वाधान मे छग राज्य स्तरीय पांच दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 18 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 18 अक्टूबर की दोपहर 02 बजे किया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरूष्कार 7771 रूपये, द्वितीय पुरुष्कार 5551 रूपये, तृतीय पुरुष्कार 3331 रूपये एव शील्ड सहित अन्य पुरुष्कार समिति की ओर से प्रदान किये जायेगे। उक्त जानकारी नंद किशोर गौतम वार्ड पार्षद ने दी।

उप संचालक टोप्पो ने हल्बी में गाया जसगीत

दंतेवाड़ा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाज कल्याण विभाग दंतेवाड़ा मे पदस्थ उप संचालक, संतोष टोप्पो अपने कार्यालयींन कार्यो मे व्यस्तता के बावजूद संगीत के क्षेत्र मे भी रुचि रखते है। श्री टोप्पो संगीत क्षेत्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। अपने कार्यो मे के बीच समय निकालकर इतनी अच्छी प्रस्तुति देना गौरव का विषय है। संगीत में प्रारंभ से रुचि रखने वाले श्री टोप्पो के लिए अपनी टीम को भी सही समय पर विभिन्न स्थानो से एकत्र करना, बहुत मुश्किल होता है फिर भी इतनी व्यस्तता होते हुए उनके द्वारा इतने अच्छे ढंग से हल्बी में जस गीत रिलीज किया गया है, इसके लिए उनके सहयोगी कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है।

विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

कोण्डागांव, 14 अक्टूबर (देषबन्धु)। जिला मुख्यालय कोण्डागांव में विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ जहां उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा हर बूथ से कांग्रेस को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।

भारतीय जनता पार्टी का विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 14 अक्टूबर को स्थानीय अटल सदन भाजपा कार्यालय के सामने मैदान में आयोजित किया गया। चुनावों के मद्देनजर कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को विजय का पाठ पढाते हुए, जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा ने कहा कि एक ओर जहां केंद्र की भाजपा सरकार ने विकास के साथ जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर गरीबों और असहायों के जीवन स्तर को संवारा है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश की जनता, इन पाँच सालों में कांग्रेस सरकार की कुनीतियों से त्रस्त हो चुकी। जनता परिवर्तन चाह रही है। कोंडागाँव से भाजपा प्रत्याशी सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि पिछले पाँच सालों में कांग्रेस के सरकार ने जनता को छला है। कांग्रेस सरकार ने जितनी भी योजनाएं लागू की है, वह धरातल पर खरी उतरती दिखाई नहीं देती। प्रदेश के किसान, मजदूर, शासकीय कर्मचारी, व्यापारी सहित सभी वर्ग अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। प्रदेश में काबिज कांग्रेसी सरकार ने इन पांच वर्षों में जनता को लोक लुभावन वादों में उलझाए रखा।

म.प्र.सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त सीताराम बाथम एवं जगन्नाथ पाणिग्रही ने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार कर फील्ड में जुट जाने के टिप्स देते विजय होने का मंत्र दिया। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देते हुए कहा कि अपने काम में लगे रहें। विरोधी पार्टी बीजेपी के सामने कहीं नहीं टिकेगी। इस मौके पर दोनों नेताओं ने कहा कि बूथ मैनेजमेंट पर फोकस करें, निश्चित रूप से हम प्रत्येक बूथ से कांग्रेस को उखाड़ फेकेंगे।

इस दौरान बड़ी संख्या में कोंडागांव विधान सभा से शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष, महामंत्री, बीएलए, मण्डल, जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दादरगढ़ में चेकपोस्ट लगाकर वाहनों की सघन चेकिंग कर रही है केशकाल पुलिस

कोण्डागांव, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोंडागांव एस.पी. वाय. अक्षय कुमार के निर्देशानुसार एड़ि. एसपी. डी.आर पोर्ते के मार्गदर्शन एवं केशकाल एसडीओपी भूपत सिंह के पर्यवेक्षक में केशकाल थाना प्रभारी आनंद सोनी के नेतृत्व में पुलिस की टीम के द्वारा केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध जुआ, शराब, गांजा तस्करी समेत अन्य सभी प्रतिबंधित गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एक मुहिम शुरू की गई है, जिसके तहत बस्तर के प्रवेश द्वार केशकाल घाट के नीचे दादरगढ़ में पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने चेकपोस्ट लगाया है। जहां 24 घण्टे आने जाने वाले संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है। साथ ही पुलिस द्वारा बटराली एवं नाक चैक में एमसीपी लगाकर यातायात के नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस की टीम चालानी कार्यवाही भी कर रही है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 बटराली एवं विश्रामपुरी चैक में भी प्रतिदिन एमसीपी की कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान खास तौर पर रात्रि के वक्त छोटी कार, ट्रकों एवं बसों की तलाशी भी ली जा रही है। चेकपोस्ट के दौरान तीव्र गति, ओवर टेकिंग, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट समेत अन्य प्रकार से यातायात के नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ चलानी कार्यवाही भी की जा रही है। जिसके तहत पुलिस ने अब तक 22 प्रकरणों में 10,600 रुपए का चालान वसूलने के साथ ही 2 वाहन चालकों के खिलाफ न्यायालय द्वारा 21,000 रुपए का अर्थदंड भी वसूला जा चुका है। इसके साथ ही हम आम जनता से क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करने में पुलिस का सहयोग करने एवं यातायात के नियमों का पालन करने की अपील भी कर रहे हैं।

यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

चनाभर्री में एनसीडी जांच के लिए लगाया गया शिविर

कोण्डागांव,14 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला कोण्डागांव के अंतर्गत आयुष्मान भव: अभियान के तहत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक रा.स्वा.मि. भावना महलवार के निर्देशानुसार जिला कोण्डागांव के समस्त विकास खण्ड के समस्त गांव व घर तक पंहुच कर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। इसके तहत एनसीडी कार्यक्रम में विशेष कमार जनजाति का एनसीडी जांच किया गया। समस्त कमार जनजाति एवं पारधि जनजाति का एनसीडी स्क्रीनिंग हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कोसमी के अतंर्गत आश्रित ग्राम चनाभर्री में किया गया। जिसमें 38, मरीजों का उच्च रक्तचाप स्क्रीनिंग किया गया एवं मधुमेह के 38 मरीजों और ओरल केंसर के 38, ब्रेस्ट केंसर के 10, सर्वाइकल केंसर 10, मरीजों का स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें 02 उच्च रक्तचाप के पॉजिटिव मरीज एवं 02 मधुमेह मरीज पाये गये एवं बच्चा दानी के मुख केंसर स्क्रीनिंग 2 लोगो को जिला अस्पताल कोण्डागांव के द्वारा किया गया। जिसमें दोनो मरीज निगेटिव पाये गये।

पेंड्रावन में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ सह टीएलएम कार्यक्रम

कोण्डागांव, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। पेंड्रावन में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ सह टीएलएम कार्यक्रम का आयोजन हुआ और इस कार्यक्रम में संकुल के सभी शालाओं के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ बच्चों ने भी लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शासन के दिए निर्देशानुसार संकुल पेण्ड्रावन विकास खंड बड़ेराजपुर जिला कोंडागांव में संकुल प्राचार्य रतन सिंह नेताम संकुल समन्वयक बिन्देश कुमार माला के दिशा निर्देश में संकुल के सभी शालाओं के शिक्षकों व प्रधान पाठक के सहयोग से कबाड से जुगाड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में शिक्षकों ने विषय आधारित जिसमें विज्ञान गणित पर्यावरण हिंदी अंग्रेजी आदि विषयों पर नए-नए मॉडल तैयार कर प्रदर्शन किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में खंड स्त्रोत समन्वयक फूलसिंह मरकाम, बीआरपी मनोज कुशवाहा, प्रेमलाल यादव व शाला प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित थे।

श्री मरकाम ने इस आयोजन के लिए सभी शिक्षकों व संकुल समन्वयक पेण्ड्रावन को बधाई देते हुए कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से अध्यापन सामग्री निर्माण करते हुए बच्चों में गुणवत्ता लाने पर जोर दिया। बीआरपी यादव ने कबाड़ से जुगाड़ का विस्तार से चर्चा करते हुए नियमित रूप से इसका उपयोग अध्यापन में किए जाने पर बल दिया, सभी शिक्षकों को बधाई भी दिया। कार्यक्रम सभी शिक्षकों के सहयोग से सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम का बच्चों ने भी आनंद लिया व अपने शिक्षकों के मार्ग दर्शन में विषय अनुरूप मॉडल बनाने की बात कही। संकुल समन्वयक माला ने भी अपने संकुल के सभी प्रधान पाठकों को सहयोग व शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए मॉडल पर बधाई दिया। कार्यक्रम के अंत में आज के इस कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक शाला सरगीपाल प्रथम स्थान व प्रा.शाला अपपुरडीहि द्वितीय स्थान पर रहा। इसी तरह माध्यमिक स्तर में मा.शाला पेण्ड्रावन प्रथम स्थान व मा.शाला पिटेचुवा दूसरे स्थान पर रहा। प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त शालाओं को संकुल पेण्ड्रावन की ओर से ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक ओमप्रकाश नेताम प्राथमिक शाला सरगीपाल द्वारा मुख्य अतिथियों व समस्त शाला के प्रधान पाठकों शिक्षक शिक्षिकाओं को आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी के रूप में ओमप्रकाश नेताम प्रधान अध्यापक प्रा.शाला सरगीपाल, दिनेश कुमार नागेश स.शिक्षक, दिनेश कुमार गर्ग शिक्षक मा.शाला पेण्ड्रावन, रोहित कुमार नवनियुक्त सहा.शिक्षक प्रा.शाला सरगीपाल व उद्घोषक के रुप में जगदीश साहू रहे।

भयमुक्त होकर करें मतदान, फ्लैग मार्च में अनुरोध

पुलिस व प्रशासन ने निर्भिक चुनाव का बनाया माहौल

दंतेवाड़ा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान 7 नवंबर को किया जाना है। इसे देखते विधानसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार व एसपी गौरव राय के निर्देशन में जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा संयुक्त रूप से आज दंतेवाड़ा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च में अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के. बर्मन एवं पुलिस तथा प्रशासन के अन्य अधिकारी के साथ थाना प्रभारी व सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। आम जनता को जागरूक एवं आदर्श आचार संहिता के पालन करने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से भयमुक्त वातावरण निर्मित कर आम मतदाता को स्वतंत्र व निर्भक होकर लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व को मनाने के लिए अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डालने के लिये आम जनता को प्रेरित किया गया। फ्लैग मार्च चुनाव प्रक्रिया को अधिक लोगों के लिये पहुंचाने व उन्हें भयमुक्त वातावरण प्रदान करने का प्रयास है, ताकि अधिक से अधिक लोग भयमुक्त व निष्पक्ष होकर मतदान कर सकें।

उल्टा पुल्टा

लड़की वाले - लड़का कितना कमाता है?
लड़के वाले - जी इतना कमा लेता है कि अपना चालान खुद भर सके।
लड़की वाले - तो फिर रिश्ता पक्का समझिए...!

जनघोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस-भाजपा में जुबानी जंग

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरु हो गई है इसके साथ ही भाजपा-कांग्रेस के साथ अन्य दलों ने कमर कस लिया है। सभी पार्टियां एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर अपनी जीत को सुनिश्चित करने प्रयासरत है। इस दौर के चलते भाजपा के जनघोषणा पत्र को लेकर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा अपने घोषणा पत्र को जहां सटीक बताकर जनकल्याणकारी होने का भरोसा दिला रही है। वहीं कांग्रेस इसे छछलावा बताकर जनता को ठगने का दस्तावेज बता रही है। आने वाले दिनों में जनता किस पर भरोसा करेगी यह परिणाम से ही पता चलेगा।

भाजपा के लिये घोषणा पत्र जनता को ठगने का दस्तावेज है : कांग्रेस

■ किस नैतिकता से भाजपा घोषणा पत्र के लिये सुझाव ले रही है?

भाजपा द्वारा अपने घोषणा पत्र के लिये पत्रकारों से सुझाव मांगने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि किस नैतिकता से भाजपा पत्रकार जैसी प्रबुद्ध बिरादरी से सुझाव मांग रही है। भारतीय जनता पार्टी के लिये घोषणा पत्र जनता को ठगने का दस्तावेज होता है।

भाजपा हर चुनाव के पहले घोषणा पत्र बनाती है जिसको संकल्प पत्र नाम देती है।लेकिन कभी घोषणा पत्र के वायदों को पूरा नहीं करती है। तीन बार 2003, 2008, 2013 के चुनाव में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में तीन चुनावों में 31 वायदे किये जिनमें 25 को पूरा नहीं किया। कांग्रेस और भाजपा में यही अंतर है।

हमारे लिये घोषणा पत्र वायदा निभाने का पवित्र दस्तावेज होता है।भाजपा के लिये यह एक चुनावी हथियार मात्र होता है। भाजपा के तीन बार के घोषणा पत्रों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है।

भाजपा ने तीन चुनावों में 2003, 08, 13 में 150 से अधिक वायदे किया था जिसमें से 30 प्रतिशत भी पूरा नहीं किया। कांग्रेस ने 5 सालों में 36 में से 34 वायदे पूरा किया।

संकल्प पत्र के नाम पर जनता को बार-बार ठगने वाली भाजपा एक बार फिर से जनता की आंखों में धूल झोंकने फिर से घोषणा पत्र बनाने की नौटंकी कर रही है। भाजपा के पुराने रिकार्ड बताते है कि उसके लिये घोषणा पत्र चुनावी सब्जबाग है। इसके विपरीत हमने 36 वायदे किये और 5 सालों में 36 में से 34 पूरा कर दिया। भाजपा कुछ भी कर ले जनता अब उनके बहकावे में नहीं आयेगी।

कांग्रेस की तरह झूठा नहीं सच्चा साबित होगा भाजपा का जनघोषणा पत्र : विजय

दो लाख लोगों ने दिया भाजपा को सुझाव

दुर्ग सांसद, पाटन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल ने घोषणा पत्र के संबंध में मीडिया से सुझाव प्राप्त करने से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि अभी तक भारतीय जनता पार्टी को दो लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हो चुके है। अभी भी सुझाव आ रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र कांग्रेस की तरह झूठा साबित नहीं होगा, इसमें किए गए सारे वादे पूरे किए जाएंगे।

श्री बघेल ने कहा कि 3 अगस्त को लॉच किए गए छत्तीसगढियों के मन की बात में 90 विधानसभा क्षेत्र से अभी तक दो लाख सुझाव प्राप्त हो चुके है और अभी तक सुझाव लगातार पार्टी के वॉट्सअप नंबर पर प्राप्त हो रहे है। पार्टी के कार्यकर्ता नीचे से ऊपर के सभी लोगों से सुझाव प्राप्त कर रही है और मीडिया के लोगो से सुझाव प्राप्त किया गया। जल्द ही भारतीय जनता पार्टी अपना जनघोषणा पत्र जारी करेगी जिसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने अपने जनघोषणा पत्र में किए वादों को पूरा नहीं लेकिन अभी अगर हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में दोबारा बनती है तो जितने भी वायदे जनता से किए जाएंगे वह भी पांच के अंदर पूरे किए जाएंगे।कांग्रेस की तरह हमारा वादा झूठा नहीं होगा।

उन्होंने बताया नीचे से लेकर ऊपर तक हर वर्ग से, ठेले वाले, नाई की दुकान, धोबी, छोटे दुकानदार से लेकर बड़े व्यापारी, गरीब, मजदूर, खिलाड़ियों, आदिवासी, दलित, पिछड़ी जति, महिला शक्ति, समाज प्रमुखों, बुद्धिजीवियों, कर्मचारी संगठनों, मंत्रालयीन कर्मचारी संगठनों के साथ ही बहुतायत जिलों में पत्रकारों से सुझाव लिए। ताकि भारतीय जनता पार्टी ऐसा घोषणा पत्र तैयार कर सके, जिससे अन्त्योदय का सपना पूरा हो सके। श्री बघेल ने कहा कि आज कांग्रेस सरकार में हर वर्ग प्रताड़ित है जिससे लोगों में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है

यह देखकर हमें प्रेरणा मिली। इसके पीछे कारण प्रदेश की भूपेश सरकार का पिछले पौने पांच साल का कार्यकाल है। इस अवसर पर भाजपा चुनाव मीडिया प्रभारी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, घोषणा पत्र समिति के सदस्य सचिव पंकज झा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल उपस्थित थे।

गंगाजल पर जीएसटी लगा ही नहीं है तो मुख्यमंत्री ने झूठ क्यों बोला ? : अरूण साव

■ गंगाजल पर जीएसटी के नाम पर झूठ व भ्रम फैलाने के लिए बघेल पर हमला

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व लोरमी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अरुण साव ने गंगाजल पर जीएसटी के नाम पर झूठ बोलकर भ्रम फैलाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जमकर हमला बोला है। श्री साव ने सवाल किया कि जब गंगाजल पर जीएसटी लगा ही नहीं है तो मुख्यमंत्री बघेल ने यह झूठ क्यों बोला ? सत्ता-लोलुपता में कांग्रेस और उसके मुख्यमंत्री आखिर और कितना झूठ बोलकर प्रदेश की जनता को बरगलाने का काम करेंगे ? यह झूठ कांग्रेस के राजनीतिक पतन और मुख्यमंत्री बघेल के मानसिक दीवालिएपन की पराकाष्ठा है। सीएम बघेल और कांग्रेस के मिथ्याचार के मनोरोग का इलाज प्रदेश की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर करेगी और छत्तीसगढ़ को कांग्रेस और झूठ शिरोमणि बघेल के झूठ से मुक्त प्रदेश बनाएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि भूपेश बघेल और कांग्रेस ने पहले गंगाजल की झूठी कसम खाई और अब गंगाजल पर जीएसटी के नाम से झूठ फैलाया। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मुख्यमंत्री बघेल को मिथ्या प्रलाप करने की बहुत बुरी लत लगी हुई है। भूपेश बघेल रोज नया झूठ बोलकर अपने ही झूठ की होड़ में खुद तो लगे ही हैं, कांग्रेस के बाकी नेताओं को भी उन्होंने झूठ फैलाने के धत्कर्म में जुटा दिया है। श्री साव ने कहा कि गंगाजल हाथ में लेकर सौगंध खाने के बाद पिछले चुनाव में किए गए वादे भूपेश सरकार ने पूरे नहीं किए। झूठ बोलकर, वादाखिलाफी कर, प्रदेश के हर वर्ग के साथ धोखाधड़ी और छलावा करके गंगाजल की पवित्रता को मुख्यमंत्री बघेल बार-बार न केवल चुनौती दे रहे हैं अपितु लगातार झूठ बोलने का काम भी कर रहे हैं। इससे यह पता चलता है कि भूपेश बघेल और कांग्रेस की न सनातन के प्रति श्रद्धा है और न ही गंगाजल के प्रति।

प्रचार में जुटे मूणत, आम जनता के बीच जाकर कर रहे संवाद

- भाजपा की बैठकों में कार्यकर्ताओं के साथ हिस्सा ले रहे आम नागरिक
- महिला मतदाताओं में दिख रहा है कांग्रेस के प्रति जबरदस्त आक्रोश
- मूणत अब तक ले चुके हैं 16 वार्डों में बैठक

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। पश्चिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी और पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेश मूणत का धुआंधार चुनाव प्रचार अभियान जारी है। शुक्रवार को उन्होंने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान 7 बैठके भी ली। मूणत ने बैठकों के माध्यम से आम जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। विशेष बात यह रही कि इस दौरान उन्होंने महिला मतदाताओं के साथ मुलाकात करके कांग्रेस सरकार की विफलताओं पर उनके विचार भी सुने।

शुक्रवार को हुई बैठकों की शुरुआत सुबह 11 बजे श्री राजेश मूणत के निवास कार्यालय से हुई, जहाँ उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान श्री मूणत ने महिलाओ को बताया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बढे अपराध और शराबबंदी का झूठा वादा महिलाओं के लिए प्रमुख मुद्दा होंगे। उन्होने बैठक में निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा के पक्ष में प्रचार के लिए खुद को व्यस्त कर लेना चाहिए।

राजेश मूणत ने इसके बाद क्रमश: शहीद चूड़ामड़ी वार्ड, स्वामी आत्मानंद वार्ड, शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड, वीर सावरकर वार्ड और तात्यापारा वार्ड में जनसभा की। श्री राजेश मूणत ने बताया कि वह अब तक रायपुर पश्चिम विधानसभा के कुल 20 वार्डो में से 16 वार्डो में कार्यकर्ताओं और आमजनो के बीच जाकर बैठक कर चुके है। उन्होंने बताया कि भाजपा की इन बैठकों में महिलाये बड़ी संख्या में पहुंच रही है। सभी का कहना है कि कांग्रेस की सरकार आने के बाद से उनके क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में इजाफा हुआ है। जुआ, नशाखोरी, अवैध शराब की बिक्री, चाकूबाजी और छेडछाड की घटनाये बढ़ी हैं।

राजेश मूणत ने बताया कि जहां जा रहे हैं, लोग कह रहे है कि कांग्रेस ने रायपुर की सड़कों को बर्बाद करके उसे खोदपुर बना दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वह आमजनो की भावनाओं के अनुरूप कार्य करेंगे और रायपुर पश्चिम विधानसभा एक बार फिर शांति, खुशहाली और विकास कार्यों को बहाल करेंगे।

रमन के सामने कौन, सूची से हो जाएगा खुलासा : भूपेश

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ। रमन सिंह को एक बार फिर राजनांदगांव से चुनाव मैदान में उतारा है। इस हाई प्रोफाइल सीट पर कांग्रेस से मजबूत उम्मीदवार उतारने को लेकर किए गए सवाल पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पार्टी अपनी रणनीति का खुलासा लिस्ट जारी करने के साथ करती है। कल नवरात्र पर कांग्रेस की पहली सूची आएगी, पता चलेगा कि रमन सिंह के सामने कौन है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तीन विधानसभा के संकल्प शिविर के लिए रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में सांसद रविशंकर प्रसाद के अजीत जोगी से उनकी (मुख्यमंत्री) की तुलना करने पर कहा कि रविशंकर प्रसाद वकील है, वो तर्क-वितर्क करते रहते हैं। जिस जोगी के भरोसे भाजपा 3 बार सत्ता में आई, उससे हम तुलना नहीं कर सकते। जोगी को जैसे ही बाहर किए कांग्रेस सत्ता में आई।

झीरम पर उठे सवाल का दिया जवाब

वहीं झीरम को लेकर भाजपा के आक्षेप पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह कोर्ट क्यों जाते हैं ? रोकते क्यों हैं ? हम जांच करना चाहते हैं, वह जांच क्यों नहीं कर रहे हैं। गणपति और रमन्ना का नाम एफआईआर में दर्ज है, उसे एनआईए ने कैसे हटाया। उनसे पूछताछ क्यों नहीं की। भाजपा से पूछता हूं कि क्या उन्होंने सरेंडर किया। उनके परिवार वालों को केंद्र सरकार ने क्या लाभ दिया है। दिया भी है की नहीं यह बताएं। भाजपा की नक्सलियों के साथ साठगांठ है, यह उजागर होता है।

जोगी की सिक्योरिटी की बताई क्रोनोलॉजी

छोटे दलों को सिक्योरिटी देने की बात पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि क्रोनोलॉजी समझना पड़ेगा। एक ओर अमित जोगी केस लगाते हैं, दूसरी ओर उन्हें सुरक्षा दी जाती है। बसपा और गोंडवाना ने गठबंधन कर लिया है। बसपा भाजपा की गोद में बैठी है। आम आदमी पार्टी लगी है कि कैसे कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया जाए। सभी तरह की कोशिशें हो रही है। छत्तीसगढ़ की जनता समझदार है।

भाजपा का चल रहा षड़यंत्र

भाजपा नेता के यहां खेले जा रहे जुआ को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा केंद्र में बैठी है, और महादेव एप पर प्रतिबंध लगा सकती है। पर न गिरफ्तारी हो रही, ना ये एप बंद हो रहा है। पूरे देश को नई पीढ़ी को जुआ में झोंक देना चाहते हैं। देश को बर्बाद करने का भाजपा का षड्यंत्र चल रहा है।

निर्वाचन के दौरान कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय ना छोड़े : कलेक्टर

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज अभनपुर विधानसभा के अभनपुर नगर पालिका और गोबरा-नवापारा क्षेत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य सबसे महत्वपूर्ण है। इस दौरान कोई अधिकारी-कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय ना छोडे निरंतर संपर्क मे रहें और अपने मोबाईल फोन हमेशा ऑन रखें। सभी अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्ष होकर समर्पित भाव से कर्तव्यों का निर्वहन करें। राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी समन्वय बना कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि एक कंट्रोल स्थापित करें इसका नंबर जारी करें। इस कंट्रोल रूम में अगल-अलग शिफ्टो में कर्मचारियों की डयूटी लगाएं। कोई भी शिकायत आने पर त्वरित निराकरण करने का प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि चेकपोस्ट लगाकर सघन चेंकिन अभियान चलाएं। जिन मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग होनी है, वहां पर इंटरनेट कनेक्टिविटी का परिक्षण कर लें। सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधा मुहैया कराएं। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अभनपुर में 240 मतदान केन्द्र है, जिसमें 120 में वेबकास्टिंग होगी। 10 संगवारी मतदान केन्द्र है। सभी मतदान केन्द्र में मूलभूत सुविधा मुहैया कराई जा रही है। पुलिस द्वारा निरंतर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। बैठक मे एडिशनल एसपी ग्रामीण नीरज चंद्राकर, एसडीएम जगन्नाथ वर्मा सहित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

अग्रसेन जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। महाराजा अग्रसेन की 5177 वी जयंती पर कल15 अक्टूबर रविवार को सुबह 10.30 भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पहले सुबह 9.30 अग्रसेन भवन में महाराज अग्रसेन की पूजा आरती होगी ।अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल प्रचार प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल प्रमोद जैन ने बताया शोभायात्रा अग्रसेन भवन जवाहर नगर से शुरू होकर रामसागरपारा राठौर चौक गंज पारा तेलघानी नाका चौक भैस्थान रोड अग्रसेन चौक समता कालोनी होते हुए श्याम मंदिर चौबे कालोनी मैं समाप्त होगी ।शोभा यात्रा में अग्रवाल सभा के झांकी के साथ ही 19 मोहल्ला समितियों की झांकी भी बैंड बाजे के साथ चलेगी।

शाम को अग्रसेन जयंती के समापन के अवसर पर कार्यकर्म में अतिथि के रूप में रविकांत गर्ग मथुरा राष्टीय अध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सुशील सराफ उपस्थिति रहेंगे । जिसमें कार्यक्रम के समस्त प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा ।साथ ही 19 मोहल्ला समितियों को सम्मानित किया जाएगा। म्यूजिकल नाइट का भी आयोजन किया गया है जिसमे बालीवुड सिंगर मेहुल जैन प्रस्तुति देंगे। अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती के मुख्य कार्यक्रम के पांचवे दिन बुजुर्गो की चौपाल अग्र बाइक कार रैली मेडिकल कैंप अग्रसेन कार्निवल का आयोजन किया गया ।आज अग्रवाल युवा मंडल द्वारा बुजुर्ग खुश होंगे तो समाज महकेगा के भावना को सर्व समाज तक पहुंचाने के इरादे से मैक कॉलेज समता कालोनी से अग्र रैली बाइक एवम कार द्वारा निकाली गई। जिसका समापन अग्रसेन धाम में हुआ। जिसमे अग्रवाल सभा महिला मंडल युवा मंडल युवती मंडल के साथ बड़ी संख्या मैं अग्र बंधु शरीक हुए । अग्र रैली के तुरंत बाद अग्रसेन कार्निवल का उद्धघाटन हुआ। अग्रसेन कार्निवल में बुजुर्गो की चौपाल जिसमे अनेक प्रकार के गेम जैसे कैरम लूडो चैनेश चेकर कार्ड आदि रखे गए थे।

कांग्रेस का छत्तीसगढ़ का एटीएम बंद होगा तो आकाओं ने अब कर्नाटक को बनाया एटीएम

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव मीडिया प्रमुख व उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री व वर्तमान में विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह ने कर्नाटक में कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं के करीबी के यहाँ से इनकम टैक्स के छापे में करोड़ों रुपये कैश बरामद होने पर कहा है कि कांग्रेस प्रथम परिवार को पता है की छत्तीसगढ़ में जनता इस बार भाजपा को चुन रही है और छत्तीसगढ़ में जो एटीएम चल रहा था वो 3 दिसंबर से बंद होगा इसीलिए अब कांग्रेस ने कर्नाटक को एटीएम बनाया है ।

इससे आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कही वह बात सौ फीसदी सच साबित हुई कि कांग्रेस आएगी तो दिल्ली में बैठे अपने आकाओं के आदेश पर प्रदेश को अपने भ्रष्टाचार का एटीएम बना कर गरीबों की गाढ़ी कमाई लूटेगी। श्री सिंह ने कहा कि जिन-जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें बनी हैं, वहां वह ऐसा ही कर रही है। कर्नाटक इसका ताजा उदाहरण है जहाँ कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं के करीबी के यहाँ से इनकम टैक्स के छापे में करोड़ों रुपये कैश बरामद हुए हैं जिसका इस्तेमाल कांग्रेस तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के चुनावों में करने वाली थी। भाजपा चुनाव मीडिया प्रमुख व विधायक श्री सिंह ने कहा कि इनकम टैक्स ने गुरुवार की आधी रात को आरटी नगर में अश्वत्थामा, उनके पति आर अंबिकापति, उनकी बेटी और अश्वत्थम्मा के बहनोई प्रदीप के घर पर इनकम टैक्स अधिकारियों ने छापेमारी की थी।

इस छापे के दौरान 500-500 रुपये की करेंसी के रूप में करीब 42 करोड़ रुपये बरामद हुए। श्री सिंह ने कहा कि यहाँ ध्यान देने वाली बात है कि कांग्रेस के बड़े नेताओं के कहने पर जिस अंबिकापति ने कर्नाटक में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार पर 40 प्रतिशत कमीशन का झूठा आरोप लगाया था, जो कांग्रेस की सरकार बनने के बावजूद सिद्ध न हो सका; उसी अंबिकापति के घर से कांग्रेस के कमीशन का पैसा बरामद हुआ है। कांग्रेस जब भी किसी राज्य में चुनाव जीतती है तो एक परिवार के इशारे पर उस राज्य का दोहन करने में लग जाती है और वहां के गरीबों की कमाई लूटकर एक दरबार में पहुंचाती है। हमने छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी यही देखा है। थोड़े दिनों के लिए मध्य प्रदेश में भी कमलनाथ की करप्शन नाथ सरकार आई थी। तब भी हमने ऐसा ही खेल मध्यप्रदेश में देखा था।

जहां जहां कांग्रेस सरकार वहां केवल लूट ही लूट : सिद्धार्थनाथ सिंह

भाजपा चुनाव मीडिया प्रमुख व विधायक श्री सिंह ने शनिवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से दिल्ली में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर कांग्रेस कर्नाटक में लूट का उद्योग चला रही है और राज्य को खोखला कर रही है; उसी तरह, यदि गलती से भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आती है तो यहाँ भी वह लूटपाट ही करेगी और गरीबों की गाढ़ी कमाई लूटकर दिल्ली के एक दरबार में चढ़ावा चढ़ाएगी। श्री सिंह ने कहा कि झारखंड में भी कांग्रेस के समर्थन से चलने वाली सरकार के मुख्यमंत्री का भ्रष्टाचार सामने आया है। छत्तीसगढ़ में तो गाय के गोबर का भी घोटाला हो गया। शराब घोटाला, महादेव ऐप घोटाला, खनन घोटाला न जाने कितने घोटाले हो गए! राजस्थान में तो च्लाल डायरीज ने अशोक गहलोत की नींद उड़ा रखी है। महाराष्ट्र में जब इनकी महाआघाडी सरकार थी, तब सरकार ही उगाही में व्यस्त थी। अब कर्नाटक में लूट का खुला खेल हो रहा है।

भाजपा चुनाव मीडिया प्रमुख व विधायक श्री सिंह ने कहा कि कर्नाटक में बरामद राशि का इस्तेमाल तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में किए जाने की जानकारी सामने आई है। अम्बिकापति कांग्रेस के काफी नजदीक हैं, इन्हें कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं का आशीर्वाद प्राप्त है। बताया जा रहा है कि छापे में बरामद की गई रकम को बेंगलुरु से चेन्नई होते हुए हैदराबाद भेजा जाना था और कथित तौर पर आईटी को इस अवैध ट्रांजेक्शन की सूचना मिली थी। श्री सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि आर अंबिकापति बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हैं। इनकी पत्नी अश्वत्थम्मा, पूर्व कांग्रेस विधायक अखंड श्रीनिवास मूर्ति की बड़ी बहन हैं।

कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

आरोपी के कब्जे से 1 नग कट्टा व 2 नग जिंदा कारतूस जप्त

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से पिस्टल व कट्टा रखकर घूमने वालों तथा इसकी अवैध तरीके से खरीदी.बिक्री करने वालों के संबंध में जानकारी एकत्र कर तस्दीक किया जाकर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने व कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा कार्य योजना तैयार कर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु अपने.अपने थाना क्षेत्र में मुखबीर लगाने के साथ ही पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है।

एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गुढ़ियारी क्षेत्रांतर्गत जनता कॉलोनी स्थित काली मंदिर के पास एक व्यक्ति अपने पास कट्टा रखा है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटलेए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध पिताम्बर पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक उरला अविनाश मिश्रा द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गुढ़ियारी को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को कट्टा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गुढ़ियारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम गोपाल ओझा निवासी गुढ़ियारी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा गोपाल ओझा की तलाशी लेने पर उसके पास कट्टा एवं जिन्दा कारतूस रखा होना पाया। पूछताछ में आरोपी द्वारा कट्टा को छपरा बिहार से लाना बताया गया है। जिस पर आरोपी गोपाल ओझा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 01 नग कट्टा एवं 02 नग जिन्दा कारतूस जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गुढ़ियारी में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। आरोपी गोपाल ओझा पूर्व में भी हत्या के प्रयास के प्रकरण में थाना गुढ़ियारी से जेल निरूद्ध रह चुका है।

महादेव घाट में पितृ मोक्ष तर्पण कार्यक्रम

रायपुर, 14 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा कराया गया तर्पण' तर्पण के लिए श्राद्ध पक्ष का विशेष महत्व है। सोलह श्राद्ध में विद्वानों के सान्निध्य में नि:शुल्क सामूहिक तर्पण का आयोजन प्रांतीय अंखड ब्राह्मण समाज के द्वारा पितृ मोक्ष तर्पण कार्यक्रम महादेव घाट में सम्पन्न हुआ जिसमें सैकड़ो की संख्या में शहरवासी तर्पण में भाग लिए। श्राद्ध का वैज्ञानिक पक्ष एवम् महत्व बताते धर्म शास्त्रीय विषयों के प्रमुख एवम बिरगांव ईकाई विप्र प्रकोष्ठ के ब्लाक अध्यक्ष आचार्य पंडित हेमलाल शर्मा ने कहा कि सोलह श्राद्ध में पितृ गण पितृ लोक से मनुष्य लोक में वायव्य गति से आते है और देखते है कि उनके परिजन उनकी मृत्यु तिथि पर श्राद्ध कर्म कर रहे है अथवा नहींएजो श्राद्ध कर्म करते है उन्हे वे सुखसमृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते है तथा जो श्राद्धए तर्पण आदि नही करते है उन्हे वे श्राप देकर पुन: पितृ लोक को लौट जाते है। पं गौरव दुबे ने बताया की पूर्व में पितृ दोष की हालत निर्मित हुई थी। सामूहिक तर्पण का उद्देश्य ही पितृ दोष काल सर्प दोषए ग्रहण दोष मातृ दोष में तर्पण एवम श्राद्ध कर्म की शांति करवाना मुख्य भूमिका है। जहां इस प्रकार के सामूहिक आयोजन होते है वहा का वास्तु दोष स्वत: ही दूर हो जाता है। प्रांतीय अंखड ब्राह्मण समाज के संरक्षण में आयोजित पितृ तर्पण के इस अनुष्ठान के बारे में प्रदेशाध्यक्ष भारती किरण शर्मा ने बताया कि विगत 7 वर्ष से नि: शुल्क सामूहिक तर्पण कार्यक्रम का आयोजन यहाँ किया जा रहा है पं मेघराज तिवारी के निर्देशन में विद्वत ब्राह्मणों द्वारा उक्त कार्यक्रम को विधि विधान के साथ संपन्न कराया जा रहा है आज 14 अक्टूबर को महादेव घाट में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पंडित ईश्वर तिवारी ने बताया कि यहां पर कोई भी व्यक्ति अपने पितरों के निमित आकर इस पूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान कर सकता है। विप्र प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुर्यनंद महराज ने बताया कि समाज के तरफसे सर्व पितृअमावस्या पर तर्पण,हवन,पूजन एवम महाप्रसाद की विशेष व्यवस्था रहती है।

रवि किशोर अग्रवाल को पीएचडी

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी, रायपुर द्वारा श्री रवि किशोर अग्रवाल के शोध कार्यों को मान्यता प्रदान करते हुए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी एच डी) की उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ रवि के सुपरवाइजर डॉ निकिता ढोलकिया जी है। शोध का विषय "The Comparative Study of Job Satisfaction Between Government and Non Pharmacists With Special Reference to Chhattisgarh" था।

भाजपा प्रदेश कार्यालय के सामने डटे जनजातीय समाज के लोग, प्रत्याशी बदलने की कर रहे हैं मांग

रायपुर, 14 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से जशपुर विधानसभा के लिए तय प्रत्याशी का विरोध शुरू हो गया है जिले से सैकड़ों की संख्या में रायपुर पहुंचे आदिवासी समाज के लोग भाजपा प्रदेश कार्यालय के सामने धरने पर बैठे है भारतीय जनता पार्टी ने रायमुनि भगत को प्रत्याशी बनाया है जिले का जनजातीय समाज रायमुनि को टिकट दिए जाने का विरोध करते हुए पूर्व मंत्री व जनजातीय सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेशराम भगत को टिकट देने की मांग कर रहा है इसके लिए खाने.पीने की सामग्री के साथ समाज के महिला.पुरुष रायपुर पहुंचे ह भाजपा कार्यालय के सामने नगाड़ा बजाकर जोर.शोर से अपनी मांग रख रहे समाज के लोगों को रोकने के लिए प्रदेश भाजपा कार्यालय में पुलिस बल तैनात किया है।

शांति सरोवर व नवा रायपुर में आज से सजेगी नौ देवियों की चैतन्य झांकी

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवरात्रि पर विधानसभा मार्ग पर स्थित शान्ति सरोवर एवं नवा रायपुर के सेक्टर.20 में 15 से 24 अक्टूबर तक देवियों की चैतन्य झाँकी सजायी जा रही है। इसमें भक्तजन प्रतिदिन शाम को 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक चैतन्य देवियों का दर्शन कर सकेंगे। ब्रह्माकुमारी संस्थान की रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार झाँकी में संगीतमय कमेन्ट्री के माध्यम से विशाल मंच पर विराजित शिवशक्तियों माँ दुर्गा,लक्ष्मी सरस्वती काली और गायत्री देवी आदि की महिमा का लाइट एण्ड साउण्ड के माध्यम से प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

उल्लेखनीय है कि ब्रह्माकुमारी बहनें जब चैतन्य देवियों के रूप में विराजित होती हैं तो वह सजीव होते हुए भी अचल और अडोल मूर्तियों के समान प्रतीत होती हैं। राजयोग की सतत् साधना और गहन तपस्या के फलस्वरूप मन की एकाग्रता एवं शारीरिक स्थिरता को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। कुछ पल उस वातावरण में बैठने से दर्शकों को उनके द्वारा प्रवाहित शान्ति और शक्ति के प्रकम्पनों की अलौकिक अनुभूति होती है। इस अवसर पर जीवन में सच्ची सुख और शान्ति का अनुभव करने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान के शान्ति सरोवर एवं चौबे कालोनी स्थित सेवाकेन्द्रों पर 25 अक्टूबर से सात दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर का निशुल्क आयोजन किया गया है। इस शिविर में भाग लेने के लिए सुबह 7 से 8.30 अथवा शाम को 7 से 8.30 बजे में से किसी भी एक सत्र में भाग लेकर लाभ उठाया जा सकता है।

दुर्गा पंडालों में प्रत्याशी नहीं कर पाएंगे चुनावी प्रचार

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रशासन ने 15 से शुरू हो रहे नवरात्र पर्व के संबंध में समस्त डीजे.धुमाल संचालको, गरबा आयोजकों एवं दुर्गा समितियों के सदस्यों की बैठक ली। एएसपी लखन पटले ने बैठक में कहा कि विधानसभा चुनाव की आचार संहिता को देखते हुए पंडालों में किसी प्रकार का चुनावी प्रचार.प्रसार नहीं किया जाएगा। अनाधृकित एवं असामाजिक तत्वों से बचाव के लिए यथा संभव पंडाल में कैमरा लगाने का सुझाव समितियों को दिया गया। पंडाल का निर्माण सार्वजनिक स्थलए रोड को घेरकर नहीं किया जाएगा। धीमे आवाज में सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक डीजे माइक लाउड स्पीकर का उपयोग किया जा सकता है परन्तु रात 10 बजे के बाद उपयोग करने पर कार्रवाई होगी। सार्वजनिक स्थल पर तेज आवाज में डीजे एवं धुमाल जैसे ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करते पाए जाने पर जब्ती एवं राजसात किया जाएगा।

रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर रोक

गरबा व दुर्गा पंडालों में बजेंगे धार्मिक गाने

दुर्गा मूर्ति विसर्जन की अनुमति सिर्फ दशहरा एवं दशहरा के अगले दिवस तक होगी। रासगरबा एवं डांडिया जैसे आयोजनों में पास के माध्यम से केवल परिवार के साथ जाने वाले अथवा कपल को ही प्रवेश दिया जाए। साथ ही आयोजन स्थल में पर्याप्त वालेंटियर की व्यवस्था रखें। रासगरबा एवं डांडिया जैसे आयोजनों तथा दुर्गा माता के पंडालों में केवल धार्मिक गाने बजाने की अनुमति होगी।

ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति

मूर्ति आगमन स्थापना और विसर्जन के दौरान न्यायालय तथा शासन के निर्देशानुसार केवल ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति होगी। आयोजन स्थल में विद्युत विभाग से अस्थायी कनेक्शन लेना होगा। नवरात्र के दौरान सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही असामाजिक तत्वों अथवा अस्त्र.शस्त्र का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों की जानकारी संबंधित थानों में देने अपील की गई।

निधन

कविनाथ सोनवानी

गरियाबंद, 14 अक्टूबर। नगर के वार्ड क्र. 2 निवासी कविनाथ सोनवानी उम्र 76 वर्ष अध्यक्ष सीजी पेंशनर समाज गरियाबंद का शनिवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे पत्रकार व भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी के पिता थे। उनके निधन पर नगर के गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्धजनों सहित आंचलिक पत्रकार संघ व पेंशनर समाज ने गहरा शोक व्यक्त किया हैं। शनिवार दोपहर स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



तुलसीराम वर्मा

अमेरा/बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर। ग्राम कोसमंदी निवासी तुलसीराम वर्मा का निधन गत दिनों हो गया है। उनके अंतिम संस्कार में परिजन, आत्मीयजन, ग्रामवासी शामिल हुए। वे बालकृष्ण वर्मा, रामेश्वर वर्मा, सेवक वर्मा के पिता थे।



असामाजिक तत्वों के खिलाफ युवाओं के मुहिम को हरी झंडी

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रामीण व्यवस्था चरमराने से असामाजिक तत्वों के हावी होने से आक्रोशित ग्राम खौली के युवाओं द्वारा शुरू किये गये मुहिम को ग्रामीणों का भरपूर आशीर्वाद मिला। आहूत बैठक में ग्रामीणों ने जहां ग्रामहित में अभियान को हरी झंडी दिखाई वहीं खरोरा थाना प्रभारी के के कुशवाहा ने असामाजिक तत्वों की किसी भी हालत में न बख्शने का आश्वासन दिया और पुलिसिया दबिश में एक शराब कोचिया 37 वर्षीय गौतम चंद्राकर को 39 पौव्वा शराब के साथ धर दबोच अदालती आदेश पर जेल भिजवाने की भी जानकारी दी। ज्ञातव्य हो कि लगभग 4000 की आबादी वाले ग्राम खौली में ग्राम प्रमुखों के बीच आपसी खींचातानी के चलते लडखड़ाये ग्रामीण व्यवस्था की वजह से मुटठीभर असमाजिक तत्व हावी हो चले हैं। ग्राम में अघोषित। जहां माहौल है वहीं गांजा बिक्री की भी शिकायत है। ग्राम में दिनोदिन व्याप्त हो रहे अशांति व ग्राम प्रमुखों की उदासीनता से आक्रोशित युवाओं ने इसके खिलाफमुहिम छेडने का निर्णय ले बीते 4.5 दिन से घर . घर जा ग्रामवासियों से रायशुमारी कर रहे थे। सकारात्मक संदेश मिलने से उत्साहित युवाओं ने बीते शुक्रवार को ग्राम प्रमुखों सहित महिलाओं की बैठक सार्वजनिक रूप से आशीर्वाद लेने आहूत की थी। बैठक को संबोधित करते हुये क्षेत्रीय जनपद सदस्य संजय शर्मा ने शराब के दुष्परिणामो को देखते हुये न चेतने पर भारी कीमत चुकाने के प्रति आगाह किया और युवाओं को संबल प्रदान करने का आग्रह किया। क्षेत्र में शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने कभी कसे हुये ग्रामीण व्यवस्था के लिये विख्यात खौली के इतिहास का स्मरण करते हुये कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवाओं का पहल स्वागतेय है। खौलीवासियो से युवाओं के इस पहल को आशीर्वाद देने के साथ . साथ सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। इस अवसर पर पहुंचे थाना प्रभारी श्री कुशवाहा ने असामाजिक गतिविधियों में लिप्त तत्वों को किसी भी हालत में न बख्शने का आश्वासन देते हुये एक शराब कोचिया को धर दबोच जेल दाखिला करने की जानकारी दी व लिप्त अन्य तत्वों को भी देर सबेर न बख्शने का आश्वासन दिया। मौजूद ग्राम प्रमुखों ने युवाओं के पहल की प्रशंसा कर अपना सक्रिय व पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों ने पुलिसिया दबिश भी

गोदाम से लोहे के सामान की चोरी, 6 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने गोदाम में हुई चोरी के मामले को सुलझा लिया है प्रार्थी थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके सरोरा स्थित जगदम्बा प्लास्टोकम गोदाम में रखा लोहे का 4म2 का चैनल 7 नग, छोटा टुकडा 4 नग,1 नग लोहे का गार्डर 3 फीट का एवं लोहे का 04 नग एंगल कुल कीमती 10,000 रूपये को किसी अज्ञात चोर द्वारा दीवाल फांदकर अनाधिकृत रूप से गोदाम में प्रवेश कर मशरूका चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायमकर माल.मुल्जिम पता तलाश में लिया गया।

विवेचना पतातलाश के दौरान 6 संदिग्ध व्यक्ति ग्राम सरोरा के कोलम्मा डबरी तालाब के पास लुक छिपकर बैठे थे जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़कर पूछताछ करने पर सही सही जवाब नहीं देने से पूछताछ हेतु थाना लेकर आया जिससे थाना में हिकमत अमली से पूछताछ करने पर संदिग्धो द्वारा जुर्म स्वीकार मेमो कथन लेखबद्ध कर आरोपियो के मेमो0 कथन के आधार पर चोरी गये माल को आरोपीगण के द्वारा कोलम्मा डबरी तालाब के पास मेढ़ के नीचे झाड़ी से निकालकर पेश करने पर संयुक्त कब्जे से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर प्रकरण में वजाफ्ता शुमार किया गया ,अपराध सबूत पाये जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया।

होटल के बंद कमरे में युवक-युवती से मारपीट

लड़की को कमरे में बंदकर लड़के से मांगे 50 हजार, मामला दर्ज

रायपुर, 14 अक्टूबर। राजधानी में एक बार फिर शराब के नशे में युवक युवतियों द्वारा मारपीट कर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने एक युवक और युवती के साथ होटल रूम में बंद कर चाकू की नोंक पर उनके साथ मारपीट की और युवती को कमरे में बंद कर छोड़ने के बदले युवक से 50 हजार रुपए की मांगे। बाद में युवक के भाई के आने पर आरोपी वहां से भाग निकले। तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित होटल शीतल में दोस्त से मिलने पहुंचे युवक युवती को दूसरे कमरे में शराब और गांजा के नशे में धुत्त बर्थडे पार्टी मना रहे युवक युवतियों की गैंग ने जानलेवा हमला कर मारपीट की है। आरोपियों ने चाकू की नोक पर प्रार्थी हर्ष पंजवानी और उसकी मित्र को कमरे में ले गए और दोनो के साथ मारपीट शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक प्रार्थी अपने मित्र के साथ उसे होटल में रुके दोस्त निश्चय पाठक से मिलने होटल पहुंचे थे। मिलने के बाद वापस घर जाने के दौरान पार्टी कर रहे एक युवक ने उन्हें रुकवा लिया प्रार्थी उसे पहचानता था इसलिए रुक गया। तभी दूसरा युवक वहां आया और उसे थप्पड़ मार दिया। गुस्से में आकर युवक ने पहले अपने सर पर बीयर बोतल फोड़ ली उसके बाद उन्हे घसीट कर कमरे में ले गया। कमरे में युवक के सर पर भी दो बार बीयर बोतल फोड़ी। फिर लड़की को कमरे में बंद कर पैसे की मांग करने लगे। प्रार्थी ने अपने भाई को कॉल कर पैसे लेकर आने बोलाए बाद में आरोपी पीड़ित के भाई के आने पर वहां से भाग निकले। जिसके बाद पीड़ित के बड़े भाई ने सुबह 5 बजे लड़की को होटल रूम से बाहर निकाला। अब इस मामले में तेलीबांधा थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

भारत की जीत पर रायपुर में क्रिकेट प्रेमियों ने फोड़े पटाखे

रायपुर, 14 अक्टूबर। वर्ल्ड कप में भारत ने आज पाकिस्तान को 8वीं बार हराया रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने अर्धशतकीय पारी खेलकर भारत को 7 विकेट से जीत दिलाई छत्तीसगढ़ में क्रिकेट प्रेमियों ने टीम इंडिया की जीत का जश्न मनाया रायपुर में भी भारत की जीत का जबरदस्त माहौल है संतोषी नगर के दशहरा मैदान में फैन पार्क बनाया गया था जहां बड़े.बड़े एलईडी पर शहरवासियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच मैच का लाइव प्रसारण देखा भारत की जीत पर क्रिकेट प्रेमियों ने पटाखे फोड़कर खुशी मनाई वहीं डीजे की धुन पर नाचते रहे इस दौरान कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव माहितोष साहू आकाश शर्मा समेत कई युवा मौजूद रहे बिलासपुर में भी युवाओं ने भारत की जीत का जश्न मनाया टॉस जीतकर भारत ने बॉलिंग का फैसला लिया था पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 43वें ओवर में 191 रन पर ढेर हो गई लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की टीम ने 31वें ओवर में ही जीत हासिल कर ली भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन रोहित शर्मा ने बनाए 10वें ओवर में रोहित शर्मा 86 रन बनाकर शाहीन की बॉल पर कैच आउट हुए ये उनके करियर की 53वीं हाफसेंचुरी रही।

डीजे की धुन पर थिरके युवा

गांजा ब्रिकी का प्रयास अंतर्राज्यीय आरोपी पकड़ाया

रायपुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत डीकेएस अस्पताल के पीछे एक व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर भारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गोलबाजार को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम हरिश विश्वकर्मा निवासी महाराष्ट्र होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर पिट्ठू बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी हरिश विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 3 किलो 400 ग्राम गांजा कीमती लगभग 15,500 रूपये जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना गोलबाजार में धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

क्वांर नवरात्र और अग्रसेन जयंती की हार्दिक बधाई

शाश्वत हॉस्पीटल

घुटने का प्रत्यारोपण (Knee Replacement)

आधुनिक तकनीक द्वारा सर्वाधिक कम मूल्य में...

जोड़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ :

एक्सीडेन्ट एवं फ्रेक्चर का ईलाज।

सभी प्रकार के ऑपरेशन (जनरल सर्जरी) की सुविधा।

• प्रसूति, स्त्री रोग विशेषज्ञ

• निःसंतान रोग विशेषज्ञ

ललिता चौक, बढ़ईपारा, रायपुर (छ.ग.)

फोन : 9302313631, 0771-4009986

Sintex

SINTEX DOORS · WPS DOOR FRAMES · WPC DOORS · UPVC WINDOWS

WPC Door Frames

PESH ENTERPRISES

Mandi Road, Devendra Nagar Raipur (C.G.)

rituraj1961@gmail.com peshenterprises.com 9827142444, 9926642444

भगवान अग्रसेन जयंती की हार्दिक बधाई...

Dr. KEDAR AGRAWAL

M.S. (Ortho.)

I.G.O.F. (GERMANY, ENGLAND)

Bone Specialist & Hand Surgeon

AGRASEN HOSPITAL ORTHOPAEDIC

Opp. Krishna Talkies, Ramnath Bhimsen Bhawan Road, Samta Colony, RAIPUR (C.G.) Ph. 0771-2533535,2211810

Mob. 98271-21555, E-mail : dr_kedar@yahoo.com

देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल एवं मातृत्व फर्टिलिटी सेन्टर

सर्जिकल, प्रसूति, इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी सेंटर

सुविधाएं

- अण्डाणु को निकालने एवं भ्रूण के प्रत्यारोपण हेतु पृथक ऑपरेशन थियेटर
- आईवीएफ हेतु पृथक ऑपरेशन थियेटर
- उच्च क्वालिटी के अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित शुक्राणु बैंक व भ्रूण बैंक की सुविधा
- जटिल प्रसूति एवं ऑपरेशन बारम्बार गर्भपात का ईलाज
- 3-डी कलर डॉप्लर एवं अल्ट्रासोनोग्राफी
- आधुनिक उपकरणों द्वारा दर्द रहित प्रसव एवं सिजेरियन
- दूरबीन द्वारा गर्भाशय की जांच हिस्ट्रोस्कोपिक
- इनहाउस एम्ब्रियोलॉजिस्ट की सुविधा उपलब्ध
- 24 घंटे डिलीवरी एवं आपात चिकित्सा सुविधा

निःसंतान दंपत्ति के लिए वरदान

विख्यात विशेषज्ञों की टीम द्वारा मातृत्व फर्टिलिटी में सुविधाएं

* सम्पूर्ण स्त्री बांझपन की जांच व इलाज * विश्वस्तरीय मानक कल्चर प्रयोगशाला * सहायक प्रजनन तकनीक (A.R.T.) * कृत्रिम गर्भाधारण (IUI) * आई.वी.एफ. टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) * शुक्राणु निकालने की विभिन्न विधियां (TESA, PESA, MESA) * फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर (F.E.T.) * एंब्रियो फ्रिजिंग * एग डोनेशन स्पर्म फ्रिजिंग * लेप्रोस्कोपी एंड हिस्टेरोस्कोपी

बी-19/5, टैगोर नगर, रिंग रोड नं. 1, रायपुर (छ.ग.)

मो. 9424202764, फोन नं. 0771-2421964, 4051763

महाराजा अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि की प्रदेश की समस्त जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें

विनीत: रायपुर स्वागत एवं प्रोत्साहन समिति

मा. बृजमोहन अग्रवाल जी

अग्रवंश के संस्थापक भगवान "श्री अग्रसेन जी" की जयंती महोत्सव पर बधाई....

बसंत अग्रवाल

युवा समाजसेवी, CMD

आर्यन बिल्डर्स एण्ड डेव्हलपर्स प्रा.लि. रायपुर (छ.ग.)

•• महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2023 ••

भव्य शोभायात्रा

रविवार, 15 अक्टूबर 2023, सुबह 10:30 बजे

श्री अग्रसेन भवन, जवाहर नगर से श्री श्याम मंदिर, समता कालोनी

मार्ग :-

श्री अग्रसेन भवन जवाहर नगर से रामसागर पारा, राठौर चौक, तेलघानी नाका, मैंसथान, अग्रसेन चौक होते हुए श्री खाटू श्यामजी मंदिर के पास से गोदावरी परिसर, समता कालोनी जायेगी।

अतिथि

मानननीय रविकांत जी गर्ग

राज्य मंत्री दर्जा - अध्यक्ष व्यापार कल्याण बोर्ड, उत्तर प्रदेश

मानननीय सुशील सराफ जी

चेयरमैन- सराफ ग्लोबल ग्रुप ऑफ कंपनीज़ सलाहकार-बोर्ड ऑफ ट्रेड ऑफ थाइलैण्ड

पूजा-महाआरती

सुबह 9:30 बजे

स्थल-श्री अग्रसेन भवन, जवाहर नगर, रायपुर

मुख्य समारोह

सम्मेलन, पारितोषिक वितरण, अग्रवाल सभा मोहल्ला समितियों का सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

म्युजिकल नाईट (स्वस्ति मेहुल जैन, बॉलीवुड मुंबई द्वारा)

सायं 6:30 बजे से - श्री अग्रसेन धाम रायपुर

स्नेह भोज- रात्रि 9:30 बजे से - श्री अग्रसेन धाम रायपुर

आमंत्रण :-

समाज के सर्व सम्माननीय सदस्यों को व्यक्तिगत स्तर पर आमंत्रण-पत्र मोहल्ला समितियों द्वारा प्रेषित किये गये हैं फिर भी किसी कारणवश कोई भी (शासकीय सेवाओं में कार्यरत् भी) अग्र-वंशज आमंत्रण से वंचित रह गये हो तो हम हमारे सम्माननीय सदस्यों के रूप में उन सभी को सादर आमंत्रित करते है।

विनीत:- अग्रवाल सभा, रायपुर, अग्रसेन भवन, जवाहर नगर, रायपुर

फोन नं. 0771-3505615, 9179189663

• अग्रवाल महिला मंडल • अग्रवाल युवा मंडल • अग्रवाल युवती मंडल

भगवान अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ..

कृष्णा आयरन स्ट्रीप्स एण्ड ट्यूब्स प्रा. लि.

821, उरला इण्डस्ट्रीयल एरिया, सरोरा, रायपुर (छ.ग.)

उल्टा पुल्टा

लड़की वाले - लड़का कितना कमाता है?
लड़के वाले - जी इतना कमा लेता है कि अपना चालान खुद भर सके।
लड़की वाले - तो फिर रिश्ता पक्का समझिए...!

अग्रसेन जयंती पर भव्य शोभायात्रा

दुर्ग, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। अग्रवाल समाज ने आज अग्रसेन जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली। कल 15 अक्टूबर की शाम को अग्रसेन भवन में एक सप्ताह तक चली खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएमए के स्टेट प्रेसीडेंट अशोक अग्रवाल होगें।

आज शाम अग्रसेन चौक से भगवान अग्रसेन महाराज के भव्य रथ के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के सामने सुसज्जित घोड़े में घुड़सवार चल रहे थे। इनके पीछे युवागण समाज केसरिया ध्वज लेकर चल रहे थे। धार्मिक राष्ट्रीय गीतों की धुन पर बैंड बज रहे थे। धुमाल पार्टी भी चल रही थी। इनके साथ श्वेत कुर्ता पैजामा पहने पुरूषगण तथा युवतियां चल रही थी। सभी के गले में अग्रसेन जी का पीला दुपट्टा शोभित हो रहा था। अग्रसेन चौक से शोभायात्रा धूमधाम से निकलकर अप्सरा टॉकीज तरूण टाकीज, हरना बांधा, पोलसाय चौक, सुभाष चौक, फरिश्ता काम्पलेक्स चौक, इंदिरा मार्केट से पुराने बस स्टैंड से होते हुए भाजपा कार्यालय आपापुरा शनिचरी बाजार होते हुए प्रहलाद रूंगटा के निवास पहुंची जहां से शोभायात्रा स्थगित कर दी। शोभायात्रा प्रारंभ होने से पूर्व शहर विधायक अरूण वोरा महापौर धीरज बाकलीवाल ने अग्रसेन पहुंचकर समाज के लोगों को अग्रसेन जयंती की बधाईयां दी। भाजपा कार्यालय में स्वल्पाहार का आयोजन किया गया था। मार्ग में भी जगह जगह विभिन्न समाज के लोगों ने अपने अपने स्तर पर शोभायात्रा का स्वागत किया। भाजपा कार्यालय में अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

शोभायात्रा में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कैलाश रूंगटा, संतोष रूंगटा, महावीर अग्रवाल, हरनारायण अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विजय अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, पंकज कीर्तुका (महामंत्री) प्रहलाद रूंगटा, कमल नारायण रूंगटा, विमल सक्सेरिया, महेन्द्र सक्सेरिया, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

डोंगरगढ़ पदयात्रियों के लिये यातायात पुलिस ने जारी किया रूट चार्ट व गाईड लाईन

दुर्ग, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कल 15 अक्टूबर से शुरू होने वाली नवरात्रि में प्रतिवर्ष होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस विभाग ने मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ जाने वाले यात्रियों के लिये गाईड लाईन के साथ ही रूट चार्ट भी जारी कर दिया। इस हेतु यातायात विभाग के डीएसपी ने सभी यातायात जोन प्रभारियों एवं अधिकारियों की बैठक कर जरूरी निर्णय लिये है।

गाईड लाईन में लोगों से देर रात यात्रा प्रारंभ करने, अधूरी नींद में यात्रा करने से बचने, किसी भी प्रकार की मादक द्रव्य का सेवन कर यात्रा न करने, सड़क किनारे एकदम बाई ओर चलने की हिदायत दी ।

पदयात्रा के दौरान सड़क पर विश्राम न करें, वाहन में क्षमता से ज्यादा सवारी न भरें, सड़क पर वाहन पार्क न किया जायें, रात्रि काल वाहन लोबीम (डिपर) में चलायें। प्रत्येक तरह से सावधानी बरतना जरूरी है।

पैदल डोंगरगढ़ जाने वालों पदयात्रियों के लिये पदयात्री कुम्हारी चरौदा, सिरसागेट, डबरापारा, खुर्सीपार चौक, पावर हाऊस, पावरहाऊस अंडरब्रिज, मुर्गा चौक सेंट्रल एवेन्यू मार्ग से. 9 चौक, 32 बंगला तिराहा वायशेप ब्रिज, मालवीय नगर चौक, पटेल चौक, गंजपारा पुलगांव चौक, शिवनाथ नदी ब्रिज से अंजोरा बस्ती व अंजोरा बायपास मार्ग से आगे बढ़े।

नए एसपी गर्ग ने कार्यभार संभाला

दुर्ग, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में नए एसपी राम गोपाल गर्ग ने आज शनिवार को दुर्ग जिले की कमान संभाल ली है। उन्हें दुर्ग जिले में दो दिन पहले हटाए गए आईपी एस शलभ कुमार सिन्हा के जगह पदस्थ किया गया है। चुनाव आयोग द्वारा चुनावी कार्यक्रमों को गंभीरता पूर्वक नहीं लेने पर आईपीएस शलभ कुमार सिन्हा का तबादला किया गया था। वहीं एएसपी शहर संजय ध्रुव का भी तबादला कर उनकी जब अभिषेक झा को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग शहर की जिम्मेदारी दी गई है।

सर्पदंश से वृद्धा की मौत

दुर्ग, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। मोहन नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत उरला वार्ड निवासी सातो बाई (85) की गत रात्रि सर्पदंश से मृत्यु हो गई। मोहन नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार उक्त वृद्धा सातो बाई अपने उरला निवास में जमीन पर सो रही थी। रात्रि में उसे किसी अज्ञात विषैले सर्प ने डस लिया। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गये जहां डाक्टर ने वृद्धा को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

पुराना कपड़ा लाए, थैला सिलाकर ले जाए

दुर्ग, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय डाक विभाग के दुर्ग डाक संभाग ने एक बहुत ही अनोखी पहल की है। जिसमें स्वच्छता अभियान के तहत प्लास्टिक बैगों से हो रहे प्रदूषण को देखते हुए भारतीय डाक विभाग ने कपड़ों से बने थैलों को बढ़ावा देने के लिए एक पहल की शुरुआत की जिसमें कोई भी नागरिक अपने घर से किसी भी प्रकार का पुराना कपड़ा लाकर उसका थैला बना कर मुफ्त में ले जा सकता है। इसके लिए डाक विभाग ने एक सिलाई मशीन के साथ एक दर्जी को रखा है जो कार्यालय समय में पुराने कपड़ों से नए बैग बनाने का कार्य कर रही है। आगे जानकारी देते हुए प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग हरीश कुमार महावर ने बताया कि भिलाई.1 उप डाकघर में यह सुविधा आम नागरिकों के लिए पूर्ण रूप से निशुल्क है तथा कार्यालय समय में पुराने कपड़े लाकर थैले बनाए जा सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य प्लास्टिक से हो रहे प्रदूषण को रोकना है तथा प्लास्टिक बैग को ना अपना कर कपड़ों के थैले के प्रति लोगों को जागरूक करना है। यह योजना आम नागरिक के लिए भिलाई.1 उप डाकघर में 12 अक्टूबर से शुरुआत की गई है। जो 14 अक्टूबर तक उपलब्ध रहेगी। अच्छा प्रतिसाद मिलने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है।

निगम ने हटाया जिला अस्पताल परिसर से अतिक्रमण

दुर्ग, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग के अतिक्रमण हटाओं दस्ते ने आज जिला अस्पताल परिसर के भीतर के अनेक अतिक्रमण हटायें। इसके तहत दुर्गा मंदिर के अस्पताल के सभी अतिक्रमण हटाये गये। इस दौरान कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा द्वारा विगत दिनों चिन्हित किये गये अतिक्रमणों को भी हटाया गया।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीण ने नगर निगम आयुक्त लोकेश यादव एवं टीम के साथ पूरे जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। उन्होंने तत्काल ही आयुक्त को अस्पताल परिसर में हुए अवैध कब्जे हटाने, परिसर में फैले स्क्रेप हटवाने, तथा अस्पताल परिसर में लगे दो बिगड़े पड़े वाटरटीएम की मरम्मत कराने के निर्देश दिये।

इसके अलावा एससीएच भवन के पीछे के क्षेत्र एवं शीला होटल के बीच की टूटी दीवार को गिराकर स्थाई रूप से मजबूत दीवार बनाने के भी निर्देश दिये। इसी के अलावा अस्पताल परिसर में स्थित सांई प्रसादालय के आसपास बड़े क्षेत्र को घेरकर अतिक्रमण किये जाने पर आपत्ति जताते हुए कलेक्टर ने इसे हटाने के निर्देश दिये। यहां पर मानसिक रोगियों के लिये वार्ड का निर्माण प्रस्तावित है।

इस मौके पर भवन अधिकारी गिरीश दीवान, बाजार अधिकारी जावेद अली, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, भवन निरीक्षक विनोद मांझी, सहायक बाजार अधिकारी थान सिंह यादव एवं ईश्वर वर्मा उपस्थित थे।

आईटीआई दुर्ग के दीक्षांत समारोह में सफल छात्रों को मिला प्रमाण पत्र

दुर्ग, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग में दीक्षांत समारोह का आज आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राकेश हिमटे प्राचार्य रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज, भिलाई, थे। मुख्य अतिथि के साथ संस्था के प्राचार्य अनिल कुमार टेम्भेकर एवं रत्ना शर्मा पुष्पा देवांगन मिलकर दीप प्रज्वलित कर एवं अरपा पैरी के धार राज्यगीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

ब्रजेश कुमार जांगड़े एवं सुप्रिया प्रसाद द्वारा मंच का संचालन किया गया । कार्यक्रम को ए.ए. मंसूरी, प्रभारी प्रशिक्षण अधीक्षक कार्यक्रम प्रभारी के नेतृत्व में किया गया ।

संस्था के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।

डॉ.हिमटे के द्वारा संस्था के मेघावी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर उनका सम्मान किया गया तथा उन्हे उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी । नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों को कौशल उन्नायन एवं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार प्राप्त करने का मार्गदर्शन दिया गया । प्राचार्य द्वारा भी उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार प्राप्ति हेतु तथा नवीन प्रशिक्षणार्थियों को कौशल प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया ।

अत: में ए.ए. मंसूरी द्वारा समस्त प्रशिक्षणर्थियों एवं संस्था परिवार को उक्त कार्यकम को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापन किया गया ।

दुर्ग शहर भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज

दुर्ग, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के लिये केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कल 15 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे क्रेजीकूल स्कूल के पास गंजपारा में किया जायेगा। उद्घाटन अवसर पर दुर्ग शहर भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव के अलावा पूर्व सांसद, दुर्ग संभाग भाजपा प्रभारी रविन्द्र कुमार राय उदय कांगड़ विधायक राजकोट गुजरात तथा जिला भाजपा अध्यक्ष दुर्ग जितेन्द्र वर्मा भी उपस्थित रहेगें। यह जानकारी दुर्ग शहर विधानसभा संयोजक कांतिलाल बोथरा, सहसंयोजक राजेन्द्र कुमार ने दी है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा के पूरे जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों का चुनाव मुख्यालय जिला भाजपा कार्यालय आपापुरा में ही रहेगा। यहां पूरे जिले व संभाग की चुनावी गतिविधियां संचालित की जायेगी।

हेमचंद विवि की पूरक परीक्षा के प्रवेश पत्र आजे होंगे जारी

दुर्ग, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग में 20 अक्टूबर से आरंभ होने वाली पूरक परीक्षा के प्रवेश पत्र वि.वि. के पोर्टल पर 15 अक्टूबर से परीक्षार्थी डाउनलोड कर सकेंगे। यह जानकारी देते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, ने बताया कि वि.वि. विद्यार्थी को पूरक परीक्षा प्रवेश पत्र शीघ्र डाउनलोड कर उपलब्ध कराया जा रहा है ।

परीक्षा उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल के अनुसार यदि किसी परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में परेषानी आती है। तो वह सोमवार से वि.वि. के परीक्षा विभाग कक्ष क्रमांक 4 से सीधे सम्पर्क कर सकता है। डॉ. पटेल के अनुसार वि.वि. द्वारा सभी 46 परीक्षा केन्द्रों में छात्र संख्या के आधार पर मुख्य तथा पूरक उत्तरपुस्तिकाएं प्रेषित करने का कार्य जारी है। इसके ठीक पश्चात् सभी परीक्षा केन्द्रों में विषय अनुसार परीक्षा प्रश्नपत्र भेजे जाने की प्रक्रिया आरंभ की जायेगी।

हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बालोद, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। आत्माराम धाकड़े पिता स्व0 रामलाल धाकड़े उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम बोरिद थाना व जिला बालोद का लड़का पवन कुमार धाकड़े का 11अक्टूबर के रात्रि करीबन 09-10 बजे से 12 अक्टूबर के प्रात: 08.00 बजे के मध्य शासकीय शराब भट्ठी कुसुमकसा जाने वाली कच्ची मार्ग के किनारे परसा पेंड़ के झाड़ियों के बीच मृत हालत में जिसके सिर में पत्थर मारकर हत्या करने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना में प्रयुक्त गोलाकार पत्थर शराब की शीशी जिसमें खून लगा हुआ व मृतक पवन को रोड किनारे पत्थर पटककर हत्या करने के बाद छुपाने की नियत से परसा पेंड़ के झाड़िया के पास ले जाकर पुन: ईंट के टूकड़ा से मारकर चोट पहुंचाया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अधीक्षक डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक एवं पुलिस नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागड़े के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी राजहरा मुकेश सिंह, उपनिरीक्षक उमा ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक कांता राम घिलेन्द्र एवं थाना स्टाफ व सायबर सेल बालोद प्रभारी जोगेन्द्र साहू एवं टीम व एफएसएल टीम रायपुर व डाग स्चाड के विशेष टीम के द्वारा अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु मौके पर तत्काल थाना के कर्मचारी एवं सायबर सेल टीम एवं एफएसएल टीम एवं डॉग स्चाड के विशेष टीम के द्वारा पता तलाश करने पर कुसुमकसा के हर्ष शर्मा उर्फ बिट्टू पिता सुखदेव शर्मा उम्र 28 वर्ष के संबंध में सुराग मिलने पर हिमातमली से पुछताछ पर अपराध घटित करना कबूल कर बताया कि कुसुमकसा से मेन रोड जाने वाले रास्ते मे बैठ कर शराब पी रहे थे इस दौरान दोनो के बीच वाद विवाद होने से पास में रखे नूकिले पत्थर से मृतक के सिर में मारकर उसकी हत्या कर मृतक की मोटर सायकल हीरो होण्डा पैसन प्रक्रमं सीजी 19 बीए-5106 को आरोपी अपने घर गया जिसे ग्राम कुसुमकसा से बरामद किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

शत प्रतिशत मतदान के लिए छात्राओं ने निकाली रैली

बालोद, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु निरंतर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फदरफोड़ के विद्यार्थियों ने गाँव में रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने च्अपन वोट अपन अभिमान, 17 नवंबर को करना है मतदान, 12 नवंबर को देवारी हे 17 नवंबर को वोट डारे के सबके बारी हे, दीदी-भईया के ही गोठ 17 नवंबर को डालना हे वोटज् जैसे नारा लगाकर एवं स्लोगन लिखकर मतदाता एवं आम जनता को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान विद्यालय के स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने भी मतदाता जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही बालोद परियोजना के अंतर्गत पीपरछेड़ी एवं करहीभदर के अलावा दल्लीराजहरा परियोजना के विभिन्न आँगनबाड़ी केंद्रों एवं देवरी सेक्टर मे आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा दीवाल लेखन कर आम जनता को अनिवार्य रूप से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। दीवाल लेखन के अंतर्गत आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा 'लोकतंत्र के बड़ाबों मान, 17 नवंबर को करबो मतदान', 'लोकतंत्र के मान रखव, 17 नवंबर को मतदान करव' 'सुनव सियान, सुनव किसान, 17 नवंबर को करबो' मतदान जैसे नारा लिखकर सभी मतदाताओं को विधानसभा 2023 के दौरान शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई।

दीवाल लेखन कर लोगों से अपील कर रहे आँगनबाड़ी कार्यकर्ता

ई.व्ही.एम. वीवीपेट मशीनों का पहला रेण्डमाइजेशन 18 को

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत बालोद जिले में ईव्हीएम वीवीपेट मशीनों का पहला रेण्डमाइजेशन बुधवार 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की जाएगी। जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को ईव्हीएम, वीवीपेट मशीनों का पहला रेण्डमाइजेशन के कार्यवाही के समय अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को कहा गया है।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस चौकी मारो में 12 अक्टूबर को प्रर्थिया चौकी हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 11 अक्टूबर को इसके पूरे परिवार घर से बाहर अपने-अपने काम में निकल गए थे इसकी बेटी उम्र करीबन 13 वर्ष जो दिमाग से कमजोर एवं ठीक से बोल नहीं पाती है घर में सुबह 9 बजे अकेली थी कि इस समय कार्तिक राम साहू घर में घुसकर उसका एवं अपना कपड़ा उतार कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी मारो थाना नांदघाट में अपराध सदर धारा 450, 376, 511 भादवि, 6, 8 पास्को एक्ट के तहत कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल के द्वारा डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं चौकी स्टाफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान जिला बेमेतरा पुलिस चौकी मारो क्षेत्रांतर्गत रहने वाले आरोपी कार्तिक राम साहू पिता महेश साहू उम्र 47 वर्ष को दिनांक 13.10.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि डी.एल. सोना, प्रधान आरक्षक राजकुमार चौबे, महिला प्रधान आरक्षक अनुपमा दुबे, आरक्षक भुषण सिंह, साधराम कौशल, देवनाराण्यण साहू एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

नवरात्रि त्यौहार एवं दशहरा उत्सव को लेकर गाइडलाइन जारी

बेमेतरा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिये वर्तमान में लागू आचार संहिता को देखते हुये पंडाल में किसी प्रकार का चुनावी प्रचार प्रसार नहीं किया जायेगा। अनाधिकृत एवं असमाजिक तत्वों से बचाव हेतु यथा संभव पंडाल में कैमरा लगाया जाए। पंडाल का निर्माण सार्वजनिक स्थल, रोड को घेरकर नही किया जायेगा धीमे स्वर में प्रात: 6 बजे से रात्रि 1 बजे तक अनुमति लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किया जा सकता है परन्तु रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंधित अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करते पाये जाने पर जप्ती के साथ-साथ आयोजकों के विरूद्ध कड़ी भी की जायेगी। वाहनों के स्वरूप को परिवर्तित कर तेज आवाज में डी.जे. एवं घुमाल जैसे ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करते पाये जाने पर जप्ती एवं राजसात किये जाने की कार्यवाही की जायेगी दुर्गा माता मूर्ति का विसर्जन की अनुमति सिर्फ दशहरा एवं दशहरा के अगले दिवस तक होगी रासगरबा एवं डांडिया जैसे आयोजनों में पास के माध्यम से केवल परिवार के साथ जाने वाले अथवा कपल को ही एंट्री दिया जाये जिससे किसी प्रकार के विवाद जैसी स्थिति निर्मित न हो साथ ही आयोजन स्थल में पर्याप्त वालेंटियर की व्यवस्था किया जाये रासगरबा एवं डांडिया जैसे आयोजनों तथा दुर्गा माता के पंडालों में केवल धार्मिक गानों को चलाया जाये । मूर्ति आगमन, स्थापना तथा विसर्जन के दौरान माननीय न्यायालय तथा शासन के निर्देशानुसार केवल ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति होगी। आयोजन स्थल में विद्युत विभाग से अस्थायी विद्युत कनेक्शन लिये जाने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। नवरात्री त्योहार के दौरान साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी साथ ही असामाजिक तत्वो अथवा अस्त्र शस्त्र का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों की जानकारी संबंधित थानो में दिये जाने की अपील प्रशासन द्वारा की गई। नवरात्रि त्योहार को शांति पूर्वक एवं सर्व समाज को एक साथ मिलकर मनाये जाने की अपील की गई।

रिटर्निंग ऑफिसर ने ली एसएसटी एवं एफएसटी की बैठक

बेमेतरा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा की रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री सुरुचि सिंह(आईएएस) ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69 बेमेतरा के स्टेटिकल सर्विलांस टीम (एसएसटी) और फ्लाइंग स्चायड टीम (एफएसटी) के दलों के सदस्यों व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली गई। बैठक पुराने रेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र में तैनात चेक पोस्ट एवं उड़नदस्ता टीम द्वारा किस प्रकार से चेकिंग की जानी है उसके बारे में विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। पूरी तरह सक्रिय सतर्क रहकर कार्य करने के निर्देश दिए।

निर्वाचन आयोग द्वारा स्थैतिक निगरानी टीम के लिए जारी नियमों, उप नियमों की जानकारी दी गयी। विधानसभा सामान्य निर्वाचन निष्पक्षता से सम्पन्न करने हेतु अपनी जवाबदारी एवं भूमिका का कुशल निर्वहन करने हेतु समझाइश दी गई।

ज़िला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी को बताया गया कि जब भी किसी भी नाके पर कोई संदिग्ध रुपये या वस्तुएँ जो निर्वाचन को प्रभावित करने के लिए ले जाई जा रही हों सूचना दी जाए। तत्काल संबंधित टीम द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर जिला स्तर पर गठित कमेटी के समक्ष निराकरण हेतु प्रस्तुत करें।की गयी कार्रवाई की वीडियोग्राफ़ी भी करायी जाये।

साथ ही एसडीएम ने दल के सदस्यों को निर्वाचन आयोग के निर्देश से अवगत कराया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के कार्यों के संबंध में जरूरी समन्वय प्राथमिकता के साथ बाउण्ड ओवर की कार्यवाही सुनिश्चित करने विभिन्न शिकायतों के तय समय सीमा में निराकरण नियमित रूप से निर्वाचन गतिविधियों की मॉनीटरिंग व समीक्षा मतदान केन्द्रों के निरीक्षण व भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली। क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के संबंध में जरूरी व्यवस्थाओं, वल्नरेबिलिटी एवं अन्य रिपोर्ट के संधारण सहित वाहनों से हूटर एवं नाम पट्टिका निकलवाने, पोस्टर व बैनर हटाने सहित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर सख्ती से रोक लगाने के लिए निर्देशित किया गया।

सर्वपितृमोक्ष अमावस्या पर सामूहिक श्राद्ध तर्पण

भिलाईनगर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज 14 अक्टूबर पितृपक्ष के अवसर पर गायत्री मंदिर सेक्टर-6ए शिव गायत्री मंदिर रिसाली, हुडको, रामनगर सहित अंचल के सभी प्रमुख गायत्री मंदिरों में सामूहिक श्राद्ध तर्पण का आयोजन किया गया। आज इन्ही सब स्थानों में लगभग 1000 लोगों ने सर्वपितृमोक्ष अमावस्या के अवसर पर सामूहिक श्राद्ध तर्पण कर अपने पितरो को बिदाई दिए। आज पितृपक्ष के अंतिम दिन उपस्थित लोगों ने अपने दिवंगत परिजनों, स्नेहीजनों, दिवंगत महापुरषों, दिवंगत साधू,संतो, शहीदों प्राकृतिक आपदाओं में असमय काल कलवित हुए आत्माओं की शांति सद्गति के साथ साथ भ्रूण हत्या में जो शिशु आत्माएं दिवंगत हुई होगी उनके निमित्त विशेष रुप से वैदिक कर्मकाण्ड से विधिपूर्वक जलांजलि अर्पित कर उनके आत्मशांति एवं सद्गति के लिए यम देवता से प्रार्थना की गई। इस दौरान पुरुषों के साथ महिलाएं भी श्राद्ध तर्पण कर अपने पूर्वजों से आशीर्वाद प्राप्त किये। उपस्थित लोगों ने अपने पूर्वजों की याद में एक.एक पौधा लगाने का संकल्प लिए। गायत्री परिवार के मोहन उमरे ने कहा कि पितृतर्पण श्रद्धा और विश्वास से संबंधित है। श्राद्ध सर्वथा शुद्ध अंत:करण से करना चाहिए। श्राद्ध के साथ.साथ पितरों की स्मृति में एक एक फलदार अथवा छायादार पौधा भी लगाना चाहिए, ताकि पितृपक्ष में जब भी हमारे पितर हमारे घर आंगन में पधारे तो शीतल व सुगंधित पेड़, पौध, फलदार छायादार वृक्ष को देखकर प्रसन्न हो और हमें आशीर्वाद प्रदान करे। आत्मा अजर अमर अविनाशी सत्य और शास्वत है। इसके मध्य जीव सूक्ष्म रूप में पितर के रूप अपने परिजनों से मिलने आते है। सच्चे मन से पितरों को श्राद्ध देने से उन्हें आत्मशांति मिलती है। गायत्री मंदिर में पितृमोक्ष अमावस्या के अवसर पर आयोजित सामूहिक श्राद्ध पितृ तर्पण पर संस्थान के वासुदेव शर्मा, निर्मल कुमार पाठक, मोहन उमरे, अजित सोनबोइर, यामनी सोनबोइर, अनिल चौधरी, एस.पी. सिंह, रामाधार महिलांग, रामस्वरूप साहू, पृथ्वीपाल साहू, गिरधारी लाल साहू, आनंदी सिन्हा, मंशा राम साहू, महेन्द्र वर्मा, परिवाजक ललित, जितेंद्र प्रसाद साहू, राजकुमार सिंह, दिलेश्वर साहू, बी आर श्रीवास, डॉ. शशिकांत फटिंग, नेमराज वर्मा, योगिता वर्मा, पी.एल.साव, लक्ष्मण देवांगन, मेघराम वर्मा, देवकी मढ़रिया, पन्नालाल वर्मा का सहयोग रहा।

लगभग 12 लाख की शराब पकड़ाई

मध्यप्रदेश से लाई गई 10 चक्का ट्रक में भरी 200 पेटी अवैध शराब

भिलाईनगर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक ने आज पद ग्रहण करते ही एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। अपने सक्त तेवर के लिये पहचाने जाने वाले वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक राम गोपाल गर्ग ने जिला दुर्ग में नशे के खिलाफमुहिम चलाने एवं अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु अवैध शराब की पतासाजी कर कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा एवं नगर पुलिस अधीक्षक छावनी आशीष बंछोर के मार्गदर्शन में एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक नरेश पटेल, निरीक्षक संतोष मिश्रा व थाना प्रभारी पुरानी भिलाई निरीक्षक मनीष शर्मा के नेतृत्व में एसीसीयू एवं थाना की एक संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा अवैध शराब के कारोबारियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी सूचना तंत्र भी लगाए गए थे। क्षेत्र के पूर्व के आदतन शराब के अवैध कारोबारियों से पूछताछ कर जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा था इसी दौरान विशेष सूत्रों से पता चला कि 10 चक्का ट्रक क्रमांक एम एच 40 सी एम 8512 में कुछ लोग मध्यप्रदेश की ओर से भारी मात्रा में अवैध शराब भरकर लाए हैं जिसे ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज इंजीनियरिंग पार्क के एरिया में किसी बंद फैक्ट्री में ट्रक को छिपाकर रखे हैं कि सूचना पर टीम द्वारा इंजीनियरिंग पार्क क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इंजीनियरिंग पार्क स्थित जय पार्वती इंडस्ट्रीज के बगल में बंद पड़ी एक गोडाउन में उक्त ट्रक अंदर खड़ा दिखाई दिया। गेट में अंदर से ताला लगा हुआ था जिससे टीम द्वारा अंदर जाकर देखने पर ट्रक में दो व्यक्ति बैठे मिले जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम गणेश कुमार निवासी यवतमाल महाराष्ट्र व आसिफ सैयद निवासी नागपुर का होना बताए। जिनसे ट्रक में भरे सामान के संबंध में पूछताछ करने पर राखड़ भरा होना जिसे उक्त गोडाउन में खाली करने आना बताए। उक्त ट्रक की तलाशी करने पर ट्रक के डाला में मात्र 06 फीट के एरिये में राखड़ भरा होना और डाला के शेष एरिया में अवैध शराब की पेटियां भरी हुई मिली। जिससे उक्त दोनों आरोपियों के विरूद मौके पर ही धारा 37 (2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 200 पेटी शराब प्रत्येक पेटी में 50, 50 पौवा प्रत्येक पोवा में 180 एमएल शराब एवं घटना में प्रयुक्त 10 चक्का ट्रक क्रमांक एम एच 40 सी एम 8512 को जप्त किया गया है। अग्रिम कार्यवाही बाना पुरानी भिलाई में की जा रही उक्त कार्यवाही में एसीसीयू से सउनि शमित मिश्रा, प्र और सत्येंद्र मरिया, शगीर खानए आरक्षक अरविंद मिश्राए अमित दुबेए राकेश चौधरी, डी. प्रकाश, रिंकु सोनी, भावेश पटेल, रमेश पाण्डेय, नितिन सिंह, राकेश अन्ता, विकांत यदु च थाना पुरानी भिलाई से प्र आर राकेश सिंह, आरक्षक संदीप सिंह, कृष्णा सिंह हरिश राव की उल्लेखनीय भूमिका रही।

भिलाई नर्सिंग होम में विशेष सर्जरी की सुविधा

भिलाईनगर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। किम्स-किंग्सवे हॉस्पिटल्स नागपुर अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सा देखभाल के लिए प्रसिद्ध है। भिलाई में एक नया आउट पेशेंट विभाग (ओपीडी) शुरू करने के लिए भिलाई नर्सिंग होम के साथ अपने सहयोग की घोषणा की है। भिलाई और आसपास के लोगों को रीढ़ और मस्तिष्क से संबंधित समस्याओं के इलाज में विशेषज्ञ अग्रणी डॉक्टर तक पहुंच प्रदान करना है। किम्स.किंग्सवे अस्पताल अत्यधिक कुशल और अनुभवी डॉक्टरों की एक टीम लाता है जो विभिन्न चिकित्सा विषयों में विशेषज्ञ हैं। भिलाई में न्यूरोसर्जरी के लिए नई ओपीडी के साथ मरीजों को अपने शहर में ही इन प्रतिष्ठित डॉक्टरों की विशेषज्ञता से लाभ मिलेगा। किम्स.किंग्सवे हॉस्पिटल और भिलाई नर्सिंग होम के बीच सहयोग भिलाई और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए स्वास्थ्य में सुधार लाने में एक महत्वपूर्ण निर्णय सावित हो सकता है। न्यूरोसर्जरी विभाग द्वारा न्यूरो और स्पाइन सर्जन डॉ. शैलेश केलकर द्वारा न्यूरो और स्पाइन में नई ओपीडी का पीठ दर्द, गर्दन दर्द, स्लिप डिस्क, सर्वाइकल स्पोंडिलोसिस, लम्बर स्पोंडिलोसिस जैस ट्यूमर के मामलों का इलाज करते हैं। नई ओपीडी मरीजों के लिए व्यापक उपचार सेवाएं प्रदान करेगी डॉ. शैलेश केलकर न्यूरोसर्जन परामर्श प्रदान करने के लिए 25 नवंबर से प्रत्येक चौथे शनिवार को दोपहर 2 से शाम 6रूबजे के बीच भिलाई नर्सिंग होम में उपलब्ध रहेंगे। दोनों संस्थानों की विशेषज्ञता को एक साथ लाने से मरीजों को उन्नत चिकित्सा प्रौद्योगिकियों अत्याधुनिक उपचार हो सकेगा। विशिष्ट चिकित्सा सेवाओं के प्रावधान के अलावा, नई ओपीडी रोगी केंद्रित देखभाल को प्राथमिकता देगी और एक निर्बाध स्वास्थ्य सेवा अनुभव सुनिश्चित करेगी।डॉ. समीर लोटे, पल्मोनोलॉजिस्ट, ऐजाज़ शमी, डीजीएम ब्रांडिंग एंड कम्युनिकेशंस और रोशन फुलबंदे, डीजीएम बिजनेस डेवलपमेंट ने भी किम्स किंग्सवे हॉस्पिटल्स के बारे में जानकारी दी। इस दौरान के दौरान डॉक्टर शैलेश केलकर, डॉक्टर समीर लोटे, डॉ. अहमद हमदानी, एजाज शमी, टोपेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

खदान पर्यावरण-खनिज संरक्षण सप्ताह का आयोजन

भिलाईनगर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र के लौह अयस्क कॉम्प्लेक्स दल्ली राजहरा ने भारतीय खदान ब्यूरो रायपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 7 वें खदान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह की सामान्य निकाय बैठक की मेजबानी की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय खान नियंत्रक रायपुर प्रेम प्रकाश मुख्य अतिथि थे। इस वर्ष की थीम क्लीन माइन्स ग्रीन माइन्स है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक रावघाट समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक खदान बी के गिरी, मुख्य महाप्रबंधक खान आर बी गहरवार, क्षेत्रीय खनन भूविज्ञानी देवदुर्लभ दास और वाइस प्रेसिडेंट जी आर वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री उपाध्याय सहित छत्तीसगढ़ की 67 खदानों के 138 प्रतिनिधियों ने 7 वें एमईएमसी सप्ताह 2023.24 की एक दिवसीय आम सभा की बैठक में हिस्सा लिया था। मुख्य अतिथि प्रेम प्रकाश ने कहा कि खनिज हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। जैसा कि हम कहते हैं कि हर किसी के जीवन में थोड़ा सा सेल है, वैसे ही हर किसी के जीवन में थोड़ा सा खनिज हालाँकि हमारे पर्यावरण में खनिज सीमित हैं और जितना अधिक हम इन संसाधनों का उपयोग करेंगे, इसका पर्यावरण पर उतना ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसलिए हमें इसका विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करने और न्यूनतम अपशिष्ट के साथ खनिजों के उपयोग के लिए अधिक अनुसंधान और तकनीकी विकास करने की आवश्यकता है। समीर स्वरूप ने पर्यावरण पर कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए काम करने और भविष्य में एक स्थायी खनन रणनीति अपनाने का आग्रह किया। बी के गिरि ने स्वागत भाषण में सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। चिंतला श्रीकांत, उप महाप्रबंधक द्वारा कार्यक्रम का समन्वय किया। आर बी गहरवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा श्रीमती रजनी रजक ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा हेतु छत्तीसगढ़ के विभिन्न खदानों से लाई गई मिटटी से भरे 13 कलशों में पौधे भी रोपे गए।

डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों के लिए रूट तैयार

भिलाईनगर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। उप पुलिस अधीक्षक सतीष ठाकुर यातायात के द्वारा नवरात्रि में मां बमलेश्वरी के दर्शन के लिए डोगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों की सुरक्षा के मददेनजर एवं नवरात्रि में दुर्गा पंडालो मे होने वाली भीड के दौरान सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात मुख्यालय में समस्त यातायात जोंन प्रभारी एवं अधिकारीयों की मिटिंग लेकर अपने अपने जोन एवं बिट क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित क्षेत्र के नगर निगम, बिजली विभाग, बीएसपी एवं ग्राम पंचायत से मिलकर उचित प्रकाश व्यवस्था, पानी, साफ सफाई, पदयात्रियों के लिए बेरिकेटिंग करने हेतु निर्देश दिये गए, साथ ही नवरात्रि के दौरान शाम के समय दुर्गा पंडालों में होने वाली भीड के दौरान मार्ग व्यवस्था बाधित न हो इस हेतु बडे पंडालों के सदस्यो से मिलकर व्यवस्था बनाने बताया गया। साथ ही साथ यातायात पुलिस दुर्ग पदयात्रियों से निर्धारित मार्ग मे चलने एवं वाहन चालको से सावधानियां रखने की अपील की है। डीएसपी श्री ठाकुर ने दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्रियों से अपील की है कि पदयात्रि मार्ग कुम्हारी, चरोदा, सिरसागेट चौक, डबरापारा, खुर्सीपार चौक, पावर हाउस चौक पावर हाउस अण्डरब्रिज, मुर्गा चौक,सेन्ट्रल एवेन्यू मार्ग सेक्टर 09 चौक, 32 बंगला तिराहा, वाईसेप ब्रिज, मालवीय नगर चौक पटेल चौक, गंजपारा, पुलगांव चौक, शिवनाथ नदी ब्रिज, अंजोरा बस्ती, अंजोरा बाईपास से ही यात्रा करे। पदयात्री अपने पीठ पर या बैग में रेडियम स्टीकर लगाकर चले एवं रिफ्लेक्टिव कपडे पहने डार्क कलर का कपडा ना पहनें ताकि वाहन चालक को आप आसानी से दिखाई दे सकें। सड़क के किनारे बांये ओर चले, देर रात यात्रा प्रारंभ करने से बचें, प्रशासन द्वारा निर्धारित पदयात्रा मार्ग पर ही चले, पदयात्रा के दौरान सड़क पर विश्राम ना करे, अनिंद्रताद्ध में वाहन ना चलाये, वाहन में क्षमता से अधिक सवारी ना बैठाये, शराब, किसी भी प्रकार का मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन ना चलाये। सड़क पर वाहन पार्क ना करें रात्रि के समय वाहन डिपर पर चलायें।

अनुमति प्रदान करने हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त

भिलाईनगर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर दुर्ग कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के आदेश के परिपालन में रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-67 अहिवारा द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-67 अहिवारा (अजा) अंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र, वाहन, जुलूस, नुक्कड़ सभा, आमसभा, रैली आदि की भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनुमति प्रदान करने के लिए धर्मेश कुमार श्रीवास्तव प्रभारी तहसीलहदार बोरी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, 67-अहिवारा, जिला दुर्ग मोबाईल नंबर 94077-92326 को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जैस-जैस चुनाव नजदीक आ रहे है वैसे-वैसे हलचल तेज होती जा रही है।

नवरात्रि पर विभिन्न क्षेत्र से जुड़े लोगों को दिलाएंगे नौ संकल्प

भिलाईनगर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिला में शत् प्रतिशत मतदान करवाने के लिए नवरात्रि पर्व पर विभिन्न कार्य क्षेत्र से जुडे लोगो को दिलाएगें नौ संकल्प। विधानसभा निर्वाचन 2023 में अभी नागरिकगण अपने मताधिकार का उपयोग करे तथा समाज के हर वर्ग की भागीदारी मतदान में सुनिश्चित हो इसकी जागरूकता के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विस्तृत कार्यक्रम बनाया गया है। जिसके अनुसार 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे नवरात्रि पर्व पर लोगो को दिलाएगें 9 संकल्प, जिसमें शक्ति संकल्प 15 अक्टूबर रविवार, स्वच्छ संकल्प, 16 अक्टूबर सोमवार सियान संकल्प, 17 अक्टूबर श्रम संकल्प, 18 अक्टूबर युवा संकल्प, 19 अक्टूबर स्वास्थ्य संकल्प 20 अक्टूबर वाणिज्य संकल्प, 21 अक्टूबर सर्व धर्म संकल्प 22 अक्टूबर एवं क्रीडा संकल्प, 23 अक्टूबर को कराया जायेगा। जिला प्रशासन मतदान मे हर वर्ग को जोड़ने हेतु जागरूकता अभियान प्रारंभ कर रहा है। लोग अपना मतदाता परिचय पत्र को प्रदर्शित करते हुए निर्धारित तिथि को संकल्प लेगें।

700 से अधिक लीज की रजिस्ट्री संपन्न

भिलाईनगर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। ओए बीएसपी ने लीज ट्रांसफर प्रकारण तथा लीज के शेष राशि भुगतान केस की लीज डीड रजिस्ट्री हेतु प्रबंधन से की चर्चा की। ओए बीएसपी के हेल्प डेस्क से 1500 लीजधारकों ने ली सहायता अब तक 700 से अधिक लीज की रजिस्ट्री संपन्न लीज डीड पंजीयन कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने हेतु आफिसर्स एसोसिएशन संयंत्र के पदाधिकारी बीएसपी प्रबंधन एवं रजिस्ट्रार आफिस दुर्ग से निरंतर संपर्क कर निरंतर समन्वय किया जा रहा है। लीज डीड पंजीयन से संबंधित कार्य हेतु दो हेल्प डेस्क का संचालन प्रगति भवन में प्रतिदिन प्रात: 10 से सायं 6 बजे तक किया जा रहा है। वर्तमान में लीज डीड के पंजीयन में सर्वप्रथम ऐसे लीज धारकों को प्राथमिकता दी जा रही है जो प्रथम आबंटी लीज धारक हैं तथा जिनके सभी दस्तावेज उपलब्ध एवं सही हैं। इनको पहले प्राथमिकता दी जा रही है। ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने भिलाई के लीजधारकों की आवश्यकताओं को देखते हुए बीएसपी प्रबंधन से लीज ट्रांसफर केसष् तथा लीज के शेष राशि भुगतान केस की लीज डीड रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु विस्तृत चर्चा की है। बीएसपी के नगर सेवायें विभाग ने सकारात्मक रूख दिखाते हुए लीज ट्रांसफर केस पर लीज डीड रजिस्ट्री की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करने का आश्वासन दिया है। इस प्रकार लीज डीड पंजीयन के द्वितीय चरण शीघ्र ही प्रारंभ होगा। नगर सेवायें विभाग द्वारा इस संदर्भ में आवश्यक तैयारियां की जा रही है। श्री बंछोर इस हेतु नगर सेवायें विभाग के सतत् चर्चा जारी रखे हुए हैं। विदित हो कि ओए बीएसपी ने श्री बंछोर के नेतृत्व में भिलाई इस्पात संयंत्र के 4500 लीज धारकों के लीज डीड का पंजीयन का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिसमें ओए तथा हाऊसलीज समन्वय समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ओए के प्रयास से भिलाई के लीजधारकों हेतु प्रगति भवन में दो हेल्प डेस्क भी निरंतर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में भी प्रथम चरण के लीजधारक अपने लीड डीड रजिस्ट्रेशन हेतु इस हेल्प डेस्क का लाभ उठा रहे हैं। विदित हो कि लीज डीड रजिस्ट्रेशन का कार्य जुलाई 2023 से प्रारंभ किया गया है जिस हेतु ओए.बीएसपी के द्वारा हेल्प डेस्क की सुविधा प्रारंभ किया गया जिसके माध्यम से 1500 से अधिक लीजधारकों का लीज डीड तैयार किया गया है। नगर सेवा विभाग के लीज सेक्शन के द्वारा 1000 से अधिक लीज डीड की स्क्रुटनी संपन्न की जा चुकी है तथा 700 लीज डीड का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है।ओए के अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार बंछोर ने कहा कि इस प्रक्रिय में तेजी लाई जायेगी।



शंकराचार्य के विद्यार्थियों को मानवता की सेवा की शपथ

भिलाईनगर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा कामर्शियन क्लब का गठन पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य से किया गया। जिसकी टैग लाईन है रिस्पांसिबिलिटी नॉट चैरिटी महाविद्यालय की शंकराचार्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्चना झा एवं शंकराचार्य महाविद्यालय के अकादमिक डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव द्वारा विद्यार्थियों को मानवता की सेवा करने की शपथ दिलाई गई एवं पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की गई। इस क्लब की को-आर्डिनेटर विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता पाण्डेय, अध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, सचिव यश प्रताप सिंह तथा सहसचिव भावना साहु सहित कुल 10 सदस्य हैं। शंकराचार्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. झा ने आर्शीवचन देते हुए कहा कि आज के दौर में विद्यार्थियों को मनुष्यता सिखाना एक बहुत बड़ी चुनौती है और हमें गर्व है अपने विद्यार्थियों पर। अकादमिक डीन डॉ. राव ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना ईश्वर की सेवा है। हमारे विद्यार्थी यह काम निरंतर करते रहेंगे। क्लब के अधीन पहली गतिविधि में चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल में भर्ती बी निगेटिव रक्त समूह वाले मरीज को क्लब के सदस्य अभय देवांगन ने रक्तदान दिया। दूसरी गतिविधि में शंकराचार्य महाविद्यालय में गठित क्लब के सदस्यों ने आस्था वृद्धाश्रम, सेक्टर-2, भिलाई का दौरा किया और वहां के वृद्ध जनो की दवाईयों की जरूरतें पूरी की तथा उन्हें फल का वितरण किया।

शंकराचार्य के वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

भिलाईनगर। शंकराचार्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा इंटरपर्सनल कम्प्यूनिकेशन स्कील पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। अतिथि वक्ता कलकत्ता से पधारी प्रोफेसर शारबही शाह थी। जिन्होंने रोचक ढंग से वाणिज्य एवं प्रबंधन के विद्यार्थियों को अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि अपने मन की बात को सामने वाले के समक्ष कैसे प्रस्तुत किया जाए ताकि उससे अपनी बात मनवाई जा सके। यह एक बहुत बड़ी कला है। जिसका ज्ञान सभी विद्यार्थियों को होना चाहिए। उन्होंने ने अपने प्रस्तुतिकरण को बेहतर बनाने के तरीके सिखाए। कार्यक्रम का प्रारंभ शंकराचार्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्चना झा के स्वागत भाषण से हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास के लिए सतत प्रयत्यशील रहता है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में कम्प्यूनिकेशन स्कील पर आयोजित इस अतिथि व्याख्यान से हमारे विद्यार्थी निसंदेह लाभांवित होंगे। शंकराचार्य महाविद्यालय के अकादमिक डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग द्वारा समय-समय पर अतिथि व्याख्यान कार्यशाला, संगोष्ठी आदि का आयोजन कर शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जाता है, ताकि वे यथाशीघ्र स्वावलंबी बन सके। कार्यक्रम का संचालन बी.कॉम अंतिम की छात्रा प्रज्ञा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापकों सहित 57 विद्यार्थी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय स्तर पर गायन वादन, भरत नाट्यम का आज समापन

भिलाईनगर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जैन भवन सेक्टर 6 में जैन मिलन जैन कला केंद्र के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्तर पर गायन वादन भरत नाट्यम कत्थक तबला शास्त्री गायन सितार वादन प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 अक्टूबर तक किया जा रहा है। आज त्रिवेनी जैन तीर्थ जैन भवन में भगवान महावीर स्वामी और मां सरस्वती के छायाचित्र वंदन करते हुए मंगलदीप जैन कला केंद्र के शिक्षा गुरु जनों के साथ जैन मिलन जैन ट्रस्ट के पदाधिकारी ने किया। खैरागढ़ और अनेक क्षेत्रों से संगीत के कलाकार आयोजन में अपनी शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैन ट्रस्ट के प्रकाश गोलछा, जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश जैन जैन ट्रस्ट के उप मंत्री प्रदीप जैन बाकलीवाल, जैन कला केंद्र के अध्यक्ष ऋषभ जैन, विनोद जैन, प्रिंसिपल कीर्ति व्यास, हरि शंकर, राजेश जैन जिनेंद्र जैन, कमल जैन, ज्ञानचंद बाकलीवाल भागचंद जैन, अनुपम जैन उपस्थित थे। रविवार को शाम 6.30 बजे से उप कुलपति खैरागढ़ संगीत विश्व विद्यालय ममता चंद्राकर के द्वारा पारितोषिक वितरण किया जाएगा।

एमजीएम समूह के प्रमुखों की सभा गुवाहाटी में

भिलाईनगर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)।एम.जी.एम.समूह की संस्थाओं द्वारा कोलकाता डायोससस एवं सेंट थॉमस समशन भिलाई के बैनर तले मलंकरा ऑथोडॉक्स चर्च द्वारा अपनी सभी संस्था प्रमुखों की दो दिवसीय सभा का आयोजन डॉन बोस्को संस्था गुवाहाटी में किया गया।कोलकाता डायोससस के मेट्रोपोसलटन एवं एम.जी.एम.समूह के अध्यक्ष हिस ग्रेस एलेक्सीओस मार यूसेबबओस 40 प्राचायच एवं उपाध्यक्षों ने इस सभा में भाग लिया। कार्यक्रम में मेजबान फादर क्लेटस सेबेजस्टयन, डायोससयन शिक्षा अधिकारी फादर डॉ जोशी वगीस, फादर अजु के वगीस तथा अतिथि वक्ता डॉ जार्ज कालिंगल उपस्थित थे। कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ। जिसमे अमरीका से मनोवैज्ञानिक डॉ जार्ज कालिंगल ने प्रभावशील एवं उत्तरदायी नेतृत्व पर अपना व्याख्यान दिया। फादर डॉ जोशी वगीस के साथ सभी स्कूलों के प्रमुखों का अपनी संस्थाओं में की जाने वाली सवोत्तम अभ्यासों को लेकर संवाद हुआ। इसके पश्चात् कॉटन यूनिवससिटी की प्रोफेसर राखी मॉरल ने नई शिक्षा निति के आदर्श बदलावों पर अपना व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का समापन गरिमामय तरीके से हुआ। कार्यक्रम के मध्य में बबशप द्वारा प्रार्थना तथा डॉन बोस्को संस्था द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उच्च स्तरीय अतिथि सत्कार किया गया। दूसरे दिन कार्यक्रम प्रोफेसर चंडिता बरुआ ने मानसिक स्वास्य की चुनौतियां विषय पर अपने व्याख्यान किया। इस सेशन में मानसिक स्वास्थ की समस्याओं को पहचानना तथा उनका सामना करने की जानकारी छात्रों को दी गयी। दूसरे सत्र में सोशल मीडिया का प्रिावए इसकी लतए साइबर बुसलंग तथा व्यावहाररक समस्याओं पर डॉ अनूपा गोस्वामी ने अपना व्याख्यान दिया। इसी कड़ी में गुणवत्ता वृद्धि पर फादर रेजी सी वगीस ने अपने विचार व्यक्त किये। डॉन बोस्को संस्था के फादर क्लेटस सेबेस्टियन ने स्कूलों द्वारा सामना किये गए चुनौतियों की जानकारी दी। समापन समारोह में हिस ग्रेस एलेक्सीओस मार यूसेबबओस ने सिटी संस्था प्रमुखों को दो दिवसीय कार्यक्रम में प्राप्त जानकारियों को अपने अपने विद्यालयों में अभ्यास में लाने के लिए प्रेररत किया। धन्यवाद ज्ञापन फादर जोस के वगीस द्वारा दिया गया।

आज से मंदिरों में शुरू होगी देवी की भक्ति

डोंगरगढ़, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। भक्ति में शक्ति के पर्व नवरात्रि का आज से सभी देवी मंदिरों में शुभारंभ होने जा रहा है जिसके चलते ऊपर पहाड़ सहित नीचे बमलेश्वरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में आज से भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योत पूरे 9 दिन रखी जाएगी। मां बमलेश्वरी मंदिर में छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ.साथ महाराष्ट्र मध्यप्रदेशए उड़ीसा ए आंध्र प्रदेश सहित अन्य राज्यों से देवी भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना ज्योति प्रचलित की जा रही है। शारदीय नवरात्र पर्व की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं सभी देवी मंदिरों की छटा देखते ही बन रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ पहाड़ियों में विराजमान मां बम्लेश्वरी का दरबार भी नवरात्र के उत्सव के लिए तैयार है। जानकारों की माने तो मां बम्लेश्वरी माता का इतिहास 2200 वर्ष पुराना है।



डोंगरगढ़ पहले कामावती नगरी के नाम से जाना जाता था। महाराज कामसेन कामावती नगरी के शासक हुआ करते थे और वह मां बगलामुखी के बहुत बड़े उपासक थे। राजा कामसेन अपने तपोबल से मां को प्रसन्न कर मां बगलामुखी से पहाड़ों में विराजमान होने की विनती की और मां बगलामुखी डोंगरगढ़ की पहाड़ियों में मां बम्लेश्वरी माता अपनी दो बहनें मां रणचंडी और छोटी बम्लेश्वरी के रूप में विराजमान हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें मां के दरबार में पूरी होती है इसलिए ही देश.विदेश से श्रद्धालु यहां पर आते हैं। हर साल चैत्र और क्वार नवरात्र के अवसर पर नौ दिनों तक मां दुर्गा के नवरूपों की पूजा.अर्चना की जाती है। भक्तजन पद यात्रा कर या घुटनों के बल मां के दरबार में जाते हैं और पूजा करते हैं। हर साल देवी मंदिरों में नवरात्र के पहले दिन से ही भक्तों का तांता लग जाता है। इसी कड़ी में धर्मनगरी में लगने वाले नवरात्रि पर्व के चलते मेला को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट हो गया है गुरुवार को जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिह ने डोंगरगढ़ छीरपानी कार्यालय पहुंच आवश्यक बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए ट्रस्ट समिति के सदस्यों के सुझाव लिए। वहीं मां बम्लेश्वरी पहाड़ पर स्थित रोपवे सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक संचालन तक रहेगा। जिला कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में चर्चा कर स्वास्थ्य विभागए पुलिस विभाग ए नगर पालिका ए रेलवे ए पी डब्लूडी ए विद्युत मण्डल सभी विभाग प्रमुखों को नवरात्रि के दौरान देवी दर्शन करने आने वाले भक्तों की सुविधा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।

नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योत होगी प्रज्वलित

सकारात्मक सोच हमारे व्यक्तित्व को प्रभावित करती है : बंजारी

डोंगरगढ़, 14 अक्टूबर। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉण् ईण्व्हीण् रेवती के दिशा.निर्देशन में महाविद्यालय के कैरियर गाइडेंस सेल एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय कैरियर गाइडेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम के पांचवे दिन आईटीबीपी के सैकेंट इन कमांडेंट तरुण कुमार बंजारी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा श्री बंजारी को पौधा भेंटकर स्वागत किय गया। श्री बंजारी ने छात्र.छात्राओं को कैरियर मागदर्शन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जीवन में सकारात्मक रहने से कैसे हमारी सोच हमारे व्यक्तित्व को प्रभावित करती है। उन्होंने ये भी बताया की हमे अपने जीवन में दोस्तो का चुनाव बहुत सोच समझ कर करना चाहिए क्योंकि दोस्तो की संगत का हमारे जीवन में बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉण् रेवती द्वारा श्री बंजारे को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र.छात्राओं के अलावा महाविद्यालय के साथ एमओयू हुई संस्था कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय एलबी नगर के छात्र.छात्राएं भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तूलिका चक्रवर्ती तथा आभार प्रदर्शन गौरव तिवारी ने किया।

आगामी विस चुनाव के मद्देनजर, सेक्टर पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला

बेमेतरा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के द्वारा सेक्टर टीम में लगे समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी की प्रशिक्षण/कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों को अलग-अलग सेक्टरो में विभाजित किया गया है। जिसकी सेक्टर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की प्रशिक्षण/कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें चुनाव आयोग द्वारा जारी नियमों की जानकारी दी जाकर विधान सभा चुनाव निष्पक्षता से सम्पन्न करने हेतु अपनी जवाबदारी एवं भूमिका का कुशल निर्वहन करने हेतु समझाइश दिया गया। उक्त प्रशिक्षण/कार्यशाला में उप निरीक्षक तुलेश्वर चंद्रवंशी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपसिथत रहे।

एसडीएम सुरुचि सिंह ने ली उड़न दस्तों व स्थैतिक निगरानी दलों की बैठक

बेमेतरा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुरुचि सिंह द्वारा आज उड़न दस्तों और स्थैतिक निगरानी दलों की बैठक ली गई। तहसीलदार बेरला मनोज गुप्ता और आचार संहिता प्रभारी नायब तहसीलदार जयंत पटले भी उपस्थित थे। पुलिस विभाग के आरक्षक जिनकी इन दलों में ड्यूटी लगी है वे भी उपस्थित थे। इन दोनो दलों को प्रशिक्षण दिया गया और सक्रीय होने का निर्देश दिया गया। बेमेतरा विधानसभा में 6 उड़न दस्तों की टीम हैं जिनकी 3 पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। एक समय पर दो एफएसटी दल दौरे में रहेंगे, एक बेमेतरा तहसील में और एक बेरला तहसील में। विधान सभा बेमेतरा में स्तैथिक दलों के लिए 3 चेक पोस्ट बनाई गई हैं और चेकिंग शुरू हो गई है। यह चेक हैं बेरला अनुविभाग में आने वाले टेमरी, लिमाही चौक और कंडारका चौकी। बेरला और बेमेतरा तहसील में आचार संहिता के पालन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं जो एफएसटी दलों को निर्देशित करेंगे। बेमेतरा विधान सभा कंट्रोल रूम का नंबर है +91 9244568583। यहां आचार संहिता से संबंधित शिकायतें की जा सकती हैं।

बेगलेस डे पर सेजेस में हेडवास के साथ स्वच्छता के गुर बताया गया

सरायपाली,14 अक्टूबर (देशबंधु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय सरायपाली में प्राचार्य मनोज पटेल के निर्देशन एवं प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी के नेतृत्व में बैगलेस डे को आनंदमय बनाने हेतु बालहित में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को चरणबद्ध हैंडवाश कराया गया। प्राचार्य मनोज पटेल ने बताया कि हाथ धोना एक अच्छी हाइजीन आदत है, सभी को नियमित हाथ धुलाई करना बेहद जरूरी है हाथ धुलाई से विभिन्न बीमारियों से बचाव संभव है। प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने हाथ धुलाई के फायदे गिनाए और इसकी जरुरत पर बल दिया। खाना खाने के पहले और शौच के बाद हैंडवाश को जरुरी बताया गया। इस अवसर पर हाथ धोने की आदत को बढ़ावा देने जागरूक किया गया।शिक्षकों और विद्यार्थियों ने चरणबद्ध हैंडवाश किया और स्वच्छता का संदेश दिया। सभी ने स्वच्छता के लिए नियमित हाथ धुलाई हेतु सामुहिक शपथ लिया।

बैगलेस डे पर योगा, व्यायाम,सुरक्षित शनिवार गतिविधियां, स्कूल हेल्थ प्रोग्राम की गतिविधियाँ, क्वीज आदि गतिविधियां कराई गई।बच्चों ने फुटबॉल,कबड्डी,खो खो,दौड़,क्रिकेट,बैडमिंटन आदि खेल खेलकर खूब आनंद लिया। इस अवसर पर सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल,व्याख्याता लता साहु, प्रदीप नारायण सेठ,महेश कुमार नायक,नरेश पटेल,मीना एस.प्रकाश,सुब्रत प्रधान,दिनेश कर,जलन्धर वर्गे,प्रवीण तिवारी,रेखा पुरोहित,उमा नायक,हरिश चौधरी,ज्योति सलूजा,लक्ष्मी चौधरी,शिवेंद्र सिंह सोनवानी,साकेत राजवाड़े,पीटीआई मंजिला चौधरी, प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी,शिक्षक विनोद कुमार चौधरी,श्याम सुन्दर दास,गजानंद प्रधान,रश्मि राजा, प्रधान पाठक आशा शर्मा, एलबी पात्रो, धनपत सिदार,भारती सिदार, नेतराम पटेल, शोभाराम भोई, हिमाद्री प्रधान,नेहा दास, गुलाब चौहान,अक्षय कुमार भोई,रोहित मुन्ना,सविता सिदार, घसियाराम चौहान, केशव प्रसाद चौहान,गीती बरिहा,बेदमोती बंछोर, अंजनी मुन्ना आदि उपस्थित थे।

सार-संक्षेप

शहीद नवीन पंचतंत्र में विलीन

तिल्दा नेवरा, 14 अक्टूबर। शहीद वीर सैनिक पंचतंत्र में विलीन भारत के वीर सपूत आल्दा निवासी नवीन कुमार सोनी उत्तराखंड में भारत माता के सेवा करते अचानक हार्टअटैक हो जाने के करण 42 वर्ष के अविवाहित सैनिक थे आज वायु मार्ग से रायपुर लाकर आल्दा में अंतिम संस्कार किया गया। तिरंगा में लपेटे हुए आसपास के लोग कभी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी। वहीं टंकराम वर्मा सहित कांग्रेस प्रत्याशियों व तिल्दा शहर, ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता शहीद को श्रद्धांजलि दी।

दुर्गा समितियों की थाना परिसर में बैठक

बिलाईगढ़, 14 अक्टूबर (देशबंधु)। स्थानीय पुलिस थाना बिलाईगढ़ परिसर में आज दुर्गा समितियों का बैठक आहूत किया गया था। यह बैठक पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती विनिदिता पाल व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में आज दिनांक 14.10.2023 को थाना बिलाईगढ़ प्रांगण में थाना क्षेत्र के दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियो को आहुत कर शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा मनाने तथा प्रतिमा विसर्जन करने के संबंध में आगामी विधानसभा चुनाव में लगे आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देश के संबंध में अवगत कराया गया।

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर ने 21 सांस्कृतिक समूहों को दिया संगीत सामग्री का सहयोग

बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर. ने निकटवर्ती 15 गांव के 21 सांस्कृतिक समूहों को संगीत सामग्री का सहयोग कर छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं लोक संस्कृतिक को बढ़ावा देने में सहभागिता प्रदान किया।

संगीत सामग्री का वितरण अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर. सेन्टर में किया गया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक प्रबंधन से टी पी पी प्रमुख रमेश परिहार, इलेक्ट्रीकल प्रमुख अली असगर, विभागाध्यक्ष एडमीन संजीव मिश्रा, सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योस्तना पति, रोहित श्रीवास्तव एवं ग्राम पंचायत रावन, झीपन, खपराडीह, सरसेनी, तिल्दाबाँधा के सरपंच एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि के साथ साथ 20 सांस्कृतिक समूहों के पदाधिकारी एवं संबंधित ग्राम पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रबंधन से संजीव मिश्रा ने सभी को लोक कला के क्षेत्र में आगे बढने की बात कही, रमेश परिहार ने सभी समितीयों को शुभकामना देते हुए कहा कि आपके प्रयास से लोक कला जिवित है इसे बरकरार रखे। वहीं अली असगर ने लोक कला के क्षेत्र में समितियों को सहयोग दिलाने के लिए ग्राम पंचायत का धन्यवाद दिया एवं संस्कृति ही हमारी पहचान है इसे बचाये रखने के लिए हमारा प्रयास लगातार रहेगा। विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाने तत्पर रहा है, और भविष्य में भी ऐसा सहयोग करता रहेगा। अल्ट्राटेक की सी.एस.आर. टीम से दया राम वर्मा, द्वारिका वर्मा, सुरेंद्र यादव, जानकी यादव,रूपेंद्र पंकज, ताराचंद, एवं साहिल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

डोंगरगढ़। आईटीबीपी के सैकेंट इन कमांडेंट तरुण कुमार बंजारी सहित अन्य जवानों द्वारा महावीर पारा स्थित शनि मंदिर में पहुंच गरीबों को खीर वितरण किया गया।

निधन

कविनाथ सोनवानी

गरियाबंद, 14 अक्टूबर। नगर के वार्ड क्र. 2 निवासी कविनाथ सोनवानी उम्र 76 वर्ष अध्यक्ष सीजी पेंशनर समाज गरियाबंद का शनिवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे पत्रकार व भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी के पिता थे। उनके निधन पर नगर के गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्धजनों सहित आंचलिक पत्रकार संघ व पेंशनर समाज ने गहरा शोक व्यक्त किया हैं। शनिवार दोपहर स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

तुलसीराम वर्मा

अमेरा/बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर। ग्राम कोसमंदी निवासी तुलसीराम वर्मा का निधन गत दिनों हो गया है। उनके अंतिम संस्कार में परिजन, आत्मीयजन, ग्रामवासी शामिल हुए। वे बालकृष्ण वर्मा, रामेश्वर वर्मा, सेवक वर्मा के पिता थे।

वाणिज्य परिषद का गठन

नवापारा राजिम, 24 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय राजीव लोचन स्नात्कोत्तर महाविद्याल राजिम में वाणिज्य संकाय द्वारा वाणिज्य परिषद का गठन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन विगत दिनों किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती श्वेता मिश्रा (प्रभारी प्राचार्य फणिकेश्वर नाथ महाविद्यालय फिंगेश्वर) रही, कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्रो. एम. एल वर्मा ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. ए गोयल (विभागाध्यक्ष वाणिज्य), डॉ. गोवर्धन यदु ,प्रो. जी. पी यदु , डॉ. समीक्षा चंद्राकर एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक की गरिमामयी उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुरुवात अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा में माल्यार्पण , दीप प्रज्वलन एवं बी.कॉम प्रथम की छात्रा पलक निषाद के द्वारा सरस्वती वंदना करके किया गया। तत्पश्चात छात्र/ छात्रों ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। संस्था प्रमुख प्रो. वर्मा द्वारा परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गई जिसमें निकिता सिन्हा (अध्यक्ष) , मुस्कान मिश्रा (उपाध्यक्ष) , परमिस पटेल (सचिव) , श्रेया चंद्राकर (सहसचिव) पद के लिए शपथ लिए तत्पश्चात विभाग के अतिथि प्रध्यापक सुश्री शिल्पा मिश्रा द्वारा विभाग के उद्देश्य एवं विभागीय गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र / छात्रों को शुभाशीष दिया तथा परिषद का महत्व बताते हुए बताया कि परिषद हमे साथ मिलकर समूह भावना से काम करने की प्रेरणा देती है। संस्था प्रमुख एवं विशिष्ठ अतिथियों ने मुख्य अतिथि महोदया को स्मृति चिन्ह एवं प्रासस्ति पत्र भेंट किया। कार्यक्रम का समापन विभाग के जनभागीदारी प्रध्यापक राहुल सोनकर के द्वारा अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति एवं छात्र / छात्रों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त करके किया गया। कार्यक्रम में छात्र/ छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

खेल आधारित शिक्षण शास्त्र कार्यशाला कसडोल में संपन्न

कसडोल/बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। खेल आधारित शिक्षण शास्त्र कार्यशाला कसडोल के स्वामी आत्मानंद स्कूल ऑटोटोरियम में रखा गया था जिसमे विकास खंड के लगभग 288 प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने शिरकत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना से संपन्न हुआ। जिसमे विकास खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक टी आर धृतलहरे, आर डी पटेल, गोरे साहू उपस्थित रहे। श्री देवांगन ने कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षकों को इस प्रशिक्षण को आत्मसात कर अपने स्कूल में अक्षरशः पालन करने के लिए कहा।

कार्यक्रम की शुरुवात खेल खिलौना की प्रारंभिक आधार भूत संरचना से शुरू हुआ कि कैसे हम खेल के माध्यम से बच्चो को जोड़ते हुए अपने शिक्षा में शामिल कर सकते है इसमें प्रमुख रूप से परिवेशीय खेल पारंपरिक खेल प्रथा से संबंधित खेल सांस्कृतिक खेल पर्यावरणीय खेल आदि प्रमुख हैं। कार्यशाला को आगे बढ़ाते हुए नई शिक्षा नीति मुखौटा निर्माण टेनग्राम बालवाड़ी पंचकोश सिद्धांत आदि मॉड्यूल पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा हुआ। खेल आधारित प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल फुगड़ी बिल्लस नदी पहाड़ कंचा गिल्ली डंडा भंवरा पिठुल्ल लगड़ी दौड़ कबड्डी खो खो पोसम पास पकड़म पकड़ाई अटकन बटकन गोटा आदि खेलो के बारे में विस्तार से बताया गया। विकास खंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में योगेश्वर कुमार साहू शांति साहू राजेश देवांगन सुरेखा साहू श्री कांत पाठक ने कार्यकम को सफल बनाया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला मुख्यालय से सहायक संचालक के के गुप्ता उपस्थित हुए। जिन्होने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सब को बधाई दिया और कहा कि हमारे पास बच्चो को देने के लिए बहुत कुछ है शिक्षा विभाग समय समय पर अलग अलग कार्यक्रम आयोजित करता है देखना यह है कि हम कैसे इन सभी योजनाओं का लाभ स्कूल में अपने बच्चो को देते हैं।

धरसींवा विस क्षेत्र भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद

खरोरा, 14 अक्टूबर। खरोरा में विधानसभा में अनुज शर्मा के पक्ष में धरसींवा विधान सभा मे जीत का मंत्र देने पहुचें भाजपा के राष्ट्रीय नेता व कानुन मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सनातन विरोधी ताकतो से सावधान की बात कहते मोदी सरकार के कार्य योजनाओ को गिनाते भूपेश सरकार को भ्रष्टाचारी व घोटाले बाज बताया वही धरसींवा के साथ साथ पुरे प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार बदलने की बात कही, लेकिन रविशंकर से चले जाने के बाद भाजपा कार्यकर्त्ताओ में धरसींवा प्रत्याशी चयन को लेकर खुब विवाद और पार्टी व प्रत्यासी विरोधी नारे बाजी हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि आम भाजपा कार्यकर्ताओं से बगैर रायसुमारी के पैरासुट प्रत्याशी अनुज शर्मा को टिकट देना गलत है वही भाजपा कार्यकर्त्ताओ ने केन्द्रीय कानुन मंत्री रविशंकर प्रसाद पर नाराजगी जाहिर करते कार्यकर्त्ताओ पर अनदेखी का आरोप लगाया केन्द्रीय मंत्री से कार्यकर्त्ताओ के प्रत्याशी चयन को लेकर नाराजगी के सवाल पर सब कहा कि सभी को मना लिया जायेगा और सभी अपने है की बात कहते भाजपा सरकार बनाने के लिए पर्याप्त सीट आने की बात कही। सभा को को सांसद रायपुर सुनिल सोनी ने सम्बोधित करते एक जुट होकर अनुज शर्मा को जीताने की बात कही वही अनुज शर्मा ने अपने आप को सभी कार्यकर्त्ताओ से नाम के अनुरूप छोटा बताते सहयोग करने की बात कही।

निर्वाचन सामग्री वितरण व संग्रहण दल को दिया गया प्रशिक्षण

बेमेतरा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन. 2023 के चलते आज शनिवार को महाविद्यालय में बेमेतरा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के तक़रीबन 300 सामग्री वितरण एवं संग्रहण दल के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्राम्भिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी ने निर्वाचन सामग्री वितरण व वापिस लेने के दौरान ड्यूटी देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम नोडल अधिकारी प्रशिक्षण बेरला युगल किशोर उर्वशा उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर डॉ. बाजपेयी ने बताया कि सामग्री वितरण के लिए सभी काउंटर प्रभारियों को वितरण रजिस्टर दिया जायेगा जिसमें मतदान दल को वितरित सामग्री को दर्ज की जावेगी। वितरण अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं मतदान सामग्री उसी केन्द्र की होए जिसके लिए वह निर्धारित है। डॉ

मतदान सामग्री का वितरण व संग्रहित करते समय धैर्य के साथ शिष्टापूर्वक व्यवहार करते हुए मतदान दल से सामग्री प्राप्त करें : अपर कलेक्टर डॉ. बाजपेयी

बाजपेयी ने संग्रहण अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान सामग्री को संग्रहित करते समय धैर्य के साथ शिष्टापूर्वक व्यवहार करते हुए मतदान दल से सामग्री प्राप्त करें।

ज़िला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने सामग्री वितरण करने वाले ड्यूटी स्टाफ को सामान देने व मतदान के बाद सामान जमा करते समय ध्यान रखने वाली बातों को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि बेमेतरा मंडी प्रांगण में विधानसभा क्षेत्र बार निर्वाचन सामग्री वितरण व जमा करने के लिए काउंटर लगाए जाएंगे। प्रत्येक काउंटर पर पाँच से छह अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी रहेगी। प्रत्येक काउंटर पर एक लिस्ट तैयार करके दी जाएगी। जिसमें पोलिंग पार्टी को दिए जाने वाले सामान का पूरा ब्यौरा होगा। सामान लेते व देते समय यह जरूर सुनिश्चित किया जाए। कि सभी दस्तावेज व सामान लिस्ट के अनुसार पूरा हो। बताया कि पोलिंग पार्टियों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित निर्धारित संख्या में लिफाफे दिए जाएंगे।

मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण में बताया कि सामान वापसी के समय सभी लिफाफों व मशीनों की सील अच्छी प्रकार चैक करें। सामान लेते समय पीठासीन अधिकारी द्वारा भरा गया फार्म व डायरी के सभी कॉलम पूरे भरे हो। उन्होंने बताया कि फ़ार्म के आंकड़े पूरे भरे हो तथा फार्म पर पोलिंग एजेंटों के हस्ताक्षर जरूर होने चाहिए। इसके अलावा पीठासीन अधिकारी की डायरी पूरी भरी हो तथा डायरी का कॉलम जरूर चेक करें।

सैनिक ग्राम धानापुरी में नवरात्रि महोत्सव की तैयारियां पूरी

गुरुर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के सैनिक ग्राम धानापुरी में चार नवरात्रि महोत्सव को लेकर आयोजक जय ज्वाला दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामीणों द्वारा तैयारियां कर ली गई है। पिछले वर्ष नवरात्रि महोत्सव में इंडिया गेट की तर्ज पर आकर्षक झांकी का प्रदर्शन किया था, इस वर्ष भी विशेष रूप से पंडाल का निर्माण किया गया है।

आयोजन समिति से जानकारी के मुताबिक नवरात्रि महोत्सव में 15 अक्टूबर को माँ दुर्गा स्थापना की जाएगी। इस दिन रात्रि में जय मां लक्ष्मी बालिका सेवा भजन मंडली यादव परिवार जोरातराई की प्रस्तुति दी जायेगी। इसी तरह 16 अक्टूबर को हनुमंत लोक सांस्कृतिक रामधुनी मंडली बोदाछापर, 17 अक्टूबर को बालकृष्ण रामधुनी जस झांकी मंडली बोईरडीह, 18 अक्टूबर को जय गुरुदेव कीर्तन एवं मानस मंडली हरदी छुरा, 19 अक्टूबर को जय अंबे रामधनी मंडली कचना 20 अक्टूबर को लोक भाव नृत्य मया के बंधना बरही द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।

24 को विसर्जन के बाद मनाया जाएगा दशहरा: इसी तरह 21 अक्टूबर को जय बजरंग रामधुनी मंडली बकली, 22 अक्टूबर को जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली धामनसरा, 23 अक्टूबर को नवमी हवन किया जाएगा, इस दिन रात्रि में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित है। 24 अक्टूबर को विसर्जन एवं दशहरा पर्व मनाया जाएगा।

सिरी के स्कूली बच्चों ने कबाड़ से बनाए गाड़ा व ट्रैक्टर

खड्डे माचिस के खाली डिब्बे टूटे-फूटे प्लास्टिक से माडल के रूप में घर गाड़ा ट्रेक्टर इत्यादि बनाकर प्रदर्शन किया सभी बच्चों का कला व प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा जिसमें घर के माडल के लिए कु. खुशी कक्षा 7 वीं से प्रथम, ट्रेक्टर के माडल के लिए देवांशु कक्षा 6 वीं से द्वितीय और गाड़ा के माडल के लिए कु. चित्रा कक्षा 6 वीं तृतीय स्थान पर रही चयन प्रक्रिया में शिक्षक तालसिंह डाहरे और गोकुल यादव ने

गुण्डरदेही , 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिरीं में शनिवार को बस्ता मुक्त शाला दिवस के अवसर पर कबाड़ से जुगाड़ पर सभी विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत तथा समूह में पुराने विशेष सहयोग प्रदान किए तथा बच्चों के मार्गदर्शन के लिए प्रधान पाठक आदित्यनाथ जगपाल शिक्षक सुकुरमुनी प्रधान दुकेश मारकंडे कनक सिंह और मनीष सिंह उपस्थित थे

मतदाता को जागरुकता व निर्भीकता से मतदान देने के लिए किया गया प्रोत्साहन

बेमेतरा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं जिले के थाना/ चौकी प्रभारियो एवं पुलिस जवानों ने जिला मुख्यालय बेमेतरा में फ्लैग मार्च किया। आगामी विधानसभा चुनाव और आने वाले त्यौहारो के मद्देनजर, शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु पेट्रोलिंग एवं फ्लैग मार्च थाना सिटी कोतवाली, कंट्रोल रूम परिसर बेमेतरा से पुराना बस स्टैण्ड, गस्ती चौक, दुर्गा मंदिर चौक, बाजार पारा, सदर मार्केट, बजारपारा, पिर्दस चौक, प्रताप चौक, बस स्टैण्ड, रेस्ट हाऊस चौक, बिजली आफिस, मोहभट्ठा, कोबिया तिराहा, प्रमुख मार्गो से होते हुए फ्लैग मार्च व पेट्रोलिंग निकाल कर आम जन को आश्वस्त किया कि चप्पे छ चप्पे पर उनकी सुरक्षा के लिए हम तैनात हैं। साथ ही फ्लैग मार्च व

विधान सभा चुनाव से पहले मुस्तैद हुई पुलिस, बदमाशों पर रखेगी नजर

पेट्रोलिंग के दौरान आम जन को किसी भी के प्रलोभन में न आकर निर्भीकता से मतदान देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आने वाला समय अभी चुनाव का है हमें अपनी भागीदारी देनी है आप लोग जितने भी 18 वर्ष से उपर आयु के है वें सभी अपने मताधिकार का उपयोग करें और जिस दिन मतदान होना है उस दिन अपना सब काम छोड कर मतदान करें। किसी के प्रलोभन में न आये। यदि किसी के द्वारा प्रलोभन दिया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। साथ ही फ्लैग मार्च व पेट्रोलिंग के दौरान सडक पर अव्यवस्थित रूप से रखे वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर, यातायात व्यवस्था बनाये रखने और यातायात नियमों का पालन करने लोगो जागरूक किया गया तथा बस स्टैण्ड में बसो की आकस्मिक चेकिंग किया गया तथा एसपी बेमेतरा द्वारा बस के चालक और परिचालकों को आने-जाने वाले जो भी संदिग्ध व्यक्ति और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधी होने पर तत्काल समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 पर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी गई।

फ्लैग मार्च व पेट्रोलिंग के दौरान रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, थाना नवागढ प्रभारी चंद्रदेव वर्मा एवं अन्य थाना/चौकी प्रभारी व पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

विधानसभा चुनाव दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने पुलिस शहर में कर रही फ्लेग मार्च

दल्लीराजहरा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में चुनाव आचार सहित लागू होते ही पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र कुमार यादव जिले के सभी थाना प्रभारियों की विधानसभा चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर अपने अपने थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए जानकारी प्रदान किया गया। उन्होंने थाना प्रभारियों से कहा की अपराध को रोकने व असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण करने पर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये है। साथ ही समंस वारटी की तामीली पर विशेष बल देने की बात कही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा की अपराधो के रोकथाम के लिए अधिक से अधिक माईनर एक्ट की कार्यवाही कर जुआं, अवैध शराब बिक्री, नशाखोरी पर नियत्रण करने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुकेश सिंह अपने स्टाफ दल बल के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने को लेकर शहर के बस स्टेंड से लेकर गुप्ता चौक मैन मार्केट जैन भवन चौक में फ्लेग मार्च किया गया। व प्रचार प्रसार किया। साथ ही

इस अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की चुनावी संबंधी आपत्तिजनक सोशल मिडिया में पोस्ट नही करने एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने लोगों से अपील की गई है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए थाना प्रभारी सिंह व्दारा लगातार गुण्डे बादमाशों अवैध शराब सट्टा जुआं में लिप्त लोगों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिससे नगर में अवैध कार्यों में काफी हद तक अंकुश लगा है। उन्होंने यह भी कहा की कोई भी व्यक्ति शांति भंग करने की कोशिश करता पाया जाता है, तो उसके उपर सख्त कार्यवाही होगी। ज्ञात हो की विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ यादव के निर्देशन में जिले के बालोद गुण्डरदेही अर्जुन्दा रनचिरई की पुलिस अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाये रखने को लेकर थाना प्रभारी दल बल के साथ अपने क्षेत्रों में फ्लेग मार्च के जरिये विधानसभा चुनाव को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने आम जनता से अपील की जा रही है।

किसी भी व्यक्ति के द्वारा आदर्श आचार संहिता का उलंघन करते पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

- डॉ जितेंद्र कुमार यादव
पुलिस अधीक्षक

आप प्रत्याशी ने चंडी मंदिर पहुंचकर जीत का लिया आशीर्वाद

गुण्डरदेही , 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी से टिकट मिलने के बाद आप प्रत्याशी जसवंत सिन्हा (एडवोकेट) का कार्यकर्ताओ ने नगर के धमतरी चौक मे फटाखे फोड़कर खुशी मनाई उसके बाद

सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ नगर भ्रमण किया तत्पश्चात नगर के ऐतिहासिक चंडी मंदिर पहुंचकर पुजा अर्चना कर जीत के लिए आशिर्वाद मांगा राष्ट्रीय पार्टी से प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद शुक्रवार को सुबह से ही कार्यकर्ता श्री सिन्हा के निवास पहुंचकर बधाई देते रहे श्री सिन्हा ने कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास किया है मैं आपके सहयोग से खरा उतरने का प्रयास करुंगा उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा कांग्रेस के कार्यकाल को देख चुकी है जनता परिवर्तन चाहती है और आने वाले समय मे निश्चित ही प्रदेश मे आप पार्टी की सरकार बनेगी इस अवसर पर कमलकांत साहू प्रदेश अध्यक्ष विनय गुप्ता जिला सचिव आम आदमी पार्टी चंओहहास साहू अध्यक्ष ओबीसी विंग बालोद उमाकांत साहू सविता गजभिए ममता निषाद वकीलचंद चंदन हेमलाल साहू भुनेश्वर कुंभकार गैंदलाल सिन्हा गोपी साहू सुरेन्द्र यादव अनेश यादव सहित सैकड़ो महिला कार्यकर्ता शामिल थे

एकलव्य महाविद्यालय में एमए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का किया गया स्वागत

दल्लीराजहरा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में प्रभारी प्राचार्य प्रो राजूलाल कोसरे के मार्गदर्शन में एम ए प्रथम वर्ष हिंदी विभाग, इतिहास विभाग, राजनीति विज्ञान, व अर्थशास्त्र विभाग के छात्र छात्राओं का प्रवेश के लिए महाविद्यालय स्वागत अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर फुलेश्वरी ठाकुर सहायक अध्यापक भूगोल विभाग व विशेष अतिथि के रूप में प्रो प्रदीप खरे सहायक प्राध्यापक इतिहास, मायक मंडावी सहायक प्राध्यापक, डॉ ईश्वर खरे सहायक प्राध्यापक, नेहा ध्रवे सहायक प्राध्यापक व कार्यक्रम की अध्यक्षता में अतिथि व्याख्याता नंदकिशोर सिन्हा अतिथि व्याख्याता देवानंद वर्मा अतिथि व्याख्याता टेकराम नेताम ने किया। मुख्य अतिथि फुलेश्वरी ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन करते हुए बताया कि विद्यालय या महाविद्यालय में पढ़ाई ही हम सब का सबसे पहला कर्तव्य होता है हम अपने कर्तव्य को पूर्ण निष्ठा से निभाएं साथ ही यह भी कहा की शिक्षा ही एक ऐसा क्षेत्र है जिसे ग्रहण करने से सुदृढ़ परिवार समाज का निर्माण होता है शिक्षित व्यक्ति अपने परिवार के साथ समाज व

शिक्षित व्यक्ति परिवार के साथ समाज देश विकास में देता सहयोग :फुलेश्वरी ठाकुर

देश के विकास में योगदान देने में सक्षम होता है। शिक्षा से मुश्किल से मुश्किल कार्य असान हो जाता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की कॉलेज में जो भी एक्टिविटीज होती है, उन सब में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले तभी हमारे व्यक्तित्व का विकास हो सकेगा। महाविद्यालय की सभी नियमों का उल्लंघन ना करते हुए आप सभी एक अच्छे छात्र छात्रा का परिचय दें महाविद्यालय में जो भी कार्यक्रम आयोजित होते हैं वह सब का श्रेय आप बच्चों को ही जाता है। यह कहते हुए उन्होंने आशीर्वचन समस्त छात्र-छात्राओं को दिया फाइनल के विद्यार्थियों द्वारा प्रीवियस के छात्र-छात्राओं के लिए मनोरंजन के रूप में चिट निकाल कर बहुत सारे एक्टिविटीज करवाए गए। साथ ही नृत्य गाना जैसी कई प्रतिभाएं छात्र-छात्राओं के अंदर रही उनको उभरने का प्रयत्न किया गया। और सभी छात्र-छात्राओं में भाई बहनों सा पारस्परिक प्रेम घनिष्ठा व मित्रता बनी रहे इसके लिए एक दूसरों को प्रेरणादायक व प्रेरक बातें भी कही गई। पढ़ाई व अन्य क्षेत्र में सदैव सहयोगी बनने के लिए अपने छोटे भाई बहनों को आश्वासन दिया गया। और उनका महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के रूप में स्वागत किया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं को प्रेरित करने का काम कर रहे : विप्लव

खैरागढ़, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सभापति सहकारिता व उद्योग समिति का दायित्व देख रहे विप्लव साहू ने किसानों व युवाओं के साथ आमजन के समस्याओं के साथ-साथ शिक्षा और जागृति के क्षेत्र में हमेशा कार्य करते हुए सक्रिय रहते हैं। अविभाजित जिला राजनांदगांव में स्कूल व कॉलेजेस में भी उनकी गतिविधियां लगातार रहती है। वे हमेशा बच्चो को नवाचार के लिए प्रेरित करते रहते है। और वे हमेशा सहयोग करने के लिए तत्पर रहते हैं। अभी हाल ही में इकरा फाउंडेशन खैरागढ़ के सहयोग से उन्होंने विज्ञान विषय में पढ़ाई कर रही छात्रा को किताब देकर सहयोग किया।

विप्लव साहू ने अपने इन कार्यों और गतिविधियों में लगातार सहयोग के लिए साहू समाज, शैक्षिक प्रगतिशील मंच, इकरा फाउंडेशन, खैरागढ़ व अन्य सहयोगियों माइंड ट्रेनर फुलदास साहू, ललित वर्मा, कुमेश साहू, एडवोकेट एस आर वर्मा, हर्ष वर्मा, नीलेश यादव, रेखदास साहू, विमल बोरकर, भोला साहू, भीष्म वर्मा सहित सभी का आभार व्यक्त कर उम्मीद जताई कि शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण के अन्य सिविल सोसायटी का साथ मिलेगा। अपनी एक्टिविटी में हाई स्कूल कोसमी

शिक्षा को लेकर लगातार काम कर रहे विप्लव

मोहला-मानपुर, वीरांगना रानी अवंती बाई महाविद्यालय साल्हेवारा, पंडित दीनदयाल चौबे महाविद्यालय गंडई में सेमिनार, राजनांदगांव जिले के पटेवा हायर सेकेंडरी स्कूल में देश की बात कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को गाइडेंस मोटिवेशन कार्यक्रम, ठेलकाडीह हायर सेकेंडरी स्कूल में पौधारोपण की जिम्मेदारी प्राचार्य दिलीप कुमार साहू को दिया हायर सेकेंडरी स्कूल धोधा में स्पीच व स्थानीय प्राथमिक स्कूल आत्मानंद स्कूल तुरकारी पारा, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी, कन्या हायर सेकेंडरी, इन्नाइट, हाई स्कूल अमलीपारा, हाई स्कूल भरदा, प्राथमिक स्कूल धनेली सहित अन्य स्कूलों में पहुंचकर अपना नम्बर 9424129580 देकर शिक्षकों व छात्रों से मित्रता व ज्ञानवर्धक व्यवहार कर वातावरण निर्मित करते हैं। अपने निर्वाचन के पश्चात ही विप्लव साहू लगातार शिक्षा के विषय को लेकर लगातार उस पर काम कर रहे है।

हायर सेकेंडरी स्कूल पांडादाह, हायर सेकेंडरी स्कूल मंदराकुही, हायर सेकेंडरी स्कूल अतरिया व अन्य विद्यालय के विद्यार्थियों को किताबों व अन्य माध्यम से सहयोग करने का काम किया है। और करते रहेंगे।

सट्टा-पट्टी लिखने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



खैरागढ़, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात खैरागढ़ विधनसभा चुनाव के तहत जुआ सट्टा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 13 अक्टूबर को थाना प्रभारी खैरागढ़ निरी राजेश देवदास व सायबर सेल प्रभारी के नेतृत्व मे जुआ/सट्टा के विरुद्ध पुलिस व सायबर सेल के द्वारा टीम गठित कर नया बस स्टैण्ड के पास अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखकर अंको का दाव लगाकर लोगो को सट्टा नामक हार जीत का खेल खेला रहा है कि सूचना पर थाना खैरागढ़ पुलिस व सायबर सेल के द्वारा टीम गठित कर मौके पर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही में आरोपी सुमित टांडिया पिता स्व पन्ना टांडिया उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड नं. 09 ईतवारी बाजार खैरागढ़ को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से सट्टा लिखने में प्रयुक्त

मोबाईल 1 नग व नगदी रकम 2200/- रूपये व 10000/- रूपये का सट्टा पट्टी जप्त किया गया। आरोपी को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर सट्टा पट्टी व मोबाईल के माध्यम से सट्टा खिलाना स्वीकार करने पर आरोपी सुमित टांडिया को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध धारा 6,7 छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा के तहत विवेचना में लिया गया आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना खैरागढ़ मे पदस्थ सउनि कोमल मिंज, आर प्रदीप यादव, आर लक्ष्मण साहू, आर परमेश्वर वर्मा सहित सायबर सेल प्रभारी सउनि टैलेश सिंह, प्रआर प्रदीप जंघेल, प्रआर दनेश सिंह, प्रआर आशिष सिंह, आर चन्द्रविजय सिंह, आर त्रिभुवन यदु, आर जयपाल केवर्त्य, आर सत्यनारायण साहू, की सराहनीय भूमिका रही है।

निर्वाचन के संबंध में डाक विभाग के साथ की गई बैठक

बेमेतरा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। अपर कलेक्टर सीएल बंजारे की उपस्थिति में डाक विभाग के साथ बैठक रखी गई। बैठक में इपिक कार्ड का वितरण तत्काल करने, सेवा मतदाता का डाकमत पत्र समय पर जमा करने, जिला निर्वाचन से सतत समन्वय बनाये रखने पर चर्चा की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर, निर्वाचन सुपरवाइजर नामदेव और पोस्ट मास्टर अशोक धीमर उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर ने निर्वाचन से संबंधित कार्य में डाक विभाग की भूमिका पर चर्चा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इपिक को शीघ्र बुकिंग कर मतदाताओं को वितरित करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा की इपिक का वितरण सीधे मतदाताओं को किया जाये और किसी भी अन्य व्यक्ति या पार्टी कार्यकर्ता या जनप्रतिनिधि को नहीं देने के निर्देश दिए।



भाजपा पार्षद और कमिश्नर निगम के बीच हुई मारपीट मे एफआईआर दर्ज

राजनांदगांव, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनप्रतिनिधि के फोन को अधिकारी द्वारा ब्लैक लिस्ट मे करने को लेकर पार्षद और कमिश्नर के बीच घमासान अंततः मारपीट में तब्दील हो गया भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने मौके को तुरंत लपकते हुए राजनांदगांव नगर निगम के कमिश्नर के खिलाफ फिर करने में सफल रहे वैसे प्रत्यक्ष दर्शन की माने तो दोनों के बीच मारपीट हुई है और दोनों ने एक दूसरे पर हाथापाई की है भाजपा पार्षद के साथ मारपीट के आरोप में बसंतपुर पुलिस ने राजनांदगांव नगर निगम आयुक्त के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है. मिली जानकारी के मुताबिक, मारपीट से पार्षद गगन आईच को चोट आई है. इस मामले को लेकर बड़ी संख्या में भाजपाइयों ने थाने पहुंचकर हंगामा किया और आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई की मांग की.

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, पीड़ित पार्षद समेत बड़ी संख्या में भाजपाइयों ने बसंतपुर थाने पहुंचे. इस दौरान पुलिस के साथ जमकर बहस भी हुई. पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आयुक्त के खिलाफ राज्य निर्वाचन आयोग और जिला कलेक्टर से शिकायत करने की बात कही.

दरअसल पूरा मामला वार्ड नम्बर 45 का है. भाजपा पार्षद गगन आईच ने पाताल भैरवी मंदिर जाने वाले सड़क में गड्ढे के मामले को लेकर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के सरकारी बंगले गए थे, जहां पार्षद ने आयुक्त पर मारपीट करने का आरोप लगया है. निगम के वार्ड पार्षद गगन आईच ने कहा कि आगामी नवरात्र पर्व के मद्देनजर उनके वार्ड में स्थित मां पाताल भैरवी मंदिर जाने के सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे है, इसे बनवाने के लिए पूर्व में निगम आयुक्त और कलेक्टर को जानकारी दी है. इसी मामले को लेकर आयुक्त से बात हुई, लेकिन आयुक्त ने उनका नम्बर ब्लॉक कर दिया. पार्षद गगन ने बताया, आज सुबह आयुक्त के सरकारी बंगले में जाने पर निगम आयुक्त ने गाली गलौच की और जान से मारने की नीयत से मारपीट की, जिससे उनके आंख के पास चोट आई है. बसंतपुर थाने में इसकी शिकायत कर एफआईआर दर्ज कराया है. वहीं भाजपा के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा, आयुक्त के द्वारा मारपीट और गाली गलौच किया गया है, जो अक्षम्य अपराध है. थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है. विधानसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगी हुई है और आयुक्त द्वारा मारपीट की घटना को लेकर कलेक्टर और राज्य चुनाव आयोग से भी शिकायत की जाएगी. आयुक्त को हटाने की मांग की जाएगी.

कमिश्नर नगर निगम ने भी भाजपा पार्षद गगन आइच के खिलाफ धारा 294, 506, 452, 186, 353 के तहत एफआईआर कराया है।

संकल्प शिविर भरोसा बरकरार फिर से कांग्रेस सरकार

■ जिस तरह खेत के धान फसल से करगा को निकाल फेकते है वैसे ही राजनांदगाव विधानसभा से डॉ. रमन करगा को निकाल फेकना : भूपेश

डोंगरगांव, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश के पांच राज्यों में आदर्श आचार संहिता लगते ही चुनावी सर गर्मी तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ में चुनाव का रन तैयार हो चुका है कांग्रेस ने राजनांदगांव जिला के डोंगरगाव विधानसभा आरी कोनारी में संकल्प शिविर का आयोजन में किया गया। जिसमे बतौर मुख्यातिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए।

डोंगरगाव के कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने भूपेश बघेल का स्वागत किया वही डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने छत्तीसगढ़ गीत गा कर कार्यक्रताओ का मनोबल बढाने का काम किया ।

छत्तीसगढ़ में 15 साल भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही जिसमें गरीब जनता और गरीब होती गई वहीं अमीर और अमीर होता गया। जबकि कांग्रेस की 5 साल में गरीब गरीबी रेखा से बाहर आया और छत्तीसगढ़ में गरीबी रेखा की संख्या भी घटी है। कांग्रेस की सरकार गरीबों, किसानों, आदिवासियों की सरकार है। इसी प्रकार जितने भी कार्य कांग्रेस के द्वारा अब तक किए गए हैं उनमें से एक भी भाजपा द्वारा अब तक नहीं किया गया । यदि भाजपा की सरकार बनती है तो जितने भी जन कल्याणकारी योजनाएं हैं पूरी तरह बंद कर देगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से संकल्प दिलाया कि तैयार हैं हम रण में, जीत हमारी होगी। अब की बार 75 पार साथ ही डोंगरगाव में 50 हजार से पार। वही भाजपा के रमन को भी चुनाव मे हराने का संकल्प लिया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम ने सी बी एस सी क्लस्टरबास्केटबॉल प्रतियोगिता जीती

राजनांदगांव, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कटक में आयोजित सी बी एस ई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम ने फायनल में युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम को 23-17 अंको से परास्त किया ।

इसके पूर्व दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका टीम ने हॉई टेक पब्लिक स्कूल रसूलगढ ओडिशा की टीम को को 41-00 अंकों से परास्त किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव ने अपने दुसरे मैच में ब्रह्मविद ग्लोबल स्कूल रायपुर को 23-02 अंको से परास्त किया ।

क्वार्टर फाइनल में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम भवन्स स्कूल रायपुर को 32-09 अंको से परास्त किया। सेमीफाइनल में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम ने महादेवी बिरला स्कूल कोलकाता को 20-02 अंको से परास्त किया । दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका टीम की और से श्वेता सिंह, सोफी सिका, राजवीर मालाधरे, सानिया प्रधान, श्रेया घोष, अनंया मंडल, नेहा मंडावी, अदिति यादव, काम्या झा, करिष्मा मीणा, रमोली नेताम, प्रसिद्धी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीम के कोच कालवा राधा राव, गीता यादव एवं बबिता तिग्गा है।

हमारा बूथ का एक-एक कार्यकर्ता कांग्रेस की जीत के लिए संकल्पित: भूपेश

राजनांदगांव, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश की कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओं व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को आमजनता तक प्रचार-प्रसार करने व पुनः प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने को लेकर प्रदेश कांग्रेस द्वारा पूरे 90 विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं में नई उमंग, जोश के साथ कांग्रेस का हाथ मजबूत करने को लेकर संकल्प शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसको लेकर राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में 14 अक्टूबर को संकल्प शिविर का आयोजन किया गया।

जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 14 अक्टूबर को अनंत पैलेस जीई रोड पार्रीनाला बाईपास में विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, छग कृषक कल्याण मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, विधानसभा प्रभारी ब्रिजेश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में संकल्प शिविर संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनते ही निरंतर विकास व अनेकों जनहितकारी योजनाएं शुरू कर प्रदेश को विकसित राज्य बनाया। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों का कर्जा माफी, समर्थन मूल्य में धान खरीदी, बिजली बिल हाफ, तेंदूपत्ता खरीदी कर किसानों की अर्थव्यवस्था सुधारने का काम किया। हमारी सरकार ने प्रदेश के हर समाज के उत्थान के लिए, सामाजिक कार्यक्रमों के लिए जमीन व भवन निर्माण की राशि स्वीकृत कराया। गरीब, मजदूर के बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए स्वामी आत्मानंद हिन्दी व इंग्लिश मीडिया स्कूल के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधा, प्रदेश की संस्कृति व छत्तीसगढ़ महतारी को संवारने का कार्य किया। हमारी सरकार सीधे किसान भाईयों को उनके उपज का सही दाम देने का कार्य कर रही है।

■ विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री ने बूथ कार्यकर्ताओं में जोश भरा

मुख्यमंत्री बघेल ने केन्द्र की मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि इस मंच के माध्यम से कहा कि हम पूरे छत्तीसगढ़ के किसानों का धान खरीद रहे हैं, आप श्रेय लेना चाह रहे हैं जबकि रमन सिंह के कार्यकाल का दो साल का बोनस किसानों को अब तक नहीं मिला है।

राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी बृजेश शर्मा ने बूथ कमेटी के कार्यकर्ताओं को चार्ज करते हुए कहा कि आप कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम राजनांदगांव विधानसभा की यह महत्वपूर्ण सीट पर अपनी विजय सुनिश्चित करेंगे।

स्वागत भाषण में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि राजनांदगांव के एक-एक बूथ के कार्यकर्ता आपके आने से जोश से लबरेज हैं और रमन सिंह की राजनांदगांव से विदाई तय है, आज कांग्रेस के हर बूथ का कार्यकर्ता यह संकल्प लेता है।

इस दौरान राजनांदगांव छग खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, छग युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, महापौर हेमा देशमुख, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। संकल्प शिविर में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, मन्ना यादव, थानेश्वर पाटिला, निखिल द्विवेदी, पदम कोठारी, रमेश डाकलिया, सुदेश देशमुख, विवेक वासनिक, विरेन्द्र चौहान, अशोक पंजवानी, गोवर्धन देशमुख, अंगेश्वर देशमुख, हरिनारायण धकेता, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, घनश्याम देवांगन, कमलजीत सिंह पिन्टू, पंकज बांधव, मोतीलाल साहू, डा.गंभीर कोटडिया, प्रेमचंद बाफना, शारदा तिवारी, नत्थूलाल अग्रवाल, रोहित चंद्राकर, प्रशांत तिवारी, कुतबुद्दीन सोलंकी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, महेन्द्र शर्मा, रूबी गरचा, जवाहर बाल मंच प्रदेश संयोजक प्रणव दास, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, शकील रिजवी, शंकर देशलहरे, रवि साहू, हुमर सिंग ठाकुर, श्रीमती प्रभा वैष्णव, चंद्रशेखर मालेकर, कपिलदेव देवांगन, ठाकुरराम साहू, गुमान सिंग ढीमर, चुम्मन साहू, मदन साहू, लादूराम तुमरेकी, अजय मारकंडे, एकता चंद्राकर, संगीता साहू, अमर झा, मनीष गौतम, गेमू कुंजाम, विरेन्द्र चंद्राकर, सिद्धार्थ डोंगरे, सुरेन्द्र देवांगन, खिलेश्वर पाल, विकास त्रिपाठी, यहया खान, अमित चंद्रवंशी, नरेश शर्मा, झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, शरद खंडेलवाल, मोहनी सिन्हा, कुसुम दुबे, प्रीति वैष्णव, योगेन्द्र प्रताप सिंह, शरद खंडेलवाल, रौशनी सिन्हा, जितेन्द्र शर्मा, अतुल शर्मा, भोजराज भेलावे, तथागत पांडे, मानव देशमुख, बबलू कसार, पार्षद चंद्रकला देवांगन, मनीष साहू, महेश साहू, पूर्णिमा नागदेवे, विनय झा, दुलारी साहू, शरद पटेल, प्रतिमा बंजारे, मामराज अग्रवाल, एजाजूर रहमान, केशव पटेल, विशु अजमानी, अरशद खान, महेश अग्रवाल, शरद जैन, अंशुल जैन, मनीष सिमनकर, विष्णु सिन्हा, तौसिफ गोरी, भोला यादव, पंकज गुप्ता, भारत भूषण शर्मा, जितेश सिमनकर, सतीष सोनपिपरे, खिलेश्वर बंजारे, मधुबाला श्रीवास्तव, अब्बास खान, सुनिता सिन्हा, नरेश साहू, खैरूनिशा, गंगा साहू, सरोज प्रधान, प्रज्ञा गुप्ता, विकास अग्रवाल, अमित जंघेल, आरबी मिश्रा, अनिस जैन, प्रमोद बागड़ी, अवधेश प्रजापति, विप्लव शर्मा, संदीप जायसवाल, शैलेष रामटेके, विजय अग्निहोत्री, मोहम्मद रफी, राहुल देवांगन, डा.राकेश कुमार, हर्ष खोब्रागढ़े, अभिमन्यु मिश्रा, आशीष सोनकर, बीना दुबे, रीना पटेल, विक्की पटेल चेतन सिन्हा, शिवम साहू, नितीन बत्रा, शीला देवांगन, दीनू साहू, मनीष अग्रवाल, मुस्तफा जोया, प्रियेश मेश्राम, हितेश गोन्नाडे, राहुल गजभिये, शिवम गढ़पायले, गोलू कलिहारी, सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष उनकी कार्यकारिणी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। उपस्थित कांग्रेसजनों का आभार प्रदर्शन दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने किया।

मतदान अधिकारी क्रमांक 2 एवं 3 का प्रशिक्षण दो पालियों में संपन्न

■ 1816 मतदान अधिकारियों ने दो पालियों में लिया प्रशिक्षण

बेमेतरा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन - 2023 के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध कार्यक्रम के तहत की जा रही है। इसी क्रम में निर्वाचन हेतु गठित जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ मतदान दलों के मतदान अधिकारी क्रमांक 02 एवं 03 का द्वितीय प्रशिक्षण आज 13 अक्टूबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा में आयोजित किया गया। आज मतदान अधिकारी क्रमांक - 02 एवं 03 के कुल 1816 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। इनमें

बेमेतरा ब्लॉक के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के 541, बेरला ब्लॉक क्षेत्र के 412, नवागढ़ क्षेत्र के 435 एवं साजा ब्लॉक के 428 प्रसिक्षणर्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रथम पाली का प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से 1.00 बजे तक चला जबकि द्वितीय पाली 02 से 05 बजे तक चला।

मस्टर ट्रेनर ने संबंधित अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों, कर्तव्यों एवं निर्वाचन के दौरान किये जाने वाले कार्यों की बारीकी से जानकारी दी। एवं विशेष परिस्थितियां उत्पन्न होने और उससे निपटने के गुण भी बताये गये। मतदान अधिकारियों को खास तौर पर ई.व्ही.एम. (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट के बारे में तकनीकी व व्यावहारिक जानकारी दी गई। मतदान में 80 वर्ष से अधिक आयु के बुर्जुगों और दिव्यांगों को घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने की जानकारी और उसकी प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इसके अलावा प्रशिक्षण में मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया, ई.व्ही.एम. सीलिंग एवं संचालन, मतदान सामग्री, विशेष परिस्थितियों, मतदान अधिकारी के कर्तव्य, तथा मतदान मे प्रयुक्त सभी प्रकार के प्रपत्रों, लिफाफों की प्रविष्टियों का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर के द्वारा दिया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस.एल्मा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा पहुंच कर प्रशिक्षण की कार्रवाई देखी। श्री एल्मा स्वयं भी प्रशिक्षणार्थी के रूप में बैठक कर मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता और वास्तविकता जांची। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एसडीएम उर्वशा और सहायक नोडल अरविंद मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि मतदान से संबंधित सभी पहलुओं को भलीभांति समझ लें, जिससे मतदान संपादित करने में कोई दिक्कत या समस्या ना आये। कोई प्रशिक्षण के दौरान कोई समस्या या जिज्ञासा हो उसका समाधान भी कर लें। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी पूरे निर्वाचन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसलिए उन्हें सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का ज्ञान होना चाहिए। ताकि वह अपने सहयोगियों को मार्गदर्शन दे सके। इस अवसर पर निर्वाचन के प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एस डी एम उर्वशा, सहायक नोडल जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, प्रशिक्षण प्रभारी सुनील तिवारी ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया एवं विशेष दिशा निर्देश दिए।

नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने किया पदभार ग्रहण

राजनांदगांव, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। 14 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक मोहित (भा.पु.से.) कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव पहुंच कर अपना पदभार ग्रहण किये इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया गया जिसमें डीएसपी सुश्री तनुप्रिया ठाकुर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालयिन स्टाफ उपस्थित थे। जिला राजनांदगांव के नये कप्तान मोहित गर्ग (भा.पु.से.) को उनके आगमन पर सलामी दी गई।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक ने सभी रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों की ली बैठक

■ अभ्यर्थी के खर्च की सभी संबंधित टीम करें निगरानी

■ अंतर्राज्यीय सीमा में शराब के अवैध परिवहन एवं नगद राशि के जप्ती की कार्रवाई रहे जारी

राजनांदगांव, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस मुग्धा किरण सरदेशपाण्डे तथा आईआरएस डॉ. ललिता कुमारी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारियों, सहायक व्यय प्रेक्षक, एफएसटी, वीएसटी, एसएसटी, वीवीटी, एमसीएमसी, अन्य एकाउंटिंग टीम एवं मास्टर ट्रेनर्स की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी अमित कुमार उपस्थित रहे। व्यय प्रेक्षक आईआरएस डॉ. ललिता कुमारी ने कहा कि व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए यह जरूरी है कि सभी टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करें। आयकर विभाग एवं आबकारी विभाग से इसके संबंध में डेली रिपोर्ट मिलते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय सीमा में शराब के अवैध परिवहन एवं नगद राशि के जप्ती की कार्रवाई होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैंक भी सजग रहते हुए, संदिग्ध नगद राशि, ट्रांजेक्शन पर नजर रखेंगें। उन्होंने कहा कि उडनदस्ता दल कार्रवाई के दौरान आयकर विभाग की टीम के साथ समन्वय करते हुए कार्य करे। सभी टू व्हीलर, फोर व्हीलर वाहनों की चेकिंग होनी चाहिए। सजग एवं सतर्क रहते हुए सभी वाहनों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वीडियो निगरानी दल अच्छी तरह से वीडियो बनाएंगे और वीडियो अवलोकन दल बारीके से वीडियो का अवलोकन करेंगी। वीडियो प्रमाण के रूप में महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए अच्छी तरह से वीडियो बनाने के निर्देश दिए। एकाउंटिंग टीम प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करगी। शेडो रजिस्टर, हेलीकाप्टर, स्टार कैपेंनर सहित विभिन्न मुददों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्थैतिक निगरानी दल, उडनदस्ता दल, वीडियो

निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल सहित अन्य दल चौकस होकर कार्य करेंगे।

कलेक्टर डोमन सिंह ने कहा कि सभी अधिकारियों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिया गया है एवं रिहर्सल भी किया गया है। फिल्ड में अच्छे से कार्य करने के लिए सभी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीम अच्छी तरह कार्य कर रही है। अंतरराज्यीय बार्डर पर भी शराब के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए पुलिस एवं आबकारी विभाग की टीम लगातार कार्य कर रही है। हाल ही में कल्लूबंजारी चेक पोस्ट पर बड़ी मात्रा में 34 लाख रूपए की लागत केनसाड़ी की जप्ती की गई है। उन्होंने सभी टीम को अच्छी तरह वीडियोग्राफी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अभी तक नाम-निर्देश पत्र जमा नहीं हुए हैं और अब कार्यों में तेजी आएंगी। सभी सजगता के साथ कार्य करेंगे। सी-विजिल के माध्यम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का भी निराकरण किया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से संपत्ति विरूपण की कार्रवाई जिले में लगातार जारी है।

संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने प्रजेंटेशन के माध्यम से जिले के निर्वाचन कार्य के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जिले में डोंगरगांव विधानसभा अंतर्गत बोरतलाब एवं बागनदी तथा खुज्जी विधानसभा अंतर्गत चिल्हाटी एवं कल्लूबंजारी चेक पोस्ट है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की सीमा गढ़चिरौली नक्सल क्षेत्र से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि इन सभी चारों चेक पोस्ट में स्थैतिक निगरानी दल चौबीस घण्टे निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा कि डोंगरगांव अंतर्गत बोरतलाब, झिंदजोब, खंमपुरा, बुडानछापर, मांगीखूटा, सीतागोटा, बागनदी तथा खुज्जी विधानसभा अंतर्गत बागनदी, पंडरापानी, बेंदरी, झडीखायरी, गेरीघाट, भकुर्रा, टिपानगढ़ जैसे मतदान केन्द्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र में है। उन्होंने बताया कि सभी नाम निर्देशन कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा वीडियो निगरानी दल द्वारा निगरानी किया जा रहा है। एफएसटी, वीवीटी, एसएसटी, सी-विजिल, एमसीएमसी टीम, कंट्रोल रूम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य उत्पाद शुल्क विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक तथा आयकर विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार व्यय संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र है। शहरी क्षेत्रों में स्थित 123 मतदान केन्द्र स्लम एरिया में है। उन्होंने बताया कि अब तक 8740 लीटर अवैध शराब की जप्ती की गई है। 1 जनवरी से लेकर 8 अक्टूबर 2023 तक 1596 प्रकरणों में 49 लाख 79 हजार 362 रूपए राशि के 11966.82 लीटर अवैध शराब की जप्ती की गई। 9 अक्टूबर 2023 से 13 अक्टूबर 2023 के बीच 81 हजार 825 रूपए की लागत के लगभग 199 लीटर अवैध शराब की जप्ती की गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस एवं आबकारी विभाग की टीम द्वारा जप्ती की प्रक्रिया निरंतर जारी है। 32 प्रकरणों में 1 लाख 81 हजार 300 रूपए के 93.90 किलोग्राम के गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों के जप्ती की कार्रवाई की गई है। वही हाल ही में 34 लाख रूपए की लागत के साड़ी से भरे गट्ठे जप्त किया गया है। तीन दिनों के भीतर 35 लाख 11 हजार रूपए के अवैध शराब एवं अन्य सामग्री के जप्ती की कार्रवाई की गई है। पुलिस एवं आबकारी, एफएसटी एवं एसएसटी की टीम द्वारा सक्रियतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम डोंगरगढ़ गिरीश रामटेके, एसडीएम डोंगरगांव अश्वन कुमार, सहायक व्यय प्रेक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. रमन सिंह जी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा
एवं विधायक राजनांदगांव
15
OCTOBER
को
जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं...
रघुवीर वाधवा, अरूण शुक्ला, राजनांदगांव

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा
एवं लोकप्रिय विधायक राजनांदगांव
15
OCTOBER
जीवेत शरदः शतम्
माननीय
रमन सिंह जी
आपको जन्मदिन
कि हार्दिक शुभकामनाऐं...
आपका अपना भावेश बैद

उल्टा पुल्टा

पप्पू (जलेबी वाले से) - कितने साल से जलेबी बना रहे हो?
जलेबी वाला - 30 साल से...
पप्पू - लानत है तुम पर, इतने सालों में तुमसे जलेबी सीधी नहीं बनी। डूब के मर जाओ...!!!

पचरी के हर घर नहीं पहुंचा पानी, हर दो कदम पर गड्ढा दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

महासमुंद, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत पचरी में नल जल योजना के अंतर्गत पिछले एक साल से पाइपलाइन विस्तारीकरण का काम किया जा रहा हैं। एक साल से अभी पानी घरों तक नहीं पहुंचा मगर गड्ढे दुर्घटना को दे रहे हैं। गलियों में पाइप बिछाई के लिए खोदे गए गड्ढे में पाइप डालकर मिट्टी से ढक दिया गया है। गड्ढे में सीमेंट भी नही डाला गया हैं। गांव के गली में जगह जगह गड्ढा पर पानी भरा हुआ है। शासन प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नल जल योजना के तहत घर घर पानी पहुंचाने की योजना मूर्त रुप नही ले पा रहा है। इस योजना के तहत चलाए जा रहे काम कछुआ चाल को भी मात दे दिया है। गांव में नल जल योजना के अंतर्गत घरों तक पानी पहुंचाने के लिए

नल कनेक्शन देने के लिए पीएचई पाइप लाइन बिछाने में लगा हुआ है। पाइप बिछाने का काम करीब एक साल पहले पुरा हों चुका है। जगह जगह गांव के गली को खोदाई कर मिट्टी डाल कर छोड़ दिया गया है। जिसमें पुरा गांव के गली में पानी भरा हुआ है। सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले मोहल्ला वार्ड 10, वार्ड न 11, वार्ड नं 9 हैं। जिससे चलते ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते गली में कई प्रकार दुर्घटनाओं का माहौल बना हुआ है।

ठेकेदार द्वारा गली मोहल्लो में पाइप लाइन डालने के लिए गली को खोदने से रोड की स्थिति बदहाल हो चुकी हैं। लाखों रुपए की लागत से निर्मित कंक्रीट की सड़क को भी उखाड़ दिया गया है। गिट्टी और मिट्टी से अच्छी सड़क खराब हो गई है। शाम होने के बाद अंधेरे में मोहल्ले की सड़को पर चलने में भी लोगों को डर लगता है।

क्षेत्र की रचनाकार डॉ. तुलेश्वरी धुरंधर को किया गया सम्मानित

अर्जुनी/बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। भक्त चरण दास पूर्व रेल मंत्री के हाथों वक्ता मंच रायपुर के सामाजिक व सांस्कृतिक के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय श्रेष्ठ रचनाकार का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जहां अंचल की मशहूर कवियत्री एवम शिक्षिका डॉ तुलेश्वरी धुरंधर को सम्मानित किया गया। वक्ता मंच के संस्थापक राजेश पराते, शुभम साहू एवम इनके पूरे टीम को उपस्थित लोगो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मंच से पूरे छत्तीसगढ़ के कुल 101 श्रेष्ठ रचनाकारों को सम्मानित किया गया। जिसमे डॉ तुलेश्वरी धुरंधर सहायक शिक्षक ग्राम मुढ़ीपार, निवासी ग्राम जांगड़ा अर्जुनी को भी श्रेठ रचनाकार का सम्मान प्रदान किया गया। इस वर्ष शिक्षा विभाग के द्वारा भी मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान 2023 भी इनको प्रदान किया गया है। इस सम्मान के लिए क्षेत्र के लोगों ने उन्हे बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। ज्ञात हो कि डॉ तुलेश्वरी धुरंधर इसके पूर्व अनेकों बार छोटे बड़े विभिन्न मंचों में कविता पाठ कर चुकी है। अनेकों बार आकाशवाणी व दूरदर्शन में भी अपनी प्रस्तुति दे चुकी है। कई बड़े बड़े सम्मान से सम्मानित डॉ धुरंधर पर क्षेत्र वासियों को बहुत गर्व है जो कि इस तरह अंचल को गौरान्वित की है।

कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

धमतरी, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम तरसींवा में बोल बम समिति द्वारा राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन 13 अक्टूबर दिन शुक्रवार की शाम मुख्य अतिथि हरमीत सिंह होरा नागरिक सहकारी बैंक रायपुर के कर कमलो से सपंन्न हुआ। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरमीत होरा ने खेलप्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता बढाने का सहज एवं सरल माध्यम हैं खेल। उन्होंने कहा कि खेल से खिलाड़ियों का समाजिक, आर्थिक, शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। इस दौरान विशाल शर्मा, विक्रांत शर्मा, नीलमणी साहू, राहुल बख्तानी, अंकित गोयल, टिकेन्द्र गजेन्द्र, सुरेन्द्र पांडेय, तोमेश सिन्हा, श्रीमति दीपेश्वरी साहू सरपंच, अर्जुन पुरी गोस्वामी, भुनेष्वर सिन्हा, भास्कर सिन्हा, गुरूगोपाल गोस्वामी, परमेश्वर गोस्वामी, खोन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत दशरमा के कांजी हाउस में 2 माह में लगभग 12 मवेशियों की हो गई मृत्यु

बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत दशरमा के कांजी हाउस में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष करते दिखे मवेशी। बिना किसी शेड व छांव के कड़कती धूप के नीचे लगभग 40 से 50 मवेशिया जीवन और मौत के बीच संघर्ष करती दिखी। जहां चारा पानी के बिना एक गाय मौत की अंतिम सांस लेती हुई दिखाई दी जिसके ऊपर सैकड़ो की संख्या में चींटियां चढ़ी हुई थी और उन्हें काट रही थी चूंकि उक्त गाय के आंख से आंसू बह रहे थे।

लगभग 2500 आबादी वाले इस गांव के सचिव, सरपंच, कांजी हाउस संचालक आदि मौके पर कोई भी सुध लेने वाला जवाबदार व्यक्ति वहां नहीं दिखा। वही कांजी हाउस के बारे में पूछे जाने पर नाम नहीं छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने बताया

कि लगभग बीते 2 माह में 12 से 13 गायों की मृत्यु हो चुकी है। जिसे कांजी हाउस संचालक आदि सहित जवाबदार लोगों द्वारा ठिकाने लगाया जा चुका है। वही उक्त ग्राम के कांजी हाउस में गायों की मौत का सिलसिला लगातार जारी है। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। वही गौठान को देखने पर स्पष्ट हुआ की मौके पर चारा-पानी की

मुख्य कारण धूप, बरसात और चारा पानी की कमी

व्यवस्था सहित छांव हेतु तीन शेड की व्यवस्था भी नहीं थी। मवेशी खुले आसमान के नीचे तपती धूप में बैठे दिखे। ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच, सचिव इस कांजी हाउस में झांकने तक नहीं आते। यह ग्राम पंचायत जिला मुख्यालय से महज 3-4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जिसके बावजूद उच्च अधिकारियों के किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं दिखती। सरपंच सचिव की निष्क्रिय कार्य प्रणाली के चलते अकारण ही मवेशी मौत के गाल में समा जा रहे हैं। उक्त संबंध में जानकारी प्राप्ति हेतु ग्राम पंचायत दशरमा के कार्यालय भवन पहुंचे तो वहां पूर्व की भांति पुन: ताला लटका मिला। जिस पर सचिव को मोबाईल से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया उसके बावजूद सचिव द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

उक्त संबंध में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन से पूछे जाने पर उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए गंभीर गाय के ईलाज हेतु एम्बुलेंस भेजने व जॉचकर दोषीगणों पर कार्यवाही करने की बात कही।

उक्त संबंध में जनपद पंचायत बलौदाबाजार के अतिरिक्त सीईओ योगेश वर्मा से मोबाइल के माध्यम से संपर्क पूछे जाने पर जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की बात कही गई।

झलप क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने डा. चोपड़ा से की निर्दलीय चुनाव लड़ने की मांग

महासमुंद, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। झलप क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा से निर्दलीय चुनाव लड़ने की मांग करते हुए झलप रेस्ट हाऊस से रैली निकालकर उनके क्लिनिक पहुंचे और उनसे चुनाव लड़ने का आग्रह किया। नाराज कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं की भावनाओं और महासमुंद विधानसभा को उपेक्षित किया है। इसलिए कार्यकर्ताओं की भावना है कि डा. चोपड़ा को पुन: निर्दलीय चुनाव लड़ना चाहिए। कार्यकर्ताओं की बात सुनने के बाद डा चोपड़ा ने कहा कि उपर बात हुई है और कार्यकर्ताओं को इंतजार करना चाहिए। डा. चोपड़ा ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष और विधायक के लिए जब उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बनाया तो वे स्वयं नही

जानते थे कि जनता का कितना आपार स्नेह मिलेगा। नपा चुनाव में तो जो प्यार महासमुंद की जनता ने उन्हें दिया वैसा प्यार तो बड़े-बड़े नेताओं को नही मिलता।

रैली की शक्ल में कार्यकर्ता पहुंचे थे झलप स्थित चोपड़ा क्लिनिक

बहरहाल उन्होंने निर्दलीय लड़ने के संबंध मे कोई ठोस आश्वासन नही दिया और इंतजार करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि डा. चोपड़ा का एक क्लिनिक झलप में भी है जहां भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे थे। ज्ञात हो कुछ दिन पूर्व स्थानीय बरोंडाचौक स्थित क्लिनिक में भी नगर व आसपास के कार्यकर्ता पहुंचकर निर्दलीय चुनाव लड़ने की मांग कर चुके है। आज के रैली व झलप में मुलाकात करने वाले कार्यकर्ताओं में श्रीमती ललिता अग्रवाल, देवानायक, प्रेम यादव, सुनील निषाद, सम्मी सलूजा, देवेंद्र राय, इमरान हुसैन, बैठयार पटेल, गोवर्धन आवड़े, लक्ष्मीकांत साहू, जनपद सदस्य रामेश्वर साहू, नंदू, तानसिंग, सागर साहू, महेश देवांगन, हीरालाल देवांगन, अभिजीत पटेल, उमेश डडसेना, लीलाधर डडसेना, सतीश मारकंडेय, गजेंद्र, शोभाराम नायक, मोनू आवड़े, नोहर यादव, ऐतराम भारद्वाज, तुलसी दीवान, गणेश दिवान, तरूणशंख, मुकेश, मानसिंग आदि मौजूद थे।

भाजपा नेता बृजमोहन और मोतीलाल को प्रत्याशी बनाए जाने पर दी बधाई

राजिम 24 अक्टूबर देशबंधु। छत्तीसगढ़ राज्य के कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर दक्षिण विधानसभा से एवं दिग्गज भाजपा नेता साहू समाज के गौरव मोतीलाल साहू को रायपुर ग्रामीण के भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं संदेश दिए। बधाई देने प्रमुख रूप से जिला भाजपा गरियाबंद के पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र राजू सोनकर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू पार्षद ओमप्रकाश आडिल नगर पंचायत राजिम राजधानी रायपुर पहुंचकर दिए।

भाजपा प्रत्याशी टंकराम की उपस्थिति में भाजपा की बैठक

बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला भाजपा कार्यालय में शनिवार को पार्टी के बूथ समिति सहित मंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें बलौदाबाजार मंडल शहर और ग्रामीण के कार्यकर्ता संयुक्त रूप से उपस्थित रहें।

बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं को चुनाव में जी जान से जुटकर बलौदाबाजार विधानसभा में कमल खिलाकर प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने आश्वस्त किया कि वे सदैव कार्यकर्ताओं और देवतुल्य जनता के मार्गदर्शन में कार्य करते आए हैं आगे भी करते रहेंगे। मोदी जी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को आधार मानकर सेवा ही संकल्प मेरे जीवन का एक मात्र लक्ष्य हैं जिसे आप सबके सहयोग और मार्गदर्शन से पूर्ण करेंगे।

उक्त अवसर पर पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे फील्ड में जाकर लोगों को मोदी सरकार और डॉ. रमन सरकार के 15 वर्षों के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताएं जिनका वे लाभ ले रहे हैं। कांग्रेस ने सिर्फऔर सिर्फठगने का काम किया हैं, विकास में अवरोध करने वाली भ्रष्ट और ठग कांग्रेस सरकार को पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश और इस विधानसभा सहित बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से उखाड़ फेंकना हैं। बैठक में प्रमुख रूप से सुरेन्द्र टिकरिहा, टेसूलाल धुरंधर, विजय केशरवानी, धनंजय साहू, कृष्णा अवस्थी, अशोक जैन, नंदकुमार साहू, श्रीमती नीलम सोनी, नरेश केशरवानी, श्रीमती सुनीता वर्मा, अनिल बघेल, रितेश श्रीवास्तव, शशिभूषण शुक्ला, संकेत शुक्ला, डोमन वर्मा, पुरुषोत्तम सोनी, आलोक अग्रवाल, मणिकांत मिश्रा, खोड़सराम कश्यप, रेवाराम साहू, मनोज यादव, योगेश वर्मा, श्रीमती सविता साहू, श्रीमती रीटा केशरवानी, श्रीमती मंजीत कौर सलूजा, पुरुषोत्तम साहू, दिनेश साहू, गोविंदराम वर्मा, प्रणम्य पांडे, अंजय >> शेष पृष्ठ 9 पर >

गृहग्राम बिरेतरा पहुंची भाजपा प्रत्याशी



धमतरी, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक रंजना साहू वैसे तो अपनी सक्रियता के नाम से जानी जाती है, पिछले पांच वर्ष क्षेत्र की जनता ने उन्हें अपने हर दुख सुख में अपनी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रूप में अपने हर वक्त अपने सहभागी के रूप में पाया है, क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुखरता के साथ रहने वाली रंजना साहू को पुन: जबसे भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव में धमतरी से अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है तब से उनकी सक्रियता और अधिक बढ़ गई है टिकट की घोषणा होते ही वे सबसे पहले धमतरी की अधिष्ठात्री देवी माँ विंध्यवासिनी की शरण में पहुंची और उसके बाद माँ अंगारमोती, माँ शीतला एवं रुद्रेश्वर महादेव मंदिर पहुंच कर आशीर्वाद लिया उसके बाद से वे लगातार भाजपा के वरिष्ठों के घर पहुंच कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन ले रही हैं, जहाँ भाजपा के वरिष्ठों ने एक स्वर में पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी रंजना साहू को ऐतिहासिक विजय दिलाने की बात कही विदित हो कि रंजना शुरू से ही अपनी व्यवहारकुशलता से सभी वरिष्ठों का दिल जीतने में कामयाब रही जिसके चलते उन्हें हर समय पार्टी के प्रत्येक वरिष्ठ एवं बुजुर्गों का पूर्ण सहयोग मिलता रहा

है, इधर शुक्रवार को अपने गृह ग्राम बिरेतरा पहुंच कर रंजना ने अपने परिवार के बुजुर्गों अपने ससुर पारथ राम साहू, सास अंजनी साहू एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों का आशीर्वाद लिया तो वहीं सभी ने रंजना साहू की उपलब्धियों पर अपनी गौरव अनुभूति व्यक्त करते हुए कहा हमें गर्व है धमतरी का नेतृत्व बिरेतरा की गौरव बहु कर रही हैं और जिस विश्वास और इच्छाशक्ति से वो क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करती हैं निश्चित ही जनता उन्हें अपना पूरा आशीर्वाद देगी।

उक्त अवसर पर सरपंच ऊषा भीखम साहू, उपसरपंच विनेश्वर साहू, खिलावन साहू, नूतन साहू, कंसू राम, बलदेव राम, चिंता राम, चम्मन साहू, छन्नू राम, मुरहा राम, बसंत राम, टीकाराम, दाऊ लाल साहू, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

डमरू महामाया मंदिर में क्वांर शारदीय नवरात्रि ज्योति कलश आज होगी प्रज्जवलित

बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार से मात्र 15 किमी. की दूरी पर स्थित धर्मनगरी ग्राम डमरू में ऐतिहासिक मॉ महामाया देवी मंदिर में इन दिनों च ांर शारदीय नवरात्रि की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। इस पावन पर्व पर लगभग 1100 के तादात में ज्योति कलश प्रज्जवलित होने की संभावना है। नवरात्रि पर्व पर मंदिर परिसर में माता सेवा जसगीत की धुम प्रतिदिन रहेगी। इस बार नवरात्रि 15 अक्टूबर रविवार से प्रारंभ होगी, 22 अक्टूबर रविवार को अष्टमी हवन कन्या भोज एवं भण्डारा तथा प्रसाद वितरण तथा 23 अक्टूबर सोमवार को नवमी ज्योत विसर्जन होगी।

महामाया मंदिर में साफसफाई व रंग रोगन का कार्य कर लिया गया है। मंदिर परिसर में स्थित ज्योति कलश कक्षों की सफाई कर कलशों को कतार बद्ध रखने की तैयारी हो गयी है। यहां नवरात्र प्रारंभ होते ही पूरा मंदिर परिसर माता सेवा जसगीत से गूंज उठते है। नवरात्रि के अवसर पर पुरा गांव मेला के रूप में परिवर्तित हो जाता है। मॉ महामाया एवं दुर्गा मॉ पाठ तथा सुबह 6 बजे एवं शाम 6 बजे आरती तथा अष्टमी के दिन हवन कन्या भोज ग्राम पुरोहित पंडित मोहित तिवारी द्वारा संम्पन्न किया जाता है। रामलाल साहू, संतोष सिंह चौहान (राजपूत) ने बताया कि यहां प्राचीन समय से श्रद्धालु व भक्तगण अपना मनोकामना लेकर आते है और मनोवांछित फल प्राप्त कर जाते है। यहां क्षेत्र के अलावा अन्य तहसील जिला एवं दुसरे राज्य के श्रद्धालू भी ज्योत प्रज्जवलित कराने आते है जिससे यहां की महत्ता बढ़ती ही जा रही है। यह मंदिर क्षेत्र के लिये एक ऐतिहासिक है मंदिर से लगा हुआ पुराने किले गढ के रूप में सुशोभित है। इस मुख्य मंदिर के द्वार मे दो बब्बर शेर का पुर्ननिर्माण किया गया है जो श्रद्धालुओं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

आग बुझाने के तरीकों से अवगत हुए स्कूली बच्चे

महासमुंद, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय हाईस्कूल लाफिंन खुर्द में अग्निशमन विभाग महासमुंद के द्वारा बच्चों को आग से बचने की जानकारी प्रदान किया गया। आग से कैसे बचें एवं अपने आसपास, घरों में आग पर कैसे काबू पाएं तथा इसकी सुरक्षा से संबंधित विभिन्न जानकारियां विभाग के सदस्यो द्वारा दिया गया। उसके पश्चात डेमो के माध्यम से विभिन्न प्रकार जैसे तरल व ठोस पदार्थ में लगने वाले आग के कारण एवं बचाव के उपाय दिखाए गए। इस डेमो में तेल की आग बुझाना, धातु की आग बुझाना, लकड़ी की आग, गैस सिलेंडर की आग बुझाने की विधि से बच्चों को अवगत कराया गया। फायर ब्रिगेड महासमुंद की टीम में अनुज कुमार एक्का, अग्नि शमन अधिकारी, फकीर सोना चालक, जयपाल हवलदार, युधिथिर बुड़ेक, गौराहरि तांडी, हरीश चक्रधारी, लीलाधर चंद्राकर, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

नो बैग डे पर बच्चों की विविध प्रस्तुति

राजिम, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला पथर्रा में नोबैग डे के तहत आज भाषाई एकता एवं राष्ट्रीय एकता के थीम पर बच्चों की विविध प्रस्तुति हुई..अलग-अलग प्रदेशों की वेशभूषा खान-पान संस्कृत रहन-सहन पर आधारित कार्यक्रम आयोजित की किए गए बच्चों ने आदिवासी संस्कृति से लेकर भारत के अलग-अलग राज्यों की वेशभूषा में विभिन्न गीत नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रस्तुत किया साथ ही साथ अनेकता में एकता की हमारी विशेषता को कायम रखने का संकल्प भी लिया.. इस अवसर पर संस्था के शिक्षकों ने बच्चों को विविध धर्म जाति भाषा रहन-सहन खान पान के बावजूद हमारे देश की जो एकता है उसे एक सुंदर बगिया के सदृश्य बताते हुए बच्चों को समझाया कि सब धर्म का आदर करना हमारा धर्म है एवं अपनी एकता को बनाए रखकर ही हम इस देश की तरक्की में भागीदार बन सकते हैं..

जहां बच्चों ने इस आयोजन का खूब आनंद लिया वहीं उपस्थित पालकों ने भी उनके कार्यक्रमों की प्रशंसा की.

उल्लेखनीय है कि इस विद्यालय में हर शनिवार को बस्ता विहीन शनिवार के तहत अलग-अलग शैक्षणिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिससे बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारा जा सके एवं उनमें आत्मविश्वास की भावना जागृत की जा सके. आज के इस समस्त कार्यक्रम में श्रीमती वालीता साहू सुनीता साहू, लक्ष्मी यादव, प्रेम कुमारी, निधि ठाकुर का विशेष योगदान रहा. संयोजन कुमारी गीता साहू ने किया. संस्था प्रमुख आलोक शर्मा ने सभी बच्चों पुरस्कार देने की घोषणा की.

आज से मुकुटपूजा व नारदमोह की लीला के साथ रामलीला का मंचन आरंभ

भाटापारा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाटापारा नगर की आदर्श रामलीला नाटक मंडली जो अपने सौ वर्ष पूर्ण कर इतिहास रच चुकी है वही ये संस्था जिसकी स्थापना सन् 1920 में ब्रिटिशकाल से धर्म प्रचार करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की प्राचीन एतिहासिक रामलीलाओ मे अब नाम लिखाते हुए 103 वर्ष पूर्ण कर चुकी है और आगामी 15 अक्टुबर से 104वें वर्ष का मंचन करने जा रही है। इस रामलीला मंडली की सबसे बड़ी विशेषता है कि नन्हे बाल कलाकारो के द्वारा रामलीला के पात्रो का अभिनय करना। रामलीला का मंचन संस्था के द्वारा नवरात्र मे नौ दिनो तक किया जाता है जिसके बाद दशहरा मे रावण दहन की लीला रावण भाटा मैदान मे मनाते हुए रावण जला कर दशहरा मनाया जाता है फिर दुसरे दिन भगवान राम का राजतिलक कर लीला का समापन किया जाता है। बच्चो के द्वारा इस व्यस्त एवं दौडते भागते समय मे जब पढ़ाई का बोझ अत्यधिक होता उसमे से अपना समय निकाल भगवान के कार्य मे धर्म और संस्कृति के प्रचार मे अपना किमती समय देते है। आदर्श रामलीला नाटक मंडली का साहित्य अदभुत तरिके से रामचरित्र मानस, बाल्मीकी रामायण, रामचरित्र दर्पण, राधेष्याम रामायण, वषुनायक, संगीत रामायण,हिन्दी अनुवाद रामायण एवं स्वयं अनुवाद कर साहित्यों को धरोहर रूप में संजोया गया है जिससे रामलीला का मंचन किया जाता है। रामलीला के आयोजन में बच्चो के साथ उनके पालको और नगर के सभी वर्गों का सहयोग इस रामलीला के सफलता का कारण बनती है।

11 दिनों तक होगी लीला, नवरात्र के नौवें दिन होगा देवी लीला की भव्य प्रस्तुति

15 अक्टुबर से मुकुट पुजन के साथ लीला आरंभ होगी जिसके बाद प्रथम दिवस से नवरात्र पक्ष के नौ दिनो मे नारद-मोह,मुनिआगमन,धनुष यज्ञ, वनगमन, सीताहरण, जटायुमरण, शबरी प्रसंग, रामसुग्रीव मित्रता, बालीबध, लंकादहन, विभिषण शरणागति, सेतबंध रामेश्वरम, लक्ष्मण शक्ति,कुंभकर्ण वध, मेघनाथ वध,सतीसुलोचना एवं देवी लीला,अहिरावण की भव्य एवं शानदार लीलाओ की प्रस्तुति होगी। इसी बीच दानी मौरध्वज की लीला का मंचन भी किया जाएगा। एवं 24 तारिख को दशहरा रावण भाटा मैदान मे मनाते हुए 25 तारिख को राजतिलक के साथ 11 दिनो की लीला का समापन होगा।

रामायण के पात्रों को जीवंत करेंगे नन्हें बच्चे वहीं प्रबंधन कार्य में लगी संस्था

वर्तमान 104वें वर्ष सन 2023 के मंचन की तैयारी पूर्ण हो चूकी है जिसमें आदर्श रामलीला मंडली भाटापारा संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा,उपाध्यक्ष जगदीश वैष्णव एवं सचिव कोमल शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ मे बाबु शुक्ला, मोनू मल, कैलाशचंद पुरोहित, बजरंग लाल चौरसिया, हेमंत मल, देवनारायण लाला शर्मा,शिवनारायण गुप्ता,मनोज गुप्ता, रामजी जोशी,धन्जी जोशी,रोहित तिवारी,आयुष तिवारी एवं अन्य सदस्यो के द्वारा प्रबंधन कार्य संभालते हुए व्यास गद्यी का कार्य संचालित कर रहे है वही राम की भुमिका मे आदित्य जोशी,लक्ष्मण की भुमिका मे कार्तिकेय पांडे एवं वैभव तिवारी व हनुमान की भुमिका मे लव शर्मा व शौर्य मिश्रा,सीता की भूमिका में धर्मपाल सोनी एवं अन्य कलाकारो के रूप मे लगभग 30 बच्चे अलग-अलग रामायण के किरदारो को जीवंत करते दिखाई देंगे।

शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में वाणिज्य परिषद का गठन

नवापारा राजिम, 24 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय राजीव लोचन स्नात्कोत्तर महाविद्याल राजिम में वाणिज्य संकाय द्वारा वाणिज्य परिषद का गठन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन विगत दिनों किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती श्वेता मिश्रा (प्रभारी प्राचार्य फणिकेश्वर नाथ महाविद्यालय फिंगेश्वर) रही, कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्रो. एम. एल वर्मा ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. ए गोयल (विभागाध्यक्ष वाणिज्य), डॉ. गोवर्धन यदु ,प्रो. जी. पी यदु , डॉ. समीक्षा चंद्राकर एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक की गरिमामयी उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुरुवात अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा में माल्यार्पण , दीप प्रज्वलन एवं बी.कॉम प्रथम की छात्रा पलक निषाद के द्वारा सरस्वती वंदना करके किया गया। तत्पश्चात छात्र/ छात्रों ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। संस्था प्रमुख प्रो. वर्मा द्वारा परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गई जिसमें निकिता सिन्हा (अध्यक्ष) , मुस्कान मिश्रा (उपाध्यक्ष) , परमिस पटेल (सचिव) , श्रेया चंद्राकर (सहसचिव) पद के लिए शपथ लिए तत्पश्चात विभाग के अतिथि प्रध्यापक सुश्री शिल्पा मिश्रा द्वारा विभाग के उद्देश्य एवं विभागीय गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र / छात्रों को शुभाशीष दिया तथा परिषद का महत्व बताते हुए बताया कि परिषद हमे साथ मिलकर समूह भावना से काम करने की प्रेरणा देती है। संस्था प्रमुख एवं विशिष्ट अतिथियों ने मुख्य अतिथि महोदया को स्मृति चिन्ह एवं प्रासस्ति पत्र भेंट किया। कार्यक्रम का समापन विभाग के जनभागीदारी प्रध्यापक राहुल सोनकर के द्वारा अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति एवं छात्र / छात्रों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त करके किया गया। कार्यक्रम में छात्र/ छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

पितृपक्ष का समापन, भोजन कराने नहीं दिखे कौवे

नवापारा-राजिम, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज 14 अक्टूबर को पितृपक्ष के समापन के दिन पितरों को विदा करने के लिए आंगन में बैठकर उनके परिवार के मुखिया द्वारा तोरई पान में पका हुआ चावल, सब्जी, पूडी एवं तला हुआ उडद दाल का बड़ा सभी को मिलाकर तोरई पान में क्रमश: रखते है और कुछ अंश को अपने घर के छत में भी फेक देते है। हमारे पूर्वज बताते हैं कि पितर पक्ष समापन के दिन में रखे हुए पके भोजन को यदि कौवा खा लेता है तो यह मानकर चलते है कि हमारे पितर देवता हमारे इस पूजा अर्चना को स्वीकार कर रहे है लेकिन आजकल कौआ बहुत ही कम दिखाई दे रहा है। लोग यही मानते है कि यदि कौआ हमारा दिया हुआ भोजन ग्रहण करता है तो हमारा इस बार का पितर पक्ष सफल रहा।

कुलेश्वरनाथ महादेव का प्रतिदिन हो रहे हैं अलौकिक श्रृंगार

राजिम, 14 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध प्रयाग नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम के मध्य स्थापित आदिदेव पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव ज्योतिर्लिंग का प्रतिदिन अलौकिक श्रृंगार किया जा रहा है आज भी विभिन्न प्रकार के पदार्थ एवं पुष्पों के द्वारा शिवलिंग तथा उनके नीचे की वेदी पर मौजूद माता पार्वती का अलौकिक श्रृंगार किया गया जो देखते ही बन रही थी।

बेगलेस डे पर सेजेस में हेडवास के साथ स्वच्छता के गुर बताया गया

सरायपाली, 14 अक्टूबर (देशबंधु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय सरायपाली में प्राचार्य मनोज पटेल के निर्देशन एवं प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी के नेतृत्व में बैगलेस डे को आनंदमय बनाने हेतु बालहित में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को चरणबद्ध हैंडवाश कराया गया। प्राचार्य मनोज पटेल ने बताया कि हाथ धोना एक अच्छी हाइजीन आदत है, सभी को नियमित हाथ धुलाई करना बेहद जरूरी है हाथ धुलाई से विभिन्न बीमारियों से बचाव संभव है। प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने हाथ धुलाई के फायदे गिनाए और इसकी जरुरत पर बल दिया। खाना खाने के पहले और शौच के बाद हैंडवाश को जरुरी बताया गया। इस अवसर पर हाथ धोने की आदत को बढ़ावा देने जागरूक किया गया।शिक्षकों और विद्यार्थियों ने चरणबद्ध हैंडवाश किया और स्वच्छता का संदेश दिया। सभी ने स्वच्छता के लिए नियमित हाथ धुलाई हेतु सामुहिक शपथ लिया।

बैगलेस डे पर योगा, व्यायाम,सुरक्षित शनिवार गतिविधियां, स्कूल हेल्थ प्रोग्राम की गतिविधियाँ, क्वीज आदि गतिविधियां कराई गई।बच्चों ने फुटबॉल,कबड्डी,खो खो,दौड़,क्रिकेट,बैडमिंटन आदि खेल खेलकर खूब आनंद लिया। इस अवसर पर सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल,व्याख्याता लता साहु, प्रदीप नारायण सेठ,महेश कुमार नायक,नरेश पटेल,मीना एस.प्रकाश,सुब्रत प्रधान,दिनेश कर,जलन्धर वर्गे,प्रवीण तिवारी,रेखा पुरोहित,उमा नायक,हरिश चौधरी,ज्योति सलूजा,लक्ष्मी चौधरी,शिवेंद्र सिंह सोनवानी,साकेत राजवाड़े,पीटीआई मंजिला चौधरी, प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी,शिक्षक विनोद कुमार चौधरी,श्याम सुन्दर दास,गजानंद प्रधान,रश्मि राजा, प्रधान पाठक आशा शर्मा, एलबी पात्रो, धनपत सिदार,भारती सिदार, नेतराम पटेल, शोभाराम भोई, हिमाद्री प्रधान,नेहा दास, गुलाब चौहान,अक्षय कुमार भोई,रोहित मुन्ना,सविता सिदार, घसियाराम चौहान, केशव प्रसाद चौहान,गीती बरिहा,बेदमोती बंछोर, अंजनी मुन्ना आदि उपस्थित थे।

सार-संक्षेप

शहीद नवीन पंचतंत्र में विलीन

तिल्दा नेवरा, 14 अक्टूबर। शहीद वीर सैनिक पंचतंत्र में विलीन भारत के वीर सपूत आल्दा निवासी नवीन कुमार सोनी उत्तराखंड में भारत माता के सेवा करते अचानक हार्टअटैक हो जाने के करण 42 वर्ष के अविवाहित सैनिक थे आज वायु मार्ग से रायपुर लाकर आल्दा में अंतिम संस्कार किया गया। तिरंगा में लपेटे हुए आसपास के लोग कभी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी। वहीं टंकराम वर्मा सहित कांग्रेस प्रत्याशियों व तिल्दा शहर, ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता शहीद को श्रद्धांजलि दी।

दुर्गा समितियों की थाना परिसर में बैठक

बिलाईगढ़, 14 अक्टूबर (देशबंधु)। स्थानीय पुलिस थाना बिलाईगढ़ परिसर में आज दुर्गा समितियों का बैठक आहूत किया गया था। यह बैठक पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती विनिदिता पाल व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में आज दिनांक 14.10.2023 को थाना बिलाईगढ़ प्रांगण में थाना क्षेत्र के दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियो को आहुत कर शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा मनाने तथा प्रतिमा विसर्जन करने के संबंध में आगामी विधानसभा चुनाव में लगे आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देश के संबंध में अवगत कराया गया।

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर ने 21 सांस्कृतिक समूहों को दिया संगीत सामग्री का सहयोग

बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर. ने निकटवर्ती 15 गांव के 21 सांस्कृतिक समूहों को संगीत सामग्री का सहयोग कर छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं लोक संस्कृतिक को बढ़ावा देने में सहभागिता प्रदान किया।

संगीत सामग्री का वितरण अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर. सेन्टर में किया गया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक प्रबंधन से टी पी पी प्रमुख रमेश परिहार, इलेक्ट्रीकल प्रमुख अली असगर, विभागाध्यक्ष एडमीन संजीव मिश्रा, सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योस्तना पति, रोहित श्रीवास्तव एवं ग्राम पंचायत रावन, झीपन, खपराडीह, सरसेनी, तिल्दाबाँधा के सरपंच एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि के साथ साथ 20 सांस्कृतिक समूहों के पदाधिकारी एवं संबंधित ग्राम पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रबंधन से संजीव मिश्रा ने सभी को लोक कला के क्षेत्र में आगे बढने की बात कही, रमेश परिहार ने सभी समितीयों को शुभकामना देते हुए कहा कि आपके प्रयास से लोक कला जिवित है इसे बरकरार रखे। वहीं अली असगर ने लोक कला के क्षेत्र में समितियों को सहयोग दिलाने के लिए ग्राम पंचायत का धन्यवाद दिया एवं संस्कृति ही हमारी पहचान है इसे बचाये रखने के लिए हमारा प्रयास लगातार रहेगा। विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाने तत्पर रहा है, और भविष्य में भी ऐसा सहयोग करता रहेगा। अल्ट्राटेक की सी.एस.आर. टीम से दया राम वर्मा, द्वारिका वर्मा, सुरेंद्र यादव, जानकी यादव,रूपेंद्र पंकज, ताराचंद, एवं साहिल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्वाचन की सभी तैयारी की समीक्षा की

बिलाईगढ़, 14 अक्टूबर(देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 की सभी तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय के कंप्यूटर व्यवस्था सहित लिपिक वर्गीय, कार्यालय सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर आदि कर्मचारियों की ड्यूटी के संबंध में चर्चा की। डॉ सिद्दीकी ने कहा कि नामांकन फार्म सहित सभी प्रकार के प्रपत्र की उपलब्धता हो, निर्वाचन नियमावली का सभी अधिकारी कर्मचारी को जानकारी होनी चाहिए। सभी नोडल अधिकारी और प्रभारी अधिकारी अपने मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें कि वहां मूलभूत सुविधाएं बिजली, पेयजल, शौचालय आदि सुचारू उपलब्ध हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा के हिसाब से आवश्यक मतदान और मतगणना कर्मचारियों का आंकड़ा तैयार करें। सभी सीएमओ नगरीय निकायों में और सभी सीईओ अपने विकासखंडों में संपत्ति विरूपण के तहत राजनैतिक व्यक्ति, दलों का विज्ञापन पोस्टर आदि को निकाले और दीवाल पेंटिंग को मिटाएं। कार्य में लापरवाही करने वाले पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि वेब कास्टिंग हेतु चयनित मतदान केंद्रों में जाकर आवश्यक इंटरनेट का परीक्षण तकनीकी सहायकों से करवाएं। उन्होंने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी), वाहन व्यवस्था, फ्लाइंग स्चायड, स्थाई निगरानी समिति, वीएसटी, वीडियो निगरानी समिति, प्रशिक्षण स्थल की व्यवस्था, कंट्रोल रूम की संपूर्ण व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, बी एक्का, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान सहित जिले के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रादेशिकी का शेष...

भाजपा प्रत्याशी टंकराम की उपस्थिति...

श्रीवास, रामनाथ सोनी, श्रीमती रजनी केशरवानी, नरेंद्र कश्यप, रवि वर्मा, वासु ठाकुर, अजय गर्ग, श्रीमती संतोष शर्मा, पोषण पटेल, चंद्रिका वर्मा, शांति पात्रे, श्याम सुंदर केशरवानी, प्रह्लाद साय, भूपेंद्र मनहरे, कामेश वर्मा, तरुण वर्मा, सौरभ पटेल व बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग, मातृशक्ति सहित भाजपा नेता, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

गृहग्राम बिरेतरा पहुंची भाजपा...



बिहारी राम, प्रीतम, बनऊं, अर्जुन साहू, दसरू राम, दीनू राम, प्रकाश साहू, सेवा राम, मुकेश साहू, संदीप, खिलू राम, मोहन, हरिश्चंद्र साहू, महिला कमांडो के सदस्य,जिला पंचायत सदस्य दमयंती साहू, आमदी मंडल राकेश साहू, पंकज साहू, वीरेंद्र साहू उपस्थित रहे।

डमरू महामाया मंदिर में क्वांर...

का आकर्षण का केन्द्र है। समिति द्वारा इस वर्ष भी मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित हेतु तेल ज्योति रूपये 601 रू. एवं घृत ज्योति प्रज्जवलित हेतु रूपये 1001 रू. रखा गया हैं। महामाया समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष नंदलाल साहू संरक्षक डॉं जीतेन्द्र सिंह पैकरा उपाध्यक्ष महेतरू साहू, कोषाध्यक्ष बीरसिंह पैकरा सचिव अनिल पैकरा, सदस्य राधे पैकरा, भेकसिंह पैकरा बहुर साहू, दिनेश सेन, कौशल साहू, रामकुमार साहू, गौकरण यादव, राजेन्द्र पैकरा, रंजीत साहू, राधेश्याम साहू, गोविन्द पैकरा, भरत साहू, शत्रुहन साहू, देवीदयाल निर्मलकर एवं पुजारी रामसिंह पैकरा एवं हेमकुमार पैकरा है। मुख्य पंडा शत्रुहन पैकरा एवं इस पावन कार्य में ग्राम सरपंच एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान भी सराहनीय रहता है।

आग बुझाने के तरीकों से...

नेत्र कुमार दीवान, संस्था के प्राचार्य भारत साहू एवं स्टाफ के सदस्य राधेश्याम सोनी, प्रकाश चंद्राकर, प्रीति चंद्राकर, भुनेश्वरी जांगडे, विनीता अंजलि दीवान, नवीन साहू, समिति सदस्य भीखम साहू, लोमश साहू एवं छात्र.छात्राएं उपस्थित थे।

खेल आधारित शिक्षण शास्त्र कार्यशाला कसडोल में संपन्न

कसडोल/बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। खेल आधारित शिक्षण शास्त्र कार्यशाला कसडोल के स्वामी आत्मानंद स्कूल ऑटोटोरियम में रखा गया था जिसमे विकास खंड के लगभग 288 प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने शिरकत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना से संपन्न हुआ। जिसमे विकास खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक टी आर धृतलहरे, आर डी पटेल, गोरे साहू उपस्थित रहे। श्री देवांगन ने कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षकों को इस प्रशिक्षण को आत्मसात कर अपने स्कूल में अक्षरश: पालन करने के लिए कहा।



कार्यक्रम की शुरुवात खेल खिलौना की प्रारंभिक आधार भूत संरचना से शुरू हुआ कि कैसे हम खेल के माध्यम से बच्चो को जोड़ते हुए अपने शिक्षा में शामिल कर सकते है इसमें प्रमुख रूप से परिवेशीय खेल पारंपरिक खेल प्रथा से संबंधित खेल सांस्कृतिक खेल पर्यावरणीय खेल आदि प्रमुख हैं। कार्यशाला को आगे बढ़ाते हुए नई शिक्षा नीति मुखौटा निर्माण टेनग्राम बालवाड़ी पंचकोश सिद्धांत आदि मॉड्यूल पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा हुआ। खेल आधारित प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल फुगड़ी बिल्लस नदी पहाड़ कंचा गिल्ली डंडा भंवरा पिठुल्ल लगड़ी दौड़ कबड्डी खो खो पोसम पास पकड़म पकड़ाई अटकन बटकन गोटा आदि खेलो के बारे में विस्तार से बताया गया। विकास खंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में योगेश्वर कुमार साहू शांति साहू राजेश देवांगन सुरेखा साहू श्री कांत पाठक ने कार्यकम को सफल बनाया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला मुख्यालय से सहायक संचालक के के गुप्ता उपस्थित हुए। जिन्होने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सब को बधाई दिया और कहा कि हमारे पास बच्चो को देने के लिए बहुत कुछ है शिक्षा विभाग समय समय पर अलग अलग कार्यक्रम आयोजित करता है देखना यह है कि हम कैसे इन सभी योजनाओं का लाभ स्कूल में अपने बच्चो को देते हैं।

धरसींवा विस क्षेत्र भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद

खरोरा, 14 अक्टूबर। खरोरा में विधानसभा में अनुज शर्मा के पक्ष में धरसींवा विधान सभा मे जीत का मंत्र देने पहुचें भाजपा के राष्ट्रीय नेता व कानुन मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सनातन विरोधी ताकतो से सावधान की बात कहते मोदी सरकार के कार्य योजनाओ को गिनाते भूपेश सरकार को भ्रष्टाचारी व घोटाले बाज बताया वही धरसींवा के साथ साथ पुरे प्रदेश मे कांग्रेस की सरकार बदलने की बात कही, लेकिन रविशंकर से चले जाने के बाद भाजपा कार्यकर्त्ताओ में धरसींवा प्रत्याशी चयन को लेकर खुब विवाद और पार्टी व प्रत्यासी विरोधी नारे बाजी हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि आम भाजपा कार्यकर्ताओं से बगैर रायसुमारी के पैरासुट प्रत्याशी अनुज शर्मा को टिकट देना गलत है वही भाजपा कार्यकर्त्ताओ ने केन्द्रीय कानुन मंत्री रविशंकर प्रसाद पर नाराजगी जाहिर करते कार्यकर्त्ताओ पर अनदेखी का आरोप लगाया।केन्द्रीय मंत्री से कार्यकर्त्ताओ के प्रत्याशी चयन को लेकर नाराजगी के सवाल पर सब कहा कि सभी को मना लिया जायेगा और सभी अपने है की बात कहते भाजपा सरकार बनाने के लिए पर्याप्त सीट आने की बात कही। सभा को को सांसद रायपुर सुनिल सोनी ने सम्बोधित करते एक जुट होकर अनुज शर्मा को जीताने की बात कही वही अनुज शर्मा ने अपने आप को सभी कार्यकर्त्ताओ से नाम के अनुरूप छोटा बताते सहयोग करने की बात कही।



निधन

कविनाथ सोनवानी

गरियाबंद, 14 अक्टूबर। नगर के वार्ड क्र. 2 निवासी कविनाथ सोनवानी उम्र 76 वर्ष अध्यक्ष सीजी पेंशनर समाज गरियाबंद का शनिवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे पत्रकार व भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी के पिता थे। उनके निधन पर नगर के गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्धजनों सहित आंचलिक पत्रकार संघ व पेंशनर समाज ने गहरा शोक व्यक्त किया हैं। शनिवार दोपहर स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

तुलसीराम वर्मा

अमेरा/बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर। ग्राम कोसमंदी निवासी तुलसीराम वर्मा का निधन गत दिनों हो गया है। उनके अंतिम संस्कार में परिजन, आत्मीयजन, ग्रामवासी शामिल हुए। वे बालकृष्ण वर्मा, रामेश्वर वर्मा, सेवक वर्मा के पिता थे।

20 हजार के अवैध शराब के साथ मध्यप्रदेश के युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बागबाहरा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर में की जा रही संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर बागबाहरा पुलिस ने पिथौरा चौक के पास आज 14 अक्टूबर की सुबह 5 बजे 20 हजार रुपए के 250 पौवा अवैध देशी प्लेन शराब के साथ इंदौर मध्यप्रदेश के एक आरोपी युवक को आयचर ट्रक में परिवहन करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार करने में पुलिस को एक बहुत बड़ी सफलता मिली है। बागबाहरा पुलिस ने उक्त गिरफ्तार आरोपी युवक के खिलाफ थाने में अबकारी एक्ट की धारा 34(2)? के तहत अपराध कायम कर उसे जिला न्यायालय महासमुंद में आज शनिवार को पेश किया गया। जहाँ से उक्त आरोपी युवक को कोर्ट ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। जहाँ शराब के अवैध परिवहन में प्रयुक्त आयचर ट्रक को पुलिस ने थाने में जब्त कर लिया है। विधानसभा चुनाव के आचार संहिता लगने के बाद बागबाहरा पुलिस को एक बहुत बड़ी मात्रा में अवैध शराब पकड़ने में सफलता मिली है।

बागबाहरा थाना प्रभारी महेश साहू ने बताया कि आज शनिवार की सुबह 5 बजे से नगर के पिथौरा चौक के पास संदिग्ध वाहनों की जाँच पड़ताल की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक लाल रंग के आयचर ट्रक क्रमांक सीजी 04- पीबी-7540 तेंदूकोना से बागबाहरा की ओर जा रही है। जिसमें बड़ी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर बागबाहरा पुलिस तुरंत दल-बल के साथ अलर्ट होकर गाड़ी आने के पहले से ही मौजूद हो गए थे। इसी दौरान नगर के पिथौरा चौक के पास एक लाल रंग के आयचर ट्रक तेंदूकोना से बागबाहरा की ओर आते दिखे। जिसे रोक कर वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 250 पौवा देशी प्लेन अवैध शराब कार्टूनों में भरा मिला। जो कुल 45 लीटर था। जिसका बाजार मूल्य पुलिस ने 20 हजार रुपये बताई है। पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर प्रवीण ठाकुर 26 वर्ष पिता मिश्री लाल ठाकुर मकान नंबर 713 गोविंद कॉलोनी थाना बाड़गंगा इंदौर (मध्यप्रदेश) को ट्रक में अवैध शराब का परिवहन करने के आरोप में आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत जुर्म दर्ज कर उसे महासमुंद के जिला न्यायालय में आज शनिवार को पेश किया गया। जहाँ से कोर्ट ने आरोपी युवक ट्रक ड्राइवर प्रवीण ठाकुर को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। आचार संहिता लगने के बाद नगर में हुई धरपकड़? की बड़ी कार्रवाई का यह पहला मामला है। इंदौर मध्यप्रदेश के आरोपी युवक प्रवीण ठाकुर को 20 हजार रुपए के अवैध शराब के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार करने में बागबाहरा थाना प्रभारी महेश साहू, प्रधान आरक्षक मोहन कुर्रे, आरक्षक एकलव्य बैस, पीयूष शर्मा आदि का सक्रियता के साथ सराहनीय योगदान रहा। इसी तरह खल्लारी पुलिस ने ग्राम बीके बाहरा में भीमखोज निवासी कलिंगा ध्रुव 35 वर्ष के कब्जे से 10 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत 2 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने उक्त आरोपी युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वहीं कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम भिलाईदादर निवासी दीपक मल्होत्रा 22 वर्ष के कब्जे से 14 लीटर अवैध शराब के साथ बिक्री की रकम 18 सौ रुपए को जब्त कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार बागबाहरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने 2 अलग-अलग मामले में कुल 19 लीटर अवैध शराब जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध जुर्म दर्ज किया है। पहला मामला नेशनल हाइवे 353 में फुलवारी पारा बागबाहरा निवासी आरोपी युवक दीपक यादव के कब्जे से 12.06 लीटर देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त किया है। इसी तरह ग्राम कुशपाली में तालाब के पास मुड़ागांव निवासी आरोपी युवक उत्तम सोनवानी 40 वर्ष के कब्जे से 6.06 लीटर देशी अंग्रेजी एवं महुआ शराब को अवैध रूप से बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उक्त आरोपी युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। आचार संहिता लगने के बाद विधानसभा चुनाव के पूर्व बागबाहरा थाना, खल्लारी थाना, कोमाखान थाना एवं तेंदूकोना थाने के पुलिस द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त कर आरोपियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। जिससे अवैध शराब विक्रेताओं एवं कोचियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ धरपकड़ करने में सक्रियता के साथ जुट गई है। जिसकी नगर में जमकर प्रशंसा की जा रही है।

क्रिकेट सट्टा पर कड़ाई नहीं, ढिलाई

भाटापारा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। कड़ाई नहीं, ढिलाई। लिहाजा खूब फल-फूल रहा है क्रिकेट सट्टा। नाम कमा रहा है,अपना शहर इस काम में। इसलिए करीब के शहर ही नहीं, सीमावर्ती प्रांतों से भी शौकीन पहुंच रहे हैं और दांव में लग रहे हैं लाखों की रकम।

जी हां, यह हमारा भाटापारा शहर है, जिसकी पहचान ऐसे शहर के रूप में होती है, जहां बेरोक-टोक अवैध काम किये जा सकते हैं। ऐसे में क्रिकेट सट्टा, खूब खेला जा रहा है। निगरानी और कार्रवाई करने वाले हाथों ने जैसी दूरी बनाई हुई है, इसके चर्चे खूब हो रहे हैं।

हैं कई ठिकाने

शहर की घनी आबादी के बीच ऐसे कई ठिकाने हैं, जहां यह अवैध काम हो रहा है। साथ ही शहर से लगे आउटर एरिया भी नए पनाहगाह बन चुके हैं। हमेशा से चर्चित रहने वाला पुराना ठिकाना सबसे ज्यादा भरोसेमंद माना जाता है, जिसकी जानकारी जिम्मेदारों को भी है।

इनके लिए बेहद मुफीद

मुंगेली, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग के क्रिकेट सट्टा प्रेमी तो आ ही रहे हैं, अब सीमावर्ती प्रांत महाराष्ट्र से भी आने की खबरें मिल रहीं हैं। यह इसलिए क्योंकि कड़ाई, केवल दिखावे के लिए होती है, और ढिलाई पूरी तरह बरती जाती है। एक तरह से छूट दी जा रही है इस काम को।

नया बहाना

आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है। धारा 144 भी लागू की जा चुकी है। ऐसे में जिम्मेदारों का कहना है कि पूरा ध्यान आचार संहिता के नियमों के परिपालन पर है। च्देखते हैं या ध्यान में है ज जैसे सदाबहार शब्द अभी भी दोहराए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में ठोस कार्रवाई की उम्मीद बेकार की ही कवायद होगी।

हरिनभट्ठा, गोडा, सरकीपार सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में गुरु गद्दी पूजा आज

पलारी, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। पलारी विकास खण्ड के विभिन्न गांवों में सतनामी समाज के लोगों द्वारा सतनाम धर्म के प्रवर्तक गुरु घासीदास जी के सतनाम संदेश एवं मनखे मनखे एक बरोबर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम हरिनभट्ठा, गोडा, सरकीपार सहित विभिन्न गांवों में 15अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक गुरु गद्दी पूजा का आयोजन किया गया है। ग्राम गोड़ा में धर्म गुरु मुक्ति दास जी खपरीपुरी धाम उपस्थित होकर पूजा अर्चना कर शुभारंभ करेंगे वहीं धर्म गुरु मुक्ति दास जी ग्राम हरिनभट्ठा में आयोजित कार्यक्रम में पंचमी को सम्मिलित होंगे। सरकीपार में समाज प्रमुखों द्वारा पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए सतनामी समाज प्रमुखों ने प्रदेश अध्यक्ष मोहन बंजारे संघर्ष समिति सहित सभी को आमंत्रित किया है।



बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल बलौदाबाजार भेजा गया

सिमगा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता द्वारा दिनांक 13/10/2023 को थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोट दर्ज कराई कि इसके गांव का हिमांशु देवांगन पिता तुकाराम देवांगन निवासी पौसरी थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ0ग0 ने इससे प्यार करता हूं शादी करूंगा कहकर बातचीत करने लगा दिनांक 20/06/2022 को सुबह 11.00 बजे हिमांशु अपने घर में बुलाकर शादी करूंगा कहकर जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाया उसके बाद लगातार शारीरिक संबंध बनाया था। फिर हिमांशु देवांगन ने मई 2023 में अन्य लडकी से शादी कर लिया फिर दिनांक 25/09/2023 को फोन कर गांव के बाहर बुलाया शारीरिक संबंध बनाओं नही तो तुम्हारे होने वाले पति को बता दूंगा बालकर जान से मारने की धमकी देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया और लगातार आने जाने के रास्ते में आकर धमकी देते है कि रिपोर्ट अपराध तत्काल आरोपी हिमांशु देवांगन के विरूध्द थाना सिमगा में अपराधक क्रमांक 321/2023 धारा 376, 376(2),(ढ),506 भादवि पंजीबध्द कर घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिसके निर्देश पर थाना प्रभारी सिमगा द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर प्रकरण के आरोपी हिमांशु देवांगन पिता तुकाराम देवांगन उम्र 26 साल निवासी पौसरी थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ0ग0 को 24 घंटे के अंदर हिरासत मे लेकर पूछताछ किया जो अपने जुर्म स्वीकार करने पर दिनांक 13/10/2023 को गिरफ्तार कर आज दिनांक 14/10/2023 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

छग प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने छोड़ा पद

महासमुंद, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को महासमुंद जिला राइस मिल्स एसोसिएशन के आतिथ्य में छ.ग. प्रदेश राइस मीलर्स एसोसिएशन की समान्य सभा की बैठक सम्पन्न हुई। प्रदेश पदाधिकारियों एवं प्रदेश के सभी जिले से आए अध्यक्षों का महासमुन्द जिला द्वारा पुष्पाहार से स्वागत किया गया। तत्पश्चात महासमुन्द जिले के प्रमुख पारस चोपड़ा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि महासमुन्द की ऊर्जावान भूमि ने सदैव राईस मिलिंग उद्योग के संरक्षण संवर्धन एवं मीलर्स में जागृति लाने का काम किया है, और इस संदर्भ में आयोजित आज की बैठक में सम्पूर्ण प्रदेश से पधारे राइस मिलर्स का हार्दिक अभिनंदन है। कोषाध्यक्ष रौशन चंद्राकर ने विगत वर्षों में मिलर्स हित में किए गए सभी प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि वो हर कदम पर राईस मीलर्स साथियों के साथ हैं। फिर अध्यक्ष कैलाश रूंगटा ने अपने सम्बोधन में कहा कि अपने कार्यकाल में राईस मिलर्स के लिए उनकी टीम ने अधिकाधिक काम किया है, फिर भी बहुत से काम किए जाने बाकी हैं जिसके लिए हम आगे भी प्रयास करते रहेंगे, जो काम हम नहीं करा सके हैं उसके लिए पूरे सदन से क्षमा चाहते हैं। इसी क्रम में कैलाश रूंगटा ने अपनी पूरी टीम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित का इस्तीफा प्रस्तुत किया साथ ही एक कार्यसमिति की घोषणा की जो कि प्रदेश एसोसिएशन के आगामी चुनाव की रूपरेखा बनाएगी और एसोसिएशन के चुनाव तक शासन-प्रशासन से सम्पर्क कर मिलर्स हित में काम करेगी। कार्य समिति में सर्व राजेन्द्र लूंकड़ धमतरी, श्रवण अग्रवाल आरंग, मोहन अग्रवाल अभनपुर, देवेन्द्र भृगु भाटापारा, सर्वजीत सिंह चौहान कांकेर, विजय केडिया जांजगीर, मनोज अग्रवाल डोंगरगढ़, तिलोक सांखला महासमुन्द, अनिल शर्मा रायगढ़, विनीत जैन दुर्ग, विजय गोयल राजिम, बलबीर सलूजा बिलासपुर, अनिल चंद्रवंशी कबीरधाम, मुकेश गोयल सरगुजा शामिल है। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों रायपुर, दुर्ग, भाटापारा, राजनांदगांव, खैरागढ़ कांकेर, धमतरी, कबीरधाम, बेमेतरा, बिलासपुर, मनेन्द्रगढ़, जांजगीर, सक्ती, कोरबा, आदि जिलों से काफी संख्या में प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभा को गिरधारी अग्रवाल राजिम, मुरारी भूतड़ा दुर्ग, तिलोक सांखला महासमुन्द, विजय गोयल राजिम, देवेन्द्र भृगु भाटापारा, बलबीर सलूजा बिलासपुर आदि ने संबोधित किया। आभार प्रदर्शन मनोज अग्रवाल जिला अध्यक्ष महासमुन्द एवं संचालन अशोक चौरड़िया ने किया।

चुनाव के लिए बनी कार्यसमिति

धारासीव संकुल में हुआ गणित विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता

बिलाईगढ़, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के संकुल धारासीव में संकुल स्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता का आयोजन संकुल केंद्र धारासीव में किया गया इस प्रतियोगिता में संकुल केंद्र के मिडिल स्कूल डोकरीडीह, रिकोटार एवं धारासीव के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए (सर्वप्रथम विज्ञान प्रश्न मंच का आयोजन किया गया इस प्रश्नमंच प्रतियोगिता में मिडिल स्कूल धारासीव प्रथम स्थान, रिकोटार द्वितीय स्थान एवं डोकरीडीह तृतीय स्थान प्राप्त किये इसी प्रकार गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में मिडिल स्कूल डोकरीडीह प्रथम स्थान, रिकोटार द्वितीय स्थान एवं धारासीव तृतीय स्थान प्राप्त किये (विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एन साहू ने समस्त विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों में गणित और विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने के लिए इस प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन सभी स्कूलों और संकुलों में होना चाहिए। मुझे बहुत अच्छा लगा कि विद्यार्थी बहुत आत्म विश्वास के साथ सवालों के जवाब दे रहे थे। प्रश्नमंच के तैयारी एवं आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, संकुल समन्वयक और संकुल प्राचार्य को बहुत बहुत बधाई। प्रतियोगिता हेतु प्रश्न का निर्माण दिनेश्वर लाल केशरवानी और महेत्तर लाल देवांगन द्वारा किया गया था। समस्त प्रतिभागी बच्चों एवं शिक्षकों के लिए संकुल संकुल समन्वयक द्वारा स्वल्पाहार और भोजन की व्यवस्था की गई थी (कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र साहू एवं आभार प्रदर्शन मनोज कश्यप संकुल समन्वयक द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एन साहू, संकुल प्राचार्य रामदास साहू, संकुल समन्वयक मनोज कुमार कश्यप, व्याख्याता हरेंद्र कुमार साहू, धाराशिव प्रधान पाठक मानेस पांडे, रिकोटार प्रधान पाठक फडेंद्र नेताम, युधिष्ठिर राज, काली चरण चंद्रा, दरस सीदार, दिनेश्वर केसरवानी, महेत्तर लाल देवांगन, रामकुमार पटेल भूषण बंजारे, अशोक देवांगन, दीप्ति भट्ट, सावित्री साहू, चौथ राम कैवर्त्य सहित संकुल के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

गौ सेवकों ने नाले में गिरी गाय को रेस्क्यू कर बचाया

फिंगेश्वर, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के समीप शरार नाले में पुल के ऊपर बेरिकेट नहीं होने से गाय नाले में गिर गई जिसकी सूचना मिलते ही नगर के युवा गौ सेवक शुभम तिवारी एवं साथी संतोष यादव, चक्रधारी की मदद से नाले के पानी में जलकुंभी की बिछी हुई बेल में फस गई गाय मरने की कगार में थी घटना सुबह 6ः00 बजे की बताई गई तत्काल जलकुंभी की बेल में फांसी गाय को गौ सेवकों ने बहुत ही मेहनत एवं तकलीफ से लाठी की मदद से हाथ पैर को खींचते हुए बाहर निकाल किसी तरह गौ माता की जान तो बच गई किंतु प्रश्न यह है कि नगर से लगे शरार नाले में आए दिन अगल-बगल में डिवाइडर के टूट जाने से कभी गए कभी अन्य जानवर कभी-कभी तो बाइक सवार भी नाले में गिर जाते हैं रात्रि में अंधेरा होने की वजह से तेज रफ्तार से आ रही गाड़ियों के ओवरटेक की वजह से भी बाइक सवार नाले में गिर जाते हैं इसकी जवाब देही पीडब्ल्यूडी विभाग की होगी या नगर पंचायत के अधिकारियों की किसी ने भी इस दिशा में उचित कदम नहीं उठाया है यही कारण है कि आए दिन लोग एवं जानवर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं विशाल जलकुंभी के फैलाव से नाले में पानी दिखाई ही नहीं देता देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि पूरे नाले में बेल ही बेल एवं उनके पत्तों से पानी की एक बूंद दिखाई नहीं पड़ती नगर पंचायत के लोग एवं नगर के लोगों का आना-जाना 24 घंटा रहता है उसके बावजूद भी जलकुंभी को कैसे हटाया जाए इस पर कोई कार्यवाही नहीं दिखती।

सेहत बिगड़ रही फूलों की...

भाटापारा, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। हर घंटे बदल जा रही है फूलों की कीमत। पहली बार ऐसी प्रतिकूल स्थिति का सामना कर रहे फूल बाजार को उस दिन की प्रतीक्षा है, जब लोकल फसल की आवक शुरू होगी। ठंडा चल रहा है फूलों का बाजार। चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद उम्मीद थी कि फूल और माला की डिमांड निकलेगी लेकिन दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही मांग। स्थानीय मांग का नहीं होना और चल रहा पितृपक्ष वैसे भी बड़ी वजह है, तो बाहर से आने वाले फूलों की कीमत लगातार बढ़ते जाने से भी फूल बाजार की सेहत कमजोर हो चली है।

प्रतीक्षा नियमित परिचालन की: रेल सेवाएं जिस तरह अनियमित हैं, उसका असर फूल बाजार पर भी देखा जा रहा है। फूल उत्पादक प्रांत पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और महाराष्ट्र से आने वाले फूलों की खरीदी इसलिए ऊंची कीमत पर करनी पड़ रही है क्योंकि निश्चित आवक के लिए सड़क मार्ग का सहारा लिया जा रहा है। जाहिर है मालभाड़ा बढ़ा हुआ है।

साथ पश्चिम बंगाल का: गेंदा। यह वह फूल है, जिसकी मांग पूरे साल बनी रहती है। देश में प्रमुख उत्पादक राज्य है पश्चिम बंगाल। यह प्रांत इस समय फूल बाजार का मजबूत सहारा बना हुआ है। (दिक्कत केवल पल-पल बदलने वाली कीमत से हो रही है। अस्थिर मांग के बीच फिलहाल यह 80 से 100 रुपए किलो पर चल रहा है।

लोकल का इंतजार कर रहा फूल

लोकल विलंब से: जिले में भी होती है फूलों की खेती लेकिन बरसने वाले बादल अभी-अभी ही गए हैं। बाड़ियों में पानी निकासी का काम अंतिम चरण में है। ऊंचाई वाली भूमि पर लगे पौधे की स्थितियों पर नजर रख रहे, किसानों ने सूचना भेजी है कि चालू माह के अंत तक ही नई फसल की आवक होगी। याने एक पखवाड़ा इंतजार और करना होगा।

उम्मीद नवरात्रि और चुनाव से: नवरात्रि और विधानसभा चुनाव। ठंडा चल रहे फूल बाजार को इन दोनों से अपेक्षित मांग की उम्मीद है लेकिन पल-पल बदलने वाली कीमत इसमें बाधा बन सकती है। इस आशंका के बीच बाजार कैसा रहेगा ? जैसे सवाल का जवाब मिल रहा है कि कुछ नहीं कह सकते।

कसडोल विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास पुरूष प्रत्याशी की है मांग

कसडोल/बलौदाबाजार, 14 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। आचार संहिता लग चुका है, चुनाव आयोग ने मतदान करने की तिथि तय कर दिया है। छत्तीसगढ़ में दो चरण में मतदान होने वाला है। पहला मतदान 7 नवम्बर तो वही दूसरा 17 नवम्बर को तिथि तय किया गया है लेकिन इधर हाई प्रोफाइल सीट माने जाने वाली कसडोल विधानसभा में प्रत्याशियों के नाम अब तक मौजूदा कांग्रेस और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने घोषणा नहीं किया है, जिसके कारण क्षेत्र की मतदाता टिकट पर निगाहें जमाई हुई है, इधर मतदाता बेसब्री से टिकट का इंतजार कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी ने तो विधानसभा उम्मीदवारों की पहली और दूसरी सूची जारी कर चुकी है पहले सूची में भाजपा ने 21 और दूसरी सूची में 64 उम्मीदवारों के नामों में मुहर लग चुका है, मगर अब भी 5 सीटों में उम्मीदवारों का नाम का घोषणा करना बाकी है, जिसमें हाई प्रोफाइल सीट मानी जाने वाली कसडोल विधानसभा शामिल है, कांग्रेस ने अब तक विधानसभा उम्मीदवारों के एक भी सूची जारी नही किया है जिससे टिकट मांगने वालो की दिल की धड़कन तेज हो गई है।

हाईप्रोफाइल सीट है कसडोल विधानसभा-बात करें कसडोल विधानसभा की तो पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा विधानसभा है। यहां भी भाजपा और कांग्रेस ने अपनी उम्मीदवारों के नामों पर मुहर नहीं लगाया है। मौजूदा आंकड़े बताते है कि कसडोल विधानसभा से पूर्व विधायक द्वारिका प्रसाद मिश्र मध्यप्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री रहें साथ ही पूर्व विधायक कन्हैया लाल शर्मा मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री रहें है। कसडोल विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों में ही प्रमुख मुकाबला रहता है। 2018 के चुनाव में भाजपा से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रहें गौरीशंकर अग्रवाल को वर्तमान विधायक एवं संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू ने भारी मतों से पराजित किया था। कसडोल विधानसभा में भाजपा से गौरी शंकर अग्रवाल, श्याम बाई साहू, राजकुमार जायसवाल, यशवर्धन वर्मा, महेंद्र मोनू साहू, रामेश्वर धीवर, लक्ष्मी साहू, मेलाराम साहू टिकट के कतार में खड़े है। ठीक यही हाल कांग्रेस का भी है यहां टिकट मांगने वालो की होड़ मचा पड़ा है। टिकट मांगने वाले दिन रात राजधानी और दिल्ली तक का सफर कर एड़ी चोटी का जोर लगा रहें हैं। कसडोल विधानसभा से टिकट की मांग करने वालों में कांग्रेस से मौजूदा विधायक सुश्री शकुंतला साहू, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, रोहित साहू, गोपी साहू, विमल साहू, गोरेलाल साहू सहित अन्य टिकट की मांग कर रहें है, लेकिन पार्टी किस पर भरोसा करता है वह तो समय के गर्भ में है, इधर उम्मीदवार की सूची जारी होने के बाद पता चलेगा लेकिन जल्द ही कसडोल विधानसभा में प्रत्याशियों का नाम राजनीतिक दल तय नही करता तो राजनीतिक समीकरण चिंता का विषय बन सकता है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस से एक नया नाम संदीप साहू का प्रमुखता से सामने आया है।

कांग्रेस व भाजपा ने घोषित नहीं किया है प्रत्याशी

प्रत्याशी घोषणा के बाद बनेगा समीकरण-नगर के वरिष्ठ राजनीतिक जानकार दिनेश कुमार मिश्रा और साहेब लाल साहू ने बताया कि कसडोल विधानसभा प्रारंभ से ही भाजपा और कांग्रेस के लिए चुनौती रहा है। क्षेत्र की जनता हमेशा उम्मीदवार और क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों से सतत प्रयास करते रहें है, लेकिन पूर्व कार्यकाल में हुये विकास ही धरातल में नजर आता है। श्री साहू ने कहा कि जबलपुर निवासी रहे द्वारिका मिश्र ने सर्वप्रथम कसडोल में विश्राम गृह का लोकार्पण किया था नगर में सबसे पहले शासकीय आवास विश्राम गृह था इसके अलावा श्री मिश्र के कार्यकाल में ही नगर में बिजली की सौगात मिला था। साथ ही पूर्व मंत्री रहे डॉ कन्हैया लाल शर्मा ने कई विभागों को उपसंभाग बनाकर जिला स्तर के अधिकारियों की पोस्टिंग यहाँ किया गया। लेकिन मौजूदा विधायक शकुंतला साहू ने केवल क्षेत्र की जनता को ठगा है। लगातार चुनाव के बाद क्षेत्रीय विधायक की आपसी तालमेल नही होने के कारण नगर सहित क्षेत्र की कई मांग आज भी अधूरे है। साथ ही नगर का विकास रुका हुआ है, श्री साहू ने कहा की हमेशा चुनाव में प्रत्याशी का नाम और काम बहुत मायने रखता है ऐसे में उम्मीदवारों के नाम घोषणा के बाद समीकरण बनेंगे। वैसे तो कसडोल क्षेत्र के विधायक रहे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ही डा. कन्हैया लाल शर्मा की तरह क्षेत्र के विकास कार्य में काफी सक्रियता के साथ कार्य किया है। जिसे डा. शर्मा के बाद गौरीशंकर को विकास पुरुष के नाम से जाना जाता है। पर देखना है कि वर्तमान चुनाव में किस तरह के विकास पुरुष यहा का प्रतिनिधित्व करेंगें। इधर श्री मिश्रा ने कहा कि नगर की सड़क जर्जर है, नगर में एक गार्डन बना नहीं है, जिससे नगर के बच्चें खेल सकें। इन पाँच वर्षो में केवल जनता को छला गया है। श्री मिश्रा ने नगर सहित क्षेत्र के विकास के लिए जागरूक और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग की है, जो जमीनी हालात समझकर क्षेत्र का विकास कर सकें।